

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी



Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 165 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, रविवार 14 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### विज्ञापन न देकर रसूलाबाद के पत्रकारों को ईओ नें बाटे 2-2 हजार रुपये

कानपुर देहात । कानपुर देहात के रसूलाबाद नगर पंचायत के अधिकारी अधिकारी नें स्वतंत्रता दिवस पर विज्ञापन न देकर रसूलाबाद के पत्रकारों को 2–2 हजार रुपये बांटे जो समाचार पत्र की गरिमा के खिलाफ है।

### 1 सितंबर से इस राज्य के 51 लाख उपभोक्ताओं का नहीं आएगा बिजली बिल

ब्यास (पंजाब)।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के करीब 51 लाख परिवारों को एक सितंबर से बिजली का बिल नहीं देना होगा। मुख्यमंत्री ने 66 किलो वोल्ट बुटारी–ब्यास लाइन लोगों को समर्पित करने के बाद कहा कि राज्य की आम आदमी सरकार ने समाज के हर वर्ग को हर बिल में मुफ्त 600 यूनिट बिजली उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि इस 'जन–समर्थक पहल' से पंजाब के कुल 74 लाख में से 51 लाख घरों को सितंबर से शून्य बिजली बिल मिलेगा।

### सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की कराची खाना शाखा के सुरक्षा पर फिर उठे सवाल, 41 साल पुराना लाकर लापता

कानपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कराची खाना शाखा एक बार फिर से चर्चा में है. इस बार बैंक के ग्राहक का लॉकर में रखा सामान ही नहीं बल्कि पूरा का



पूरा लॉकर ही गायब हो गया है. तिलक नगर निवासी बिस्किट कारोबारी रमेश खन्ना ने बैंक पर आरोप लगाया है कि 41 साल पुराना लॉकर लापता है. इसको लेकर रमेश खन्ना ने कानपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है. जिसके बाद पुलिस ने जांच की बात कही है।

कानपुर के कारोबारी रमेश खन्ना की माने तो 41 साल पहले उनकी दादी और उनके नाम से एक संयुक्त लॉकर बैंक में किराए पर लिया गया था. इसमें 1 किलो 900 ग्राम सोना, 600 ग्राम चांदी और 6 कैरेट का डायमंड रखा हुआ था लेकिन इसी साल अप्रैल महीने में जब बैंक में लॉकर में रखे सामान गायब होने की खबर उनको लगी तो वह भी अपने लाकर को चेक करने पहुंचे. 7 अप्रैल को रमेश खन्ना बैंक पहुंचे लेकिन तब से लेकर अब तक तमाम पत्राचार के बावजूद उनको उनका लॉकर ढूंढे नहीं मिल पाया।

### लोकसभा चुनाव से पहले किसके साथ गठबंधन करेंगे शिवपाल सिंह यादव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था. तब भतीजे अखिलेश यादव ने उन्हें सपा से प्रत्याशी बनाया और उन्होंने जसवंतनगर से जीत हासिल की थी. हालांकि चुनाव में हार के बाद दोनों के बीच नाराजगी बढ़ी और अब गठबंधन टूट चुका है. वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर जब शिवपाल यादव से गठबंधन पर सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया है।

प्रसपा प्रमुख से पूछा गया कि क्या वह अगले लोकसभा



चुनाव से पहले बिहार की तरह यूपी में राजनीतिक दलों के बीच एकता बनाने की पहल करेंगे. इसपर प्रसपा प्रमुख ने कहा, ष्इसके लिए अभी समय है. हम एक छोटी पार्टी हैं और फिलहाल हम अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं. हमने अपने पार्टी के संगठन को मजबूत करना शुरू कर दिया है।

इस दौरान शिवपाल यादव ने अखिलेश यादव पर इशारों पर में बिना नाम लिए निशाना साधा है. उन्होंने कहा, वहां के नेता परिपक्व थे, इसलिए वहां सरकार बन गई. लेकिन यहां के नेताओं में जब तक परिपक्वता नहीं आयेगी, तब तक यहां कुछ नहीं हो सकता. बिहार के नेताओं ने परिपक्वता दिखाई और सरकार बना ली।

उन्होंने नीतीश के 2024 में विपक्ष के पीएम के चेहरे पर भी मुहर लगाई और कहा कि वो अनुभवी हैं, 8 वीं बार मुख्यमंत्री बने है और पुराने समाजवादी भी हैं. ये बयान उन्होंने इटावा में दिया है. जहां वे रक्षाबंधन पर अपनी इकलौती बड़ी बहन से राखी बंधवाने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने देशवासियों को रक्षाबंधन के त्योहार की बधाई दी। इसके अलावा फिरोजाबाद में सिपाही के थाली वाले घटिया खाने के वायरल वीडियो भी प्रसपा प्रमुख ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है. इस पर रोक लगनी चाहिए. लेकिन सरकार इसको रोक नहीं पा रही है।

### यूपी गवर्नमेंट ने रिसर्च स्कालर्स के लिए लांच की फैलोशिप स्कीम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने रिसर्च के क्षेत्र में रुचि रखने वाले कैंडिडेट्स से फैलोशिप प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. वे रिसर्च स्कॉलर्स जो रिसर्च और डेवलपमेंट के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, वे इस फैलोशिप प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऐसा करने के लिए कैंडिडेट्स को इस आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा cmfellowship.upsdc.gov.in

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किसान नेता को मिली बम से उड़ाने की धमकी, एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतीय किसान मोर्चा के नेता देवेंद्र तिवारी के साथ बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। देवेंद्र तिवारी आलमबाग इलाके में रहते हैं और उनके घर के बाहर गुरुवार को एक बैग पड़ा मिला। इस बैग में एक पत्र मिला, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ देवेंद्र तिवारी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।



इस मामले को लेकर आलमबाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस जांच में जुट गई। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राज्य में बूचड़खानों को बंद करने के संबंध में सलमान सिद्दीकी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जनहित याचिका कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी को मौत की धमकी के पत्र की एफआईआर आलमबाग थाने में दर्ज की गई।

देवेंद्र तिवारी के मुताबिक, घर के बाहर बैग में मिले पत्र में जनहित याचिका को लेकर मुख्यमंत्री और उन्हें बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र सलमान सिद्दीकी नामक शख्स ने भेजा है।

पत्र में लिखा है कि पीआईएल की वजह से मुस्लिमों के पेट पर लात पड़ी है। तुमको कई बार समझाया गया है लेकिन तुम मान नहीं रहे हो। पत्र में कहा गया कि बाकी लोगों की गर्दन काटी है, लेकिन तुम दोनों को बम से उड़ाएंगे।

## माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशां पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला प्रशासन ने शनिवार को बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशां अंसारी की 0.394 और 1 .507 हेक्टेयर जमीन जब्त कर ली है. यह संपत्ति गाजीपुर सदर के रजदेपुर और नंदगंज क्षेत्र के फतेहुल्लहपुर में मौजूद है जिनकी कीमत छह करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है. यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत यह जमीन जब्त की गई है. पुलिस के अनुसार, आफशां अंसारी के नाम पर अवैध कमाई से खरीदी गई गाजीपुर सदर के रजदेपुर में स्थित 0.394 हेक्टेयर भूमि और नंदगंज के फतेहुल्लह पुर में स्थित 1.507 हेक्टेयर भूमि को लेकर नियमानुसार मुनादी कराई गई. पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहन पी



बोत्रे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आज उसे जब्त कर लिया. जब्त की गई जमीन की कीमत छह करोड़ 30 लाख रुपये आंकी गई है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत आज उपरोक्त संपत्तियां कुर्क की गई. मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके कथित बाहुबली मुख्तार अंसारी इस समय बांदा जेल में बंद हैं जबकि बेटा अब्बास अंसारी फरार चल रहा है। एमएलए अब्बास अंसारी को गिरफ्तार करने के लिए एमपी–एमएलए कोर्ट ने 25 अगस्त तक की मोहलत दी है. उसे गिरफ्तार करने के लिए आठ टीमें बनाई गई हैं जिनमें 84 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## सीएम योगी ने की हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत, सरकारी आवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर तिरंगा झंडा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की. साथ ही प्रदेशवासियों से आजादी के अमृत महोत्सव का भागीदार बनने का अपील की. सीएम ने स्कूली बच्चों को तिरंगा बांटा तो बच्चों के चेहरे पर गर्व और खुशी मिश्रित भाव नजर आ रहा था।

तिरंगा देते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनका परिचय पूछा और आजादी के अमृत महोत्सव के मायने बताए. सीएम ने बच्चों की प्रभात फेरी को हरी झंडी भी दिखाई, साथ ही उन्हें अपने घरों, कालोनी, पास–पड़ोस के लोगों



को इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित भी किया. मुख्यमंत्री योगी के स्वर में स्वर मिलाकर भारत माता की जयकार लगाते स्कूली बच्चों का उल्लास चरम पर था। सीएम योगी की ओर से सभी बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए।

सीएम योगी इससे जुड़ी तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया, जन–जन के हृदय में राष्ट्रभक्ति के प्रांजल भाव को जागृत करते #HarGharTiranga अभियान के अंतर्गत आज अपने सरकारी आवास पर स्कूली बच्चों के साथ... आप भी अपने घर पर राष्ट्रध्वज फहराकर इस पावन राष्ट्रीय कार्य में अवश्य सहभागी बनें. भारत माता की जय! बता दें कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13–15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया गया है. इसके तहत सभी सरकारी, निजी, वाणिज्यिक भवनों पर लोग स्वतरू स्फूर्त भाव से राष्ट्रध्वज फहरा रहे हैं. यूपी सरकार का प्रयास है कि राष्ट्र गौरव के इस पर्व में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी हो।

## हरियाणा के विधायकों से रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के तार पाकिस्तान व मिडल ईस्ट में बैठे इंटरनेशनल ठगों से जुड़े

हरियाणा। हरियाणा के कई विधायकों को पिछले महीनों में जान से मारने व रंगदारी मांगने की वारदात ने हरियाणा सरकार के साथ–साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए थे. इस मामले में हरियाणा एसटीएफ ने बिहार के रहने वाले 6 लोगों को मुंबई व बिहार से गिरफ्तार किया है. जिन्होंने पूछताछ के दौरान बड़े–बड़े खुलासे किए हैं. एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने बिहार के लोगों के 727 बैंक खातों से लगभग 2 करोड़ 77 लाख रुपये पाकिस्तान में बैठे सरगना को हवाला के जरिए भेजे. गिरफ्तार छह आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ ने एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

देश में ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में एकदम से इजाफा हुआ है. वहीं पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बरार गैंग सुर्खियों में आ गया. जिसके बाद पाकिस्तान और विदेशों में बैठे ऑनलाइन सरगनाओं ने भारत में अपने रैकेट को एक्टिवेट किया और उनको



हरियाणा के कई विधायकों के नंबर सौंपे. फिर बिहार के रहने वाले युवकों ने विधायकों से वर्चुअल नंबरों से रंगदारी मांगी और रंगदारी न देने की एवज में उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

एसटीएफ ने जैसे ही गोल्डी बरार के एक सरगना जोकि गैंग के लिए हथियार सप्लाई करता था उसको गिरफ्तार किया तो एसटीएफ के एक जवान को भी जान से मारने की धमकी दी गई. जिसके बाद हरियाणा एसटीएफ भी हरकत में आई और एसटीएफ ने मुंबई से दुलेश आलम और बदरे आलम को धर दबोचा. वहीं बिहार से अमित यादव, सद्दीक अनवर, सनोज कुमार व कैश आलम को पकड़ा गया. इनके कब्जे से पुलिस ने 92 एटीएम, 56 सिम कार्ड, 24 मोबाइल और 3 लाख 97 हजार रुपये बरामद किए हैं. एसटीएफ ने खुलासा किया कि सभी आरोपियों के तार पाकिस्तान व मिडिल ईस्ट में बैठे ऑनलाइन ठगों के सरगनाओं से जुड़े हैं।

एसटीएफ के अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन ठगी करते हुए इन सभी लोगों ने लगभग 2 करोड़ 77 लाख रुपये हवाला के जरिए पाकिस्तान भेजे हैं और पिछले 8 महीनों में इसके लिए बिहार के अलग–अलग 727 बैंक खातों का प्रयोग किया गया है. इस दौरान 867 बार पाकिस्तान में ट्रांजैक्शन की गई है. एसटीएफ ने खुलासा करते हुए बताया कि पाकिस्तान व मिडिल ईस्ट देशों में बैठे सरगनाओं को भारत में हो रही अपराधिक गतिविधियों का पता चलता तो वह उसी मॉड्यूल को अपनाते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा रंगदारी ली जाए व ठगी की जाए।एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तान व मिडिल ईस्ट में बैठे सरगनाओं से गिरफ्तार बिहार के रहने वाले कैश आलम नाम के शख्स के तार जुड़े हैं. कैश आलम वह शख्स है जोकि 3 साल दुबई में रह कर आया और वहीं पर उसके तार पाकिस्तान के रहने वाले ठगों से जुड़े. वह पिछली ईद को ही भारत लौटा था और उसके ही संपर्क में अन्य गिरफ्तार आरोपी थे।

एसटीएफ डीएसपी संदीप धनखड़ ने बताया कि सभी युवक जिनको एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है, ये बिहार के रहने वाले लोगों के खाते किराए पर ले लेते थे और उनके जरिए ही पाकिस्तान में हवाला के जरिए पैसा भेजा जाता था।

## देश के सम्मान की बात हो तो राजनीतिकरण न करें: राजनाथ सिंह

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

जयपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जोधपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं श्चीन ने यह किया, चीन ने वह किया। ऐसे राजनीतिक नेताओं से मैं कहता हूं कि जब भी देश के सम्मान की बात हो तो राज नीतिकरण नहीं करना चाहिए। दरअसल, राजनाथ सिंह जोधपुर के सालवा कलां में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजस्थान । वे कहते हैं चीन ने यह किया, चीन ने वह किया। ऐसे राजनीतिक नेताओं से मैं कहता हूं– जब भी देश के सम्मान की बात हो तो राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। ये वीर सपूत हैं जो



सीमाओं की रक्षा करते हैं।

राजनाथ सिंह जब जोधपुर एयरपोर्ट पर उतरे तो भाजपा नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत, सांसद पीपी चौधरी और राजेंद्र गहलोत समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। आपको बता दें कि महानायक वीर दुर्गादास राठौड़ की आज 385वीं जयंती है। ऐसे में राजनाथ सिंह ने सालवा कलां में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। जिसका निर्माण जयपुर के मूर्तिकार ने किया है।

### चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज गोल्डन ज्वाइंट बनकर तैयार, तिरंगे के साथ मनाया गया जश्न

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर की चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज गोल्डन ज्वाइंट बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में इस ब्रिज को तैयार करने वाले कर्मचारियों ने होने पर कर्मचारियों ने तिरंगा फहराया और जश्न मनाने के लिए पटाखे जलाए।

कोंकण रेलवे के अध्यक्ष और एमडी संजय गुप्ता ने बताया कि यह एक लंबी यात्रा रही है। जमकर जश्न मनाया और पटाखे जलाए। गोल्डन ज्वाइंट ब्रिज तैयार होने से स्थानीय लोगों को काफी फायदा मिलने वाला है और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में रेलवे ब्रिज पर काम करने वाले एक कर्मचारी ने बताया कि स्थानीय लोग इसका लाभ उठाएं। जैसे ही यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ, हमें काम करने का मौका मिला। पर्यटन बढ़ेगा और हम और अधिक कमा सकेंगे। अब इस क्षेत्र में व्यापक विकास की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट के पूरे


गोल्डन ज्वाइंट शब्द सिविल इंजीनियरों द्वारा गढ़ा गया था... यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। आपको बता दें कि यह ब्रिज एफिल टावर से तकरीबन 35 मीटर ऊंचा है। इसके आर्क की चिनाब नदी के जलस्तर से ऊंचाई 359 मीटर की है। इस ब्रिज को एफकॉन्स ने बनाया है।

### ई रिक्शा ड्राइवर की बेहरमी से पिटाई के मामले में नोएडा की थप्पड़बाज महिला पहुंची सलाखों के पीछे

नोएडा।लखनऊ कि थप्पड़ बाज गर्ल के बाद अब नोएडा से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने ई रिक्शा चालक की बुरी तरह पिटाई कर दी. रिक्शा वाले से महिला कि कार गलती से टच हो गई बस फिर क्या था महिला ने अपना आपा खो दिया और चालक को बुरी तरह पीटने लगी। महिला ने पहले रिक्शा चालक को रोका उसके बाद उस पर थप्पड़ बरसाने लगी. ई रिक्शा चालक ने जब महिला से शिकायत करते हुए कहा कि उसके रिक्शा का भी नुकसान हुआ तब महिला ने उसकी कमीज पकड़कर उसे घसीटते हुए और मारना शुरू कर दिया. इस महिला ने ई–रिक्शाचालक पर 90 सेकंड में ई रिक्शा चालक पर ताबड़ तोड़ 17 थप्पड़ बरसा दिए।

दरअसल महिला जब ई रिक्शा चालक को पीट रही थी तब वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया. वीडियो बनते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. जिसके बाद अब महिला के खिलाफ फेस 2 थाने में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और महिला कि गिरफ्तारी हो गई है. इस मामले में फेस 2 थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि जैसे ही पुलिस के संज्ञान में यह मामला आया तब ई रिक्शा चालक की शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई की गई. इस महिला के खिलाफ मार पीट, गाली गलौज के मामलों में एफआई आर दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया गया महिला नोएडा कि रहने वाली है।

इस पूरे मामले कि शुरुआत ई



रिक्शा चालक और महिला कि गाड़ी टच हो से हुई थी, महिला ने इस बात पर अपना आपा खो दिया और रिक्शा चालक को बुरी तरह पीटने लगी जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उसमे भी देखा जा सकता है कि महिला ने 90 सेकंड में रिक्शा चालक को 17 बार थप्पड़ मारे. हालांकि जब यह मारपीट चल रही थी तब वहां कई लोग मौजूद थे, फिर भी किसी ने महिला को न रोका और न चालक को पिटने से बचाया. महिला ने पहले चालक को बुरी तरह पीटा और मोबाइल भी छीन लिया, वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और किसी ने इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जिसके बाद यह वायरल हुआ और फिर इस मामले में महिला के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### कर्ज में डूबे पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

कराची। नकदी संकट का सामने कर रहे पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार बड़ी गिरावट के साथ 7.83 अरब डॉलर पर आ गया है। यह वर्ष 2019 के बाद पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा का न्यूनतम स्तर है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने ऋण भुगतान में वृद्धि और बाहरी वित्तपोषण की कमी के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटा है।

# संक्षिप्त समाचार

## अध्यक्ष श्रीमती सिम्पल चौहान के नेतृत्व में तिरंगा वितरण कार्यक्रम



कानपुर। स्वतन्त्रता के ७५वे अम्रत महोत्सव की श्रृंखला में अनुचर सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष श्रीमती सिम्पल चौहान के नेतृत्व में अमर शहीद विलायती राम कत्याल की प्रतिमा स्थल की सफाई व धुलाई की ओर पार्क की सफाई कर कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण किया इस अवसर पर शहीद कत्याल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कानपुर नगर के जिला अधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति जी को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा कहा कि कत्याल पार्क की क्षति ग्रस्त रेलिंग का सुधार कराकर सुंदरीकरण का कार्य अविलंब कराया जाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री सिम्पल चौहान रमेश सिहवानी गोपाल सक्सेना प्रतिभा गुप्ता गीता दीक्षित विमला चौहान रुबी गुप्ता किरन सचान सतीश सक्सेना नरेंद्र झा सतीश न रोचलानी, सीमा सिंह प्रमोद सिंह ,अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## राष्टीय अध्यक्ष आयुष शर्मा के नेतृत्व में आगरा महिला टीम द्वारा जन जाग्रति तिरंगा रैली अभियान का हुआ आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत

कानपुर। भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संघठन रजिं कि महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता बेस के द्वारा अपनी टीम के साथ निकाली तिरंगा जन जाग्रति रैली घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इस रैली का आयोजन करते हुए कहा कि आने वाले स्वतंत्रता दिवस तक हर घर में एक तिरंगा अवश्य लगाएं और हिन्दू एकता बनाए ताकि सभी देशों में एक नया संदेश पहुंचाया जा सके नये भारत कि मिशाल कायम हो हमारा देश महान था है और रहेगा इसी को लेकर सम्पन्न रैली में शामिल रही महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता बेस महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्वेता महिला प्रकोष्ठ जिला सचिव मोनिका शर्मा व अन्जु बाजपेई मनीषा सोनी रुबी खुराना आदि महिला पदाधिकारियों समेत अन्य लोग भी शामिल रहे।

## सरैया घाट पर किया गया विशाल भंडारे का आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत कानपुर। शिवराजपुर के सरैया गंगा तट घाट पर नागेश्वर मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हुआ विशाल भंडारा जोकि कई वर्षों से श्रवण मास में मंदिर प्रांगण में ओम नमः शिवाय का जाप 1 महीने तक निरंतर चलता है जिसका आज अनुष्ठान पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन आयोजक गिरजा बाबा के सानिध्य में चल रहा है विशाल भंडारा व्यवस्थापक के रूप में बाबूलाल विश्वकर्मा पूर्व सिंचाई विभाग कर्मचारी रामअवतार सिंघल सत्यम तिवारी गोविंद अवस्थी वेदांत अवस्थी देवांश अवस्थी आचार्य अनूप त्रिपाठी एवं क्षेत्र के समस्त शिव भक्त गण मौके पर उपस्थित रहे और प्रसाद का आनंद प्राप्त किया प्राप्त किया।

## बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने तिरंगा यात्रा निकाली



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत शिवराजपुर। 75 वें आजादी अमृत महोत्सव को लेकर हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम चल रही है। 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव खुशी की हर घर तिरंगा सरकारी दफ्तरों व हर संस्थाओं पर तिरंगा फहराने को जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को बिल्हौर भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला ने सैकड़ों नवयुवकों के साथ बाईक से तिरंगा यात्रा निकाली ।बिल्हौर बीआरडी इंटर कालेज से तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। उत्तरी बंबा पूरा कस्बा शिवराजपुर भाजपा कार्यालय चौबेपुर तक रुक रुक कर विधायक ने बाईक से अपने समर्थकों के साथ मिलकर यात्रा की शोभा बढ़ाई थी ।शिवराजपुर मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने बताया की बिल्हौर भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला के साथ सैकड़ों नवयुवकों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया ।यात्रा में भाजपा के अविनाश शुक्ला मानस मिश्रा राहुल शुक्ला टीकम सिंह गोलू अग्निहोत्री मंगल सिंह ठाकुर रोशन बाबू कल्लू मिश्रा कमलेश मिश्रा अनुज कुमार द्विवेदी आशुतोष शुक्ला अभिषेक उर्फ गोल्डन बिरजू मिश्रा देवेंद्र शुक्ला सतेंद्र राठौर बबलू छोटू आदि के साथ सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निकाली गई अमृत महोत्सव रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सुनील शुक्ला कानपुर। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शिवराजपुर में बैठक कर बैठक कर ध्वजारोहण के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई बैठक के समापन के उपरांत आजादी के 75 स्वतंत्र दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में प्रत्येक न्याय पंचायत में और गांव गांव में राष्ट्रीय ध्वजारोहण के लिए गौरव यात्रा निकाली बैठक का संयोजन ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित और बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने की बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश वर्मा ने किया बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख रूप से बिल्हौर विधानसभा से चुनाव लड़ी पूर्व जिला अध्यक्ष ऊषा रानी कोरी महिला कांग्रेस की नेत्री रीता कठेरिया महेंद्र सिंह कटिहार ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शुक्ला सुनील पटेल और कृष्णकांत और मनवा मिश्रा केशव प्रसाद पाल नरेंद्र तिवारी आर्यन सिंह चंदेल राम लखन गौतम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।



## आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर कानपुर देहात में भव्य मेले का आयोजन



संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर कानपुर देहात में भव्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें राज मंत्री प्रतिभा शुक्ला वाडियम नेहा जैन सीडीओ सौम्या पांडे पौधारोपण करके कार्य को आगे बढ़ाया इस मौके पर एके द्विवेदी प्रभागीय वन अधिकारी सर्वेश कुमार उदय प्रताप सिंह अमित कुमार अनिल कुमार जितेंद्र कुमार अमित कुमार मौजूद रहे।

## शिवराजपुर खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निकाली गई अमृत महोत्सव रैली



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत। शिवराजपुर विकासखंड परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिवराजपुर में 75 वी आजादी के अमृत महोत्सव की रैली की अध्यक्षता वीडियो आरके उपाध्याय ,ज्ञानेंद्र सिंह एडीओ पंचायत सुरेश कुमार और समस्त सचिव रोजगार सेवक और सफाई कर्मी द्वारा विकासखंड परिसर से ग्राम पंचायत तक निकाली गई रैली और शिवराजपुर नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अंतर्गत ओम सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद तिवारी अधिशासी अधिकारी प्रवीण दुबे लिपिक अतुल दुबे और ओम सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्रबंधक कमल नारायण तिवारी प्रधानाचार्य अजय तिवारी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित होकर इस प्रतियोगिता कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा रैली



कानपुर नगर। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा रैली को जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया । रैली ग्रीन पार्क से प्रारंभ होकर पार्वती बागला रोड होते हुए सी एस ए कैलाश भवन में समाप्त हुई ,जिसमे जिले के 400 होमगार्ड जवानों ने तिरंगा लेकर मार्च किया ।



## समाज मे उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया



- अवतरण दिवस पर केक काटकर, माल्यार्पण व तिरंगा भेंट किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया की कानपुर टीम ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभाअध्यक्ष सतीश महाना के जनसम्पर्क अधिकारी व भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान महामंत्री राकेश तिवारी को माल्यार्पण, तिरंगा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सनी जायसवाल के देश भक्ति गीत सुन कर ताली बजाने पर मजबूर हुये। इस बाबत एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि समाज सेवी राकेश तिवारी विगत कई वर्षो से लगातार समाज की सेवा करते आ रहे है,भष्टाचार के खिलाफ वह लगातार आम जनमानस को जागरूक कर रहे है। एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया के सीनियर प्रेस सेकेट्ररी कमल सिह यादव ने कहा कि समाज मे एक अलग पहचान बना चुके राकेश तिवारी हमेशा दूसरो की मदद करने मे सबसे पहले अपना अमूल्य योगदान प्रदान करते है। इस बाबत राकेश तिवारी ने कहा कि हमे आज समाज से बहुत सम्मान मिल रहा है।हमे गर्व का अनुभव होता है। कानपुर महानगर मे करोना मरीज की संख्या फिर से बढ़ने लगी है हमे भीड़ से बचना चाहिए। आज एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया की कानपुर टीम ने हमे सम्मानित किया है। हम हमेशा भष्टाचार के खिलाफ कार्य करते है। इस समारोह मे प्रमुख रूप से पार्षद सौरभ तिवारी,दिलीप कुमार मिश्रा,कमल सिह यादव, सनी जायसवाल, मनीष अवस्थी, घीरू जायसवाल,राज अश्विन, दीपू गुप्ता, शशि कान्त, गोलू बाबा ,राज अश्विन आदि लोग मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त ने अकबरपुर इंटर कॉलेज से निकाली तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





छायाकारः राधा ठाकुर



- मंडलायुक्त सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने वृद्धजनों को बांधे रक्षा सूत्र, किया सम्मानित

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। कानपुर मंडल मंडलायुक्त डॉ0 राजशेखर ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अकबरपुर इंटर कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उक्त तिरंगा रैली अकबरपुर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए अकबरपुर इंटर कॉलेज में समाप्त हुई, इस मौके पर मंडलायुक्त सहित जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक सुनीति, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने तिरंगा झंडा लेकर पैदल भ्रमण किया । तिरंगा रैली में अकबरपुर इंटर कॉलेज के भारी संख्या में बच्चे आदि लोग सम्मिलित हुए ।





इस अवसर पर मंडलायुक्त सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने 75 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों जिसमें वागेश चंद्र, गिरजा दत्त त्रिपाठी, कृष्ण ओमर, जगदीश अग्निहोत्री, महेश मिश्रा, पीर अली हाजी जी आदि को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें सम्मानित। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष इस वर्ष पूर्ण हो रहे हैं सभी लोग 11 से 17 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करें तथा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं, इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद के सभी लोग हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करें तथा इस आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अकबरपुर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य भारत सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर आदि अधिकारीगण एवं भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा अकबरपुर इंटर कॉलेज







- 3448 छात्रों ने हाथों में एक साथ उठाए राष्ट्रीय ध्वज
- पूरे कस्बे में बैंड बाजे के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा
- अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में कमिश्नर समेत जिले के आलाधिकारी हुए सम्मिलित

आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए अकबरपुर इंटर कॉलेज में 3448 छात्र छात्राओं ने अपने हाथों में एक साथ तिरंगा उठाया। इसके बाद हाथ में ध्वज लेकर पूरे कस्बे में बैंड बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। अब गिनीज संस्था में साक्ष्य भेजकर विश्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी है।

शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत अकबरपुर इण्टर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुक्त कानपुर मंडल राजशेखर, जिलाधिकारी नेहा जैन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक सुनीति, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी सहित अन्य आलाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय के 3448 छात्र छात्राओं ने एक साथ अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज उठाए। इसके बाद हाथों में ध्वज लेकर पूरे कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, एसपी खुद हाथों में तिरंगा थामे पूरी रैली के दौरान सबसे आगे चलते रहे।

प्रधानाचार्य भारत सिंह ने बताया कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक बार में एक विद्यालय के 3000 छात्रों के राष्ट्रीय ध्वज उठाने का रिकॉर्ड दर्ज है। अकबरपुर इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में 3448 छात्र छात्राओं ने अपने हाथों में तिरंगा उठाया है। पूरे कार्यक्रम की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराई गई है। अब विश्व रिकॉर्ड के रूप में इस घटना को दर्ज कराने के लिए साक्ष्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स संस्था को भेजे जाएंगे।

इस दौरान उपजिलाधिकारी बागीश शुक्ला, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सीओ प्रभात कुमार, चंद्रशेखर पाण्डेय, अपर्णा त्रिवेदी, अविनाश पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, गौरव मिश्र, आनन्द शुक्ला, महेश दीक्षित, कलेन्द्र गौतम, विजय शुक्ला, आनन्द स्वरूप कुरील, श्रीकांत यादव, नंदनी गुप्ता, मृदुला तिवारी, मनोज त्रिवेदी, सालिकराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## जीएन स्कूल के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाल किया जागरुक

- तहसीलदार राजकुमार चौधरी अधिशासी अधिकारी दिनेश शुक्ला ने झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को किया रवाना
- समाजसेवी हाजी फैजान खान के नेतृत्व में रसूलाबाद में अब तक की सबसे बड़ी तिरंगा रैली

रसूलाबाद कानपुर देहात। आजादी के अमृत महोसव के अवसर पर रसूलाबाद के इतिहास में अब तक कि सबसे बड़ी तिरंगा रैली नगर के समाजसेवी व जीएन एजुकेशन के डायरेक्टर हाजी फैजान खान के नेतृत्व में नगर में निकाली गई ।इस रैली का नेतृत्व स्वयम परगने के तहसीलदार राज कुमार चौधरी तिरंगा लेकर आगे चल तिरंगा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे साथ ही में नयाब तहसील दार मनोज रावत नगर के अधिशाषी अधिकारी दिनेश शुक्ला भाजपा नेता जीतू त्रिपाठीं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता गोपाल गुप्ता पंकज सिंह गौर एहतिशाम खान भोलू अतहर खान भुट्टो संस्थापक चेयरमैन रामू गुप्ता सभासद शम्मी सिद्दीकी के साथ चलने से रैली की शोभा अलग ही शोभायमान हो रही थी ।रैली में स्कूली बच्चों व जनता की अपार भीड़ के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस उपाधीक्षक आशापाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ चल रहे थे ।रैली में भीड़ को देखते हुए नगर की यातायात व्यवस्था एक घण्टे के लिये थम सी गयी जिसे सुचारू रूप से करने के लिए स्वयम पुलिस उपाधीक्षक आशापाल सिंह को सड़क पर उतरना पड़ा ।तिरंगा रैली को सम्भोधित करते हुए जीएन एजुकेशन के डायरेक्टर हाजी फैजान खान ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज हमारा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर तिरंगा महोत्सव मना रहा है और यह भी गर्व की बात है कि हमसब लोग उसके साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा हर्ष और गर्व की बात है कि इस बार देश उम्र जाति और धर्म की सीमाओं को तोड़कर देश एक साथ खड़ा है ।उन्होंने जनता से आजादी का अमृत महोत्सव धूम धाम से मनाने की अपील की ।इससे पहले जीएन



एजुकेशन के बच्चो ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया ।इस रैली में आर एन सिंह महेश्वर दयाल राजपूत सचिन यादव प्रमोद कुमार पंकज त्रिपाठी अमित पाल शेर सिंह जी शान खान प्रीति पाल पूजा राजपूत प्रज्ञा प्रजापति रेनू पाल दिव्या पाठक सुरेंद्र सिंह के अलावा सौरभ पठान सैफ खान मोहम्मद रिहान सिद्दीकी इसत्याक सिद्दीकी अंकित गुप्ता संजय सिंह जीशान राकेश यादव गुड्डू सहित हजारों तिरंगा के दीवाने शामिल रहे ।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक विकलांग संस्थान (दिव्यांगजन) ने बेहतर सेवाओं के लिए नई पहल की

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद नई दिल्ली। पीआईबी दिल्ली द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पर्सन्स विद फिजिकल डिसएबिलिटीज (दिव्यांगजन) (पीडीयूएनआईपीपीडी), नई दिल्ली ने 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके दिव्यांगजनों को बेहतर सेवाओं की दिशा में एक नई पहल की है। इस पहल की दिशा में पहले कदम के रूप में, कैंसर के कारण दिव्यांगजनों के लिए च्क्न्छप्च्व् में एक 3डी प्रिंटेड स्पाइनल ऑर्थोसिस डिजाइन किया गया है। यह ऑर्थोसिस आज पायल सोलंकी को माननीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की उपस्थिति में पीडीएनआईपीडी के विशेषज्ञों/अधिकारियों के साथ लगाया गया था। 3क तकनीक के कई लाभ हैं जैसे कि 3डी तकनीक के साथ ऑर्थोसिस और प्रोस्थेसिस फिटिंग की सटीकता को बढ़ाता है। यह रोगी को आराम में सुधार करता है। अधिक कॉस्मेटिक रूप से फिट यह तकनीक ऑर्थोसिस और प्रोस्थेसिस के निर्माण की प्रक्रिया के समय को कम करने के साथ–साथ उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार करती है। 3 डी प्रिंटिंग प्रक्रिया में, रोगी को स्कैन किया जाता है।

कंप्यूटर स्कैनर द्वारा और ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक उपकरणों के 3 डी प्रिंटिंग से पहले सॉफ्टवेयर का उपयोग करके कंप्यूटर मोल्ड पर बायोमेकेनिकल एप्लिकेशन लागू करता है। इसलिए, यह उपकरणों के बायोमेकेनिकल प्रभाव को सही करने, रोगी की विकृति का समर्थन करने में सुधार करता है। 3डी



प्रौद्योगिकी के लाभ को देखते हुए यह उम्मीद की जाती है कि लोकोमोटर विकलांगता के लिए काम कर रहे राष्ट्रीय संस्थान से पीडब्ल्यूडी को बेहतर पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए इस तकनीक का उपयोग करने की उम्मीद है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी समस्यायें

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन ने थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनों अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।



थाना समाधान दिवस थाना फूलबेहड़ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व–पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होंने वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि अशांति का माहौल पैदा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें।

# एनडीआरएफ ने रामापुर में निकाली तिरंगा रैली

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शनिवार को एनडीआरएफ ने आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रामापुर कस्बे में श्रीपाल रामेश्वर दयाल इंटर कॉलेज




रामापुर के साथ एक भव्य तिरंगा रैली निकाली। इस रैली को ग्राम प्रधान आनन्द वर्मा ने हरी झंडी दिखाई। तिरंगा रैली में एनडीआरएफ टीम के साथ क्षेत्रीय आपदा मित्र, विद्यालय के छात्र, शिक्षकगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि आनन्द वर्मा तथा प्रशासन से आए हुए पुलिस कर्मी व ग्रामीण शामिल हुए। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर रामापुर चौकी तक एवं वापस विद्यालय में समाप्त हुई। एनडीआरएफ वाराणसी के कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ की 11डी टीम ने जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन व जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आजादी का अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर रामापुर नगर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर वासियों की जागरुकता के लिए एक भव्य रैली का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ की 19 सदस्यीय टीम के साथ लगभग 45 आपदा मित्र, 850 छात्र एवम अन्य ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया।

# स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। इलाके के मझरा पश्चिम गांव में स्थित सोनिया इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने आजादी के अमृत



महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मझरा पश्चिम गांव से लेकर सम्पूर्णानगर तक तिरंगा जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्कूल के समस्त बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे और देश भक्ति गीत गाते हुए चल रहे थे। बीच–बीच में भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे भी लगाए जा रहे थे और लोगों को जागरूक भी कर रहे थे कि हर भारतवासी को देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अपने–अपने घरों पर एक तिरंगा अवश्य लगाएं। इस दौरान स्कूल एमडी ऋतुराज सिंह, प्रबंधक ऋषिकेश सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री शिव कुमार गुप्ता उर्फ मंटू पप्पू सिंह, मनोज चड्ढा, सुखविंदर सिंह सहित स्कूल का समस्त स्टाफ व सैकड़ों की तादाद में बच्चे मौजूद रहे।

# नवागत थानाध्यक्ष ने संभाला चार्ज

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। सम्पूर्णा नगर थाना में निवर्तमान प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही का फूलबेहड़ थाना तबादला हो जाने पर उनके स्थान पर पसगवां से तबादला हो कर आए नवागत थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने शनिवार को चार्ज संभाला। चार्ज लेने के बाद नवागत थानाध्यक्ष ने स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र



के बारे में चर्चा की।

# कांग्रेसियों ने निकाली आजादी की गौरव पदयात्रा

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शहर लखीमपुर के छाउच चौराहे से काला आम पकरिया तक आजादी की गौरव यात्रा पदयात्रा निकाली गई। शनिवार को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी की गौरव यात्रा की शुरुआत विधानसभा निघासन के लखाई पेट्रोल पंप से मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री/पूर्व सांसद जफर अली नकवी द्वारा की गई। पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने किया। पदयात्रा लखाही पेट्रोल पंप से बुद्धा पुरवा, परमेश्वरी पुरवा, लखन पुरवा होते हुए रमियाबेहड़ ब्लॉक मुख्यालय पर सभी शहीदों को नमन करते हुए पांच दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ में समापन की गई। यात्रा 11 बजे से चलकर के 2:30 दोपहर तक अनवरत जारी रही। हर पड़ाव पर भारत माता की जय, वंदे मातरम, अमर शहीदों की कुर्बानी याद करेगा हिंदुस्तान आदि नारों के साथ गुंजायमान रही। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने कहा कि देश की भारत सरकार जो नफरत के बीज बो रही है, हम उसकी फसल के रूप में प्रेम से भारत जोड़ो अभियान यात्रा चला कर के भाईचारा बंधुत्व की भावना पैदा करेंगे। यात्रा का संयोजन वरिष्ठ कांग्रेसी अब्दुल बारी व नेता जिला



महासचिव सगीर अहमद ने किया। यात्रा में कैप्टन मोनिस अली नकवी, जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी, टीएन मिश्रा, जिला महासचिव जमाल अहमद, कमलजीत सिंह जिला महासचिव, एजाज अहमद, रूपचंद मौर्य, हनीफ, संजय, संतोष मौर्य, जयप्रकाश महतिया, केशवराम मौर्य, अत्ताउल्लाह, शिव कुमार पाल, लतीफ आज़म, शमसुद्दीन, कुतुब खान, अबरार अहमद, बाबूराम अर्कवंशी, पंकज, राजू सदस्य जिला पंचायत, सरताज, नदीम, बाबूराम अर्कवंशी, शराफत अली, नीरज बाजपेई सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विभाजन विभीषिका दिवस को भाजपा निकालेगा मौन जुलूस



विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट से मौन जुलूस निकाल कर भाजपाई काला दिवस के रूप में मनाएंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा के जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा ने देते हुए बताया कि बंटवारे की त्रासदी अर्थात विभाजन विभीषिका 14 अगस्त को कलेक्ट्रेट से शाम 4:30 बजे से भाजपाई मौन जुलूस निकाल लेंगे। जुलूस कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर जेल रोड होते हुए गांधी इंटर कॉलेज तिराहा होते हुए विकास भवन पहुंचेगा, जहां आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेकर कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। मौन जुलूस को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि विभाजन की त्रासदी अर्थात बंटवारे को लेकर देश में उस समय मची उथल–पुथल के साथ लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी तथा भारत का विभाजन हुआ था। इसलिए पार्टी उसे काला दिवस के रूप में बनाते हुए मौन जुलूस निकालेगी। जिसमें लखनऊ मंडल के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद के अलावा भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता, जुलूस में पट्टिका को हाथ में लेकर मौन जुलूस निकालेंगे। बैठक में अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने विभाजन की त्रासदी को मानवता पर कलंक बताया। संचालन जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने किया। बैठक में विजय महेश्वरी, ज्योतिर्मय बरतारिया, विजय शुक्ला रिंकू, विनोद वर्मा, विनोद लोधी, रामजी मौर्य, संतोष कुमारी, रश्मि गुप्ता, रचना शुक्ला, उमा राज, उमेश शुक्ला, रामजी दीक्षित, बृजेश सिंह, विनय गुप्ता, उमाशंकर मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम पांडे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित अवस्थी, समीर सभी मोर्चा प्रकोष्ठ जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा के आकस्मिक निधान पर भाजपाइयों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# तिरंगा लेकर निकले अफसर, जगाई देशभक्तिकी अलख

- डीएम, सीडीओ व एडीएम ने सड़कों पर निकाला तिरंगा मार्च

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। आजादी का अमृत महोत्सव इस बार खीरी में ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है। इसके लिए कहीं हर घर तिरंगा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव पर जिलेभर में जगह–जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर में शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह के साथ विकास भवन से तिरंगा यात्रा को न केवल रवाना किया, बल्कि पूरी यात्रा में स्वयं भी तिरंगा हाथ में लिए हुए अधिकारी व कर्मचारियों संग शामिल हुए। डीएम ने तिरंगा रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से ही यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश और उल्लास के साथ घर तिरंगा फहराने की अपील की। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने



आजादी के अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता सप्ताह, हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। यह तिरंगा यात्रा डीएम के नेतृत्व में विकास भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई। बताते चलें इस दौरान डीएम ने स्वयं देशभक्त के नारे लगवाए। इस तिरंगा यात्रा में डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, एआरओ दिनेश चंद्र, पूर्ति निरीक्षक सुशील यादव, ललित कुमार पाठक, ब्रजेश कुमार मिश्र, पूर्ति लिपिक अनिल कुमार, करुणेश गुप्ता, सैकड़ों की तादात में उचित दर विक्रेता, विकास भवन के अधिकारी कर्मचारी बड़ी तादाद में शामिल हुए।

# भाला मार कर गुरुद्वारे के ग्रंथी को किया घायल




नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। सम्पूर्णा नगर इलाके के सिद्धनगर गुरुद्वारे के ग्रंथी कुलवंत सिंह शनिवार को अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए जा रहे थे कि खजुरिया बाजार में सतनाम सिंह ने ग्रंथी के सीने में भाला मारकर घायल कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाजार के लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीर रूप से घायल ग्रंथी को परिजनों ने पलिया सीएचसी में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। नवागत थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# आपदा मित्र प्रशिक्षण से दो मैडल लेकर घर पहुंची रेडक्रॉस टीम

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी खीरी द्वारा आरती श्रीवास्तव सचिव रेड



क्रॉस खीरी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय रेड क्रॉस टीम आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट फोर्स) लखनऊ उत्तर प्रदेश पहुंची थी। जहां 12 दिन के कठिन अभ्यासों, दो लिखित परीक्षाओं, बाढ़, भूकंप, सूखा, ध्वसंन, खोज, डॉग स्क्वायड, संबंधित मॉकड्रिल आदि से गुजरकर 192 आपदा मित्रों के मध्य चार अवॉर्ड में से दो अवार्ड अपने नाम कर जनपद लखीमपुर वापसी की। लिखित परीक्षा में प्रथम शिवम सिंह, द्वितीय स्थान पर पूजा श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर रोहित रहे एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट प्रीती यादव सहित सभी को एसडीआरएफ द्वारा सम्मानित किया गया।

जनपद लखीमपुर के आपदा मित्रों द्वारा एसडीआरएफ लखनऊ उत्तर प्रदेश के सम्मान में तिरंगा थीम पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीआरएफ लखनऊ उप्र को रामायण भेंट की गई, तथा सभी अधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विजय यादव, शिवम सिंह, आरती श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही। हर्यंक सिंह, श्रेया श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता, अनुराग सक्सेना, निधि वर्मा के प्रयास सराहनीय रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आईपीएस डॉ. सतीश कुमार कमांडेंट स्टेट डिज़ास्टर रेस्पॉन्स फ़ोर्स ने अपनी मां के साथ आई एक बच्ची हीरांगिनी की तारीफ करते हुए कहा कि यह दुनियां का पहला बालक है जो प्राथमिक शिक्षा से पहले आपदा प्रबंधन की शिक्षा प्राप्त कर रहा है, यह हमारे संस्थान के लिए गौरव की बात है। एडिशनल एसपी शोभनाथ यादव ने जनपद खीरी के आपदा मित्रों के व्यवहार की प्रशंसा की। इंस्पेक्टर वीरेंद्र दुबे ने मेजर मनोज कुमार ने भाव–विभोर होकर कहा कि अपने लिए इस तरह के प्यार और सम्मान की उम्मीद कभी की ही नहीं थी। हम जीवन में पहली बार इतना हंसे हैं। जनपद खीरी आपदा मित्रों से जो प्यार मिला है उसे जीवन भर भूल नही पायेगें। प्रशिक्षण के आखिरी दिन इंस्पेक्टर दुबे, सब इंस्पेक्टर राजशेखर, इंस्ट्रक्टर विश्वजीत यादव, सरवन यादव, राहुल, प्रशांत त्रिपाठी, ऋषि जायसवाल, सच्चिदानंद यादव, लोकेश परासर, राजेश बघेल, रूप कुमार, किशन यादव, अजय पाल एवं समस्त आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ ने नम आंखों से आपदा मित्रों को विदाई दी।

# संक्षिप्त समाचार

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगी प्रदर्शनी

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इंडियन बैंक द्वारा कचहरी रोड स्थित अपने जोनल ऑफिस में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (14 अगस्त) पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यह प्रदर्शनी 14 अगस्त तक चलेगी। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने जनपद वासियों से अनुरोध करते हुए कि वह स्वयं एवं अपने परिचितों को प्रदर्शनी अवश्य दिखाएं।

## सावन तीज उत्सव पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने महिलाओं संग मनाया रक्षा बंधन का पर्व, फूल मालाओं से जोरदार हुआ स्वागत

कोंच(जालौन)। सावन माह के अंतिम दिवस पर महिलाओं ने सावन तीज उत्सव मनाया तथा महिलाओ ने एक दूसरे को



रक्षा बंधन पर्व की दी इस मौके पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी कार्यक्रम में मौजूद रही। नगर के रॉयल गार्डन में भाजपा की जिला कार्य समिति की सदस्या अंजू सुरेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा शनिवार को सावन तीज उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्षा कमलावती सिंह ने पूजा अर्चना कर



की शुरुआत की इस दौरान कार्यक्रम में महिलाओं ने सावन तीज व हरियाली तीज उत्सव पर डांस कर उत्सव को धूमधाम से मनाया वही उन्होने बताया कि वह अपने एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई लेकिन आगामी चुनावों को लेकर भी उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सक्रिय रहे और मेहनत करना शुरू कर दे चुनाव दूर नही है इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल अर्चना सोनी हेम प्रभा संध्या चौहान मीना अनीता सिंह सीमा सिंह आदि मौजूद रहे है।

## ब्लश्क प्रमुख प्रतिनिधि ने कब्बडी प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**खेलो से होता हैं शारीरिक एवं मानसिक विकास- सतेंद्र निरंजन शीलू**

**प्रधान संगठन जिला के जिलाध्यक्ष ने ग्राम बिरगुआ बुजुर्ग में कराई कब्बडी प्रतियोगिता, शील्ड देकर किया विजय टीम को पुरुस्कार**

कोंच(जालौन)–रक्षा बंधन पर्व पर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में हर वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी ग्राम बिरगुआ बुजुर्ग, पड़री तथा भदेवरा में आयोजन हुआ।


हर वर्ष सावन के दूसरे दिन कजरी मेला के उपलक्ष्य में ग्राम



पड़री में तालाब बाली देवी के मंदिर के पास कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन उर्फ शीलू पड़री ने प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन पर्व मानने के बाद युवाओं के बीच में कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरे सावन माह में गांव–गांव में होता आया है शीलू ने कहा कि खेल कूद से शारीरिक एवं मानसिक रूप से बच्चों का विकास होता है ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की रुचि कबड्डी प्रतियोगिता के प्रति अधिक रहती है वही ग्राम बिरगुआ बुजुर्ग में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रवि गौतम ने गांव प्राइमरी स्कूल के पास कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई वही पड़री में टीम जय मां दुर्गा के कप्तान सुनील कुमार मालिक एवं दूसरी टीम जय मां काली के कप्तान सागर प्रजापति द्वारा खेल खेला गया जिसमें जय मां काली के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत हासिल की इस मौके पर मैच रेफरी हरिओम पटेल एवं यश कुमार पटेल ने सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया इसी दौरान सुभाष पटेल विजेंद्र सिंह गाना राजकिशोर पटेल रवि कुशवाहा पद्मेश ठाकुर सनी धीरेन्द्र पटेल लोग मौजूद रहे। वही ग्राम भदेवरा में प्रधान भानु प्रताप के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों को उन्होंने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

## आदर्श एकेडमी कन्या इंटर कालेज महेशभारी बलरामपुर में हर घर तिरंगा घर - घर तिरंगा कार्यक्रम किया गया

ओंकार नाथ चौधरी। जनपद बलरामपुर हर घर तिरंगा एवं आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महेशभारी विकास खंड गोंदीपुर में झंडे का वितरण किया गया साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी



गई।कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र कुमार मिश्र , प्रधानाचार्या सीमा मिश्रा के साथ समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

## 14 अगस्त, 2022 को मनाया जायेगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस- जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती,जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 14 अगस्त, 2022 को देश के बंटवारे की स्मृति में ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' मनाया जायेगा। इसके तहत जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ प्रातः 09.30 बजे किया जायेगा।

# सम्पादकीय....

## भारत को अब बलिदान नहीं योगदान की दरकरार - युवा वो इंजन हैं जो देश को कामयाबी के शिखर की ओर ले जाते हैं

वैश्विक स्तरपर दुनिया के देशों की नजरें एकटक भारत पर लगी हुई है कि कैसा खूबसूरत है यह देश और यहां के सज्जन मानुषी जीव जिनमें इतना सारा जोश जज्बा और जुनून भरा है कि कभी तालियों, थालियों,घंटियों को बजा कर अपने फ्रंटलाइन योद्धाओं को संकल्प सिद्धि मंत्र से प्रोत्साहित कर महामारी कोभगाने का दृढ़ संकल्प लेकर वैक्सीनेशन डोज 200 करोड़ पार कर देते हैं तो कभी विजन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का संकल्प, तो अभी अपनी भारत माता की शान में हर घर तिरंगा और आजादी का 75 वां अमृत जयंती महोत्सव का जबरदस्त जुनून के साथ 135 करोड़ हर धर्मों के नागरिक सर्वधर्म सद्भाव से एक साथ देश भक्ति और राष्ट्र भक्ति में इतने मग्न हो गए हैं कि चहूं और तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, भारत माता की जय, वंदे मातरम, यह देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का, नारों पर ऐसे झूम रहे हैं जो भारत के इतिहास में शायद पहली बार हम लोग ऐसा जुनून देख रहे हैं। विश्व में सर्वोच्च बुद्धि क्षमता का परिचायक भारतीय नागरिकों के ऐसे हौसलों से ही भारत के धुर विरोधी तो क्या सच्चे दोस्त भी अचंभे में हैं!! ऐसा है हमारा भारत देश!! वहीं कोई मतभेद नहीं दिख रहा है चाहे विपक्षी पार्टियां भी हो, भले ही अपने अपने रूप में पर तिरंगे का सम्मान जोर शोर से कर रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है 15 अगस्त 2022 को यह जश्न अपने चरम स्तर पर होगा!!जब लाल किले से झंडा फहराया जाएगा, इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से अमृत जयंती महोत्सव, युवा संवाद इंडिया एट 2047 पर चर्चा करेंगें। साथियों बात अगर हम अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा और स्वतंत्रता दिवस की 75 वी जयंती पर उत्साह और जुनून की करें तो भारत की आबादी का 65फीसदी युवाओं में अभूतपूर्व जोश और उत्साह बड़ी उमंग के समानें खुशियों की भी नतमस्तक है!!बुजुर्गों का कहना है कि इन 75 वर्षों में पहली बार इतना जोश देख रहे हैं, जिसके संकेत सुरक्षित और उज्जवल भविष्य की ओर उंगली उठा रहे हैं कि हम 100 वें स्वर्ण जयंती महोत्सव 2047 में कहां होंगे इसका उत्तर हमें विश्व गुरु बनने की ओर ले जाता है। साथियों बात अगर हम 12 अगस्त 2022 को युवा संवाद इंडिया रेट 2047 में माननीय केंद्रीय मंत्रियों द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की प्रतिभा, लगन एवं जज्बा हमें प्रेरणा देने वाले और हमारा उत्साह बढ़ाने वाले हैं। उन्होंने युवा संवाद के आयोजन के लिए खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय की सराहना की।खासकर ऐसे महत्वपूर्ण समय में जब हम आजादी का अमृत महोत्सवश मना रहे हैं और अपनी आजादी के 75वें वर्ष को सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि इन संवादों से देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने देश के युवाओं से आग्रह किया कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ–साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति भीजागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथियों युवा देश के कर्णधार है, युवा सोशल मीडिया पर जागरूक रहकर एक दूसरे को जागरूक करते हैं। युवाओ को जातिवाद से दूर रहना है। स्वार्थ सिद्ध करने के लिए कुछ लोग जातिवाद कर रहे है युवाओं को उनसे सावधान रहना होगा। पूरे देश में राष्ट्रवाद की लहर चल रही है यह लहर बस्सी में भी चलनी चाहिए। बदलाव की लहर युवाओं के हाथों में ही है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारतीय मूल्यों,लोकाचार, ज्ञान और मॉडलों को दुनिया के सामने ले जाने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं पर है। जिस भावना और ईमानदारी के साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, हमारे आज के युवाओं को भी भारत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वही भावना और ईमानदारी खुद में विकसित करनी चाहिए, खासकर अमृत काल के इन 25 वर्षों में साथियों उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की ओर बड़ी उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, अपने हजारों वर्षों के इतिहास में हमारी युवा शक्ति ने ही अपने देश की नियति को आकार देने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, शहीद बाजी राउत, रानी गाइदिन्ल्यू एवं उनके जैसे अनगिनत लोगों ने हमें प्रेरित किया और अपनी युवावस्था में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। आगे कहा कि भारत के पास अपनी समृद्ध सभ्यता की विशाल जड़ें हैं। इस विरासत को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारी उत्साही युवा जनसंख्या पर है। साथियों इस मौके पर दूसरे केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, जिस प्रकार पीएम हमेशा कहते हैं, युवा वो इंजन हैं जो देश को कामयाबी की ओर ले जाते हैं। अब हमारे युवाओं का ये कर्तव्य है कि वे अमृत काल के दौरान देश को कामयाबी के शिखर की ओर ले जाएं। अमृत काल में युवाओं को अमृत लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देना होगा और देश को विश्वगुरु बनाना होगा। उन्होंने युवाओं से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। तिरंगा 130 करोड़ भारतीयों की एकता का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी, लेकिन देश को विश्वगुरु बनाने के लिए अब युवाओं से बलिदान नहीं योगदान की दरकार है। साथियों उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने और अपने विचार साझा करने के लिए युवाओं को एक मंच देने हेतु युवा कार्यक्रम विभाग देश भर में 750 युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगा। देश में युवाओं की तरक्की और विकास के लिए चार श्ईश प्रमुख हैं– एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप, एंपावरमेंट। स्वयंसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा स्वयंसेवा के माध्यम से राष्ट्र को सेवा प्रदान कर सकता है। ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया, स्वच्छ भारत, नशा मुक्ति अभियान, पोषण अभियान– ये ऐसे कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें युवा अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं।सभा को संबोधित करते हुए युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री प्रमाणिक ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने महामारी के समय में एनवाईकेएस और एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा फ्रंटलाइन योद्धाओं की भूमिका निभाने की सराहना की। पीएम के संकल्प से सिद्धि मंत्र से प्रेरणा लेकर भारत का युवा अब नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी पैदा करने वाला बन गया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि युवा संवाद एट इंडिया 2047, भारत को अब बलिदान नहीं योगदान की दरकार है, युवा वे इंजन है जो देश को कामयाबी के शिखर की ओर ले जाते हैं। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देकर देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प आजादी के अमृत महोत्सव में लेने समय की मांग।

–संकलनकर्ता लेखक –
कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## अमृत महोत्सव के पावन स्वतंत्रता दिवस के साथ वैश्विक नेतृत्व के संकल्प की शपथ लें

(वैश्विक जगत में नवीन छवि का निर्माण)

संपूर्ण भारत देश को स्वतंत्रता दिवस की अनंत बधाइयां, अशेष शुभकामनाएं। आइए अमृत महोत्सव के इस स्वाधीनता के पर्व पर हम यह संकल्प लें कि भारत को न सिर्फ विश्व का एक सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाकर वैश्विक नेतृत्व की संकल्पना को साकार करते हुए नए वैश्विक क्षितिज में नवीन भारत के उदय के लिए प्रण और प्रतिज्ञा लें। भारत की वीरांगनाओं, मनीषियों, तपस्वीओ, शिक्षकों, कलाकारों, वीर योद्धाओं, साहित्यकारों एवं तमाम देश का नेतृत्व करने वाले राजनेताओं के खून और पसीने के संघर्ष के बाद प्राप्त आजादी का महत्व समझते हुए देश को सर्वांगीण विकास की धारा में अग्रसर करते हुए श्रेष्ठ भारत की संकल्पना करते हुए हम दृढ़ संकल्पित होते हैं ।भारत की विनम्रता और शांति के पहल की विश्व के सभी राष्ट्र पूरी शिद्दत से इज्जत की नजरों से देखते हैं। भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को रखता आया हैस भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की हैस भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा हैस पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति श्अधजल गगरी छलकत जाएश की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, ।क

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष,ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर–उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शास्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़

## भ्रष्टाचार के दीमक का सही इलाज होना जरूरी है-डा. हरिकृष्ण बड़ोदिया

फिलहाल तो देश भर की नजरें भ्रष्टाचार के विरुद्ध हो रही कार्रवाइयों से उत्पन्न हाहाकार पर हैं। बीते दिनों जहां एक ओर पात्रा चाल घोटाले में उद्धव शिवसेना के संजय राऊत आरोपी हैं जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने न केवल गिरफ्तार किया है बल्कि उनसे लंबी पूछताछ जारी है तो वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल का 2016 का शिक्षक भर्ती घोटाला है जिसमें बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थो चटर्जी और उनकी निकटतम सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार कर ईडी द्वारा पूछताछ की जा रही है। लेकिन केवल ये दो प्रकरण ही नहीं बल्कि पिछले जून महीने से नेशनल हेराल्ड प्रकरण भी सुर्खियों में है क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले जून माह में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से लगभग 8 दिन तक और अभी पिछले सप्ताह में प्रवर्तन निदेशालय ने ही कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी से तीन दिन तक पूछताछ की है। यही नहीं 3 दिन पहले झारखंड के कांग्रेस के तीन विधायक 50 लाख नगदी के साथ पश्चिम बंगाल के हावड़ा में बंगाल पुलिस के हत्थे चढ़े तो इसी दौरान रांची के प्रसिद्ध वकील और जनहित याचिकाएं करने वाले राजीव कुमार भी 50 लाख नकदी के साथ पश्चिम बंगाल में पकड़े गए।

महाराष्ट्र के दो बड़े नेता और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के मंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक भी जेल की सलाखों के पीछे हैं तो आम आदमी पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी सलाखों के पीछे हैं। स्पष्ट है कि ये सब ऐसे प्रकरण हैं जिनमें आरोपितों पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत कार्यवाही या जांच की जा रही है। भारत की स्वतंत्रता के बाद के इतिहास में रसूखदार लोगों के विरुद्ध इससे पहले इतनी गंभीरता से कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इन सब प्रकरणों से एक बात साफ है कि देश में काले धन और मनी लांड्रिंग से जुड़े सभी मामले विपक्ष के रसूखदार लोगों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों से जुड़े हैं। यही कारण है कि देश का समूचा विपक्ष विचलित है। वस्तुतः आर्थिक भ्रष्टाचार आज के समय की एक कड़वी सच्चाई है। विपक्ष इसे मोदी सरकार की बदले की कार्रवाई निरूपित कर अपना बचाव कर रहा है। मान भी लिया जाए यह बदले की कार्रवाई है लेकिन इस सत्य को कोई नकार नहीं सकता कि केवल नेशनल हेराल्ड को छोड़कर पकड़े गए सभी प्रकरणों में नोटों का जखीरा और अचल संपत्तियां बरामद की गईं हैं। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में तो 50 करोड़ रुपयों के बेतरतीब ढंग से पटके गए नोटों का पहाड़ मिला जिसकी गिनती के लिए गिनने वाली मशीनें तक गरम हो गईं तो साथ ही 9 किलो सोना भी बरामद किया गया। धीरे धीरे आगे बढ़ रही कार्यवाही में पॉश इलाकों में पार्थो चटर्जी के कई बंगले भी मिले हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि कोई व्यक्ति इतनी संपदा 7 बार जन्म लेने पर भी अर्जित नहीं कर सकता। इसी तरह आम आदमी पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से भी करोड़ों की संपत्ति जप्त की गई है। विडंबना तो यह है कि इन सभी प्रकरणों में आरोपी सारे प्रमाण अपने विरुद्ध जाने के बाद भी स्वयं को पाक साफ बताने की कोशिश कर रहे हैं।

बीते कल जब संजय राउत को हिरासत में लिया गया तो वे ऐसा व्यवहार करते दिखे जैसे ईडी ने एक निर्दोष व्यक्ति को जबरन फंसा दिया है। तो वहीं राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ के दौरान देश भर में ईडी का विरोध करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता कथित सत्याग्रह के नाम पर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे। निश्चित ही यह सब कांग्रेस के प्रथम परिवार की इच्छा के अनुरूप ही हुआ होगा। किंतु जब चिदंबरम जेल गए थे तब किसी कांग्रेसी ने सड़कों पर उतर कर उनका बचाव नहीं किया था। स्पष्ट है कि रसूखदारों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरुद्ध केंद्र की जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी ना होती तो ये भ्रष्टाचार उजागर नहीं होते। उल्लेखनीय तो यह है कि अधिकांश प्रकरणों में अकूत धन संपदा जब्त की जा रही है जो भ्रष्टाचार की कहानी खुद बयान कर रहीं हैं।

आरोपियों के समर्थन में देश भर में ईडी की कार्रवाई के विरुद्ध प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रदर्शनों का कोई खास प्रभाव जनता पर दिखाई नहीं दे रहा क्योंकि जनता इन सभी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाइओं के परिणाम जानने के बाद ही आरोपियों के समर्थन या विरोध में खड़ी होगी।

वस्तुतः आज ईडी एक प्रभावशाली और दमदार जांच एजेंसी के रूप में उभरी है आज से पहले कोई भी जांच संस्था अपनी कार्रवाईयों में इतनी प्रभावी नहीं रही। यह इस बात से स्पष्ट होता है कि 2014 से 2022 तक के 8 सालों में प्रवर्तन निदेशालय ने 3000 से अधिक छापे डाले हैं तथा पिछले 9 साल की अवधि में 112 सर्च ऑपरेशन की तुलना में इन 8 सालों में सर्च ऑपरेशन 27 गुना बढ़कर 3010 हो गए। राज्य सभा द्वारा प्रसारित आंकड़े के अनुसार अगर हम कुल मामलों की बात करें तो संसद में दिए गए एक उत्तर में बताया गया कि ईडी ने पिछले 17 सालों में कुल 5400 मनी लांड्रिंग के प्रकरण दर्ज किए और मात्र 23 मामलों में ही सजा हो सकी जबकि बीते 8 सालों में ऐसे मामलों की संख्या उससे पहले के 9 सालों के मुकाबले अधिक रही है। कहना न होगा यह सत्ता में बैठी मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। निश्चित ही इससे विपक्ष बहुत विचलित है और यही कारण था कि ईडी की कार्रवाई और कानूनों पर रोक लगाने के लिए विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में 100 से अधिक याचिकाएं दर्ज कराई थीं किंतु जो निर्णय आया उसने ईडी को न केवल संबल प्रदान किया बल्कि उससे ईडी और अधिक मजबूत होकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सक्षम हुई है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त की थी कि वह ईडी के तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारियां के विरुद्ध असीमित अधिकारों पर रोक लगाए किंतु सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ईड़ी उचित कानून के तहत ही कार्रवाई कर रही है तब इन पर रोक लगाने का कोई औचित्य नहीं है। निश्चित ही विपक्ष को इससे बड़ा सेटबैक और कुछ नहीं हो सकता। यही नहीं अपनी याचिकाओं में विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट से यह भी अपील की कि वर्तमान कानून के अनुसार आरोपी को अपनी बेगुनाही के सबूत खुद ही देना पड़ रहे हैं जो उचित नहीं है। गुनाह सिद्ध करने का दायित्व ईडी पर ही होना चाहिए किंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि संपत्ति जब आरोपी से बरामद की जाती है तो इसके स्त्रोत क्या हैं यह तो आरोपी को ही बताने पड़ेंगे। यदि उचित माध्यम से संपत्ति अर्जित की गई है तो फिर डर किस बात का है।

वस्तुतः जब से मोदी सरकार ने देश की सत्ता संभाली है तब से जहां एक ओर देश के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर अनैतिक कार्यों से अर्जित की जा रही संपत्तियों पर न केवल नजर रखी जा रही है बल्कि ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। निश्चित ही ऐसी कार्रवाइयों से आरोपी खेमा और विपक्ष खुश नहीं है होगा। विपक्ष का हर नेता मोदी सरकार पर आरोप लगा रहा है कि ईडी की कार्यवाही सिर्फ विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध ही हो रही है। क्या सत्ता पक्ष के सभी नेता दूध के धुले हुए हैं। तो इस संबंध में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष खुद ऐसे सत्ता पक्ष के लोगों के विरुद्ध जो अनैतिक धन अर्जन में लिप्त हों प्रमाण जुटाकर उनके विरुद्ध न्यायालय में जाए कोई उन्हें नहीं रुकेगा। लेकिन बिना प्रमाण के यह कहकर कि सत्ता पक्ष के लोगों के दामन भी काले हैं इसलिए विपक्ष के आरोपियों को छोड़ दिया जाए उचित नहीं है। तो वहीं मोदी सरकार के अब तक के 8 सालों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप सामने नहीं आया तो वहीं भाजपा शासित राज्यों में भी ऐसा नहीं दिखाई दिया तब विपक्ष के पास तर्कहीन वक्तव्य के अलावा कुछ शेष नहीं है। सच्चाई तो यह है कि भ्रष्टाचार देश के विकास और आर्थिक बुनियाद में दीमक की तरह है जो हर समय देश को खोखला करने का काम करता है। इस पर अंकुश लगाना हर परिस्थिति और काल में जरूरी है।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## प्राथमिक विद्यालय उमरिया कला में एक हरी संकरी पौध का रोपण किया



भदफर सीतापुर। लहरपुर रेंज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय उमरिया कला में एक हरी संकरी पौध का रोपण किया गया उक्त कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुनील कुमार वर्मा वनरक्षक ओम प्रकाश वाचर रमेश कुमार भार्गव प्रधानाध्यापक विजय नाथ चौरसिया अमित कुमार शुक्ला लाल बिहारीआदि लोग उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली गई तिरंगा रैली



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट लहरपुर,सीतापुर। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जमीयत उलेमा ए हिंद व मुस्लिम एकता कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली स्थानीय इमामबाड़ा ग्राउंड से आयोजित होते हुए मजाशाह चौराहा, केश्रीगंज तिराहा, लहरपुर मुख्य द्वार बिसवा गेट, शहरबाजर होते हुए पुनः इमामबाड़ा ग्राउंड पहुंच कर सम्पन्न हुई। जमीयत उलमा के जिला जनरल सेक्रेटरी मौलाना वकील अहमद कासमी ने उपस्थित लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराए। इस अवसर पर मो० शोएब, मो० नफीस, राजू अंसारी, हाजी शोएब, इस्लामुदीन सभासद, हसीन अंसारी, मो० हाशिम अंसारी, मो० शरीफ, हाजी इरफान, ग्यासुदीन, शरीफ शाह, नुसरत बेग, हाजी रेहान चांद, कारी गुफरान, कमरूदीन अंसारी, नबी अहमद, मो० आकील समेत सैकड़ों के संख्या में बाइक सवार लोगो ने प्रतिभाग किया।

## एम के पब्लिक स्कूल के बच्चो द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तंबौर सीतापुर। आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वीं वर्ष गांठ पर कस्बे के मदरसा एमव केव पब्लिक एकेडमी काजी टोला तंबौर में नंन्हे मुंन्हे बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। बच्चों के सारेजहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा की आवाज से सारा मदरसा गूंज उठा। वही मदरसा प्रबंधक कलीम खान ने आजादी के महोत्सव पर प्रकाश डाला वीर सपूतों के त्याग व कुर्बानियों को याद दिलाया और हर घर पर तिरंगा फहराने पर जोर दिया इस दौरान मदरसे के बच्चों ने रैली निकाल कर सारेजहां से आवाज बुलंद की ।तिरंगा रैली में बच्चों में गजब का जोश था ।इस मौके पर शकील अहमद, करी मो0 जान, नफीस अहमद, आफरीन खातून, रूसार, समरीन व विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। वही ग्राम ड्योढ़ीडीह में फारूक प्रधान के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों के साथ पूरी ग्राम सभा में रैली के माध्यम लोगो को हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया।


## खिलाड़ियों द्वारा हाथ में झंडा लेकर प्रदर्शन करेंगे

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि खेल निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ के तत्वाधान में 15 अगस्त 2022 को स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर बालकध्बालिकाओं का क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती द्वारा प्रातःकाल 06 बजे बालकों की 05 किमी0 क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन कलेक्ट्रेट गेट से प्रारम्भ होकर पाण्डेयपुरवा तथा पाण्डेयपुरवा से वापस कलेक्ट्रेट गेट पर समाप्त होगी तथा बालिकाओं की 03 किमी0 क्रासकन्ट्री दौड़ का आयोजन कलेक्ट्रेट गेट से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन के मुख्य गेट से वापस होते हुये कलेक्ट्रेट तक समाप्त किया जायेगा तथा जनपद खिलाड़ियों द्वारा हाथ में झण्डा लेकर का प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात् बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया जायेगा।

## समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की शिकायतों का समय से हो निस्तारण : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार समाधान दिवसध्थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार थाना इकौना में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार–बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/ महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि चकमार्गो पर कहीं अतिक्रमण की शिकायत आती है तो पुलिसध्राजस्व की टीम द्वारा मौके पर जाकर सीमांकन कर चकमार्ग खाली कराये और अतिक्रमण कारी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी–बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय–सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरी, तहसीलदार इकौना प्रेमकुमार राय, थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।





# 14 अगस्त को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने अवगत कराया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों/आयोजनों के साथ 14 अगस्त 2022 को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' के रूप में मनाया जायेगा। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा इस संबंध में विचार गोष्ठी एवं मौन तिरंगा यात्रा भी आयोजित की जाएगी।मौन तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर यमुना तट बंध तक जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिललेख तथा 1947 में भारत–पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कार्यक्रम हेतु नामित संयोजक एवं सहसंयोजक अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ, वीडियो आदि भी बनाएं।

## दस माह बीत जाने के बाद भी एक भी दिन सफाई नही होना सरकार का सफाई अभियान मात्र दिखावा





(उदय भान सिंह यादव
संवाददाता नीतेश यादव
इटावा। शहर के फर्रुखाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर बने एफ ओ बी पुल पर दस माह बीत जाने के बाद भी एक भी दिन सफाई नही हुई है वहां पर गंदगी के कारण निकलने में नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जबकि आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है लेकिन प्रशासन का इस पुल पर कोई ध्यान ही नही है। फर्रुखाबाद फाटक एफ ओ बी पुल पर व्याप्त गंदगी को लेकर जिला समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि दस माह में एक भी बार सफाई न होना ये दर्शाता है कि जो आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान सफाई अभियान चलाया जा रहा है वह मात्र दिखावे के साथ केवल मीडिया में फोटो शूट दिखाई देता है।

## के के महाविद्यालय में आजादी के 75 वर्ष उपलब्धियां और चुनौतियों विषय पर संगोष्ठी का आयोजन








संवाददाता नीतेश यादव इटावा
इटावा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत के के महाविद्यालय में आजादी के 75 वर्ष उपलब्धियां और चुनौतियों विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। के के महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर मंडल के उच्च क्षेत्रीय अधिकारी डॉ रिपुदमन सिंह ने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ कुश चतुर्वेदी, डॉ उदयवीर सिंह, डॉ पदमा त्रिपाठी समेत मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रो रमाकांत राय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के सयोंजक डॉ शिवराज सिंह ने संचालन किया। डॉ सुनील सिंह सह सयोंजक रहे। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसर और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## ताखा में छात्र-छात्राओं ने शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन





इटावा संवाददाता नीतेश यादव
ताखा इटावा। ताखा में छात्र–छात्राओं ने शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया। स्कूली बच्चों की रैली विद्यालय से चौराहा और गांव में प्रभात फेरी करते हुए लोगों घर–घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करती रही। रैली के दौरान घर–घर दीप जलाएंगे, हर घर तिरंगा फहराएंगे, जैसे नारे और भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा। प्राथमिक विद्यालय नगला मके के बच्चों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके के बच्चों ने आज तिरंगा रैली निकाली।सभी बच्चे ने हाथों में तिरंगा झंडा लिए विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा, भारत माता की जय,वंदे मातरम के नारे लगाते हुए ग्राम नगला मके, हविलिया, मामन,नगला झड़े उद्देतपुरा, नगला चंद होते हुए रैली को निकाला। यह दृश्य बहुत ही मनमोहक और सुंदर लग रहा था।रास्ते में लोग अपने घरों से निकलकर रैली को देख रहे थे और बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।सेल्फी और फोटो खींचने वालों की लाइन लगी थी। प्रधानाध्यापक राम जी शर्मा के दिशा निर्देशन में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली का आयोजन 11 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जा रहा है।विद्यालय में मध्यान भोजन में हलवा और छोले चावल खिलाया गया। रैली आयोजन में विद्यालय के सहायक अध्यापक आदर्श कुमार, श्यामानंद और आंगनवाड़ी कार्यकत्री उमाकांती, मंजू देवी रसोईया राजा बेटी, रेशमा देवी और ग्रामवासी भी शामिल हुए।

# जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि 75वें स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीध्तहसील स्तरीय अधिकारीध्ब्लाक स्तरीय अधिकारी सभी सरकारी कार्यालयोंध्भवनोंध्संस्थानोंध्अर्द्धसरकारी संस्थाओं एवं तहसीलध्विकास खण्ड परिसर में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तम्भों को 14 अगस्त की रात्रि को प्रकाशमान किया जाय। भवनों में प्रकाश व्यवस्था उच्च कोटि की रखी जाय। साथ ही यह भी कहा कि निर्धारित मानक के अनुरूप निर्मित स्वच्छ ध्वज ही प्रयोग किया जाय। फटे–पुराने ध्वज का प्रयोग कदापि न किया जाय। ध्वज एक निर्धारित मानक के अनुसार फहराया जाए, ध्वजारोहण निर्धारित समय प्रातः 08 बजे सभी सरकारीध्गैर सरकारी भवनों पर किया जाए और सायंकाल सूर्यास्त के समय निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ध्वजावतरण किया जाय। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह 06 बजे बालकों की 05 किमी0 क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन कलेक्ट्रेट गेट से प्रारम्भ होकर पाण्डेयपुरवा तथा पाण्डेयपुरवा से वापस कलेक्ट्रेट गेट पर समाप्त होगी तथा बालिकाओं की 03 किमी0 क्रासकन्ट्री दौड़ का आयोजन कलेक्ट्रेट गेट से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन के मुख्य गेट से वापस होते हुये कलेक्ट्रेट तक समाप्त किया जायेगा तथा जनपद खिलाड़ियों द्वारा हाथ में झण्डा लेकर का प्रदर्शन करेंगे।
स्वतत्रंता दिवस के दिन चिकित्सा शिविर, व्याख्यान प्रतियोगिता एवं वाद विवाद, पेन्टिग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, भिनगा, जगतजीत इण्टर कालेज, इकौना, लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज वीरगंज तथा जनपद के समस्त माध्यमिक एवं इण्टर कालेज व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सार्वजनिक सभा व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अपरान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होने सभी जिला स्तरीयध्तहसील स्तरीयध्ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्वतंत्रता दिवस के दिन भी वृक्षारोपण के लिये उपयुक्त जमीनों में वृक्षारोपण करावें। सभी अधिकारीगण अपने–अपने कार्यालयों/आवासीय भवनो एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण कराये। उन्होंने यह भी बताया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में खेलकूद प्रतियोगिता (वॉलीबॉल) का आयोजन किया जायेगा।

# ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत संस्कृति विभाग लखनऊ से आये कलाकार ने राष्ट्र भक्तिगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा








ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को मुख्य अतिथि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद श्रावस्ती हेतु नामित समन्वयक अधिकारीधनिदेशक अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान डा0 राकेश कुमार सिंह, अरूणेश मिश्र, उप जिलाधिकारी आशुतोष एवं डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 रविन्द्रनाथ चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में राष्ट्रप्रेम से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आये मुख्य कलाकार श्री कमलाकान्त जी द्वारा ''है प्रीत जहां की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूँ'' से प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर जनपद श्रावस्ती हेतु नामित समन्वयक अधिकारी डा0 राकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशानुसार देश एवं प्रदेश में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगों में राष्ट्रप्रेम की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उद्देश्य से ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है। जिससे लोग अपने देश एवं अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक हो सके। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आये कलाकार श्री कमलाकान्त जी द्वारा अनेक राष्ट्रभक्ति गीत ''वन्दे मात्रम'', ''ना चाहूं मान दुनिया में'', ''हर घर तिरंगा गीत'', ''मेरा रंग दे बसन्ती चोला'' सहित अन्य कई देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं के जनसैलाब द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज गया। इस दौरान गायक एवं श्रोताओं द्वारा बार–बार भारत माता की जय का जयकारा भी लगता रहा। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इकौना की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती की गई। तथा देशभक्ति गीतों पर ज्योति, अंजली, गरिमा, शिवांगी, प्रिया, हस्मतुल, अंशु प्रतिभा, अनुराधा, निशा वर्मा, अमीषा, अर्पिता, प्रियंका नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।
तत्पश्चात् कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिलौला की छात्राओं रिंकी, सादिया, मोहनी, निशा, आराधना, बबिता, ममता, ललिता एवं कोमल के द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव, संस्कृति विभाग द्वारा कार्यक्रम के समन्वय हेतु नामित नोडल अधिकारी डी0पी0 सिंह, सहित कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।

# संयुक्तकिसान मोर्चा ने निकाली अमृत महोत्सव तिरंगा रैली





नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में गल्ला मंडी से लाल बाग शहीद पार्क तक निकाली गई ट्रैक्टर से तिरंगा यात्रा में किसानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया!शहीद पार्क में देश के लिए समर्पित शहीदों को फूल माला अर्पित कर उन सभी के बलिदानों को याद किया गया! उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि देश अपनी आजादी का 75 वां स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है!हम किसानों ने स्वतंत्रता के बाद अपनी मेहनत और लगन के बल पर देश को भुखमरी के चंगुल से निकाल कर विदेशों तक का पेट भरने में सक्षमता हासिल की हैं! किसान मंच प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महासचिव भारतीय पत्रकार महासभा शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि किसानों ने अपनी मेहनत और त्याग के बल पर जो सफलता अर्जित की है,अगर केंद्र व प्रदेशों की सरकारों ने किसानों के त्याग और बलिदान पर जरा सा भी ध्यान दिया होता फिर देश को आज पूंजीपतियों के पास गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ती! किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने हकों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा!सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान हित में जारी संघर्ष में हम किसानों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी तिरंगा यात्रा में शामिल किसान भाइयों में गुरुमीत सिंह,शिवम् सिंह गुरुमुखा सिंह,दिव्य सिंह, सुखदेव सिंह, अमरीक सिंह,हरी ओम अवस्थी, अर्जुन सिंह, मुनेश्वर सिंह, बलजिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, पिंदर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, दलजीत सिंह, कमल प्रीति सिंह, अंग्रेज सिंह, मेहताब खान, दिलबाग सिंह, इरफान, राजविंदर सिंह,निर्मल सिंह, हरप्रीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, विजय कुमार आदि सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान भाइयों ने हिस्सा लिया।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सी एस सी ने कसी कमान

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
तम्बौर सीतापुर। मा. मंत्री उच्च शिक्षा,सूचना प्रोद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में व माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशानिर्देशन में प्रदेश भर में महाभियान के तौर पर चल रहे ष्हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रदेश भर में संचालित CSC (कॉमन सर्विस सेन्टर) संचालकों से अपील किया था कि इस अवसर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप मे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, इस क्रम में दिनांक 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त 2022 राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस के दिन तक तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है । जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 13 अगस्त को जिला मुख्यालय से हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान बाईक रैली आयोजित कर सीएससी केंद्र संचालकों द्वारा अपने आस पास के घरोंध्नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने को प्रोत्साहित करने के साथ ही राष्ट्रीय तिरंगा भी भेंट किया गया अग्रिम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर ष्हमारी सीएससी स्वच्छ सीएससीष के विजन के तहत जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें मुख्यतः सीएससी केंद्र समेत आस पास की सफाई, पौधारोपण, ध्वजा रोहण, प्रभातफेरी, PMGDISHA सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन, चित्रकला, वाद–विवाद प्रतियोगिता,




सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूशन आदि प्रमुख हैं। जनपद सीतापुर के सीएससी प्रबंधक मतीन अहमद ने बताया की सीएससी सेंटरों पर VLE's के द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं तथा वंचित वर्गों तक सीएससी जनकल्याण कारी सर्विसेज को पहुँचाया जाएगा।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर ग्राम राहिया में पीपल का पौधा लगाकर किया वृक्षारोपण डीएम चांदनी सिंह बरगद का पौधारोपण कर उसके महात्व को बताया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अमृत सरोवर ग्राम पंचायत रहिया में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर पर पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण का संदेश दिया वहीं जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने भी वरगद का पौधा लगाया मंत्री ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक और मानवता की इससे बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती है उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में किए जा रहे वृक्षारोपण का लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान कर्मचारियों एवं समाज के हितधारकों के बीच वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की जाए और सभी को अपने आसपास के पौधों का पोषण करने तथा हमारे परिवेश को सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आंखों के सामने नन्हें नन्हें पौधों को उगते देखना एक जीवन को आगे बढ़ाने जैसा आनंद देता है यानि कि एक ऐसा जीवन जो बदले में कई लोगों की जिंदगी सुरक्षित बनाता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर निशांत तिवारी, डीसी मनरेगा अवधेश दिक्षित, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, ग्राम प्रधान राहिया रामसेवक भी मौजूद रहे।

## ड्राइवर चालक ने लगाया भाजपा जिलाध्यक्ष के ऊपर मारपीट व जान से मारने का आरोप



उरई (जालौन)। बीजेपी जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर उर्फ बना जी की गुंडागर्दी इस समय चरम सीमा पर है ऐसे दबंग नेता के ऊपर पुलिस कार्रवाई करने से कतराती है ऐसा ही मामला कुछ दिन पहले उरई शहर में सामने आया था जहां पर बीजेपी जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह उर्फ बना जी की तानाशाही गुंडागर्दी के चलते एक ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट व गाली गलौज की थी जिसके चलते उस ट्रैक्टर चालक के कान में खून आ गया था ट्रैक्टर चालक द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत भी दी गई थी लेकिन उस शिकायत को पुलिस ने संज्ञान ना लेकर मामले को दबाने का प्रयास किया लेकिन बीजेपी जिलाध्यक्ष ने उस मामले को आगे नहीं बढ़ने दिया और शांत करा लिया लेकिन फिर एक मामला दुबारा सामने निकल कर आया है कि जहां पर बीजेपी जिलाध्यक्ष ने अपनी पत्नी के कार चलाने के लिए एक ड्राइवर कानपुर में रखा था ड्राइवर लगातार 4 महीने से जिलाध्यक्ष के पत्नी के यहां काम कर रहा था जब ड्राइवर ने जिलाध्यक्ष जी से अपनी मजदूरी मांगी तो अचानक जिला ध्यक्ष भड़क गए और ड्राइवर चालक को गाली गलौज व मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया जिससे पीड़ित ड्राइवर ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी है अब देखने बाली बात यह है की जिलाध्यक्ष के ऊपर पुलिस क्या कार्रवाई करती है वर्जन देने से कतराये जिलाध्यक्ष समाचार लिखने तक किसी भी तरह की बात नहीं हो पाई।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर (Selfie with Tiranga ) अपलोड कराये पोर्टल पर- जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 13 से 15 अगस्त, 2022 तक हर घर तिरंगा फहराया जाना है। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने देश की स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास एवं व्यापक जनभागीदारी से मनाये जाने के उद्देश्य से 13 से 15 अगस्त, 2022 की अवधि में जनपद के प्रत्येक नागरिक को अपने घर एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों पर तिरंगा ध्वज फहराये जाने/प्रदर्शित किये जाने हेतु जनसामान्य से अपील किया है।उन्होंने जनपद वासियों को तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर उसे www. harghar tiranga.com पर अपलोड करने हेतु अपील किया है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनपद के प्रमुख स्थलों यथा–बाजारों, कॉलेज, विद्यालयो, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शहीद स्मारक, पुरातात्विक स्मारक आदि पर नागरिकों के लिये आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाये जायें एवं लोगों को सेल्फी लेने हेतु प्रेरित किया जाए। तथा इन सेल्फी प्वाइंट्स पर सेल्फी अपलोड करने का पोर्टल www. harghar tiranga.com लिखते हुए सेल्फी अपलोड करने की प्रक्रिया प्रदर्शित की जाए।उन्होने कहा कि नागरिकों से सेल्फी अपलोड कराने में एन०सी०सी० कैडेट्स/ एन०एस० एस० /स्काउट गाइड/नेहरू युवा केन्द्र/ विभिन्न नागरिक संगठनों के वालंटियर्स आदि का सहयोग लिया जाए। चूंकि जनपद की प्रगति पोर्टल पर अपलोड किये गये झंडो/सेल्फी से आंकी जायेगी।

इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराये और उसकी सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर चमारी में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
कोंच जालौन। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। लोगों को देश के लिए बलिदान हुए वीरों की इस संघर्ष गाथा को याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है। शनिवार को ग्राम पंचायत चमारी में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ग्राम प्रधान नौशाद मंसूरी के कुशल नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विशाल तिरंगा यात्रा के एक दिन पहले ही रुप रेखा तैयार कर ली गयी थी तिरंगा यात्रा में युवाओं का जोशीला अंदाज साफ नजर आ रहा था जबकि यात्रा में लोक प्रिय नारे जय जबान – जय किसान को भी अहम अहमियत को कबायद दी गयी जिसको लेकर युवाओं के जोशीले नारे चारों ओर वंदे मातरम् व भारत माता की जय को लेकर लोगों में जोश भर रहे थे भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं का जोश आजादी के 75बें अमृत महोत्सव को जोश भरने में अहम भूमिका में दिखायी दे रहा था जबकि आजादी के अमृत महोत्सव सरकारी विद्यालय एवं अन्य गांवों के लोगों एवं नौनिहाल बच्चे एवं ग्रामीण व युवा शामिल रहे यात्रा के दौरान अतिथि विरगुवॉ खुर्द ग्राम प्रधान चौ0 राघवेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान चमारी नौशाद मंसूरी प्रधान प्रतिनिधि इरफान मंसूरी तकनीक सहायक हरिशंकर दुवोरिया पंचायत सहायक हेमलता पटेल भारतीय जनता पार्टी के मण्डल उपाध्यक्ष कौशल पटेल काले खां अध्यापक महेश चन्द्र यादव गिरीश महाराज पूर्व प्रधान राहुल पटेल जितेन्द्र व्यास आर के पटेल सुमन्त पटेल एवं समस्त पुलिस स्टाफ एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल द्वारा उरई शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा देशभक्ति के गूंजे गाने



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई। शहर में शनिवार को 75 में अमृतमहो व्यापार मंडल द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई टाउन हॉल से होकर मच्छर चौराहा अंबेडकर चौराहे होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पास समापन हुई जहां पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता वह भारी संख्या में संगठन के लोगों ने केक काटकर एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया तो वहीं पर व्यापार मंडल के सभी लोगों ने जगह जगह तिरंगा लगाने की भी अपील की है।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री माननीय भानुप्रताप सिंह वर्मा जी विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक माननीय गौरीशंकर वर्मा जी संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ दिलीप सेठ जी नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही रैली का संचालन एवं अध्यक्षाता जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता जी ने की रैली के अंत मे सभी ने 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यलय में केक काटकर एवं मिष्ठान वितरण कर रैली को यादगार बनाया इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज पालीवाल जी जिला कोषाध्यक्ष हरिकिशोर रिप्पू जी पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन पालीवाल जी जगदीश तिवारी जी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्यनायक जी भाजपा उरई नगर अध्यक्ष श्री गिरीश चतुर्वेदी जी अरुण छिरोल्ल्या जी संगठन के गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी जी प्रदेश मंत्री हरिओम बाजपाई जी संगठन मंत्री तरुण तिवारी जी बुंदेलखंड कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता जी जिला संरक्षक लखन लाल चंदिया जी लक्ष्मण दास बाबानी जी श्री अखिलेश रूसिया जी सुधीर डांगरा जी प्रदेश मंत्री महिला बिंग श्री शशि सोमेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष महिला बिंग मती प्रीति बंसल जी भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भगवती शरण शुक्ल जी व्यापार मंडल के देवतुल्य पदाधिकारीगण व्यापारीगण भारतीय जनता पार्टी के समस्त इष्ट ज्येष्ठ देवतुल्य पदाधिकारीगण विभिन्न संगठनों से आये सम्मानित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्वच्छता संदेश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया गया



औरैया। विकासखांड अजीतमल के अंतर्गत बल्लापुर ग्राम पंचायत में एकलव्य इंटर कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा एवं हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया गया इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि इंजीनियर प्रेम सिंह राजपूत ने कहा युवा देश के भविष्य है युवाओं के ऊपर देश और प्रदेश की जिम्मेवारी है युवा घर घर जाकर स्वच्छता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करें और हर घर तिरंगा लगाएं भारतवर्ष 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है उसे सफल बनाएं इस अभियान को जन अभियान बनाकर चलाएं ना कि सरकारी अभियान जनता के सहयोग से जो भी कार्य होते वो सफल होते हैं सफलता के लिए जनता का सहयोग अति आवश्यक है इसी कड़ी में कार्यक्रम के प्रभारी जिला समन्वयक अनवर वारसी ने कहा जनपद के सभी विकास खंडों में स्वच्छता कार्यक्रम एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा है सभी लोगों को तिरंगे का सम्मान करते हुए अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाएं केसरिया रंग ऊपर बीच में सफेद नीचे हरा होना चाहिए अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन के बाद झंडा उतार कर अपने घरों में सुरक्षित रख ले देश की आन बान शान में कोई ठेस न पहुंचे उन्होंने कहा युवाउत्थान के लिए नेहरू युवा केंद्र तत्पर है हर ब्लॉकों में नेहरू युवा मंडलों का गठन किया जा रहा है जो पूर्व से गठित नेहरु युवा मंडल निष्क्रिय हैं उनको सक्रिय किया जा रहा है इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रवेश कुमार शिव प्रसाद प्रेमचंद अविनाश निर्भय सिंह प्रदीप राजपूत अर्चना रणवीर सिंह राजपूत करण सिंह फौजी जूली ओमजी राजपूत नेहरू युवा केंद्र के आदर्श देवेंद्र सहित तमाम कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन योगाचार्य अनिल राजपूत जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ने किया।

## हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक विनोद सिंह का कार्यक्रम हुआ संपन्न





सुल्तानपुर। विधानसभा के विधायक पूर्व मंत्री व विनोद सिंह ने हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा करते हुए मिश्रौली चौराहे पर काफी संख्या के बीच तिरंगा झंडा लेकर कार्यक्रम को संबोधित किया गया।
जिसके दौरान सैकड़ों की संख्या में समर्थकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भारत माता की जय के नारे लगाए यह कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महिमा शंकर दुबे दी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने किया जिसके दौरान इन्हीं के सहयोगी में प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र पांडे उर्फ अतुल पांडे ने कार्यक्रम को दिशा देते हुए आगे बढ़ाया और कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदामा प्रसाद मिश्रा व पूर्व प्रधान ने किया जिसके दौरान विधायक ने जीआईसी विद्यालय में नियुक्ति भूगोल प्रवक्ता कुमारी रोली का पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सम्मान भी किया और शिक्षामित्र रघुवंश प्रजापति द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए ज्ञापन दिए और ज्ञापन के दौरान यह भी लिखा गया कि मिश्रौली चौराहे पर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की मांग की इस मौके ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य नंदन चौबे, कोटेदार राजकुमार पांडे, डॉक्टर हनुमत मिश्रा, सुजीत दुबे, अखिलेश सिंह, जेठू राम वर्मा, कामता प्रसाद मिश्रा, मनोज सिंह, मनोज कसौधान, सीताराम सोनकर, राम प्रसाद दुबे, करुणा शंकर मिश्रा, प्रयाग लाल राय, आशीष पांडे सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोदी ने राष्ट्रवाद का ऐसा अलख जगाया कि चारो तरफ जनता राष्ट्रभक्तिसे ओतप्रोत है : विभवनाथ भारती



• पौशला से खीरी तक निकाली गई विशाल तिरगा यात्रा,लगे जयकारें
प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आजादी के 75 वें स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए शनिवार को पौशला से खीरी बाजार तक तिंरगा यात्रा डीजे के धुन पर तिरंगा लहराते हुए जन–जन मे राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृति किया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने किया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वन्दे मातरम् कें नारें गुंजायमान रहें। जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा मोदी जी ने राष्ट्रवाद का ऐसा अलख जगाया कि चारो तरफ–तिंरगा ध्वज और देशभक्ति के गीत और भारत माता की जय,वन्देमातरम् के जयघोषं गुंजायमान हो रहें है। पूरे क्षेत्र के प्रत्येक घरों मे तिरंगा ध्वज लगाएं जा रहे है। कार्यकम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकार केशरी,कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू केसरी ने किया। आभार युवा मोर्चा जिला महामंत्री अशोक पांडेय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सलिल तिवारी, संतोष कुमार पांडे, नंदू शुक्ला, विजय तिवारी,हरे कृष्ण तिवारी ,रत्नाकर पांडे,आदर्श दुबे, सोनू शुक्ला, मनीष पांडे,अमित पासी आदि के साथ भारी संख्या मे कार्यकर्ता व क्षेत्रिय जन उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

# संक्षिप्त समाचार

## डकोर विकास खंड के ग्राम ददरी में निकाली गयी तिरंगा यात्रा पुष्पेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में घर-घर लगवाया गया तिरंगा



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। ब्लाक डकोर के ग्राम पंचायत ददरी मे अमृत महोत्सव के रूप में हर घर तिरंगा के तहत पुष्पेंद्र सिंह राजपूत करमेर मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा डकोर के नेतृत्व में हर घर में तिरंगा लगवाया और तिलक करके लोगों का उत्साह बढ़ाया मौका पर उपस्थित ग्राम प्रधान श्रीचंद राजपूत ददरी, मंडी चौकी इंचार्ज मोहित यादव समस्त स्टाफ एवं ऐर प्रधान जुझार सिंह राजपूत, मनोज राजपूत वीडिसी ददरी एवं महेश गोस्वामी महाराज पूर्व प्रधान श्याम बाबू एवं समस्त ग्राम उपस्थित रहे बड़े धूमधाम से उत्साह के साथ हर्ष के साथ भैरव पिया पार्टी एवं बैंड बाजों के साथ पूरे ग्राम में प्रभात फेरी निकाली क्यों सभी को घर–घर झंडा वितरण किए और सभी के घर पर छत तिरंगा लगवाए हैं।

## आजादी अमृत महोत्सव को लेकर ग्राम प्रधान ने निकाली तिरंगा रैली

औरैया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदरपुर में, ग्राम प्रधान रंजना कुशवाहा की अध्यक्षता में आजादी अमृत महोत्सव को लेकर घर–घर तिरंगा लगाने के उपलक्ष में लोगों को जागरूक किया गया। रैली का शुभारंभ ग्राम सुर्जनपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय से होते हुए सभी मजरों से पूरे ग्राम पंचायत हैदरपुर का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत सचिवालय पर समापन किया गया ।रैली में शामिल हुए सचिव संगीता दोहरे, प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ,भुवनेश कुमार ,दिलीप कुमार, सरोज वर्मा, विश्वनाथ यादव ,सैयद जुबेर अली ,आदि ग्रामबासी उपस्थित रहे। लोगों ने आजादी महोत्सव के घर–घर तिरंगा में बढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम प्रधान ने अपने ग्राम पंचायत के सभी लोगों से घर–घर तिरंगा लगाने की अपील की। वहीं सहार विकास खंड के गांव बिझाई मैं प्रधान चरण सिंह कुशवाहा ने रैली निकालकर लोगों से घर–घर तिरंगा लगाने की अपील की। वही अजीतमल क्षेत्र के गांव हजरत पुर में स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया और जय हिंद के नारे लगाए।



## बाछेपुर प्राथमिक विद्यालय में आखिर क्यों नही निकाली गयी तिरंगा यात्रा

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
रेउसा सीतापुर। विकास खण्ड रेउसा के प्राथमिक विद्यालय बाछेपुर में आपको बताते चलें कि जहां सुबे के मुखिया श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशानुसार पूरे भारत देश में आजादी कि अमृत महोत्सव के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली जाती हैं और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत चंद्रसेनी के बाछेपुर प्राथमिक विद्यालय में आखिर क्यों नहीं मनाया गया हर घर तिरंगा महोत्सव क्या इस विद्यालय के नियम और कानून देश के कानून से अलग हैं इस तरह से प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका व अध्यापकों द्वारा शासन सरकार की मंशाओं को जमकर लगाया जा रहा पलीता उडाई जा रही खिल्लिया बनाया जा रहा है मजाक और यही नहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका गीता भार्गव अपनी स्वेच्छा अनुसार कार्य करने को जानी जाती हैं उनके लिए तो योगी सरकार के निर्देश बिल्कुल हवा हवाई के समान हैं इस दौरान जब मीडिया कर्मी विद्यालय में पहुंचे तो वहां का यह दृश्य देखने को मिला जहां पर प्रधानाध्यापिका गीता भार्गव अर्ध निंद्रा में एक कुर्सी पर बैठे हुए और दूसरे कुर्सी पर पैर रखे हुए उपस्थित मिली बाकी के अन्य अध्यापक स्टॉप अध्यापक अतुल कुमार, प्रदीप यादव, मनोज कुमार, मिले नदारत वही विद्यालय परिसर में बच्चे इधर उधर घूमते व टहलते मिले ऐसे में विद्यालय के बच्चों भविष्य के साथ किया जा रहा हैं खिलवाड़ अब देखना है यहा हैं कि उच्च अधिकारी इस गंभीर मामले को लेकर कोई बड़ी कार्रवाई करते हैं या फिर यहां के प्रधानाध्यापिका गीता भार्गव हुआ अन्य अध्यापक ऐसे ही अपनी करते रहेंगे मनमानी और सरकार की मंशाओ पर फिरते रहेंगे पानी।

## मंत्री जयवीर सिंह ने रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह वितरित किया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जिला चिकित्सालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तगर्त संचेतना सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह वितरित करते हुए कहा कि किसी को नया जीवन देने से बड़ा दान संसार में कोई दूसरा नहीं हो सकता, रक्तदाता रक्तदान कर दूसरों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। रक्तदान करने वाले को यह जानकारी भी नहीं होती कि उसके द्वारा दान किये गये ब्लड में किस व्यक्ति की जान बचायी। उन्होने कहा कि रक्तदान से तमाम ऐसे लोगों की जान बचती हैं, जिन्हे दुघर्टना में घायल होने पर ब्लड की आवश्यकता होती है, आप द्वारा दिया गया खून



कई लोगों की जिन्दगी बचा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोदकुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.पी.पी.सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, ब्लॉक प्रमुख जागीर मुनेष चौहान, राम बाबू कुशवाहा, सौरभ चौहान, धीरू राठौर, अमित गुप्ता, विकास भदौरिया, करन पाल सिंह, पंकज, गौरव राजपूत, अनुराग गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के कई चिकित्सक, अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे। कायर्क्रम का संचालन राजपाल सिंह चौहान ने किया।

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

## शारीरिक दक्षता में सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण 17 से 20 अगस्त तक की जाएगी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। होमगार्ड कमांडेंट वैशाली के द्वारा बताया गया कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी बिहार पटना के विज्ञापन संख्या 01 2009 एवं 02 2011 के आलोक में वैशाली जिला के स्वच्छ नामांकन में शारीरिक दक्षता में सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण एवं नामांकन भरने के कारण हवाई दिनांक 17 अगस्त 2022 से 20 अगस्त 2022 तक प्रशिक्षण केंद्र बिहार गिरी रक्षा वाहिनी जदुआ वैशाली में की जाएगी जिसके तहत विज्ञापन संख्या 01/2009 का दिनांक 17 अगस्त 2022 एवं दिनांक 18 अगस्त 2022 तक, और विज्ञापन संख्या 2/11 के लिए दस्तावेज एवं नामांकन भरने की कार्रवाई 19 अगस्त 20 अगस्त 2022 तक संपादित होगी।

सभी अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज का 4 फोटो मूल प्रमाण पत्र जो उन्होंने आवेदन करने के समय संलग्न किया था जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होंगे एवं सभी प्रमाण पत्रों का दो दो प्रति में छाया प्रति ही रखेंगे एवं नामांकन पत्र के प्रारूप पर विधिवत प्रविष्टि करते हुए पूर्व शालीनता एवं अनुशासन के साथ प्रखंड वार बनाए गए टेबल प्रभारी के समक्ष उपस्थित होंगे। सभी अभ्यर्थी पुलिस द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र अगर उनके पास उपलब्ध है तो लेकर आएंगे तथा स्वयं के प्रति सत्यता एवं प्रमाण पत्रों की सत्यता के संबंध में शपथ पत्र लेकर उपस्थित रहेंगे।

## दो बड़े पोखर के जनाधार का कार्य कराया जाएगा : जिलाधिकारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीना के द्वारा हाजीपुर प्रखंड के बुजुर्ग पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हाजीपुर में आयोजित अपना पंचायत अपना प्रशासन कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा गया कि इस पंचायत की जो समस्याएं हैं उसके बारे में माननीय विधायक हाजीपुर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ज्ञान के द्वारा बताया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा आज स्थानीय मांग को देखते हुए उस पंचायत के दो बड़े पोखर का जनाधार कराने का निर्देश दिया गया और कहां गया कि मनरेगा अथवा 15वें वित्त आयोग की राशि से यह कार्य कराया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि यहां



पास में ही सरकारी बोरिंग है जो बंद पड़ा है उसे ठीक कराने अथवा जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास की सूची में जिनका नाम छूट गया है रे लोग मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ ले सकते हैं। नल जल योजना के तहत कहीं–कहीं पर टंकी से पानी छूने की शिकायत मिली है। इसे ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पूरे पंचायत का भ्रमण कर नल जल की व्यवस्था देख लेने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जिसका लाभ उन्हें लेना चाहिए। इसके लिए श्रम विभाग से पंजीकृत होना पड़ेगा। इसका लाभ यह होगा कि राज के बाहर भी चार्ज के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सरकार से अनुदान प्राप्त हो जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की अगर जरूरत है तो बता दिया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी इसका समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कोई बसावट नल जल की योजना से छूट गया है या कहीं नया बसावट बना है तो बता दिया जाए। सामुदायिक पुस्तकालय खोलने के बारे में बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इससे युवा वर्ग को लाभ मिलेगा। यहां पर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्वयं सहायता भत्ता एवं कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया। आज के अपना पंचायत अपना प्रशासन के कार्यक्रम में कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए। पेंशन योजना के 28 आवेदनों में 24 आवेदनों का निष्पादन कैंप में ही कर दिया गया। आवेदनों में भूमि विवाद के 33 विद्युत के 24 आवास योजना में 15 नल जल एवं गली नाली के 14 आपूर्ति के तीन मनरेगा के दो तथा 31 आवेदन विविध प्रकार के प्राप्त हुए। जिला अधिकारी के द्वारा माध्यमिक विद्यालय को चारों ओर घूम कर देखा गया यहां के लाइब्रेरी में भी जिलाधिकारी गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा जिलाधिकारी एवं माननीय विधायक का बूके और साल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर माननीय विधायक हाजीपुर श्री अवधेश सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री अवधेश कुमार सिंह अपर समाहर्ता वैशाली श्री विनोद कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा मुखिया भी उपस्थित थे।

## गांधी मैदान, मोतिहारी में आगामी 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के द्वारा मुख्य समारोह स्थल ,गांधी मैदान, मोतिहारी में आगामी 15 अगस्त 2022 ( स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया । पूर्वाभास परेड में बीएमपी, सैप , डीएपी पुरुष ध्महिला , होमगार्ड जवानों ने पुलिस उपाधीक्षक रक्षित , श्री रमेश कुमार साव के तत्वावधान में सलामी गारद दिया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल मोतिहारी के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ,अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा , नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ,जिला भूमि उप समाहर्ता , अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक, आदि उपस्थित थें।



# डेंगू के चार संदिग्धों की रिपोर्ट आयी नेगेटिव



मुजफ्फरपुर। एसकेएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने जिले के संदिग्ध चार डेंगू मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव कर दी है। सभी संदिग्धों की रिपोर्ट निगेटिव आने से डेंगू के मरीजों की संख्या शून्य हो है। एसकेएमसीएच माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम कुमारी ने बताया कि विभाग में मुजफ्फरपुर के संदिग्ध चार डेंगू मरीजों दिनेश कुमार, आसिन हयान खान, पुलसुम खातुन और पंकज कुमार के नमूनों की माइक्रोबायोलोजिकल जांच में उनमें डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि इस वर्ष जिले में डेंगू के एक भी मरीज की पुष्टि नहीं हुई है। डेंगू की जांच के बीच लोगों में बहुत सारी भ्रांतियां हैं। सबसे पहली भ्रांति इसके टेस्ट को लेकर है, लोग कहीं भी जाकर सिर्फ एनएस 1 टेस्ट के आधार पर अपने आप को डेंगू का मरीज मान लेते हैं। जबकि ऐसे मरीजों को सस्पेक्टेड मरीज की श्रेणी में रखा जाता है। जब तक उस सस्पेक्टेड मरीज का माइक्रोबॉयलोजिकल टेस्ट पॉजिटिव नहीं आ जाता है, तब तक वह डेंगू का मरीज नहीं माना जाता है। अगर कोई डेंगू से पीड़ित हो भी जाता है तो जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इसके उचित उपचार की व्यवस्था है। डॉ सतीश कुमार ने कहा कि डेंगू के उपचार के लिए हर पीएचसी स्तर पर बेड सुरक्षित है। पेशेंट आने पर उन्हें वह उपलब्ध हो जाता है। इसके अलावा सभी पीएचसी पर पारासीटामोल की टेबलेट भी उपलब्ध है। डेंगू से बचाव के लिए जुलाई में भी पूरे माह सघन जागरूकता फैलाई गयी। जिसके तहत 32 से ज्यादा स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच कारण, लक्षण व बचाव संबंधी बातें बतायी गयी थीं।

## नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के सभी कार्मिक एवं राष्ट्रीय युवा द्वारा स्वयंसेवक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित तिरंगा रैली में भाग लिया




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के सभी कार्मिक एवं राष्ट्रीय युवा द्वारा स्वयंसेवक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित तिरंगा रैली में भाग लिया गया।इस तिरंगा रैली कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोतिहारी जिले के सांसद सह पूर्व कृषि मंत्री श्री राधामोहन सिंह ,गन्ना मंत्री बिहार सरकार श्री प्रमोद कुमार एवम कुलपति कृषि विज्ञान केंद्र ,प्राध्यापक एम एस कॉलेज मोतिहारी एवम अन्य गणमान्य लोगो की उपस्थिति में तिरंगा रैली का समापन हुआ।इसके उपरांत नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण के सभी कार्मिक,राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवम भारत स्काउट गाइड के डीओसी श्री धर्मेन्द्र कुमार,अनिता कुमारी शिक्षिका और स्काउट गाइड स्वयंसेवक के द्वारा शहर के ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता कार्य किया और महात्मा गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को चरितार्थ करने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी श्री स्वरूप देशभ्रतार द्वारा कार्यालय परिसर में तिरंगा ध्वज फहराया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण लेखापाल सह कार्यक्रम सहायक रानू कुमारी जी ,राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रदीप कुमार,राजन कुमार, अभिषेक कुमार,कुमार विवेक, गोल्डन कुमार मिश्रा, भूषण कुमार,सुजीत कुमार, जियाउर रहमान,राजन कुमार, प्रेयसी झा,अनुराधा झा,स्वेता कुमारी, रूपम कुमारी,सोनम सिन्हा, एवम अन्य युवा उपस्थित थे।

## पुनौरा थानाध्यक्ष,डीएसपी सदर सीतामढ़ी और पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी समय से फोन उठा लिए होते, तो सभी व्यक्तियों की जान बच सकता था : जलेश्वर

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

- सीतामढ़ी जिला के पुलिसिया विभाग के खिलाफ अपनी कठोर आवाज : जलेश्वर
- घटना 5:00 बजे शाम की सुनसान चौड़ की है

सीतामढ़ी। बताते चलें कि आज सावन का पूर्णिमा है। भाई – बहन के प्यार का यह त्यौहार है। आज की तिथि में कुछ परिवार ने भाई – बहनों के प्यार में किसी न किसी प्रकार की अटूट कमी किया है। जिसके कारण चार घरों को किया भाई – बहनों का प्यार भरा त्यौहार बेघर। पुनौरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पमरा पड़री चौक पड़ता है। चौक से महज पूरब की ओर लगभग 1 किलोमीटर की दूरी यानी आजमगढ़ लाईन होटल को जोड़ने वाली जो फोर लेन है। उस फोर लेन में मोटर साईकिल और साईकिल के बीच एक जबरदस्त हादसा ने हजारों दिलों को दहला दिया है। घटनास्थल को देखने से पता चलता है कि मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्तियों की सवारी थी। उसके बावजूद मोटरसाईकिल की स्पीड 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थी। जिसके कारण मोटरसाईकिल चालक के गदही ने साईकिल को घुसाया मोटरसाईकिल में। एक्सीडेंट इतना जबरदस्त हुआ कि साईकिल चालक के मूँह से 2 किलोग्राम से अधिक खून गिरने के कारण साईकिल चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के ठीक 1 मिनट बाद उसी फोरलेन से गुजर रहे एन्टी करप्शन अभियान के नेतृत्व कर्त्ता सह युवा समाजसेवी जलेश्वर कुमार यादव रुन्नीसैदपुर, सीतामढ़ी ने घटनास्थल पर ज्योही ही पहुँचा कि देखा एक साथ सड़क पर चार व्यक्ति तड़प रहे थे। श्री यादव ने अपनी बाईक साईड में खड़ा कर स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए 1 दर्जन से अधिक वाहनों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन सरकार ने समाज के लोगों को काफी डरपोक बना दिया हैं। जिसके कारण अपनी जान का बिना प्रवाह किए हुए, जलेश्वर कुमार यादव ने अपनी बाईक को बीच सड़क पर लगा दिया। उसके बाद एका – दुका आदमी रुका। तत्पश्चात श्री यादव को एक्स्ट्रा शक्ति मिली। साथ ही साथ सीतामढ़ी जिला के पुलिस पदाधिकारी एसपी, डीएसपी सदर को कई मोबाईल से श्री यादव ने फोन किया। इन्टरनेट से पुनौरा थाना का नम्बर निकाल कर भी फोन किया। लेकिन मानवता को तार–तार करने वाले पुलिस ने किसी नम्बर से फोन नहीं उठाया। ऐसे पुलिस पदाधिकारियों को जिला में रहना अपने शरीर पर आग फूंकने के बराबर है। इसी बीच श्री यादव ने डायल किया आपातकालीन नम्बर 112. जहाँ सम्बंधित पुलिस से हुई श्री यादव का वार्त्तालाप। श्री यादव ने पुलिस को दिया घटना की पूरी जानकारी। पुलिस के पहुँचने तक जब तक घटना के लगभग 35 मिनट बीत चुका था।



35 मिनट बाद साईकिल चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस को पहुँचने के बाद मृत व्यक्ति सहित तीनों घायलों को दो थ्री व्हीलर पर एक लोकल व्यक्ति के साथ पुलिस अपने साथे सदर हॉस्पिटल ले गई। शायद पुनौरा थानाध्यक्ष, डीएसपी सदर सीतामढ़ी और पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी समय से फोन उठा लिए होते, तो सभी व्यक्तियों की जान बच सकता था। सरकार से मेरा सवाल है कि आपका एम्बुलेंस भी रहा फेल। एम्बुलेंस के नंबर पर भी किसी ने फोन नहीं उठाया। ऐसा क्यों? मोटरसाईकिल सवार तीनों पुनौरा थाना क्षेत्र के बखरी ग्राम वासी है 9रू00 बजे रात्रि में जानकारी मिली की एक व्यक्ति की मौत हॉस्पिटल में हो गई है। समाचार प्रकाशित करने तक दो व्यक्तियों की स्थिति अभी भी नाजुक हैं। बने रहिए लगातार हमारे न्यूज से अप टू डेट होने के लिए जाइए यूट्यूब में क्लिक कर लिखिए जलेश्वर कुमार यादव खुलेगा JKY की आवाज चौनल । जिसको सब्सक्राइब कर नोटिफिकेशन वाली बटन को ऑल कर दीजिए और न्यूज अच्छा लगे तो समाज के लोगों को जानकारी हेतु शेयर कर दीजिए।

## स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह परेड पूर्वाभ्यास का डीएम मनेश कुमार मीणा एवम एसपी हरकिशोर राय ने किया निरीक्षण



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह परेड पूर्वाभ्यास का डीएम मनेश कुमार मीणा एवम एसपी हर किशोर राय ने किया निरीक्षण डीएम ने समारोह स्थल पर पूरी सावधानी एवम प्राप्त दिशा निर्देशो का पालन करने का दिया निर्देश। डीएम मनेश कुमार मीणा एवं एसपी हर किशोर राय ने डुमरा मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। महिला पुलिस की चयनित टीम के द्वारा राष्ट्रगान का गायन होगा,जिसका भी पूर्वाभ्यास किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अभियंताओं को वर्षा को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियों का भी निर्देश दिया,वही एसपी हरकिशोर राय ने भी परेड में भाग लेने वाले प्लाटून को संबोधित करते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। गौरतलब हो कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में समारोह में मात्र अतिविशिष्ट महानुभावों एवं वरीयतम पदाधिकारियों को ही आमंत्रित किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर आम जनता को कोरोना संक्रमण के प्रभाव के कारण आमंत्रित नहीं किया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्वतंत्रता सेनानियों एवं विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। समारोह में भाग लेने हेतु महानुभावों को ई–आमंत्रण भेजा जा रहा है। कोरोना को देखते हुए विभिन्न विभागों के द्वारा निकाली जाने वाली झाँकियों का प्रदर्शन को सीमित करते हुए शिक्षा,स्वास्थ्य, जीविका, ग्रामीण, विकास आदि की झांकी ही निकाली जाएगी। समारोह परेड में भाग लेने वाले जवानों के बीच मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेसिंग कायम रखने को लेकर भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। पूर्वाभ्यास परेड में एसएसबी के जवान, सैप के जवान, पुरूष सशस्त्र बल, महिला सशस्त्र बल एवं गृह रक्षा वाहिनी के जवान आदि शामिल हुए। बच्चों से संबंधित एन0सी0 सी0 एवं स्कॉउट को परेड शामिल नहीं किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्थगित रहेगा। समारोह स्थल पर वाहन, स्टेज, पोडियम आदि के लिए सेनिटाईजेशन एवं थर्मल स्क्रीनिंग की समुचित व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग को जबाबदेही दी गई है। समारोह के पूर्व एवम बाद में पूरे मुख्य स्थल का सेनेटाइजेशन करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। महादलित टोलों में भी पूर्व की भांती पदाधिकारियो की उपस्थिति में महादलित टोलो के बुजुर्ग झंडोतोलन करेंगे,जिसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा आदेश निर्गत कर दिया गया है। मुख्य समारोह स्थलों के अतिरिक्त सभी प्रमुख कार्यालयों में पूर्ववत झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कार्यक्रम स्थल में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश किया गया है । उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय, डीडीसी विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार,डीपीआरओ सोनी कुमारी,सिविलसर्जन सीतामढ़ी, ओएसडी प्रशांत कुमार, सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


# संक्षिप्त समाचार

## अनुमंडलीय अस्पताल ढ़ाका उपाधीक्षक प्रभारी डॉ एस.गुप्ता के द्वारा निकाली गई जागरूकता तिरंगा रैली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल, ढ़ाका उपाधीक्षक (प्रभारी) डॉ एस.गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण के बाद सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ गांधी जी के प्रार्थना भजन गाते हुये निकाली गई जागरूकता तिरंगा रैली।



## जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय किशनगंज के द्वारा किशनगंज का नजरी नक्शा जारी किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय किशनगंज के द्वारा नजरी नक्शा जारी करते हुए अनुरोध किया गया कि अखबार इसे प्राथमिकता से छापे।

## जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ 7 निश्चय योजना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ 7 निश्चय योजना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर निकाय के द्वारा संचालित योजना हर घर नल जल एवं हर घर तक पक्की गली नाली निश्चय योजना में लंबित योजनाओं के संबंध में शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया । जहां राशि की आवश्यकता है इसके लिए विभाग से राशि की अधियाचना का भी निर्देश दिया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डों में वंचित नल जल योजना को हर घर तक शीध्र अच्छादित



करें। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित योजना बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 10341 आवेदनों में से 7149 लाभार्थियों को ऋण भुगतान किया गया है, शेष लाभार्थियों को शीघ्र ऋण भुगतान हेतु प्रबंधक डीआरसीसी को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना कुल 33964 आवेदनों में से 31431 छात्रों को सहायता भत्ता राशि का भुगतान किया जा रहा है एवं कुशल युवा कार्यक्रम के तहत कुल प्राप्त 70508 आवेदनों में से 67193 बच्चों को कुशल युवा कार्यक्रम योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है । उपलब्धि प्राप्ति किए जाने का निर्देश जिला योजना पदाधिकारी एवं प्रबंधक डीआरसीसी को दिया गया। गोवर्धन योजना को धरातल तक पहुंचाने का उन्होंने निर्देश दिया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सुखेत मॉडल का इस्तेमाल करने एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मैजिक पीट का निर्माण करने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय को हर हाल में क्रियाशील रखें। इन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 अगस्त के अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले को पुरस्कृत करने हेतु चिन्हित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ,डीपीओ मनरेगा ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी, समन्वय बिहार विकास मिशन, प्रबंधक डीआरसीसी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

(सुबोध कुमार तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स चौड़ादानों)। चौड़ादानों प्रखंड परिसर मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन की गई यह प्रदर्शन बिहार में हुए राजनीतिक परिवर्तन के परिणामीत था, इस प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता के साथ–साथ क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अवधेश प्रसाद की संयोजन से प्रारंभ हुई जिसमें पूर्व एम .एल.सी श्री बबलू गुप्ता के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी नरकटिया विधानसभा संयोजक प्रेमचंद्र कुमार, युवा महामंत्री राजेश्वर यादव, नरकटिया मंडल महामंत्री आलोक तिवारी के साथ–साथ सुभाष चंद्र आर्य, हरिहर साह ,मनोज साह, पूर्व मुखिया मुकेश यादव के साथ क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ता और पार्टी के प्रशंसक उपस्थित थे । मंच का संचालन कर रहे ज्योति नारायण प्रसाद के द्वारा बारी बारी से सभी कार्यकर्ताओं को



अपनी वक्तव्य के लिए मौका दिया गया जिसमें सभी ने एक स्वर बिहार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी के द्वारा पार्टी बदलाव का विरोध किया। सभी ने पूर्व सरकार गठन के समय के उनके किये गाये वादों को याद दिलाते हुए नए गठबंधन सरकार असंतुष्टता व्यक्त की।

## राष्ट्रीय तलवारबाजी पदक विजेता केशर राज को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। श्री शीर्षत कपिल अशोक (IAS) जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण ने तलवारबाजी की राष्ट्रीय पदक विजेता केशर राज एवं उनकी माता कुमारी रानी को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी महोदय ने केशर को राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए कठिन अभ्यास करने हेतु प्रेरित किया। केशर ने भारतीय तलवारबाजी संघ के द्वारा महाराष्ट्र के नाशिक में पांच से सात अगस्त तक आयोजित ग्यारहवीं मिनी (अण्डर–12) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में तलवारबाजी (फेंसिंग) के बालिका वर्ग में फॉयल इवेन्ट में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता है। मौके पर उपस्थित पूर्वी चम्पारण तलवारबाजी संघ के संयुक्त सचिव सह कोच अप्पु कुमार ने जिलाधिकारी महोदय को उनके द्वारा तलवारबाजी के खेल उपकरण उपलब्ध कराने एवं खेल के प्रोत्साहन के लिए आभार प्रकट किया। जिलाधिकारी महोदय ने तलवारबाजी खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु हर सम्भव सहयोग प्रदान करने के आश्वासन दिए। वहीं जल्द ही विभागीय स्तर से एन आई एस कोच की प्रतिनियुक्ति कराने की बात कही।



केशर राज ने बताया कि वह मोतिहारी के अम्बिकानगर निवासी कुमारी रानी और सूरज कुमार की सुपुत्री है। वह शहर के जीवन पब्लिक स्कूल की छात्रा है। अन्तर्राष्ट्रीय पदक हासिल करना उसके प्रथम लक्ष्य है।
वहीं मन की अभिलाषा है कि एक दिन ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करे एवं पदक हासिल करें।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति 2022 23 के तृतीय त्रैमास की निर्धारित समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति– सह– जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति 2022 – 23 के तृतीय त्रैमास की निर्धारित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई पर विचार विमर्श, अंतरिम मुआवजा भुगतान , गुड सेमेरिटन का चयन से संबंधित विषय पर विस्तृत चर्चा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हिट एंड रन एवं नन हिट एंड रन मामले में अंतरिम मुआवजा भुगतान हेतु कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अंतरिम मुआवजा भुगतान की कार्रवाई शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ट्रैफिक मैनेजमेंट को सुदृढ़ किया जाए, एनएचएआई पर संभावित दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु ट्रॉली लगाया जाए , सड़क से अतिक्रमण हटाया जाए, टोल प्लाजा सीसीटीवी कैमरे को क्रियाशील रखने, एनएचएआई से जुड़ने वाली ग्रामीण सड़कों पर साइनेज , जेबरा क्रॉसिंग के माध्यम से सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु आवश्यक उपाय सुनिश्चित किया जाए ।
उन्होंने कहा कि हेलमेट चेकिंग, वाहन जांच हेतु रोको टोको अभियान व्यापक पैमाने पर चलाना सुनिश्चित करें ।
उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ई–रिक्शा यत्र तत्र लगाने वालों पर नियंत्रण करें, उन्हें पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । इस अवसर पर अपर समाहर्ता ,अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सिविल सर्जन, यातायात प्रभारी, कार्यपालक अभियंता आर सी डी ,एनएचएआई ,सभी थानाध्यक्ष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थें।



## छौडादानों प्रखंड कार्यालय पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

(ई.अशोक कुमार सवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स छौड़ादानों,मोतिहारी)
छौडादानों। छौड़ादानों प्रखंड परिसर मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन की गई यह प्रदर्शन बिहार में हुए राजनीतिक परिवर्तन के परिणामीत था, इस प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता के साथ–साथ क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अवधेश प्रसाद की संयोजन से प्रारंभ हुई जिसमें पूर्व एम .एल.सी श्री बबलू गुप्ता के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी नरकटिया विधानसभा संयोजक प्रेमचंद्र कुमार, युवा महामंत्री राजेश्वर यादव, नरकटिया मंडल महामंत्री आलोक तिवारी,सुनिल कुमार (झुना)के साथ–साथ सुभाष चंद्र आर्य, हरिहर साह ,मनोज साह, पूर्व मुखिया मुकेश यादव के साथ क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ता और पार्टी के प्रशंसक उपस्थित थे । मंच का संचालन कर रहे ज्योति नारायण प्रसाद के द्वारा बारी बारी से सभी कार्यकर्ताओं को अपनी वक्तव्य के लिए मौका दिया गया जिसमें सभी ने एक स्वर बिहार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी के द्वारा पार्टी बदलाव का विरोध किया।



सभी ने पूर्व सरकार गठन के समय के उनके किये गाये वादों को याद दिलाते हुए नए गठबंधन सरकार असंतुष्टता व्यक्त की।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से वर्षापात, धान आच्छादन, डीजल अनुदान, कृषि फीडर, नलकूप एवं नहर तथा उर्वरक की आवश्यकता एवं उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि धान का आच्छादन 183000 हे0 के विरूद्ध शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वहीं डीजल अनुदान में जिले को 3795 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अविलंब सभी आवेदनों का निष्पादन करायें ताकि किसानों को उचित मुआवजा ससमय प्राप्त हो सके।
कार्यपालक अभियंता नलकूप विभाग द्वारा बताया गया कि अभी तक 645 ट्यूबवेल के विरूद्ध 319 कार्यरत हैं। जिसमें 94 मेकेनिकल फॉल्ट एवं 35 विद्युत दोष एवं 136 संयुक्त दोष तथा 61 अन्य दोष के कारण बंद हैं। जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजते हुए बंद पड़े ट्यूबवेल को चालू करायें।



इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन, कार्यपालक अभियंता तिरहुत नहर प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता त्रिवेणी नहर प्रमंडल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।


## जिलाधिकारी,श्री श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक,डॉ इनामुल हक मेंगनू के द्वारा आगामी 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। डीएम,श्री श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ इनामुल हक मेंगनू के द्वारा मुख्य समारोह स्थल शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम, खागड़ा किशनगंज में आगामी 15 अगस्त 2022 (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर होने वाले राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया। रिहर्सल परेड में डीएपी, होमगार्ड, बीएमपी जवानों के द्वारा सलामी गारद दिया गया। कन्या उच्च विद्यालय ,डुमरिया के छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्त्ता,जेल अधीक्षक, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगो को शत प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड देने का लक्ष्य

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा अगस्त २०22 तक शत प्रतिशत यूडीआईडी दिव्यागों को देने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त परिलक्षित अवधि तक प्रमाणीकृत दिव्यांगजनो का यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु प्रखंडो में प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैम्प आयोजन करने हेतु नियत्री पदाधिकारी बनाया गया है। यूडीआईडी परियोजना का कार्यान्वयन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने का उद्येश्य यह है कि राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एकल दस्तावेज के रुप मे मान्य है।
जिले में 2011 की जनसंख्या के अनुसार 111705 दिव्यांगजन है, जिनमें से 48817 को प्रमाणीकृत किया जा चुका है। पूर्वी चम्पारण जिले में दिव्यागजनो हेतु अभी तक 10486 यूडीआईडी कार्ड निर्गत किये जा चुके हैं। राज्य मे यूडीआईडी की संख्या के अनुसार नौवें स्थान पर पूर्वी चम्पारण है। कैम्प के सफल आयोजन हेतु जिले में डवदपजवतपदह ब्मसस का गठन किया गया है। जिसके प्रभार में सिविल सर्जन एवं सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सह नोडल पदाधिकारी रहेंगे। शिविर के आयोजन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा सिविल सर्जन को निदेशित किया गया है कि चिकित्सा पदाधिकारी की मौजूदगी सुनिश्चित करें। कैप का आयोजन निम्न प्रकार किया जा रहा है। पकड़ी दयाल अनुमडल के सभी प्रखंडो में 16 एवं 17 अगस्त सिकरहना अनुमंडल के सभी प्रखंडो में 18 एव २० अगस्त रक्सोल अनुमडल के सभी प्रखंडो में 22 एवं 23 अगस्त चकिया अनुमडल के सभी प्रखंडो में 24एवं 25 अगस्त



| तिथि | प्रखंड | शिविर स्थान का नाम एवं समय | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|
| 16.08.22 से 17.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 18.08.22 से 20.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 22.08.22 से 23.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 24.08.22 से 25.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 26.08.22 से 27.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 29.08.22 से 30.08.2022 | [illegible] | [illegible] 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

अरेराज अनुमडल के सभी प्रखंडो में 26 एवं 27 अगस्त मोतिहारी अनुमडल के सभी प्रखंडो में 29 एवं 30 अगस्त शिविर में आने वाले लाभुक अपने साथ दिव्यांगता , आधार काड, बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं फोटोग्राफ लाना सुनिश्चित करेंगे। जो दिव्यांग शिविर में पहले अपना दस्तावेज जमा करा चुके हैं, उन्हें दुबारा जमा कराने या शिविर में आने की जरूरत नहीं है। जो व्यक्ति शिविर मे नहीं पहुँच सकते, उनसे अनुरोध है कि दिव्यांगता प्रमाण , आधार कार्ड एवं फोटो के साथ भारत सरकार के वेवसाईट https://www-swavlambancard-gov-in/ पर रजिस्टर करना सुनिश्चित करें।

## पं. राजकुमार शुक्ल पर केंद्रित राजेन्द्र नगर भवन मोतिहारी में आयोजित केंद्रीय समारोह का उदघाटन जिलाधिकारी, शीर्षत कपिल अशोक ने दीप प्रज्वलित कर किया




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। आजादी का अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता ने गाँधी को चम्पारण लाने के उत्तरदायी व्यक्ति पं. राजकुमार शुक्ल पर केंद्रित राजेन्द्र नगर भवन , मोतिहारी में आयोजित केंद्रीय समारोह का उदघाटन जिलाधिकारी, शीर्षत कपिल अशोक ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि चम्पारण के पं राजकुमार शुक्ल ने गाँधी को चम्पारण में अंग्रेज निलवरों के द्वारा यहाँ के निरीह किसानों पर किए जा रहे अमानवीय अत्याचार से अवगत कराते हुए गाँधी को चम्पारण आने के लिए प्रेरित किया। उनके इस भागीरथी प्रयास ने भारतीय स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। गाँधी के द्वारा किये गए सत्य–अहिंसा और सत्याग्रह के सफल प्रयोग ने पूरे विश्व के आंदोलनों का मार्ग प्रशस्त किया।
जिलाधिकारी महोदय ने आजादी के अमृत महोत्सव को देशभक्ति को प्रगाढ़ करने वाला अनुष्ठान बताया। उन्होंने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। भारतीय स्वतंत्रता में राजकुमार शुक्ल का योगदान विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो.डॉ. अरुण कुमार ने की। मुख्यवक्ता प्रो. रामनिरंजन पांडेय थे जबकि विषय प्रवर्तन प्रसाद रत्नेश्वर ने किया। पं.शुक्ल पर बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित वृतचित्रश चम्पारण का नायकश तथा डीके आजाद की गाँधी और चम्पारन विषयक डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।
पं.शुक्ल पर मृत्युंजय आजाद द्वारा लिखित एवं प्रसाद रत्नेश्वर निर्देशित नाटकश गांधी सुन ले मेरी पुकार का मंचन नाट्य संस्थाशपरिवर्तनश के रंगकर्मियों ने किया। इस ऐतिहासिक दस्तावेज में धनुषधारी कुशवाहा(गाँधी), मजिस्टर मांझी (राजकुमार शुक्ल), ताहिर हुसैन( अंग्रेज अधिकारी), विवेक कुमार( सूत्रधार), ओमप्रकाश सिंह(सेवक), अभिषेक कुमार सिंह(वकील),धर्मेंद्र कुमार मिश्रा( मजिस्ट्रेट), गजेंद्र यादव,अभिनंदन कुमार एवं राजीव कुमार पांडेय (किसान) की भूमिका में थे ।केशव कुमार झा के संगीत–निर्देशन में जवाहर नवोदय विद्यालय, पीपराकोठी, अल्पना रतन के संगीत–नृत्य निर्देशन में डीएवी पब्लिक स्कूल,मोतिहारी तथा कुमार प्रीतम की कोरियोग्राफी में ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल, अगरवा के कलाकारों ने अपने समूह गीतों तथा नृत्यों से प्रेक्षकों में देश के प्रति जोश भर दिया। तिरंगा और देश को समर्पित मनभावन गीतों को बंदना सिन्हा, सुष्मिता कुमारी और विभा कुमारी ने प्रस्तुत कर वातावरण में जोश भर दिया। कशिश और एंजल का कोरस प्रभावोत्पादक था। संगत के कलाकारों में तबला पर अजय शर्मा, नाल पर मो. नसीम, ऑर्गन पर विनेश भगत तथा पैड पर गोविंद कुमार यादव थे। मंच का संचालन डॉ. धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## क्यों हनुमान जी के भक्तों पर शनि देव का प्रकोप नहीं होता?

हर्षबर्धन अरेराज संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स
शास्त्रों के अनुसार भगवान की सेना ने सागर सेतु बांध लिया, तब राक्षस इसे हानि न पहुंचा सकें, उसके लिए पवन सुत हनुमान को उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौपी गई। जब हनुमान जी शाम के समय अपने इष्टदेव राम के ध्यान में मग्न थे, तभी सूर्य पुत्र शनि ने अपना काला कुरूप चेहरा बनाकर क्रोधपूर्ण कहा– हे वानर मैं देवताओ में शक्तिशाली शनि हूँ। सुना हैं, तुम बहुत बलशाली हो। आँखें खोलो और मेरे साथ युद्ध करो, मैं तुमसे युद्ध करना चाहता हूँ। इस पर हनुमान जी ने विनम्रतापूर्वक कहा– ष्इस समय मैं अपने प्रभु को याद कर रहा हूं। आप मेरी पूजा में विघन मत डालिए। आप मेरे आदरणीय है। कृपा करके आप यहां से चले जाइए। जब शनि देव लड़ने पर उतर आए, तो हनुमान जी ने उन्हें अपनी पूंछ में लपेटना शुरू कर दिया। फिर उन्हें कसना प्रारंभ कर दिया जोर लगाने पर भी शनि उस बंधन से मुक्त न होकर पीड़ा से व्याकुल होने लगे। हनुमान ने फिर सेतु की परिक्रमा कर शनि के घमंड को तोड़ने के लिए पत्थरो पर पूंछ को झटका दे–दे कर पटकना शुरू कर दिया। इससे शनि का शरीर लहुलुहान हो गया, जिससे उनकी पीड़ा बढ़ती गई। तब शनि देव ने हनुमान जी से प्रार्थना की कि मुझे बधंन मुक्त कर दीजिए। मैं अपने अपराध की सजा पा चुका हूँ, फिर मुझसे ऐसी गलती नहीं होगी ! तब हनुमान जी ने जो तेल दिया, उसे घाव पर लगाते ही शनि देव की पीड़ा मिट गई। उसी दिन से शनिदेव को तेल चढ़ाया जाता हैं, जिससे उनकी पीडा शांत हो जाती हैं और वे प्रसन्न हो जाते हैं। हनुमानजी की कृपा से शनि की पीड़ा शांत हुई थी, इसी वजह से आज भी शनि हनुमानजी के भक्तों पर विशेष कृपा बनाए रखते हैं। शनि देव की प्रतिमा को तेल चढ़ाने से पहले तेल में अपना चेहरा अवश्य देखें। ऐसा करने पर शनि के दोषों से मुक्ति मिलती है। धन संबंधी कार्यों में आ रही रुकावटें दूर हो जाती हैं और सुख–समृद्धि बनी रहती है।

### आजादी के 75 वें वर्षगांठ के पूर्व गोगरी अनुमंडल अंतर्गत भगवान इंटर उच्च विद्यालय के ऐतिहासिक मैदान में पैरेट की तैयारी करवाई गई

(अभय कुमार ब्यूरो चीफ गोगरी अनुमंडल दैनिक अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट)। आजादी के 75 वें वर्षगांठ के पूर्व गोगरी अनुमंडल अंतर्गत भगवान इंटर उच्च विद्यालय के ऐतिहासिक मैदान में विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा पैरेट की तैयारी करवाई गई मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गोगरी राजाराम पंडित, सर्किल इंस्पेक्टर अच्छेलाल पासवान, एवं विभिन्न मीडिया के भाई बंधु उपस्थित थे।



## पिपराही मंडल के द्बारा जन जागरण अभियान चलाया गया

• साथ मे सभी लोग प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी इस संदर्भ में बता दिया जाए कि हमलोग आजादी का 75वां वर्षगाँठ मना रहे हैं। आजादी के इस अमृत महोत्सव को और भी बेहतर बनाने के लिए जो हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया है ,वह काबिले तारीफ है। वैसे तो हर भारतीय का यह फर्ज है कि अपने राष्ट्रध्वज की गरिमा एवं रक्षा के लिए सदा तत्पर रहें। हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आजादी का अमृत महोत्सव पहल का एक हिस्सा है, जो लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए एवं इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है ।वही आप सभी को बता दिया जाए की ! पिपराही मंडल अध्यक्ष धमेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता मे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता के दरवाजे से पिपराही बाँध होते हुए पिपराही ब्लौक तक जन जागरण यात्रा निकाला गया।



वही यात्रा में उपस्थित रहे सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, महामंत्री गोपाल कुमार ठाकुर, विक्रम कुमार ,पंचायत अध्यक्ष बिजय सिंह, प्रभात शरण,आईटी सेल निरज श्रीवास्तव, मनोज राम, शिवराज पासवान,पाचु साह,राजीव पाण्डेय, सैकडों की संख्या मे कार्यक्रता उपस्थित थे। साथ मे सभी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## हसनपुर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा

निरंजन जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर समस्तीपुर,हसनपुर। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पूरे भारत मे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाया गया अभियान ष हर घर तिरंगाष आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हसनपुर विधानसभा में भी शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। जिसके तहत आजादी के 75 वें स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव को लेकर हसनपुर के सड़कों पर प्रभातफेरी निकाल सभी ने अपने देश के प्रति प्रेम और जज्बा को दिखाया, साथ ही अन्य लोगो से भी अपील की गयी कि सभी लोग अपने घर पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराए और सोशल मीडिया अकाउंट में तिरंगे की डीपी लगाकर इस अभियान को और भी सशक्त बनाएं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष माननीय संजय सिंह लल्लू एवं माननीय ऋषिराज सिंह जी, जिला उपाध्यक्ष महोदया गायत्री सिंह जी, जिला महामंत्री माननीय मनोरंजन राय जी एवं आईटी सेल संयोजक राहुल कुमार के अगुवाई में मिल चौक से इमली चौक तक तिरंगा के साथ काफी धूमधाम से प्रभातफेरी निकाली गई । इस अवसर पर अशोक प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, प्रभाकर राय, प्रियदर्शी चौहान, शंकर महतो, विजय सिंह, सोनू कुमार, संतोष कुमार साह, विनय कुमार, सियाराम सिंह, पंकज यादव, संजय पोद्दार, अमित ठाकुर, देवकांत सिंह, पूजा कुमारी, सुकृति प्रिया, योगेश्वर दास, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# संक्षिप्त समाचार

## इंस्ट्रग्राम में बच्चों के अश्लील विडियों वायरल करने वाले 01 आरोपी को थाना डभरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

जिला जांजगीर चाम्पा के में सीसी पीडब्लूसी योजना अंर्तगत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसी आरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित साईबर टाईप लाईन नंबर जिसमें विभिन्न सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराध के संबंध में निगरानी रखी जाती है इनके द्वारा एक संदेही जिसके द्वारा अपने मोबाईल के माध्यम से इंस्ट्रग्राम सोशल मीडिया पर नाबालिक बच्चों से संबंधित अश्लील विडियों अपलोड कर वायरल करने की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली के विरुद्ध थाना डभरा में अपराध क्रमांक 295/2022 धारा 67 बी सूचना प्रौधोग्रिकी अधिनियम पंजीबध्द किया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर थाना डभरा पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने एवं अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से मोबाईल एवं सीम बरामद किया गया आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली को दिनांक 13/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में सहायक उपनिरीक्षक एस, एन , मिश्रा, प्रधान आरक्षक लालाराम खुंटे, आरक्षक दीपेन्द्र मधुकर एवं वेश जाटवर का सराहनीय योगदान रहा।



## शासकीय उचित मुल्य दुकान में धोखाधड़ी कर गबन करने वाले 02 आरोपी को चौकी नैला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा के चौकी नैला में श्रीमती प्रीति ठाकुर खाद्य अधिकारी द्वारा दिनांक 10/08/2022 को चौकी नैला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मरकाडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन मां शारदा महिला स्व सहायता समूह के द्रारा किया जा रहा हैं दिनांक 22/07/2022 को उक्त स्व सहायता समूह का भौतिक सत्यापन करने पर शासन के द्वारा राशन कार्ड धारियों ( हितग्राहियों को आंबटन हेतु उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न सामग्रियों को माह जुलाई 2022 में राशन कार्ड धारियों को वितरण न कर खाद्यान्न सामग्री चावल 111,20 क्विंटल शक्कर 3 ,59 क्विंटल एवं नमक 3 , 99 क्विंटल कीमती 5 , 31, 915 रूपये को मां शारदा महिला स्व सहायता समूह मरकाडीह के अध्यक्ष पूर्णिमा महंत एवं सचिव पार्वती महंत के द्वारा धोखाधड़ी कर गबन करना पाये जाने पर आरोपियों के विरुद्ध चौकी नैला थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 542/2022 धारा 420 , 409 , 34 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी पूर्णिमा दास महंत एवं पार्वती दास महंत दोनों निवासी मरकाडीह को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने एवं खाद्यान्न राशि का गबन करना पाये जाने पर दिनांक 12ध08ध2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रीना नीलम कुजुर, सह उपनिरीक्षक रामखिलावन साहू, महिला प्रधान आरक्षक राजकुमारी खुंटे एवं आरक्षक महेश राठौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## विधालयों में निकाली गई तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स मीडिया प्रभारी संतोष जायसवाल सीतापुर

बेहटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सहिंजर कला के . कम अपोजित विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कौशल किशोर गिरी एवं समस्त रसोईया स्टाफ सहित ग्राम प्रधान पंकज कुमार मिश्रा के सहयोग से तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ में निकाली गई राष्ट्रीय गान का गुंजन सुनने को मिला ग्राम वासियों ने भी भारी संख्या में बढ़–चढ़कर के भाग लिया।



## आजादी के 75 वर्ष गांठ पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशुनापुर में छात्रों ने निकाला तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर।विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ कल्पना सिंह ने कहा कि तिरंगा हर भारतवासी का अभिमान है।

यह देश की समस्त विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोकर अद्भुत राष्ट्रभक्ति का सृजन करता है। नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किए हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्यालय द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर देश के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले वीरों को नमन किया।

श्रीमती सिंह ने अपील किया कि सभी अपने घर पर तिरंगा लगाकर हर दिल में देशभक्ति की जागृति के इस अभियान से जुड़ें व अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उक्त अवसर पर सहायक अध्यापक सुयशी मिश्रा विद्यालय की रसोई और बच्चे उपस्थित रहे।

## ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 अगस्त से शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर)

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 अगस्त से शुरू



होगा।

क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी स्वाती सिंह ने बताया कि विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 अगस्त को श्रीदत्तगंज विकासखंड के सरदार वल्लभ भाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज गालिबपुर एवं विकास खंड गैड़ा बुजुर्ग के एसएसबी इंटर कॉलेज छितरपारा में 18 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में सभी आयुवर्ग के पुरुष–महिला खिलाड़ियों की तरफ से प्रतिभाग किया जाएगा। प्रतियोगिता एथलेटिक्स, वालीबाल, कबड्डी, कुश्ती एवं भारोत्तोलन विधा में आयोजित कराई जाएगी।

विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के समस्त जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इंटर मीडिएट कालेज, डिग्री कालेज एवं ग्रामीण क्षेत्र के बालक–बालिकाओं की तरफ से प्रतिभाग किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र वितरित किया जाएगा।

क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने संबंधित विकास खंड के सभी आयुवर्ग के खिलाड़ियों से निर्धारित तिथियों एवं स्थलों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की। कहा कि प्रतियोगिताओं में आयु सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं है।

# आजादी के 75 वर्ष पूरे होने(अमृत महोत्सव) के शुभ अवसर पर पीस काटेज स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली

संवाददाताअयोध्या टाइम्स

आज दिनांक 13–8– 2022 को नगर के पीस कॉटेज स्कूल के नन्हे नौनिहालों सहित बड़े बच्चों ने रैली



में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बच्चों में प्रचंड उत्साह देखने को मिला।भारत माता की जय वंदे मातरम एवं जय हिंद के नारे लगाते हुए बच्चों का उत्साह आसमान छू लेना चाहता था।देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत बच्चे राष्ट्रभक्ति के गीतों पर झूमते एवं इठलाते नजर आए।बच्चों ने इस महोत्सव को भव्य ही नहीं अपितु दिव्य बना दिया।बच्चों ने साबित कर दिया कि सबसे बड़ा प्रेम राष्ट्रप्रेम है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीमती माया पांडे,प्रधानाचार्य श्री नीरज दुबे,प्रशासक बी.एस.दुबे, उपाचार्य श्रीमती स्वागता साहा,शिक्षक नितेश उपाध्याय,सतीश पांडे,शिवचंद उपाध्याय,चंद्र प्रकाश पाठक,दिवाकर उपाध्याय,अनिल मिश्रा, राहुल उपाध्याय अभिषेक पांडे जटाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे नगर के विशिष्ट लोगों अवधेश कुमार उमर व अजय मोदनवाल मनीष भी उपस्थित नजर आए। प्रधानाचार्य नीरज दुबे ने स्थानीय पुलिस द्वारा व्यवस्था में सहयोग दिए जाने पर सुरियावा पुलिस का आभार प्रकट किया।संस्था के संरक्षक डॉ अजय पांडे ने अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर पुलिस प्रशासन और लोगों का आभार व्यक्त किया।

# डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में हजारों युवाओं ने निकाला भव्य तिरंगा यात्रा

संवाददाताअयोध्या टाइम्स

- देश के युवा कर्णधारों ने गगनभेदी नारो से किया मां भारती का जय घोष
- बीच बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम करके लोगो का मोहा मन
- देश प्रथम की भावना ही हमारे देश के उत्थान का कारण –डीएम सिंह गहरवार
- युवाओं को आगे देश की कमान संभालनी है,समस्त क्षेत्रों में युवा बढ़ चढ़ कर ले हिस्सा –गोल्डनमेन आदर्श शुक्ला



आज भदोही नगर के फूलन देवी तिराहे से नई बाजार चौराहे तक जेडीयू के युवा कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा पद यात्रा निकाल कर स्वामी विवेकानंद चौराहा नई बाजार में स्वामी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का समापन किया गया। बीच बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगो के सम्मोहन का कारण बना रहा ,युवाओं ने अपना देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत करके लोगो को आकर्षित किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अंतर्राष्ट्रीय कराटे चौंपियन ने युवाओं को खेल और क्षेत्रों में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया,कार्यक्रम के आयोजक जेडीयू प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार ने भदोही में एक चौराहे पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा लगाने कि मांग भी किया,और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की देश प्रथम की भावना ही देश को नई ऊंचाई पर ला सकता है।विशिष्ट अतिथि जेडीयू भदोही जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने लोगो का आभार व्यक्त किया इस मौके पर मुख्य रूप से विमल धर दुबे,पंकज सिंह,अरविंद सरोज,अभिषेक सिंह,प्रियांशु सिंह,आदर्श पांडेय,धीरज दुबे, बदरे आलम,कैफ,अमित पांडेय,लवकेश सिंह,राजकुमार सिंह, दवन,अशोक शर्मा,बसंत लाल,शुभम सिंह,शिव नरेश,किशन,प्रभाकर,शुशील पाठक,महेंद्र यादव,आदि सैकड़ों युवा कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल हुए, अंत में राष्ट्रगान करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी को थाना बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

जिला जांजगीर चाम्पा के थाना बिर्रा में प्रार्थी देवराज कश्यप उम्र 18 वर्ष निवासी सेमरिया ने दिनांक 11/08/2022 को थाना बिर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का बड़ा भाई हेमराज कश्यप घर के सामने बैठा था उसी दौरान ग्राम कुरियारी थाना शिवरीनारायण निवासी विनेश कश्यप उम्र 23 वर्ष अपने मोटर साइकिल में आकर पुरानी रंजिश को लेकर अपने मोटर साइकिल के डिक्की में रखे चाकू निकाल कर हेमराज कश्यप की हत्या करने के नियत से ताबड़तोड़ प्रहार किया गया जिससे हेमराज कश्यप को गंभीर चोंटे आई और वह जमीन पर गिर गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बिर्रा में अपराध क्रमांक 105/2022 धारा 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी विनेश कश्यप निवासी सेमरिया को पकड़कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा हेमराज कश्यप उसकी बहन के साथ बात करता था जिससे आक्रोशित होकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर आरोपी को दिनांक



12/08/2022 को न्यायालय में पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने एवं विवेचना कार्यवाही में उपनिरीक्षक पुष्पराज साहू, उपनिरीक्षक घनश्याम पटेल, सह उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश खाखा , प्रधान आरक्षक भागीरथी नेताम, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पात्रे , प्रधान आरक्षक मोहितराम देवांगन , आरक्षक राजेश कौशिक आरक्षक संजय शर्मा आरक्षक शंकर सिंह राज का योगदान रहा।

# अपनादल एस के जिलाध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में निकाला गया तिरंगा यात्रा

शनिवार को आजादी की 75वीं वर्षगांठ को "अमृत महोत्सव" के रुप में हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में आज भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लक्षापुर में स्थित अपनादल एस के पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा लक्षापुर से निकाला गया तिरंगा यात्रा से पूर्व राष्ट्रगान गाया गया, वंदे मातरम् भारत माता की जय, शहीद हुए क्रांतिकारीयों को याद करते हुए नारा लगाते हुए तिरंगा यात्रा लक्षापुर से होते हुए बरदहा पाल चौराहे से पुनः पार्टी कार्यालय लक्षापुर पर समापन किया किया जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारीयो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए वही जिलाध्यक्ष सुनील पटेल द्वारा कार्यक्रम के दौरान कुछ पत्रकार बंधुओं को तिरंगा झंडा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया किया कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष सुनील पटेल, सचिन दुबे,



सरस सिंह, जयप्रकाश पटेल, गुलाब पासी, ओमचंद पटेल, अतुल साहु, रूद्रप्रकाश पटेल, आकाश पटेल, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा अल्पसंख्यक समुदाय

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर) आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर तिरंगा कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को गौसिया अरबी कालेज के प्रबंधक अयाज मुस्तफा खान के नेतृत्व में नगर मे तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा गौसिया अरबी कालेज से निकलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पहुंचा। चौराहे पर शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने कौमी तराना पेश कर, हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने, देश प्रेम, एकता व भाईचारा कायम रखने की अपील की। सभी मौलाना, हाफिज, कारी, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं हाथों में तिरंगा लिए देश भक्ति गीत गुनगुनाते हुए तिरंगा यात्रा में चल रहे थे। तिरंगा यात्रा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से वापस मदरसा पहुंचा, जहां राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

जागरूकता रैली में मदरसे के सभी शिक्षक, मौलाना व छात्र–छात्राओं ने इंकलाब जिंदाबाद, यौमे आजादी मुबारक हो, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहें, एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए। स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह तैयार दिखा। रैली पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। प्रधानाचार्य मौलाना बैतुल्लाह ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आयोजित हो रहे आजादी के अमृत महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो। स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो तथा हम अपने राष्ट्र ध्वज जो हमारी अस्मिता, आन, बान व शान का प्रतीक, का



सम्मान कर गौरान्वित हो सकें।

उन्होने कहा कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमर सेनानियों को कैसे भूल सकते हैं। जिनकी कुर्बानियों की वजह से हमें आजाद मुल्क और संविधान प्राप्त हुआ है, जो हमारे मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है।

जागरूकता रैली में मुफ्ती मसीहुद्दीन, मौलाना रियाज हैदर, मौलाना अलाउद्दीन, मौलाना अब्दुल कयूम, मौलाना नईमुद्दीन, कारी महबूब अली, मौलाना जियाउलहक, मौलाना रेहान कादरी, कारी गुल मोहम्मद, मौलाना हशमत अली, शिक्षक मैनुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद तौसीफ, मोहम्मद मुस्तफा, वजहुल कमर, कारी अबरार रजा, मौलाना अता मोहम्मद, मौलाना सज्जाद अली, हाफिजुलहुदा समेत विद्यालय के बच्चे एवं अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला (बलरामपुर)।

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित, ध्वजारोहण एवं पीआरडी जवानों द्वारा तिरंगा मैराथन दौड़ करा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने में काफी मददगार साबित होते हैं। खेल प्रतियोगिता में पराजित प्रतिभागी को निराश नही होना चाहिए। बल्कि उसे और भी अधिक तैयारी से मैदान में उतरना चाहिए, तभी उसे सफलता मिल सकती है। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रधानाचार्य अबुल हासिम खान ने संबोधित करते हुए ग्रामीण क्षेत्र से आये प्रतिभागियों को आशीष वचन देते हुए उनकी सफलता की कामना की। कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह एवं पीआरडी आशाराम द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ में पन्द्रह सौ मीटर बालक वर्ग से की गयी। जिसमें चंदन प्रथम गरीबुल्ला द्वितीय स्थान पर रहे। चार सौ मीटर में राजवीर नाथ प्रथम शैलेंद्र कुमार द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में राजवीर नाथ प्रथम गरीबुल्ला दितीय। 100 मीटर दौड़ में आनंद कुमार प्रथम, सुभाष नाथ द्वितीय, दुर्गा प्रसाद एवं सुधीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में विनीता प्रथम, रूमाना नाज द्वितीय, 200 मीटर में ममता कनौजिया प्रथम, रोशनी सिंह द्वितीय कथा विनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका दौड़ में ममता कनौजिया प्रथम, रोशनी सिंह द्वितीय, आरिफा को तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा।

कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता के फाईनल में हिमांशु टीम विजेता तथा धर्मेंद्र शर्मा की टीम उपविजेता घोषित हुई।

गोला फेंक में नितेश नाथ प्रथम, सुधांशु द्वितीय, विमलनाथ तृतीय रहे। विजयी खिलाड़ियों एवं टीम को को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बी ओ (पीआरडी) शबाना खातून, खेल शिक्षक पंकज कुमार पांडे, अंशु शर्मा, ब्लॉक कमांडर शिवराम तिवारी समेत धमाल पीआरडी कर्मी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

कानपुर देहात 13 अगस्त 2022

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली व उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुक्रम में कोविड–19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 13.08.2022 को माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लालचन्द्र गुप्ता एवं पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, देवराज प्रसाद सिंह द्वारा सिविल न्यायालय जनपद कानपुर देहात स्थित परिसर में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप–प्रज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया, जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अमरजीत, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश– चतुर्थ एवं संगीता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों को मुफ्त में लगभग 200 मास्क व सेनेटाइजर वितरित किये गये।

आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में कानपुर देहात के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले समस्त तहसीलों द्वारा अपनी–अपनी तहसीलों में लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व एवं अन्य प्रकृति के वादों के निस्तारण हेतु लगाया गया, इस प्रकार समस्त तहसीलों से कुल 47272 वाद लगाये गये जिसमें से 17593 वादों का निस्तारण किया गया। लालचन्द्र गुप्ता– माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर देहात द्वारा 88 वाद लगाये गये तथा 13 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें कुल रुपया 6,33,508/– की वसूली की गयी।

डॉ शालिनी सिंह, अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय, कानपुर देहात के कुशल मार्गदर्शन में 02 दम्पतियों के बीच सुलह–समझौता कर उन्हें विदा किया गया एवं उनके द्वारा 59 वाद लगाये गये जिसमें से कुल 31 वादों का निस्तारण किया गया।

श्री देवराज प्रसाद सिंह, माननीय पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कानपुर देहात द्वारा मोटर दुर्घटना के 100 वाद लगाये गये तथा 52 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें कुल रुपया 2,87,20,000/ – की क्षतिपूर्ति प्रदान की गयी।

महेन्द्र कुमार आर्य, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, कानपुर देहात द्वारा 18 वाद लगाये गये तथा 18 वादों का निस्तारण किया गया।

अमरजीत, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश –चतुर्थ द्वारा 269 वाद



लगाये गये तथा 259 वाद निस्तारित किये गये। रुपये 53,16,337/– की वसूली की गयी। शिवा नन्द, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 25866 वाद लगाये गये तथा 1111वाद निस्तारित किये गये एवं रुपये 2,62,000/– की वसूली की गयी।

अलुंकृता शक्ति त्रिपाठी, सिविल जज वरिष्ठ वर्ग द्वारा 21 वाद निस्तारित किये गये ।

अनुराग, न्यायिक मजिस्ट्रेट, घाटमपुर द्वारा 430 वाद लगाये गये तथा 425वाद निस्तारित किये गये एवं रुपये 6,91,973/– की वसूली की गयी।

बैंक रिकवरी के 9853 वाद लगाये गये जिसमें से 923 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रुपया 6,03,23,700 बैंक रिकवरी की गयी।

इस प्रकार आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक विवादों से सम्बन्धित घरेलू हिंसा, व्यावहारिक वाद, उत्तराधिकार वाद, राजस्व वाद तथा लघु फौजदारी तथा अन्य लंबित वादों का निस्तारण करते हुए कुल 21693 वाद निस्तारित किये गये तथा रुपये 9,65,33,633,ध– की धनराशि अर्थदण्ड के रूप में वसूल की गयी व क्षतिपूर्ति दिलायी गयी।

माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय लालचन्द्र गुप्ता के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

# संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक जागरूकता तिरंगा रैली निकाली

रामपुर।, आज आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मुख्य कार्यालय से व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक जागरूकता तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली को सीओ सिटी अनुज चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली गांधी समाधि होती हुई अंबेडकर पार्क पर रुकी।इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा तिरंगा रैली का स्वागत किया गया।

इसके पश्चात तिरंगा रैली मुख्य मुख्य मार्ग रेलवे स्टेशन रोड, माल गोदाम रोड, राधा रोड, शौकत अली रोड, शाहाबाद गेट, माला रोड होते हुए व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले की प्रत्येक तहसील में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जगह जगह तिरंगा रैलियां निकलवा कर आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। साथ ही सरकार का धन्यवाद भी प्रकट किया गया कि जिसने हर घर पर तिरंगा फहराने का अवसर नियम शिथिल करके प्रदान किया। साथ ही इस अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर सभी स्वतंत्रता सेनानियों को भी नमन किया गया। साथ ही तिरंगा रैली को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन के सहयोग का भी धन्यवाद प्रकट किया गया। इस



अवसर पर राजीव शर्मा, नीतीश अग्रवाल, राज बहादुर यादव, रामनिवास पाल, सलविंदर विराट, अरविंद गुप्ता, आनंद प्रकाश शर्मा, सरदार रविंद्र सिंह टोनी, मनजीत सिंह सिंपल, सतपाल सिंह टीटू, मोहन अरोरा, अनवर अली, नफीस कादरी, राजू गुप्ता, सुजीत सिंह, भुवनेश भार्गव, रचित मांगलिक, तबरेज अली, शाहिद अली, अथर खान, हाजी मुनव्वर, निलेश वर्मा, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, अतुल शर्मा, रूप सिंह सैनी, लालमन सैनी, शिबू खान, दिलशाद अहमद, वीरेंद्र चौरसिया, प्रवीण गुज्जर, आदि उपस्थित रहे।

# छात्राए पढ़ लिख कर देश की तरक्की में बराबर का यो कुरावली गदान दे - उपजिलाधिकारी

कुरावली राजकीय महिला महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार का नामकरण किया गया

मनोज शर्मा, ब्यूरो चीफ

मैनपुरी,कुरावली। आजादी की अमृत महोत्सव की श्रखला में आज दिनाक 13 अगस्त 2022 को राजकीय महिला महाविद्यालय कुरावली, मैनपुरी में सभागार का नामकरण उपजिलाधिकारी कुरावली के द्वारा सम्पन कराया गया। शासन के आदेशानुसार आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर इस स्वतन्त्रा दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

जिसके तहत इस सप्ताह को स्वतन्त्रा सप्ताह के रूप में मनाया गया जिसकी श्रखला वत तीसरे दिन महाविद्यालय की





सभागार का नाम स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी श्री जतिन्द्र नाथ दास के नाम पर श्री जतिन्द्र नाथ दास सभागार रखा गया, जिसका उदघाटन उपजिलाधिकारी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की श्रखला को गति देते हुए उपजिलाधिकारी ने माँ सरस्वती को पुष्प चढ़ाते हुए दीपप्रज्वल किया। जिसके बाद श्री जतिन्द्र नाथ दास के चित्र को पुष्प समर्पित कर नमन किया। जिसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने सास्कृतिक कार्यक्रम कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसी कार्यक्रम की श्रखला में कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के प्रोफेसरों व प्राचार्य डॉ संतोष कुमार और अंत मे एस डी एम योगान्तर त्रिपाठी ने छात्राओं को संबोधित किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार की अध्यक्षता में सम्पन हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराए: अब्दुल मन्नान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सरिफ मालिक । किरतपुर आजादी का अमृत महोत्सव यहां पूरे हर्षोल्लास उमंग उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। लोगों में देश भक्ति का जज्बा पैदा करने के लिए घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत घरों की छतों दुकानों प्रतिष्ठानों सरकारी व अर्धसरकारी इमारतों पर तिरंगे झंडे लगाए गए है इस क्रम में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने नगर के मुख्य चौराहों व अनेक मौहल्लो में घरों पर अपनी देख रेख में तिरंगे झंडे लगवाएं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान का प्रतीक है। 15 अगस्त को आजादी 75 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि आजादी का अमृत महोत्सव



कार्यक्रम में सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और राष्ट्रीय प्रेम का परिचय दें। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने आगे कहा कि 15 अगस्त के मौके पर नगर में सफाई व्यवस्था पूरी चाकचौबंद रहेगी। पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी। नगर के मुख्य चौराहों हाई वे पर व मेन जगहों पर लगे बिजली के खम्बों को तिरंगी इलेक्ट्रिक झालरों से जगमगाया जाएगा।उन्होंने नागरिकों सेआह्वन किया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने घरों पर तिरंगा जरूर लगाएं।

## मुदस्सिर जमां खान ने निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सरीफ मालिक । किरतपुर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस की तिरंगा यात्रा यहां धूमधाम हर्षोल्लास के साथ निकाली गई कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुदस्सिर जमां खान के मौहल्ला अफगानान आवास पर इखट्ठा हुए और वहां पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए मुदस्सिर जमां खान ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस ने जो योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नही जा सकता। देश के वीर शहीदों ने अपने सीनों पर गोलियां खाकर इस देश को आजाद कराया। उन्हीं की कुर्बानियों को



आज हम याद कर रहे है और खुली हवा में सांस ले रहे है। ततपश्चात तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मौहल्लों बाजारों व चौराहों से होती हुई वापिस मुदस्सिर जमां खान के आवास पर समाप्त हुई। यात्रा में युवा तिरंगे झंडे लहराते हुए चल रहे थे। उनका उत्साह देखते ही बनता था। यात्रा में काफी संख्या में लोगो ने भाग लिया जिनमे मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुबशिर जमां खान, एड0 फहीम अहमद, शल्ली खान, यामीन मंसूरी, यूनुस मिर्जा,रईस खान, तसव्वुर खान,वजाहत उल्लाह खान आदि लोगो ने भाग लिया।

## मुहर्रम पर्व को सकूशल कराने को लेकर थानाध्यक्ष सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता हैदर राजा नूरपुर।मोहर्रम पर्व व मुहर्रम के जुलूस को सकूशल निकलवाने की लेकर ताजिया अंसारियान कमेटी ने थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी को पकडी बांधकर व कृष्णा के चित्र की शील्ड देकर सम्मानित किया।बता दे की दो वर्ष से कोरोना संक्रमण के चलते मोहर्रम का पर्व नही मनाया जा रहा था।जिसको देखते हुए दो वर्ष बाद मुहर्रम पहले की तरह निकले



गए।जहा थाना प्रभारी धीरज सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ ताजिया जुलूस के दौरान मुस्तैदी के साथ डटे रहे।ओर शरारती तत्वो पर नजर गडाए रहे।ओर सकूशल मोहर्रम ताजिया जुलूस को निकलवाया।जिसके लिए अंसारियान कमेटी ने उन्हे पगडी बांधकर व गणेश्वर कृष्ण की तस्वीर शील्ड देकर सम्मानित किया।ताजिया अंसारियान कमेटी की सम्मानित करने वाली कमेटी युसूफ कूरेशी, शहजाद अहमद,काशिद खान,मईनू सजाऊ ,कफिल ,दिलशाद अहमद नसीम अंसारी,शकील अंसारी,पूर्व सभासद अंजार अंसारी ,मेहताब ,आफाक अंसारी आदी मौजूद रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना मे वार्ड नंबर 2 आंगनवाड़ी केंद्र पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया गया इस अवसर पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों ने तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर विभिन्न कार्यक्रम किए तथा अंत में बच्चों ने एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर राष्ट्रीय



गान गाया एवं भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र द्वारा भोजन तथा सूक्ष्म जलपान कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता रोहित रवि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्री हेमलता देवी, आंगनवाड़ी सहायिका प्रशंसा देवी, भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुख अमीचंद रवि, अमूल नंदा, आशीष हिरनवाल, कार्तिक सिंह, ललित कुमार, सुमित कुमार स्थानीय लोग एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सारिफ मलिक । किरतपुर के प्राथमिक विद्यालय कसोर सेकंड और पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसोर मैं दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए इसमें करीब 7 दिव्यांगों को आज प्रमाण पत्र दिए गए और सरकार की लाभकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया विकलांग पेंशन कैसे मिलती है बस में यात्रा कैसे की जा सकती है शादी अनुदान कैसे प्राप्त किया जा सकता है इस तरह की विभिन्न सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को विस्तार से बताया गया बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा उन्हें किस किस तरह से लाभ मिलते हैं उसके बारे में बताया जैसे के इस टाइप पेंट का छात्राओं के लिए लाभ मिलता है एस्कॉर्ट अलाउंस का भी छात्राओं एवं छात्रों को दोनों को लाभ मिलता है उन सब के बारे में उन्हें बताया और जागरूक किया और अति शीघ्र इस तरह के नामों को पाने के लिए अन्य छात्र–छात्राएं भी अपने प्रमाण पत्र बनवाए और लाभ पाएं इस तरह से सरकार किस किस तरह की कौन–कौन सी योजनाएं चला रही है उपकरण



वितरण के लिए क्या करना पड़ता है यह सब उन्हें विस्तार से बताया गया इस कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों की सभी स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला एवं स्पेशल एजुकेटर अयूब अली के द्वारा बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## हर घर तिरंगा यात्रा निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चांदपुर। आजादी के महोत्सव पर 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से देश भक्ति गीत, ढोल, बैंड खोस के द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर की हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में तिरंगा फहराया गया देशभक्ति गीतो के साथ बैड, ढोल, खोस द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसमे मुख्य अतिथि चमन



प्रकाश अध्यापक, शैलेन्द्र यादव अध्यापक, देवेन्द्र चौहान अध्यापक रहे। सरस्वती शिशु मंदिर कि तिरंगा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर स्याऊ से प्रारंभ हुई। होली चौक, मीठापुर,शास्त्री शिव मंदिर, प्रायमरी स्कूल,शास्त्री बाल्मीकि मंदिर आदि स्थानों से होते हुए वापस प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंची तिरंगा यात्रा मे सरस्वती में शिशु मंदिर के बालक बालिकाओं द्वारा आजादी के महोत्सव पर ग्राम वासियों का दिल जगत लिया। घर तिरंगा अमृत महोत्सव के अवसर पर रैली में चमन प्रकाश अध्यापक, शैलेंद्र यादव, प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह , ग्राम प्रधान अमित कुमार, रोजगार सेवक मुकेश कुमार सरस्वती शिशु मंदिर का समस्त स्टाफ, भैया बहने उपस्थित रहे।

## चांदपुर पुलिस ने क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा, नागरिकों को किया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चाँदपुर, आजादी के 75 वी वर्ष गांठ पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष में थाना कोतवाली चांदपुर प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती सुनीता दहिया के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। थाना कोतवाली चांदपुर से राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय ध्वनि के साथ सैकड़ों



पुलिस अधिकारियों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर हर घर तिरंगा हर घर तिरंगा का नारा देते हुए। मोहल्ला पतियापाड़ा कायस्थान कन्या वेदिक इंटर कॉलेज , बजरिया, जामा मस्जिद मीना बाजार, कसाईयों वाला चौराहा, नेहरू चौक, स्टेशन रोड होते हुए आंबेडकर चौक पर समापन किया गया । तिरंगा यात्रा में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती सुनीता दहिया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मुरारी दौहरे , क्राइम इंस्पेक्टर ,अता मोहम्मद, कस्बा इंचार्ज राजीव शर्मा, दरोगा आरिफ खान, बवनपुरा चौकी प्रभारी ओम शुक्ला, जलीलपुर चौकी प्रभारी सुमित राठी दरोगा निपेंद्र चौधरी मील चौकी प्रभारी विनोद पीपल, अमित कुमार, अमित भाटी, अशोक, सचिन आदि तमाम पुलिसकर्मी अपने हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान पुलिस फोर्स बड़ी मुस्तैदी से तिरंगा यात्रा के लिए रास्ता बना रहे थे। थाना कोतवाली चांदपुर में तैनात कस्बा इंचार्ज राजीव शर्मा तिरंगा यात्रा के दौरान अहम रोल निभा रहे थे।

## मुहर्रम पर्व को सकूशल कराने को लेकर थानाध्यक्ष सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता हैदर राजा नूरपुर।मोहर्रम पर्व व मुहर्रम के जुलूस को सकूशल निकलवाने की लेकर ताजिया अंसारियान कमेटी ने थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी को पकडी बांधकर व कृष्णा के चित्र की शील्ड देकर सम्मानित किया।बता दे की दो वर्ष से कोरोना संक्रमण के चलते मोहर्रम का पर्व नही मनाया जा रहा था।जिसको देखते हुए दो वर्ष बाद मुहर्रम पहले की तरह निकले गए।जहा थाना प्रभारी धीरज सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ ताजिया जुलूस के दौरान मुस्तैदी के साथ डटे रहे।ओर शरारती तत्वो पर नजर गडाए रहे।ओर सकूशल मोहर्रम ताजिया जुलूस को निकलवाया।जिसके लिए अंसारियान कमेटी ने उन्हे पगडी बांधकर व गणेश्वर कृष्ण की तस्वीर शील्ड देकर सम्मानित किया।ताजिया अंसारियान कमेटी की सम्मानित करने वाली कमेटी युसूफ कूरेशी, शहजाद अहमद,काशिद खान,मईनू सजाऊ ,कफिल ,दिलशाद अहमद नसीम अंसारी,शकील अंसारी,पूर्व सभासद अंजार अंसारी ,मेहताब ,आफाक अंसारी आदी मौजूद रहे।



## बिजनौर में गन्ना मूल्य को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन बिजनौर पहुंचे राकेश टिकैत

बिजनौर दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन कै सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता ट्रैक्टर ट्राली से बिजनौर कलेक्ट्रेट में पहुंचे ।और अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया राकेश टिकैत धरना प्रदर्शन में हुए शामिल किसानों की मांगों को लेकर भरी हुंकार बिजली विभाग और गन्ने का भुगतान को लेकर सरकार पर साधा निशाना सुरक्षा व्यवस्था को लेकर और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ सरकार किसानों का बिल माफ करने की बात कह रही है तो वहीं किसानों के ट्यूबेलो पर जो बिजली के मीटर लगा कर अवैध वसूली की जा रही है यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसानों का गन्ना भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है और अन्य कई मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया और किसानों ने कुछ दिन पूर्व अधिशासी अभियंता



भारी पुलिस बल रहा तैनात । आपको बता दें जनपद बिजनौर के कलेक्ट्रेट में आज भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्त ट्रैक्टर ट्राली से पहुंचे और महापंचायत कर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया बिजनौर पहुंचे राकेश टिकैत धरने में शामिल हुए और कहां की किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा खंड कार्यालय बिजनौर में अपने ट्यूबेल पर लगे मीटर उखाड़ कर जमा कर दिए थे

और समाधान ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी थी।

जिसका असर आज देखने को मिला है सैकड़ों की तादाद में किसान बिजनौर कलेक्ट्रेट में पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

## उच्च अधिकारीगण ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियो को दी सलामी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर।गुरुवार को नगर नूरपुर मे भारत की आजादी के 75 वे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे शहीद तिराहा स्थित परवीन सिंह स्मारक स्थल पर उच्च अधिकारीगण ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियो को पुष्प वर्षा कर सलामी दी।कई वर्षो से इस स्मारक पर उच्च अधिकारीगण नही आ रहे थे।लेकिन देश आजादी 75 वी वर्षगांठ माना रहा।जिसपर जिले के उच्च अधिकारीगण ने अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद स्मारक स्थल पर पहुचे ओर वीर सपूतो को सलामी दी।इस दौरान अधिकारीगण ने कहा की आजादी को जन–आंदोलन बनाने वाले पूज्य बापू हों या आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बिस्मिल और अशफाक उल्लाह खान जैसे महान क्रांतिवीर हों, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई हों, चित्तूर रानी चिन्नमां हो, असम में मातंगिनी हाजरा का पराक्रम हो, देश के पहला प्रधानमंत्री पंडित नेहरू जी हों, देश को एकजुट राष्ट्र में बदलने वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल हों, भारत



के भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाले, रास्ता तय कराने वाले बाबा साहेब अंबेडकर सहित क्षेत्र के रिक्की सिंह व परवीन हो देश हर व्यक्ति को, हर व्यक्तित्व को आज याद कर रहा है। देश इन सभी महापुरूषों का ऋणी है।इस दौरान एसडीएम मांगेराम चौहान,सीओ सुनिता दहिया,हल्का लेखपाल अमित तोमर,थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी,ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान व पुलिस बल मोजूद रहा।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता को लेकर अफजलगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर । अफजलगढ़ आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता को लेकर अफजलगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने तिरंगा लहराकर किया। इसमें स्कूली बच्चों और लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर माहौल को देश भक्तिमय बनाया। इस दौरान तिरंगा में 66 फिट लम्बा तिरंगा निकाला गया जो आकृषण का केंद्र रहा। अफजलगढ़ में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ के प्रधानाचार्य परवेन्दर व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग करने का आह्वान किया है। कार्यक्रम के तहत शनिवार को सुबह कर्णवाल वेंकट हाल बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, सब्जी मंडी,होली चौंक होती हुई वापस बस स्टैंड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ के प्रधानाचार्य परवेन्दर व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे हाथों में झंडे लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। वही यात्रा में भारत माता,लक्ष्मी बाई , घोड़ो पर सजे दो सेनापतियो सहित अन्य कई झांकियां तिरंगायात्रा को गौरवान्वित कर रहे थे। विद्यार्थियों सहित तिरंगा यात्रा में गणमान्य लोगों ने भारत माता ,वन्दे मातरम के जमकर नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में चल रहे विधायार्थियो को स्थान स्थान पर समाज सेवियो व कोतवाल मनोज कुमार सिंह, चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट तथा मास्टर समीम अहमद अंसारी की ओर से



जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर विचार रखे। नगर के विभिन्न मार्गों से होकर तिरंगा यात्रा निकली और लोगों में भी देशभक्ति की भावना जागी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।इस दौरान अफजलगढ़ से कोतवाल मनोज कुमार , एस आई अनोखे लाल दिनेश शर्मा,सहित भारी पुलिस दल मौजूद रहा।। वही इस मौके पर विधा मंदिर के प्रधानाचार्य परवेन्दर कुमार,चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरेशी,शंकर सिंघल कालागढ़ वाले,भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा,हर्ष रस्तोगी, भीम सिंह,लव कुमार अग्रवाल ,विनय भार्गव, मनोज विश्नोई, अनील नारायण आदि का सहयोग रहा।

## नगीना में कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो पद यात्रा का शुभारंभ हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ नगीना विधानसभा के ग्राम शालू नंगला से शुरू होकर गांव गांव पैदल यात्रा कर जनता को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा। नगीना में पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमवती की अध्यक्षता रैली का शुभारंभ किया गया ।

जिसमें कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा कर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पद यात्रा निकाली गई जिसमेंनगीना रेलवे क्रॉसिंग के पास नगीना नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी एवं नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस की भारत जोड़ो गौरव यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया कांग्रेस पार्टी पूर्व आईएएस आर के सिंह ने का कि हम आजादी का 75 वा स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं इसलिए हमें सभी को यह आजादी का स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाना चाहिए इस मौके पर पूर्व आईएएस आर के सिंह की पुत्र वधू हेन रीता सिंह मोहम्मद जावेद मोहम्मद आमिर



प्रिंस, बाबू डूंगर सिंह मोहम्मद असलम नगर अध्यक्ष प्रधान दानिश अफजाल अहमद आदि कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ता व सदस्य मौजूद रहे।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद स्कूल ने निकाली कैराना ईदगाह से हर घर तिरंगा रैली

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली आज दिनांक को भारत के 75 व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन मौलाना अबुल कलाम आजाद स्कूल खेल कला कैराना में किया गया जिसमें ने बच्चों को राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण वह कर्तव्य निष्ठा के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और राष्ट्र की उन्नति एवं प्रगति के लिए प्रत्येक भारतीयों को अपने तन मन धन से कर्तव्य निष्ठ होने का संकल्प दिलाया उन्होंने बच्चों के मनोबल को एक विशेष ऊर्जा प्रदान की जिससे स्कूल के छात्र छात्राओं में एक अलग ही उत्साह नजर आया स्कूल प्रबंधन न काजी शादाब एडवोकेट बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए संकल्प लेने की शपथ दिलाई इस अवसर स्कूल के बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा व सम्मान के विषय में बताया इसी मौके पर उन्होंने अपने वक्तव्य में देश की आजादी के लिए दी गई शहीदों की कुर्बानियों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया और स्कूल के छात्रों को आने वाली 15 अगस्त के लिए और आजादी के अमृत उत्सव के लिए संकल्पित होकर हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा की विचारधारा प्रत्येक नागरिक तक



पहुंचाने के लिए नारे लगवाए इस अवसर पर काजी शादाब एडवोकेट में छात्रों को राष्ट्रगान के सम्मान नियम तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार प्राप्त करने के लिए देश के हजारों शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी और देश को आजाद कराया वही दूसरी ओर गांधीवादी विचारधारा धारा से प्रभावित होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पंडित जवाहरलाल नेहरू मौलाना अबुल कलाम आजाद डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद डॉ जाकिर हुसैन ने देश को आजाद कराने के लिए महात्मा गांधी के साथ आवाज से आवाज मिलाई और आजादी के आंदोलन में एक लंबी लड़ाई लड़ी इसी बीच गांधीवादी विचारधारा वह क्रांतिकारी विचारधारा के सैकड़ों भारतीयों को जेल यात्रा भी करनी पड़ी परंतु उन्होंने अपना मनोबल नहीं तोड़ा और भारत को आजाद कराने में नौजवानों उत्साह दिखाया वह इतिहास के पन्नों में उनकी शहादत के तौर पर दर्ज है चाहे भगत सिंह हो चंद्रशेखर आजाद राम प्रसाद बिस्मिल जैसे सैकड़ों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया ।

आज हमें भारत की स्वतंत्रता के महत्व को समझना चाहिए आज हमें समझने का समय है कि हम भारत जैसे देश के सम्मानित नागरिक हैं हमें भारतीय होने का गौरव प्राप्त है यह गौरव हमें जन्मसिद्ध अधिकार से प्राप्त हुई परंतु यदि देखा जाए तो इसके पीछे देश के लाखो लोगों की शहादत भी छिपी हुई है देश के संविधान की गरिमा की बात हो या देश की स्वतंत्रता की हमें अपने देश के प्रत्येक नागरिक संविधान की गरिमा को समझना चाहिए प्रत्येक नागरिक को विशेषकर इस समय नौजवान को चहुमुखी विकास के लिए कार्य करना चाहिए और 15 अगस्त से पहले हम संकल्प लेकर हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा की गरिमा को गौरवान्वित करने का कार्य करें ।

इस मौके पर करी साहब ने बच्चों को दुनिया की तालीम के साथ–साथ दीन की तालीम हासिल करने पर भी तवज्जो देने का जोर दिया रेली का समापन कैराना ईदगाह रामडा रोड खेल कला खुरगान रोड नई बस्ती से होते हुए स्कूल पर पूर्ण हुई।

## नगर पंचायत कार्यालय से अमृत महोत्सव में तिरंगा रैली मुख्य मार्गो से निकाली गई



जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज के एनसीसी के कैडेट्स, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत कर्मचारी, सभासद, गणमान्य व्यक्ति तिरंगा रैली में शामिल रहे।

नगर पंचायत कार्यालय से शनिवार में देर शाम अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी अब्दुल गफ्फार , अधिशासी अधिकारी विजय आनंद ने तिरंगा फहरा कर किया। नगर पंचायत कार्यालय से रैली में आगे आगे नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स रहे। उनके पीछे हाथों में तिरंगा लिए नगर पंचायत कर्मी, कस्बा वासी, समस्त सभासद , गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। कार्यालय से तिरंगा रैली मेन बाजार से होते हुए बंम्बा चौक, भाईजान चौक, कटहरा बाजार, रामनगर, मोती बाजार, कुरेशियान चौक से इंदिरा द्वार पर पहुंची। यहां पर शहीदों की स्मृति में इंदिरा गेट पर तिरंगा ध्वज फहराया गया। दिल्ली यमुनोत्री हाईवे से होते तिरंगा रैली पीठ मैदान, अंत में नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंची। यहां पर तिरंगा रैली का समापन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी अब्दुल गफ्फार ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर तिरंगा रैली से राष्ट्रीय एकता का संदेश मिलता है।

## मोहर्रम पर्व के आयोजन में प्राचीन शस्त्रों से खेले जाने वाले खेल पट्टे का आयोजन धार्मिकता के साथ राष्ट्रभक्तिके रंग में आयोजित किया गया



जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

मरहूम उस्ताद शरीफ खान के अखाड़े के पट्टाबाजो ने हैरतअंगेज प्रदर्शन करते कर्बला के शहीदों को याद किया।

शनिवार में मोहर्रम जुलूस कर्बला के शहीदों की शहादत में मौहल्ला अमानत अली में मरहूम उस्ताद शरीफ खान अखाड़े के उस्ताद फाहद जमाल खान के आवास से सलामी के बाद शुभारंभ किया गया। उस्ताद ने खलीफा रुखसार अहमद, अजीम चौधरी, फुरकान कुरेशी, शहजाद, संचालक असलम खान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यहां से अखाड़ा के पट्टे बाज बल्लम, लाठी,भाला, तलवार, परसा, बरछी, मतका परी, आग के घेरे से कूदना के हैरतअंगेज प्रदर्शन करते मोहल्ला खेरादियान पहुंचे। यहां पर सुन्नी मुसलमानों ने जुलूस में शामिल पट्टा बाजो का भव्य स्वागत किया। यहां से जुलूस शाहगाजीपुरा, नीलगरान चौक, मौलवियों वाली मस्जिद, कुरेशियान चौक, बंबा चौक, पाल धर्मशाला होते किला पहुंचा। यहां पर जुलूस का समापन किया गया। बता दें कि जुलूस में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जुलूस में चारों ओर तिरंगे लहराते नजर आए। पट्टाबाज सरफराज, वारिस, सलमान, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद कैफ, इमरान का सहयोग रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## छात्र छात्राओं ने तिरंगा रैली में बढ़ चढ़कर भाग लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड क्षेत्र के बंधुनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज मायापुर इमलिया से तिरंगा रैली निकाला गया भव्य तिरंगा प्रभात फेरी के साथ एकलाआम होते हुए ग्राम अमवा में लगे प्रतिमा स्वतंत्रता सेनानी शहीद हरिवंश तिवारी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया गया तिरंगा यात्रा में छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व भारत माता की जय कारे के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया पूरे भारतवर्ष में 11 से 17 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा का अभियान सरकार द्वारा मुहिम चलाई जा रहा है जिसमें छात्र–छात्राओं की रैली जगह–जगह निकाली गई।



## लाल बहादुर शास्त्री कन्वेंट स्कूल के बच्चे एवं बच्चियों ने तिरंगा रैली निकाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। आदर्श नगर पंचायत में अमृत महोत्सव हर हाथ में तिरंगा घर–घर तिरंगा की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एलबीएस कान्वेंट स्कूल के छात्रों द्वार भव्य एवं शानदार प्रभात फेरी भारत माता की झांकी, डांडिया नृत्य ,तिरंगा लहराना , निकाल कर बेहतरीन प्रदर्शन कियास प्रभात फेरी में गांधी जी की मूर्ति का चरण स्पर्श, शहीद स्मारक दुर्गा मंदिर, जलपा माता मंदिर आदि जगहों पर नमन करते हुए बच्चों ने प्रभात फेरी लगाया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य रमनजीत श्रीवास्तव कीर्ति बर्नवाल रमेश जायसवाल मनोज यादव राजीव दीक्षित अमित तिवारी धुरंधर तिवारी अमन गुप्ता नवनीत श्रीवास्तव आदित्य श्रीवास्तव बृजेश गुप्ता रामजी यादव रवि मद्धेशिया विकास चौरसिया अभिलाष मद्धेशिया दुर्गा प्रसाद खुशबू अंशु खुशबू शर्मा अर्पिता जूली मानसी अर्चना बबली आदि लोग प्रभात फेरी की शोभा थे ।



## भाजपा ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी । विकास खण्ड क्षेत्र के नगर पंचायत में दिन शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह यात्रा भटनी स्थित छोटी गंडक नदी के पुल से आरम्भ हुआ जंगली जलापा दुर्गा मंदिर होते हुए रामलीला मैदान,गांधी चौक होते हुए विकास चौक 116 नं0 ढाले होते हुए आदर्श चौराहा होते हुए 115 नं0 गेट होते हुए छोटी गंडक नदी पर समाप्त हुआ। यह पद यात्रा भाजपा सांसद रमापति राम त्रिपाठी व विधायक सुरेन्दर चौरासिया के नेतृत्व में निकाला गया । सांसद रमापति रमापति राम त्रिपाठी ने कहाँ कि वर्तमान भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है । यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हर घर तिरंगा को लगाया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा यह कार्यक्रम शहर से लेकर गांव तक आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।





## घरों पर लहरा रहा तिरंगा हर आवाम में आजादी का भर रहा जोश

नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता (दैनिक अयोध्या टाइम्स) देश आजादी का जश्न मना रहा है जगह जगह गांव कस्बों में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को अपने अपने घरों पर लगाकर अपने आप को देश के प्रति समर्पित करते हुए देश भावना जगा रहा है।जिसके क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश मिश्रा ने भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ हाथ में झंडे को लेकर वंदे मातरम के नारे लगाते हुए रैली निकाली तथा दर्जनों गांव में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए उनको राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया।और लोगों से आवाहन किया कि इस देश की आजादी के जश्न में बढ़ चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर जमुनहा मंडल अध्यक्ष माधवराम वर्मा महामंत्री प्रहलाद गुप्ता घनश्याम शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## 400 ग्राम अवैध चरस के साथ 01 अभियुक्तगिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने जनपद में अवैध मादक पदार्थ निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन से संबंधित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्राइवेट बस स्टैंड भिनगा के पास से अभियुक्त ननके पुत्र रजिस्टर निवासी भरथा बेलभरिया थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 400 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया किया गया। थाना कोतवाली भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 421/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक योगेश कुमार सिंह कस्बा प्रभारी थाना कोतवाली भिनगा, कॉन्स्टेबल संजीव भारती मौजूद रहे।



## जामा मस्जिद पाँच पीरान इकौना में नई कमेटी का किया गया गठन

नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के अंतर्गत जामा मस्जिद पांच पीरान इकौना में पुरानी कमेटी के द्वारा इस्तीफा देने के बाद हनीफ चौधरी ईदगाह व मोहर्रम कमेटी के सदर, रईस हशमति सदर बारहरबी उल अव्वल वा आवाम के नेतृत्व में नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जामा मस्जिद सदर की जिम्मेदारी इम्तियाज अली उर्फ बब्बू मंसूरी को दी गई ।

साथ ही सलमान खुर्शीद मंसूरी नायब सदर, आबाद अहमद आढती सेक्रेटरी, गुलाम मोहम्मद उर्फ कुन्नू मैनेजर, हाजी रशीद खान खजांची, मोहम्मद सगीर नायब खजांची, इरशाद बेग ऑडिटर, वा सरपरस्त की जिम्मेदारी हाजी अब्दुल लतीफ मंसूरी को दी गई कमेटी के सलाहकार के पद पर रईस हशमती, नियाज उर्फ झब्बू, राजू मंसूरी, रोजअली, नूर अली व लीगल एडवाइजर के पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता हसमत हुसैन खान को नामित किया गया। उपस्थित आवाम ने नई कमेटी को मुबारक बाद दी।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किया गया पौधारोपण

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी
दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय , नगर पंचायत भटनी–देवरिया (उ०प्र०)में 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताहिक कार्यक्रम के चौथे दिन श्हर घर तिरंगा कार्यक्रमश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एन०सी०सी० तथा एन०एस०एस० के छात्रध् छात्राओं द्वारा गांवो में 51 विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया । पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० विनोद यादव ने कहा कि– ष्पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन हमारी सामाजिक राष्ट्रीय युवा नैतिक जिम्मेदारी है वृक्ष लगाने व पर्यावरण की रक्षा हेतु आज सभी को प्रेरित करना होगा हम प्रकृति से खिलवाड़ करके सुरक्षित जीवन नहीं जी सकते है।ष इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार यादव , डॉ०राम मनोहर यादव, डॉ० धनंजय तिवारी, डॉ० राजेश यादव,डॉ० राजीव पांण्डेय, बालकृष्ण यादव,विजय यादव, अमर कुशवाहा, दुर्गेश यादव, शिव शंकर मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



## ग्राम पंचायत टेघरा में तिरंगा यात्रा निकाला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

भटनी,देवरिया ग्राम पंचायत टेघरा में अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रा. वि. टेघरा में ढोल – नगाड़े के साथ धूमधाम से प्रभात फेरी निकाला गया। इस रैली को प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राय जी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रभात फेरी पूरे गांव में भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी कुंवर अजीत सिंह यादव, राणा प्रताप पाण्डेय व ओमनाथ मिश्र के देखरेख में संपन्न हुई। प्रभात फेरी की गांव के लोगों ने बहुत सराहना की। जगह जगह गांव के युवक युवती प्रभात फेरी का वीडियो बनाते हुए मिले। बच्चों ने मध्यान भोजन के बाद विशेष भोजन में खीर का रसास्वादन किया।






## हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में लोगों को जागरूक कर वितरित किया गया तिरंगा

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकास खंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री रणवीर सिंह भारी संख्या में अपने जन समर्थकों के साथ इंडो नेपाल बार्डर सीमा से सटे ककरदरी जंगल के उस पार व इस पार के दर्जनों गांवों में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया और गांव की महिलाओं पुरुषो को जागरूक करते हुए उन्हें राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और सभी को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देकर अपने अपने घरों पर लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ता हुआ वंदे मातरम गान गा रहा था।



## सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया

नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना इकौना पर थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुने एवम् उनका निराकरण करने हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किये तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए।

वही अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने थाना सिरसिया पर थाना समाधान दिवस में आये फरियादियो की जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने थाना श्रावस्ती व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे ने थाना कोतवाली भिनगा में आये फरियादियो की जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा अन्य थानों पर थाना प्रभारी द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर व्यापारियों ने निकाला तिरंगा यात्रा राम दरस गुप्ता

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी( देवरिया) उपनगर भाटपार रानी में आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर भाटपार रानी उपनगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल देवरिया के जिला अध्यक्ष शक्ति गुप्ता व जिला महामंत्री योगेश सिंह के निर्देशानुसार आज जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रामदरश गुप्ता एवं जिला संगठन मंत्री देवेश गुप्ता के देखरेख में भाटपार रानी व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जयसवाल व तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली जो उपनगर के दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड मालवीय रोड बापू रोड फुलवरिया रोड मस्जिद रोड आर्य चौक होते हुए दुर्गा मंदिर पर आकर समाप्त हुआ । इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार दैनिक जागरण रामदरश गुप्ता ने कहा कि तिरंगा झंडा भारत की आन मान शान व एकता की पहचान है। आज पूरा देश आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है यह आजादी हमें बड़ी संघर्षों के बाद मिली है हमारे देश के जवानों ने इसके लिए बहुत बड़ी कुर्बानियां दी है तब जाकर आज हम गुलामी की जंजीर से बाहर निकलकर आजादी का आज 75 वा अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक भाटपार रानी नगर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जयसवाल रहे।

इस तिरंगा यात्रा में भाटपार रानी नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार जयसवाल उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष हनुमान जयसवाल चंदन कुमार गुप्ता आशीष कुमार बरनवाल प्रकाश गुप्ता सुनील कुमार गुप्ता डॉ राजेश शाही अफजल अंसारी मुन्ना जी गुप्ता जितेंद्र पटेल धीरज शर्मा इरफान लारी रवि कुमार दुबे सहित दर्जनों व्यापारी गण उपस्थित रहे।



## आजादी के 75वी वर्ष गांठ व आजादी के अमृत महोत्सव पर लोक निर्माण विभाग देवरिया के तत्वाधान में सुबाष चौक से निकाला गया तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया, ' आजादी के 75वी वर्ष गांठ व आजादी के अमृत महोत्सव पर लोक निर्माण विभाग देवरिया के तत्वाधान में सुबाष चौक से तिरंगा यात्रा निकाला गया।

जिसकों मुख्य विकास अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा सुबाष चौक से सिविल लाइन होते हुए सैनिक पुर्नवास परिसर स्थित अमर जवान ज्योति स्थल पर सम्पन्न हुई, जिसमें अधीक्षण अभियन्ता ई० जी०एस०वर्मा, प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० देवरिया के अधिशासी अभियन्ता ई० आर०के० सिंह, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया के अधिशासी अभियन्ता ई० एस0के0 सिंह, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ई0 नूर मोहम्मद तथा तीनो खण्डो के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एंव समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



## तिरंगा प्रत्येक नागरिक का स्वाभिमानः सूर्य प्रताप शाही

## प्रत्येक जनपदवासी के दिल में है तिरंगाःडा रमापति राम त्रिपाठी

## हर घर तिरंगा बना जनांदोलनः डा. शलभ मणि त्रिपाठी

- तिरंगा रन का हुआ भव्य आयोजन
- रुद्रपुर मोड़ से सोनूघाट तक हुआ तिरंगा रन का आयोजन
- कृषिमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया तिरंगा रन को रवाना



दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया, आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज मेरा तिरंगा–मेरा अभिमान–मेरी पहचान देवरिया तिरंगा रन का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद डॉ रमापतिराम त्रिपाठी, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपद के संभ्रांत लोगों ने प्रतिभाग कर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित तिरंगा रन को सफल बनाया।

देशभक्ति के तरानों के बीच हाथ में तिरंगा थामे युवाओं ने देशभक्ति की अलख जगाई। तिरंगा रन को कृषि मंत्री कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने तिरंगा को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि तिरंगा प्रत्येक नागरिक के स्वाभिमान को प्रकट करता है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरे देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अत्यंत भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। ये अवसर स्वतंत्रता आंदोलन के अमर शहीदों के योगदान को याद करने एवं उनके जीवनी को आत्मसात करने का है। सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि इस तिरंगा रन ने साबित कर दिया कि प्रत्येक जनपदवासी के दिल में तिरंगा है। जन–जन में देशभक्ति का भाव है। विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने तिरंगा रन को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा एक महाअभियान बन चुका है। समस्त जनपदवासी अपने घरों पर तिरंगा लगाकर इस अभियान को सफल बनाने और राष्ट्र की एकरूपता तथा एकजुटता में अपनी महती भूमिका निभाने में जुटे हैं।

तिरंगा रन में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद, एडीएम (प्रशासन) कुँवर पंकज, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सौरभ सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चन्द्र नाथ, तहसीलदार आनन्द नायक, सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी, पूर्व उपाध्यक्ष गन्ना अनुसंधान संस्थान नीरज शाही, प्रमोद शाही, अंबिकेश पांडेय, डॉ राधेश्याम शुक्ला, डॉ गंगा शरण पांडेय, संजय मिश्रा, अभिलाषा मिश्र, योगिता त्रिपाठी, संजय सिंह, शैलेश सिंह, आशुतोष मिश्र, विवेक मिश्र सहित विभिन्न लोग शामिल हुए।

# छात्रों व एनसीसी कैडटों ने निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

भलुअनी, देवरिया । आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अभयानंद शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज शिवधरिया में क्षेत्राधिकारी बरहज व एसएचओ भलुअनी मुकेश मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति में छात्र व छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद यादव द्वारा झंडारोहण कार्यक्रम किया गया । साथ ही झंडा गीत व झंडे को सलामी देते हुए छात्र व छात्राओं द्वारा राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रतिज्ञा लिया गया। तिरंगा यात्रा मुख्य चौक से गांधी चौक होकर पुनः पटखौली चौराहे से होते हुए मुख्य चौराहे तक निकाली गयी । तिरंगा यात्रा को देखकर पूरे क्षेत्रवासी उत्साहित दिखे। क्षेत्रीय जनता के द्वारा यह सुनने को मिल रहा था कि अब तक कि सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा है ।

इस तिरंगा यात्रा से क्षेत्राधिकारी बरहज व एसएचओ भलुअनी भी बहुत प्रभावित दिखे। इस अवसर पर कुलमुख्य रमेशचंद्र सिंह, प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धनन्जय राव, शिक्षक सच्चिदानंद सिंह, राजेश जायसवाल, बिभूति नरायण, जयराम सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, नवनीत पाठक, सतीश रावत, सुरेंद्र प्रताप यादव, जयप्रकाश श्रीवास्तव, जयप्रकाश मिश्र, सौरभ बाजपेयी, राघवेन्द्र सिंह, राजेश मल्ल आदि समस्त उपस्थित रहे ।



## श्रीकृष्ण शिक्षण संस्थान इं.कालेज के छात्रो ने निकाला तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

भलुअनी,देवरिया। स्थानीय श्रीकृष्ण शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कालेज भलुअनी के छात्रो ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाल कर लोगो को तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया। तिरंगा यात्रा को मनोवैज्ञानिक व समाजसेविका प्रीति त्रिपाठी एवं ब्लाक प्रमुख भलुअनी छद्दू यादव ने झंडा दिखा कर रवाना किया। यह तिरंगा यात्रा विद्यालय से होकर, गांधी चौक, भलुअनी कस्बा होते हुए पठखौली चौक तक गया। सभी छात्र व छात्राएं भारत माता की जय के नारे लगाते हुए हाथो में तिरंगा लहरा कर शहीद हुए भारत के वीर जवानों को याद कर गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इस दौरान अमित कुमार दूबे, राजू मिश्रा, प्रधानाचार्य गोविन्द तिवारी, गोमती प्रसाद ओझा, प्रभात मिश्र, देवेंद्र पाठक, अनिरुद्ध सिंह, धर्मवीर भारती, मृत्युंजय कुमार, अभिषेक मिश्र, शशिकांत यादव, श्रीराम गोंड़, अविनीत शर्मा, शमशाद अंसारी, रवि यादव, प्रमोद सिंह, हरिकेश तिवारी, सरिता प्रसाद, प्रियंका मिश्रा, अनुपमा मिश्रा, विनीता तिवारी, शशि तिवारी, श्वेता सिंह, ज्योति दूबे आदि लोग मौजूद रहे।




# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

भलुअनी, देवरिया। भलुअनी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भलुअनी ब्लाक परिसर से यात्रा का शुभारंभ करते हुए सोनाडी शहीद गेट, जरार शहीद गेट पर शहीद रामपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर वापस ब्लाक परिसर में स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक सभागार में बैठक कर आजादी के अमृत महोत्सव को जन जन तक पहुचाने और हर घर पर तिरंगा फहराने की बात कही। सभा को युवा भाजपा नेता मानवीर सिंह, भानुप्रताप चौरसिया, लोकेश सिंह, बलवंत सिंह, दिनेश गुप्ता, काशीपति शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, संजय सिंह आदि लोगो ने संबंधित किया। संचालन अंकुश सिंह ने किया।



# संक्षिप्त समाचार

## नगर पालिका चेयरमैन ने तिरंगा बाइक रैली निकाली

कैराना ।आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नगरपालिका चेयरमैन ने नगर पालिकाकर्मियों, सभासदों एवं नगरवासियों के साथ बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान नगर पालिका के सभी वाहनों पर तिरंगे लगाकर नगर की सड़कों पर दिखाई दिए।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के जश्न में सभी बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव में जी जान से जुटे है। शनिवार की सायं छह बजे नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पब्लिक इंटर कालेज के सामने से नगर पालिका चेयरमैन हाजी अनवर हसन ने तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान बाइकों व नगरपालिका के वाहनों सहित सैकड़ों वाहन तिरंगे लगे हुए रैली में दिखाई दिए। इस दौरान राष्ट्र भक्ति के गीत व जय कारो से नगर गूँजमान था। रैली नगर के चौक बाजार, बेगमपुरा, कांधला तिराहे, तितरवाड़ा चुंगी आदि सभी मार्गो से निकाली गईं। इस दौरान नगर में कई जगह पर चेयरमैन हाजी अनवर हसन व उसके साथ सभी लोगों पर व्यापारियों व अन्य लोगों ने पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली, जेसीबी मशीन सहित सैकडों समर्थक मौजूद रहे। रैली का समापन पब्लिक इंटर कालेज के समीप स्थित गोल मार्किट पर किया गया।

## एसडीएम ने किया यमुना का निरीक्षण

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुँचने पर आसपास के खेत जलमग्न हो गए हैं।एसडीएम ने हालात का जायजा लेने के लिए यमुना नदी घाट पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हथिनीकुंड बैराज से एक साथ सवा दो लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज करने के बाद यमुना का जलस्तर बढ़ गया है और पानी खतरे के निशान के करीब से बह रहा है। यमुना ब्रिज पुल पर मन्दिर के चारों ओर पानी भर गया है। साथ ही आसपास के खेत भी जलमग्न हो गए हैं। हालात का जायजा लेने के लिए एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव शनिवार की दोपहर यमुना घाट पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने निरीक्षण करने के बाद यमुना नदी के जलस्तर के बारे में जानकारी ली और किसान के खेतों घुसे यमुना के पानी से होने वाले नुकसान का भी जायजा लिया। निरीक्षण उपरांत अधीनस्थों को सतर्क रहने व यमुना नदी के बहाव पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो दिन से लापता मासूम का शव तालाब में पड़ा मिला

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दो दिन से लापता पाँच वर्षीय मासूम का शव तालाब में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मासूम की शिनाख्त की और बिना पुलिस कार्रवाई के उसे सुपुर्द–ए– खाक कर दिया। गत ब्रहस्पतिवार की सांय नगर के मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी इस्माईल का पाँच वर्षीय मासूम नईम लापता था। परिजनों द्वारा उसे काफी तलाश किया गया था और नगर के धार्मिक स्थलों में एलान भी कराए गए थे। शनिवार,की,अलसुबह,मोहल्लावासियों को तालाब में मासूम बालक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। इसी बीच दो दिन से लापता मासूम के परिजन मौके पर पहुँचे और मृतक की शिनाख्त नईम पुत्र इस्माईल के रूप में की। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने मासूम के शव को उनके सुपुर्द कर दिया। बिना पुलिस कार्रवाई के मासूम को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया है। मासूम की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### एएसपी ने यमुना ब्रिज पुलिस चेकपोस्ट का किया निरीक्षक

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। एएसपी ने युमना ब्रिज पुलिस चेकपोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखीं और सघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग कराई। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा शुक्रवार की देर रात्रि एएसपी ओपी सिंह यमुना ब्रिज पुलिस चेकपोस्ट पर पहुँचे,जहां उन्होंने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर हरियाणा की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।उन्होंने मौके पर मौजूद अधीनस्थों को आजादी अमृत महोत्सव को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने व आने–जाने वाले संदिगध वाहनों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

## अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अमृत सरोवर पर किए पौधे रोपित

- –डीएम जसजीत कौर,सीडीओ शंभूनाथ तिवारी सहित अन्य अधिकरियों ने भी किए पौधरोपित

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।गाँव तितरवाड़ा में अमृत सरोवर पर डीएम जसजीत कौर ने पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पौधे रोपित किए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के तहत तालाबों का सोन्द्रीयकर्ण किया जा रहा है।विकास खंड कार्यालय की ओर से तेजी से अधिकतर ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाए गए हैं। शनिवार की दोपहर तितरवाड़ा ग्राम पंचायत में स्थित अमृत सरोवर पर डीएम जसजीत कौर ने पहुँचकर अमृत वन में पौधारोपण कार्यक्रम



का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम की मौजूदगी में अमृत वन में 150 पौधे रोपित किए गए। डीएम ने कहा कि गांव में अमृत सरोवर पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सभी ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर पर अमृत वन में लगाए गए पौधों का सभी ख्याल रखें। इसी के पास होलिका दहन स्थल भी चिंहित किया गया है। इस दौरान सीडीओ शंभू नाथ तिवारी एवं डीपीआरओ नंदलाल ने भी पौधे रोपित किए। ग्राम प्रधानपति दिलशाद चौधरी ने डीएम, सीडीओ व डीपीआरओ को तुलसी के पौधे भेंट किए। इस दौरान विकास खंड अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र मौजूद रहें।

- **पौधों की सुरक्षा हमारा कर्तव्य**

डीएम जसजीत कौर ने कहा कि पौधरोपित करने के बाद उनकी देखरेख भी हम सबका कर्तव्य बनता है। हम सब मिलकर इनकी देखभाल को सुनिश्चित करें। इन्हें पेड़ पौधों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होता है। अगर पर्यवरण को नुकसान पहुंचा तो मनुष्य को भारी नुकसान पहुंचेगा। हम सब मिलकर दृढ़ संकल्प लें कि हर हाल में पर्यावरण को स्वछ रखने में योगदान प्रदान करेंगे।

- **जलस्तर कम होने पर किसानों व खादर क्षेत्र के लोगों ने ली राहत की सांस**

गत गुरुवार को हथिनीकुंड बैराज से 2 लाख 21 हजार 786 क्यूसेक पानी छोड़े जाने पर ड्रेनेज विभाग की ओर से बाढ़ चौकियों एवं खादर क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया था। वही शुक्रवार को नदी का जलस्तर बढ़ने पर नदी के किनारे किसानों की फसलों में कुछ जगहों पर पानी घुस गया था। वही ग्रामीणों को भी चिता हो गई थी। नदी में पानी बढ़ने के कारण हरियाणा की ओर किसानों की फसलों में अधिक पानी भर गया है।

## डीएम व एसएसपी ने नगर में व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों के साथ निकाली तिरंगा रैली

– एडीएम, एएसपी, एसडीएम व सीओ सहित पुलिसकर्मियों एवं आमजन ने भी की हिस्सेदारी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना ।आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली जा रही तिरंगा यात्रा से राष्ट्रभक्ति एवं देश प्रेम को बढ़ावा मिल रहा है शनिवार को कोतवाली परिसर से डीएम व एसएसपी के नेतृत्व में व्यापारियों सहित आमजन व पुलिसकर्मियों ने तिरंगे हाथों में





लेकर राष्ट्रभक्ति के गीतों के साथ नगर के सभी मार्गों पर यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर में राष्ट्र प्रेम की गंगा बहती दिखाई दी शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा जारी है। इसी श्रंखला में सायं साढ़े छह बजे कोतवाली परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक ने हरी झंडी दिखाकर किया। कोतवाली में पहुँची डीएम व एसएसपी का कोतवाली में व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा आरंभ हुई जिसमे एडीएम संतोष कुमार सिंह, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम शिवप्रकाश यादव व सीओ बिजेंद्र सिंह भड़ाना, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, व्यापारी वरुण सिंघल, मोहन लाल आर्य, एडवोकेट एवं सभासद शगुन मित्तल व सालिम चौधरी सहित सिख समाज व मुस्लिम समाज के दर्जनों लोग सभी हाथों में तिरंगे लेकर शामिल रहे। इस दौरान मुख्य मार्ग से होते हुए चौक बाजार, बेगमपुरा, सरस्वती स्कूल, पब्लिक इंटर कालेज, से कोतवाली में पहुँचकर समाप्त हुई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राधेश्याम, उपनिरीक्षक राहुल कादियांन,पवन सैनी, बंटी सिंह, सहित सभी पुलिसकर्मियों ने तिरंगे हाथों में लेकर मार्ग पर पद संचलन किया।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

''भानु प्रताप बढ़पुरा संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
उदी इटावा। आजादी के अमृत महोत्सव ( 75 वां स्वतंत्रता दिवस) के अंतर्गत आज शनिवार को ग्राम नगला भवानी दास में हर घर तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई।



यह तिरंगा रैली ग्राम प्रधान खेडा अजबसिंह गब्बर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में ग्राम नगला भवानीदास से रवाना होकर कस्बा उदी मोड चौराहे पर बनी शहीद स्मारक पर आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर शिल्पू भदौरिया, अमरपाल तोमर ,विजय यादव, आदर्श भदौरिया, अनिल चौहान, पिंकू भदौरिया, दीपू भदौरिया , सोनू भदौरिया,रजत भदौरिया,गुलाब भदौरिया,रजनेश चौहान,पप्पू जाटव आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## थाने में मनाया गया समाधान दिवस

भानु प्रताप बढ़पुरा संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
बढ़पुरा इटावा। बढपुरा थाना परिसर



में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी के नेतृत्व में किया गया, माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी ने थाने पर पहुचीं जनशिकायतों की सुनवाई की। वहीं समाधान दिवस के दौरान उदी चौकी प्रभारी प्रेमचंद सिंह, एस आई विपिन पाल , लेखपाल महेश बाबू, आदि मौजूद रहे।

## सेंट आर सी स्कूल में हुआ कला प्रतियोगिता का आयोजन

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली संवाद सूत्र, कैराना रू आजादी के अमृत महोत्सव के




उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 5 व 8 में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
नगर में स्थित सेंटआरसी कान्वेंट स्कूल में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओत –प्रोत पेंटिंग बनाकर हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। रिलाइंस ट्रेंड्स की ओर से अश्वनी शर्मा ( स्टोर मैनेजर ) , सतेन्द्र कुमार ( डिपार्टमेंट मैनेजर ) , पंकज एवं आयशा के निर्देशन में आयोजित की गई । प्रतियोगिता में कक्षा आठ में उनेजा , अनम , तन्वी वर्मा, कक्षा पंचम में नव्या अग्रावल, फलक तथा नव्या गर्ग ने प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। संस्था द्वारा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार ने प्रतिभागी एवं स्थान प्राप्त करने वाले छात्र – छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर अजेन्द्र सिंह , अजीत चौहान , अमित तोमर , नितिन चौहान , शाहरूख , उषा अग्रवाल , नेहा कश्यप , मरियम सिद्दीकी , ममता शर्मा , शिवानी , तनुप्रिया , प्रियंका , लीना , रीतू व प्रदीप कौशिक मौजूद रहे।

## काला वाला घाट पर कृष्णी नदी निकट पुलिस ने सूचना पर दबिश देकर गोवंश बरामद किया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
जलालाबाद पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है जबकि दो आरोपित फरार हो गए हैं।
शनिवार में सुबह में पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्यागी को गोवंश ले जाने की सूचना मिली। सूचना पर जलालाबाद पुलिस चौकी प्रभारी ने पुलिस कर्मियों के साथ काला वाला घाट पर दबिश दी। पुलिस ने कटान के लिए ले जा रहे गोवंश तस्करों से बछड़े को बरामद करते मुरसलीन पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला शाह गाजीपुरा को गिरफ्तार किया है। दो आरोपित लीलू, विनोद मौके से फरार हो गए हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना थाना भवन पर गोवंश संरक्षण अधिनियम अंतर्गत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपित का चालान कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसको न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

## कांग्रेसियों ने अगस्त क्रांति दिवस शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद दिलाया

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली दिनांक 13 अगस्त 2022 शामली के थानाभवन विधानसभा आजादी की 75वी वर्षगांठ के पावन अवसर पर अगस्त क्रांति दिवस के दिन आज देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों के साथ–साथ शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने हेतु कांग्रेस द्वारा आजादी की प्रदेश महासचिव (मंडल प्रभारी) डॉ संजीव शर्मा ने गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यात्रा जलालाबाद चोराहे से शुरू की यात्रा मैन बाजार पठान मार्केट इन्द्रिरा गेट से होते हुए थानाभवन पहुंची जिसमे मैन रोड होते हुवे मैन बाजार होते हुए हरडफेतेपुर पहुची यहा पर बैठक की गई हिन्ड मोड केडी बाबरी मे समाप्त की गाँव हरडफेतेपुर रमेश सैनी पर के पर बैठक हुई उसके बाद के लिए रवाना हुए इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों व स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए दीपक सैनी कांग्रेस शामली जिलाध्यक्ष ने कहा देश की आजादी के लिए शहादत देने वाले अमर शहीदों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हमें इस बात का गर्व है कि जिन लोगों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया वें सभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़े थे सत्यम सयम सैनी प्रदेश कांग्रेस सचिव ने कहा कि देश की आजादी हेतू शहीदों ने जिस स्वाभिमानी आत्मनिर्भर भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी आजादी के बाद कांग्रेस की सभी सरकारों ने उनके इस सपने को पूरा करने हेतु कार्य किया और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की डाक्टर चयनसिहं पुण्डीर जिला महासचिव कहा की देश के अमर शहीदों के बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र युग–युगांतर तक स्मरण करता रहेगा । आज सत्तासीन भाजपा



की सरकारें लोकतांत्रिक व जनहित के सरोकारों से कोसों दूर निकल चुकी हैं और उन्हें जनता की कोई परवाह नहीं ५ उन्होंने कहा कि आज संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग देश में विपक्ष को कमजोर करने के लिए हो रहा है और साथ ही आसमान छूती महंगाई व उच्चतम स्तर पर पहुंची बेरोजगारी ने देश के नागरिकों का जीवन दूभर कर दिया है सरकार की यह नीति देश के लोकतंत्र को कमजोर करके देश को गर्त में ढकेलने का काम कर रही है प्रवीण तरार जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव देवदत्त शर्मा ब्लाक अध्यक्ष बिरमपाल गर्ग जिला सचिव मुन्हवर राणा प्रदेश महासचिव दिलदार प्रितम सैनी प्रधान सुबोध कोरी राजिंदर गोल्डी जालो पैन्टर अरविंद कश्यप नरेश जाट अतर सिह सैनी विकास सैनी राजेंद्र चोहान रामकुमार कश्यप कन्हैया इसरार सुरेंद्र अशोक शर्मा सैनी दीपक शर्मा नरेंद्र सैनी बोबी सैनी आदि शामिल हुए।

## लोक अदालत में 8554वादों का किया गया निस्तारण

– जिला जज ने द्वीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, नौ करोड़ 55 लाख 49 हजार से अधिक सेटलमेंट धनराशि वसूली

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स





जनपद शामली कैराना। जिला एंव सत्र न्यायालय जनपद शममली स्थित कैराना परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान 8554 वादों का निस्तारण कर नौ करोड़,55 लाख 49 हजार 614 रुपये की सेटलमेंट धनराशि भी वसूल की गई।
शनिवार को जिला एंव सत्र न्यायालय जनपद शामली स्थित कैराना परिसर में उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में जिला एंव सत्र न्यायालय जनपद शामली स्थित कैराना परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारी, बैंक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।
राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा 52 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) द्वारा एक मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैराना द्वारा एक मामले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट



द्वारा 602 मामले, सिविल जज सी. डि. एसीजेएम कैराना द्वारा 532 मामले, सिविल जज सी.डि. एसीजेएम शामली द्वारा 37 मामले, सिविल जज जू.डि. न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली द्वारा 195 मामले व न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली द्वारा 255 ममले निस्तारित किए गए, जिनमें कुल सेटलमेंट धनराशि 42 लाख 32748 रुपये वसूल किये गए। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 6037 मामलों का निस्तारण किया गया, बैंक संबंधी प्री लिटिगेशन 842 वादों का निस्तारण किया गया। जिनमें कुल सेटलमेंट धनराशि नौ करोड़ 13 लाख 16 हजार 865 रुपये वसूल किये गए। जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 35 सिविल वादों तथा 10 एनआई एक्ट का निस्तारण किया गया। न्यायालय सिविल जज सी.डि. एसीजेएम कैराना के द्वारा 11 मूल वादों, 10 एनआई एक्ट का भी निस्तारण किया गया, जिनमें छह मामले पांच वर्षों से लंबित बताए गए हैं। इसके अलावा जनपद न्यायाधीश व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शामली के कुशल मार्गदर्शन में 52 सुलह समझाता भी कराया गया। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली ग्रीश कुमार वैश्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न करते हुए कुल 8554 वादों का निस्तारण किया गया। जबकि कुल सेटलमेंट धनराशि नौ करोड़ 55 लाख 49614 रुपये वसूल की गई। इस दौरान 117 ई–चालान का भी निस्तारण किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन पर सभी का आभार प्रकट किया गया

## एटीएम बदलकर ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

–तीन माह पूर्व एटीएम बदलकर महिला के खाते से उड़ाई थी एक लाख से अधिक की नकदी,कैराना पुलिस व साइबर सैल शामली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से मिली कामयाबी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का एक सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गया है,जिसके कब्जे से ठगी में प्रयुक्त सिम व कीपैड मोबाइल भी बरामद हुआ है। गिरोह के अन्य सदस्य अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर बने हुए हैं। गत तीस मई को नगर के मोहल्ला आलखुर्द निवासी राकेश कुमार अपनी बहन का एटीएम कार्ड लेकर नकदी निकालने के लिए पानीपत मुख्य मार्ग पर स्थित आईसी आईसी बैंक के एटीएम में नकदी निकलने के लिए गया था। इसी दौरान ठगों ने एटीएम बदलकर उसके खाते से एक लाख से अधिक की नकदी निकाल ली थी और फरार हो गए थे। ठगी के शिकार पीड़ित ने 15 जून को कैराना कोतवाली पर तहरीर देकर ठगी करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरु बकर दी थी। कैराना पुलिस व साइबर सेल शामली संयुक्त करवाई में एटीएम बदलकर ठगी को अंजाम देने वाला शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया,जबकि गैंग के अन्य साथी अभी फरार हैं इस तकनीक का करते थे इस्तेमाल गिरफ्तार ठग प्रमोद ने बताया कि वह बीमा पॉलिसी का कार्य करता था।इसी बीच उसकी मुलाकात सुमित उर्फ कबीर राजपूत पुत्र दिनेश कुमार निवासी मकान नम्बर 1527 गली नं0 10 निकट नाग मंदिर मोहल्ला जैन नगर थाना बेगमपुर दिल्ली से हो गई थी,जिसके बाद सुमित ने प्रमोद से बैंक एकाउंट व सिम उपलब्ध कराने पर अच्छा खासा कमीशन देने का लालच दिया था प्रमोद यह आभास हो गया था कि सुमित व उसके साथी लोगो से धोखाधड़ी करके एटीएम बदलकर पिन देखकर पैसे निकालने में एक्सपर्ट हैं।
इसी लालच में वह फंस गया।सुमित को पता था कि लिमिट तय होने के करण एटीएम से सारी रकम नहीं निकाली जा सकती इसके लिए उसने प्रमोद द्वारा अपने नाम से (पीओएस) मशीन पेटीएम बैंक से आवंटित कराई, जिससे प्रमोद एटीएम कार्ड को पीओएस मशीन में स्वैप कर उपलब्ध खातो में से पैसा ट्रांसफर कर आसानी से निकाल लेते थे प्रमोद द्वारा ही खाते व बैंक खातो में रजिस्टर्ड नम्बर की जानकारी उपलब्ध कराई जाती थी। तथा एटीएम बदलकर भी प्रमोद ही सुमित को देता था,जिसके बाद लिमिट अनुसार नकदी निकली जाती थी।
शेष राशि को पाईंट आफ सेल मशीन पर कार्ड को स्वैप करके उपलब्ध कराये गये बैंक खातों में स्थानान्तरण कर पेटीएम के माध्यम से निकाल ली जाती थी।
कैराना पुलिस व साइबर सेल शामली पुलिस द्वारा गिरफ्तार प्रमोद पुत्र अच्छेलाल निवासी मौहल्ला शाहबाद डेयरी थाना शाहबाद डेयरी जनपद उत्तरी आउटर दिल्ली। हाल निवासी मौहल्ला दिलवापुरा थाना कुलपाहड जनपद महोबा बीमा पॉलिसी के कार्य में अच्छी खासी इनकम करता था, ज्यादा कमाने की चाह व लालच ने उसे ठगी के रास्ते पर ला खड़ा किया।

## पुस्तकालय से छात्रों के सामान्य ज्ञान में होती है बढोत्तरी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। युवा भारत मिशन के तहत तीन सदस्य टीम ने ग्रामीणों व शिक्षित युवाओं को पुस्तकालय के महत्व के बारे में जागरूक कर प्रतेयक गाँव से पुस्तकालय के संचालन हेतु समर्थन जुटाया। शनिवार को क्षेत्र के गांव एरटी में युवा भारत मिशन के अंतर्गत इंजीनियर रामबीर तंवर के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम पहुँची, जहां उन्होंने संभ्रांत ग्रामीणों व शिक्षित छात्रों से बात कर पुस्तकालय युवाओं व भविष्य के लिए कितने जरूरी है और इसका समाज में क्या महत्व है इस विषय पर बात की। इंजीनियर रामबीर तंवर ने बताया कि युवा मिशन के तहत चार वर्षों के अंतराल में देश में तीन सौ पुस्तकालयों का संचालन किया जा चुका है। जनपद शामली के दो गाँवों एरटी व खन्द्रावली में भी जल्द ही पुस्तकालयों का संचालन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय के माध्यम से छात्रों को मौन वचन की आदत पड़ती है।
पुस्तकालय बौद्धिक और सामाजिक क्रियाओं की अभिव्रद्धि एक मात्र स्थान है,इन्ही से अनुभवों का मानवीय रूप से बदलता है। पुस्तकायल नई खोज का भंडार होते हैं,जिन्हें बौद्धिक प्रयोगशाला भी कहा जाता है।इनसे हम अपनी बुद्धि के विकास को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा भारत मिशन के तहत हमारा हर गाँव में पुस्तकालय खोलने का लक्ष्य है। इनका संचालन धर्मिक स्थलों की



तरह चंदा एकत्रित कर होता है,जिसमें सभी का सहयोग होता है।इस दौरान डेंटिस्ट बलराम नागर व योगाचार्य मनदीप बवाना सहित ग्राम प्रधान अखिलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यमुना नदी के जल स्तर में पंचास सेंटीमीटर की गिरावट हुई दर्ज

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना।यमुना नदी में हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने का सिलसिला जारी है। शनिवार को यमुना नदी में 15 हजार 877 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। शुक्रवार को यमुना नदी का जलस्तर 230.75 सेंटीमीटर रहा। जिसके चलते नदी के किनारे कृषि करने वाले किसानों एवं ग्रामीणों को बढ़ता जलस्तर देख चिंता रही। शनिवार को जलस्तर में 50 सेंटीमीटर गिरावट दर्ज होने पर सभी ने राहत की सांस ली। ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशू कुमार के अनुसार शनिवार की प्रातः आठ बजे 15 हजार 877 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर 230.25 सेंटीमीटर दर्ज किया गया।
शुक्रवार की प्रातः आठ बजे हथिनीकुंड बैराज से 86 हजार 360 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इस दौरान शुक्रवार की देर सायं तक नदी का जलस्तर 230 .75 दर्ज किया गया था। जलस्तर में तेजी से बढोतरी होने का कारण यह था कि गुरुवार को हथिनी कुंड बैराज से दो लाख 21 हजार 786 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। यह पानी 24 घंटे बाद यमुना ब्रिज कैराना पहुँचा था ।
जिस कारण यमुना का जलस्तर सर्वधिक 230.75 सेंटीमीटर दर्ज किया गया था। वही शनिवार को यह पानी आगे बढ़ गया जिस कारण यमुना के जलस्तर में 50 सेंटीमीटर गिरावट दर्ज की गई है।
बैराज से छोड़ा गया पानी कैराना यमुना ब्रिज तक चौबीस घंटे बाद पहुंचेगा। हालांकि इसके अनुसार खतरे की कोई बात नहीं है। क्योंकि यमुना का चेतावनी बिंदु 231 मीटर और खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित है।

# संक्षिप्त समाचार

## सडक हादसों में महिलाओं सहित आधा दर्जन घायल तीन की हालत गंभीर,जिला अस्पताल किया गया रेफर

पूरनपूर |अलग अलग सडक हादसे में महिलाओं सहित आधा दर्जन वाहन सवार घायल हो गए |108 एंबुलेस से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया |जंहा तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया |

कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर निवासी सुनील कुमार कि गांव रमपुरा में सुसराल है |शुक्रवार की देर शाम वह अपनी पत्नी जागृति और पुत्र आदित्य और बेटी निरुपमा के साथ सुसराल जा रहा था |जैसे ही बाइक सवार गांव के नजदीक पहुंचा |इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई |जिसमें बाइक सवार दंपती सहित चार लोग घायल हुए |दूसरे सडक हादसे में घुंघचाई चौकी क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी प्रेमवती अपने पति वीरपाल के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी |बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई |इसमें सवार दंपत्ति घायल हो गए |हादसे में महिला को गंभीर चोटें आई हैं |हादसे को लेकर हडकंप मच गया |108 एंबुलेंस से सभी को उपचार के सीएचसी लाया गया |जहां हालत गंभीर होने पर तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया |सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए |

## जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा ने आजादी की गौरव यात्रा के तहत गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा /गोवर्धन |जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्र दिवस की 75वी वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व केंद्र–प्रदेश में जंगल राज के खिलाफ 13 अगस्त को आजादी कि गौरव यात्रा के तहत गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र मैं पदयात्रा निकाली गई यह कार्यक्रम | सभी कांग्रेसी जन सैकड़ों की संख्या में पूरे जोश खरोश के साथ स्थानीय कांग्रेसी जन एवं स्थानीय जनता के साथ हाथों में तिरंगे झंडे लिए उत्साह पूर्व सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में सौक अड्डा गोवर्धन के बाजारों से होते हुए दानघाटी मंदिर दर्शन कर गिर्राज महाराज जी का आशीर्वाद लिया तथा जतीपुरा आनयोर वा राधा कुंड मंदिरों के दर्शन किए गए तथा गिर्राज महाराज जी से देश और प्रदेश व मथुरा जनपद की जनता के स्वास्थ्य की कामना की |गोवर्धन विधानसभा के क्षेत्रों में लगभग 13 किलोमीटर कि पदयात्रा की जिसका स्थानीय व्यापारियों व जनता ने जगह–जगह साफा व माला पहनाकर स्वागत किया |

जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा



कि भारत की जनता को गरीब बनाने का टेंडर अदाणी व अंबानी को दे दिया है | विदेशों से कोई काला धन नहीं आया व युवाओं को 2 करोड़ नौकरी नहीं मिली | कांग्रेस के शासन में एलपीजी सिलेंडर 410 रुपए का था अब 1053 का है पेट्रोल 71 रुपए लीटर था 100 रुपए लीटर है | डीजल पहले 57 रुपए लीटर था अब 95 रुपए लीटर है | सरसों का तेल 90 रुपए लीटर था अब 200 लीटर है | देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है देश का युवा बेरोजगारी को लेकर सड़कों पर है | भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से विपक्षी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा कर जेलों में डाला जा रहा है योगी मोदी सरकार हिटलर शाही फरमान जारी कर रही है देश की जनता को बर्बाद करने पर उतारू है जिससे कांगेस पार्टी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगी जिस तरह कांग्रेस पार्टी ने इस देश से अंग्रेजों को भगा दिया था और कांग्रेस के कार्यकर्ता ने अपनी कुर्बानी देकर देश को आजाद कराया था आज भाजपा से देश को आजाद कराने के लिए आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा | इन्हीं सब समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस कि 75वी वर्षगांठ पर 13 अगस्त को आजादी गौरव पदयात्रा निकाली गई है जिसमें जनपद के सभी ब्लॉकों से जिला व ब्लॉक के पदाधिकार व वरिष्ठ कांग्रेसीजन ने भड चढ़कर भाग लिया | जिला महासचिव ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने कहा कि किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है जिस तरह बिहार में भाजपा की सरकार का पतन हुआ है ठीक उसी तरह केंद्र सरकार का पतन होना निश्चित है | बीजेपी द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है देश तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं |भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है |

पदयात्रा में भाग लेने वाले प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा , ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत, राजेंद्र कुमार वशिष्ठ , मनोज कुमार शर्मा , मनीष लंबरदार , डॉ राजीव शर्मा , चौधरी जदबीर सिंह, भगवत प्रताप , बनवारी लाल चौधरी , राकेश लवानिया, अमरीश पांडे, अभिषेक प्रताप सिंह, कृष्णवीर सिंह, कृष्णकांत ,रवि ठाकुर, राजपाल सिंह, पवन कुमार सिंह, अनूप सिंह ,प्रेमपाल सिंह, तरुण सिंह , तेहेंद्र, दुष्यंत प्रताप सिंह, युवराज सिंह, कलुआ खान , सोनू वर्मा , आदि सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने भाग लिया |

## भोपाल में संगठन बिस्तार को लेकर किसान पंचायत हुई समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- शुभम गार्डन, अयोध्या बायपास भोपाल में संगठन बिस्तार को लेकर हुई किसान पंचायत
- मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिब ठाकुर.राजवीर सिंह जादौन,प्रदेश प्रबक्ता उत्तर प्रदेश गजेंद्र सिंह परिहार व विशिष्ट अतिथि प्रमुख महासचिब आगरा मंडल जगदीश परिहार रहे मौजूद

मथुरा /भोपाल |भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का म प्र में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें प्रदेश के सभी 52 जिलों के पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यकरिणी के समस्त पदाधिकारी सम्मलित हुए और प्रदेश में जिला स्तर पर आगामी आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई। सन्गठन को गांव गांव पहुंचाया जाए जिसमे सभी पदाधिकारी ने बाबा टिकैत की



विचारधारा का अनुशरण करते हुए ये संकल्प लिया कि हम प्रदेश के गांव गांव किसानों की सभी समस्याओं को प्रदेश ही नही बल्कि देश स्तर पर बुलंदी के साथ उठाएगे और सरकार को घेरा कर सभी समस्याओं का निराकरण करवाएंगे | कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव श्री राजवीर सिंह जादौन व मध्यप्रदेश प्रभारी श्री गजेंद्रसिंह परिहार ने सभी कार्यकर्ताओं को सन्गठन में संगठित रहकर किसान हित मे काम करने की अपील की |में कैसे काम किया जाए किसानों को कैसे जोड़ा जाए और किसानों की समस्याओं के लिए सरकारों को कैसे घेरा जाए और समस्या का निराकरण किया जाए आज के इस कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकरिणी ने अनिल यादव को आज प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश का परिचय पत्र सौपकर किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ने का आदेश दिया इस मौके पर उपस्थित कृष्णा रावत प्रदेश प्रवक्ता एमपी सुभाष मल्होत्रा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पाटीदार जिला अध्यक्ष भोपाल प्रगट सिंह संभाग अध्यक्ष ग्वालियर ओम प्रकाश सैकड़ों की तादात में किसान सरदारी मौजूद रही |

## नई बस्ती प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली

पीलीभीत |आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल एवं ब्रह्मकुमारी पूरनपुर ने संयुक्त रूप से आजादी के 75 में अमृत महोत्सव हर





घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर के तथा नई बस्ती प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली सभी लोगों ने मिलजुल कर भारत माता की जय कारे के साथ लोगों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान में जुड़े तथा पूरे जोर–शोर के साथ 15 अगस्त का पावन पर्व मनाएं इस कार्य में ब्रह्मकुमारी पूरनपुर की रीमा दीदी रूबी बहन ज्योति बहन तान्या अदिति शिवम ओमपाल सिंह कमल भाई अशोक भाई तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य एवं रोटरी रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया अध्यक्ष आकाश खंडेलवाल सचिव शेखर सिंह तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला इंदु गंगवार गुरप्रीत कौर एवं नई बस्ती प्राथमिक स्कूल के रोहित मिश्रा अंजू बाजपेई मोहम्मद जाकिर मोहम्मद आलम एवं दोनों स्कूलों के लगभग 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया |

## जिलाधिकारी पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सुनगढ़ी एवं गजरौला पर किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन, सुनी जनता की समस्याएं

पीलीभीत | जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सुनगढ़ी एवं गजरौला पर जनता की



समस्याओं को सुनकर वहां पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया | इस दौरान समस्त अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे |

## पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली रमित शर्मा व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार पी0 ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गो के साथ मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

पीलीभीत | स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक



13.08.22 को पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली रमित शर्मा व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार पी0 द्वारा पूरनपुर रोड पीलीभीत स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मिठाइयां व फल बांटकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया | उन्होंने कहा कि कोई भी बुजुर्ग अपने आप को बेसहारा न समझें, पुलिस हर सुख–दुख में उनके साथ है | सभी बुजुर्गों से वार्ता की व उनका आशिर्वाद प्राप्त किया | इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर सुनील दत्त भी उपस्थित रहे |

## पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली रमित शर्मा व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा सम्मेलन कक्ष में पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों (छात्र-छात्राओं) को किया सम्मानित

पीलीभीत | स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम



में आज दिनांक 13.08.22 को पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली रमित शर्मा व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार पी0 द्वारा पुलिस लाइन पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को संबोधित किया गया | द्वारा पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को तिरंगा वितरित कर राष्ट्रीय भावना जागृत करने, राष्ट्रप्रेम एवं सद्भाव बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया व बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर प्रदर्शन कर भारतमाता के नारों का उदघोष किया गया | द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल–कूद के उपकरण व देशभक्ति की प्रेरणा देने वाली राष्ट्रीय संस्करण की पुस्तकें/कॉमिक्स किताबें वितरित की गईं | तत्पश्चात उल्लेखानीय/सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों



को पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली रमित शर्मा व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया |

## ग्राम पंचायत महाराजपुर के ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल ने ग्रामवासियों के घर घर लगवाए तिरंगे

पीलीभीत | आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं और घर घर जाकर हमारे देश की आन वान शान एवं भारतीय एकता का प्रतीक तिरंगा झंडे को घर घर जाकर लगा रहे हैं वहीं ग्राम पंचायत महाराजपुर के ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल ने



अपनी ग्राम पंचायत में सभी ग्राम वासियों को झंडा वितरण कर आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को हर घर तिरंगा लगाकर बड़े ही धूमधाम से मना रहे हैं जिससे पूरा गांव देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिख रहा है एवं साथ में उनके सहयोगी (जिला पंचायत ) सुकुमार गाईन ,मनजीत साना , सुभाष सिकंदर, हेमचंद्र ,नारायण दास, केना मंडल, विधान मंडल , विजय देवड़ी, निरंजन गाईन आदि लोग भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं |

## एसएसबी व पुलिस ने तिरंगा वितरित कर निकाली रैली नगर के कई जगहों पर रैली का पुष्प वर्षा कर किया गय स्वागत

पूरनपुर |नेकी की दीवार सामाजिक संस्था द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एसएसबी व पुलिस ने तिरंगा झंडा वितरित कर लोगो को प्रेरित किया |

शनिवार को नेकी की दीवार की ओर से एक भव्य ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली गई |जिसमें पुलिस, एसएसबी सेक्टर पीलीभीत के अधिकारियों इसके साथ साथ अधिवक्ताओं एवम् समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया |रैली का शुभारंभ एसडीएम आशुतोष गुप्ता व सीओ वीरेंद्र विक्रम सिंह ने तहसील कार्यालय से तिरंगा रैली निकाली | यह रैली नगर के चौराहों से होकर बंडा बस स्टैंड पर समापन हुई |रैली का कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया |रैली में





परिषदीय स्कूलों के बच्चो ने झांकी के रूप में प्रतिभाग किया |पंडित नेहरू,भगत सिंह,चन्द्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई आदि का यूपीएस चांट फिरोजपुर तथा पीएस कल्याणपुर के बच्चों ने प्रतिभाग किया |रैली में मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक गुरमेल सिंह,कपिल कक्कड़, अमन दीप सिंह खालसा,नीराजना शर्मा,बलदेव सिंह चहल,हर्ष प्रधान,युवराज सिंह, अशोक खांडेलवाल,गणेश दरबारी,अभय,करन,विवेक चौधरी, जतिन, रितिक, साहिल,अभिषेक, कृषु,सुगंध अग्रवाल,प्रेम सागर चक्रवर्ती, रविन्द्र सिंह गिल,अजीत सक्सेना,वन विभाग के एसडीओ, डीएफओ संजीव कुमार,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग,नैकी दीवार के संस्थापक गुरमेल सिंह सहित कई मौजूद रहे

## साहू जी महाराज पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने आज हर घर तिरंगा के तहत नगर में साइकिल रैली बैंड बाजों के साथ निकालकर राष्ट्रीय कार्यक्रम का घर घर संदेश देने का काम किया

साहू जी महाराज पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने आज हर घर तिरंगा के तहत नगर में साइकिल रैली बैंड बाजों के साथ निकालकर राष्ट्रीय कार्यक्रम का घर घर संदेश देने का काम किया है साइकिल रैली को विद्यालय के प्रबंधक चंद्रपाल मौर्य ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर रैली को रवाना किया इस क्रम में शिक्षक शिक्षकों के निर्देशन में छात्र–छात्राओं की साइकिल रैली विधायक के निवास पर पूर्व मंत्री आगाशीय रामशरण वर्मा जी को राष्ट्रीय ध्वज देकर इस कार्यक्रम को जन जागरूक करने का आशीर्वाद प्राप्त किया रैली का काफिला नगर में तहसील प्रांगण में जाकर वहां पर लोगों को जागरूक करने का काम कियासाइकिल रैली का काफिला कुछ ही समय में पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रशांत सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसलपुर ने बच्चों का स्वागत किया एवं उनके साहस की तारीफ की बच्चों ने शिक्षकों ने प्रशांत सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसलपुर को राष्ट्रीय ध्वज देकर राष्ट्रीय कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने की कामना की इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रैली थाना बीसलपुर के प्रांगण में पहुंची आज वहां पर तहसील क्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं शिकायतों का निस्तारण कराने वाले जनसमूह के बीच में बच्चों ने भारत मां के नारे





लगा कर तिरंगा हर घर वालों को सफल बनाने की अपील की थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा वीडियो ओम प्रकाश द्विवेदी को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए इस अवसर पर नगर पालिका बीसलपुर की अधिशासी अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा ने बच्चों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया के सभी देशों में महान है हमारे देश में अनेक जाति धर्म के लोग भाईचारे के साथ रहते हैं आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आव्हान पर हर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का हम सबका दायित्व बनता है आइए इस कार्यक्रम को सफल बनाएं घर–घर तिरंगा, वंदे मातरम भारत माता की जय कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा गंगवार ज्ञानेंद्र कुमार नवनीत मिश्रा सचिन कुमार वाह कमल बाजपाई का विशेष सहयोग रहा अंत में कापला विद्यालय के प्रांगण में पहुंचा वहां पर विद्यालय प्रबंधक चंद्रपाल मौर्य ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों बड़ी संख्या में मौजूद रहे

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के दृष्टिगत मथुरा वृंदावन नगर निगम द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा नगर आयुक्तने और राधा कृष्ण पाठक उपसभापति ने की

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के दृष्टिगत नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी एवं श्री राधाकृष्ण पाठक उपसभापति/पार्षद द्वारा टी0एफ0सी0 वृन्दावन में की गयी | बैठक में नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सभी अधिकारी, अधीनस्थ कर्मचारी तथा उ0प्र0 जल निगम आगरा एवं मथुरा के परियोजना प्रबंधक उपस्थित रहे |

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों की समीक्षा करते हुये नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा विभाग बार समीक्षा की गयी | समीक्षा के दौरान मंदिरों के आस–पास विशेष सफाई, मार्ग सफाई आदि हेतु क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुये | इसी प्रकार सडक मरम्मत, बॉलपेन्टिग कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया |

इसी प्रकार सहायक अभियंता प्रकाश को निर्देशित किया गया कि मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये | स्ट्रीट लाइट किसी भी दशा में रात्रि में बन्द न पायी जाये | साथ ही तिरंग लाइटों



को निरीक्षण कर सही करा लिया जाये |

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधार्थ हेतु पार्किंग स्थलों का चयन का सुचारू कराये जाने एवं पार्किंग स्थल पर क्लॉक रूम स्थापित कराये जाने हेतु मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित किया गया | जलकल विभाग के सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान कन्ही भी जल भराव, लीकेज की समस्या न होने पाये | आवश्यकतानुसार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खडे कराये जाये | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा एवं उ0प्र0 जल निगम मथुर के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जल निगम द्वारा खोदी गयी सडकों की मरम्मत गुणवत्तापूर्वक करा लें | इसके साथ ही सभी प्रमुख मार्गों का स्वयं निरीक्षण कर लें, जिससे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडें |

नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से आदेशित किया गया है कि सभी अधिकारीगण व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक करें | कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये | लापरवाही करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी की जबाब देही तय की जायेगी |

### पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा व जनप्रतिनिधि तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

## तिरंगा हमारी आन बान शान का प्रतीक : दिनेश शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा |अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त तक यह अभियान बड़े स्तर पर चलाया जा रहा है उसी कड़ी में मथुरा भाजपा महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में महानगर द्वारा अंगूरी वाटिका डीग चौराहा से मंडी रामदास होते हुए होली गेट आगरा रोड तक निकाल गई तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारे आन–बान–शान का प्रतीक है | इससे व्यक्ति को और देश को ताकत मिलती है | यह तिरंगा पूरी दुनिया में हमारा धाक है , इसी से हमारी पहचान है | भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के नागरिकों की आशाएं और आकांक्षाएं दर्शाता है | यह हमारे राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है | पिछले सात दशकों से अधिक समय से सशस्त्र सेना बलों के सदस्यों सहित अनेक नागरिकों ने तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए निरंतर अपने जीवन न्यौछावर किए हैं |

वही पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा – वृंदावन विधानसभा विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा – इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों के मन में राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य बोध उत्पन्न करके आगामी 25 वर्षो के संकल्पों को पूरा करने का प्रण लेना है | केंद्र सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए फ्लैग कोड में भी अहम बदलाव किये हैं | आजादी के बाद पहली बार देश का हर नागरिक अपने घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान या सार्वजनिक स्थल पर तिरंगा फहरा सकता है | यही नहीं इस बार सूर्यास्त के बाद भी तिरंगा फहराया जा सकता है | आजादी के बाद देश ने पहली बार तिरंगे के जनक पिंगली वेंकैया जी का जन्म दिन मनाया और उनके योगदान को भी स्मरण किया | कहा कि देश में राष्ट्रभक्ति की नई लहर उत्पन्न होने जा रही है तथा नए संकल्पों के उदय होने और उन्हें पूरा करने का भी समय आ गया है | यह नया भारत है | वही पूर्व जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने कहा 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान में हर किसी को शामिल होना चाहिए | यह किसी राजनैतिक दल का कार्यक्रम नहीं अपितु हर देशभक्त नागरिक का उत्सव है |

यह अभियान एक भारत श्रेष्ठ भरत की संकल्पना को और अधिक मजबूती प्रदान करने वाला अभियान है | राष्ट्रभक्ति का अर्थ केवल तिरंगा हाथ में लेकर चलना ही नहीं होता है अपितु राष्ट्रीय कर्तव्य को पूरा करने का प्रण भी होता है | हमें तिरंगा अभियान में यह संकल्प लेना है कि अब हम जहाँ भी हैं , जो कुछ भी कर रहे हैं उसको करते हुए भारत भक्ति का भाव सबसे ऊपर रखेंगे |

वही महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पक्ष एवं विपक्ष का विषय नहीं है | हम सभी













आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं | यह राष्ट्रीय पर्व है और इसमें सभी को शिरकत करनी चाहिए | पक्ष और विपक्ष कोई भी हो, सभी को तिरंगे का सम्मान करना चाहिए |

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल महानगर संयोजक तिरंगा यात्रा अभियान प्रदीप गोस्वामी जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु पूर्व सांसद तेजवीर सिंह बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा नगर पालिका पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र अग्रवाल रविकांत गर्ग गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी , मुकेश खंडेलवाल चेतन स्वरूप पाराशर मदन मोहन श्री वास्तव श्याम सिंघल भूपेंद्र चौधरी , विजय शर्मा पार्षद मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा , शोभा राम शर्मा , बृज केशरी हनुमान पहलवान , आशीष शर्मा , दीपांकर भाटिया , चिंताहरण चतुर्वेदी ,गंभीर सिंह गुर्जर , सूर्य कांत सिंह , मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल , अनीश वर्मा , विक्रम विष्णु सैनी , राजीव राज पाठक , दीपा अग्रवाल ,पार्षद मीरा मित्तल , नीलम गोयल , संजय शर्मा कुंज बिहारी भारद्वाज , कृष्णमणि सूबेदार , ललित अग्रवाल महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चौधरी , युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष दत्त कौशिक सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे |

# संक्षिप्त समाचार

## रोजगार मेले का आयोजन 16 को

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में अजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 16 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रा0लि0 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल से स्नातक एवं आयु 18 से 40 वर्ष तक होनी चाहिये इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन के पोर्टल`पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेला आई0डी0 6135 पर आनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यथी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त दिनांक को कार्यालय में उपस्थित हो, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

## बीस हजार 819 मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ निस्तारण

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव।

•पिछले लोक अदालत के मुकाबले 4538 मामलों का अधिक हुआ निस्तारण

•एक करोड़ 11 लाख 66 हजार 830 का वसूला गया अर्थदण्ड

•आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान को जिला जज ने दिखाया हरी झण्डी

संत कबीर नगर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 20819 मामलों का निस्तारण किया गया । इस लोक अदालत में पिछले लोक अदालत के मुकाबले 4538 मामलों का अधिक निस्तारण हुआ । लोक अदालत में एक करोड़ 11 लाख 66 हजार 830 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया । इसके साथ ही 18 लाख 92 हजार 614 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया और 92 लाख 25 हजार रुपए का मोटर दुर्घटना का प्रतिकर दिलाया गया । पुलिस विभाग द्वारा 2235 वादों का भी निस्तारण कराया गया । जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारम्भ किया । प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी सोनकर ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न बैंको द्वारा शिविर लगाए गए थे । शिविर में 788 मामलों का निपटारा करते हुए 7 करोड़ 44 लाख 69 हजार 424 रुपए बैंक ऋण की वसूली एवं समायोजन किया गया ।



दीवानी न्यायालय में 2949 मुकदमों का निस्तारण किया गया । जिनमें एक करोड़ 11 लाख 66 हजार 830 रूपये का अर्थ दण्ड वसूला गया । प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग में कुल 1706 मामलों का निस्तारण हुआ । जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल की कोर्ट में कुल 10 मामलों का निस्तारण करके 1600 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया । पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण आशीष जैन की कोर्ट में कुल 39 मामलों का निस्तारण करते हुए 92 लाख 25 हजार रुपए का प्रतिकर दिलाया गया । अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार वशिष्ठ की अदालत में कुल 41 प्रकीर्ण मामलों का निस्तारण किया गया । प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रामनगीना यादव द्वारा 13 मामलों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया । एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट में 8 मामलों का निस्तारण करके 600 रूपये का अर्थदण्ड जमा कराया गया । एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट में एक मुकदमों का निस्तारण हुआ । मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में 934 आपराधिक मामलों का निस्तारित करके एक लाख 30 हजार 960 अर्थदण्ड एवं एनआई एक्ट के 6 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 95 लाख 17 हजार 320 रुपए का प्रतिपूर्ति दिलाया गया । सिविल जज सीनियर डिवीजन हरिकेश कुमार की कोर्ट उत्तराधिकार के 6 मुकदमों में 18 लाख 92 हजार 614 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया । सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रभात दूबे की कोर्ट में 247 मामलों का निस्तारण करते हुए 42 हजार 260 रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया । न्यायिक मजिस्ट्रेट अजीत कुमार मिश्र की कोर्ट में 602 मुकदमों में 22 हजार 200 रुपए का अर्थदण्ड जमा कराया गया । सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक द्वितीय मोहम्मद फराज हुसेन की कोर्ट में एक लाख 63 हजार 180 रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया । बीते 14 मई को आयोजित लोक अदालत में कुल 16 हजार 281 मामलों का निस्तारण हुआ था । जबकि इस लोक अदालत में 20 हजार 819 मामलों का निस्तारण हुआ है । जो पिछले लोक अदालत से 4538 मामले अधिक है।

## पुलिस लाइन से मगहर होते एचआरपीजी कालेज तक पुलिस ने निकाला तिरंगा बाइक रैली

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

संत कबीर नगर । पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर देश भक्ति गीतों के साथ पुलिस के जवानों ने तिरंगा बाइक रैली निकाला । जवानों की यह बाइक रैली पुलिस लाइन से मगहर होते एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद से पुनः पुलिस लाइन में पंहुच कर समाप्त हुई । पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है । इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है । तिरंगा अभियान के माध्यम से आमजन में देश प्रेम की भावना जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी क्रम में लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने और हर घर पर राष्ट्रध्वज फहराने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तिरंगा बाईक रैली निकाली गई है । तिरंगा बाइक रैली पुलिस लाइन्स से महान सूफी संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर होते हुए एचआरपीजी कालेज से पुनः रिजर्व पुलिस लाइन्स पंहुच कर समाप्त हो गई । जवानों द्वारा निकाले गए तिरंगा बाईक रैली के दौरान बज रहे देशभक्ति गीतों से सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत रहा । पुलिस के जवानों द्वारा हर–घर तिरंगा अभियान में लोगों को अपने–अपने घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया गया । इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को पूर्ण रूपेण सफल बनाने की अपील भी की गई ।



## कंपोजिट विद्यालय टूक में अमृत महोत्सव पर अनेक कार्यक्रम हुए आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,महराजगंजध्रायबरेली। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में 11/08/2022 से 17/08/2022 तक भारत देश में अमृत महोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है इस अवसर पर जगहऋजगह विद्यालयों में तरह–तरह के कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं इसी बीच कंपोजिट विद्यालय टूक महराजगंज में आज विद्यालय में छात्र छात्राओं के साथ योगाभ्यास,खेलकूद, प्रतियोगिता एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार के बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार शिक्षक के रूप में देशबंधु,सत्येंद्र कुमार ,स्नेहकांत,संदीप कुमार शिक्षिका रजनी,अर्चना शर्मा ,व,सुनीता आदि लोग अमृत के महोत्सव में विद्यालय परिवार की तरफ से बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।



# फ्लैग आफ कर शुरू हुई तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

रुदौली–अयोध्या। लॉयन्स क्लब रुदौली एवं डीएसएम – लायंस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तिरंगा यात्रा को विधायक राम चन्द्र यादव ने एस पी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर,एस डी एम स्वप्निल यादव, सी ओ संदीप कुमार सिंह तथा निरीक्षक शशि कांत यादव की उपस्थिति में फ्लैग आफ कर शुभारंभ किया, विधायक ने लायंस क्लब की इस तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक करार दिया 500 मीटर से अधिक लंबी इस यात्रा में 50 मीटर लंबा तिरंगा स्कूल के छात्र छात्राएं अपने सर पर लेकर चल रही थी इसके अतिरिक्त सैकड़ों झंडे लेकर लोग देश भक्ति के नारे लगाते हुए जब कोतवाली से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क पहुंचे तो हजारों की संख्या में लोगों ने जोरदार तालियों से वन्दे मात्रम का नारा लगाते हुए यात्रा का स्वागत किया। मुख्य आयोजक लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ निहाल रजा ने झंडे का इतिहास बताते हुए कहा इसकी अभिकल्पना पिंगली वेंकैया ने की थी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी भगवती प्रसाद के पुत्र जगजीवन प्रसाद को सम्मानित भी किया गया तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानी उवैस करनी के पुत्र कारिब करनी का स्मृति चिन्ह को उनके घर भिजवा दिया गया । विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि सभी स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में अमृत सरोबर का नामकरण होगा।



उक्त अवसर पर विधायक राम चन्द्र यादव, एस डी एम, सी ओ एवं इंस्पेक्टर रुदौली को स्मृति देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस पब्लिक स्कूल के शिक्षक जितेन्द्र मिश्रा,आमिर तबरेज, नीरज द्विवेदी, वत्सला सिंह, उर्मिला, नैनसी तथा राजकीय कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्य आफरीन फात्मा लायंस सचिव अनिल खरे , हरिशंकर शुक्ला एवं रौजा गांव चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक इकबाल सिंह का सहयोग रहा ।

# भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष से गूंजी रुदौली

रुदौली अयोध्या।

भारी पुलिस बल के साथ रुदौली कोतवाली से हर घर तिरंगा अभियान के तहत रुदौली कोतवाली से निकाली गई तिरंगा यात्रा। हम आपको बताते चलें कि कोतवाली रुदौली से तिरंगा यात्रा को रवाना क्षेत्राधिकारी रुदौली ने किया। भारी पुलिस बल के साथ साथ कोतवाली प्रभारी शशीकांत यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, उप निरीक्षक आरसी यादव इस्पेक्टर शिव बालक तथा महिला कांस्टेबल पुलिस के जवानों ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा कोतवाली रुदौली से प्रारंभ होकर नबाब बाजार, कटरा, किला चौकी, संपर्क मार्ग अमानीगंज, नया गंज, शेखाना, मोहल्ला काजीपुर, डाकबंगला रुदौली, फ्लाईओवर खैरनपुर होते हुए लगभग 4 किलोमीटर की परिधि में निकालकर तिरंगा यात्रा पुनः रुदौली कोतवाली में समाप्त हुई। यह तिरंगा यात्रा डीजे के साथ निकाली गई तथा तिरंगा यात्रा के साथ–साथ डीजे के धुन पर,ऐ मेरे वतन के लोगों



तुम खूब लगा लो नारा, यह शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा, साथ ही पुलिस के अधिकारी व जवानों ने भी लगाएं वंदे मात्रम व भारत माता की जय के नारे। पूरा भारत देश 75वेंआजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हर घर तिरंगा अभियान चलया जा रहा है।

इसी क्रम में कोतवाली रुदौली से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा निकलते ही पूरी रुदौली तिरंगा व आजादी अमृत महोत्सव के रंग में भक्ति में हो गया।

तिरंगा यात्रा के शुभ अवसर पर क्षेत्राधिकारी रुदौली संदीप सिंह, कोतवाली प्रभारी शशिकांत यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आर सी यादव, प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह, उपनिरीक्षक गुलाम रसूल, उपनिरीक्षक संतोष उपाध्याय, उपनिरीक्षक फरीद खान, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल राधेश्याम सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार, सौरभ कुमार, अंचल कुमार, मनोज यादव, दयानंद यादव, संतोष कुमार, सरोज, अरविंद कुशवाहा, सुमित कुमार, बॉबी प्रतापसिंह, शरद वीर सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल रामाश्रय यादव, कांस्टेबल जीत बहादुर यादव, रामकिशन यादव,अवनीश सिंह, आशीष यादव,कमलेश यादव, अंगद, प्रेम सिंह, महिला आरक्षी पूजा दीक्षित, पायल, सरोज, पूजा यादव, सरस्वती, प्रियंका जयसवाल सहित भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी व पुलिस के जवान रहे मौजूद।

# दुर्घटना में दोना-पत्तल बनाने वाली महिला की मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या। दोना पत्तल बनाने वाली 48 वर्षीय मजदूर महिला शांति पत्नी कालीचरन निवासी कटघरा को अज्ञात बाइक सवार युवक ने कुमारगंज से बहादुरगंज संपर्क मार्ग पर टक्कर मार दी जिससे घायल महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज थाना अंतर्गत कटघरा गांव निवासिनी मजदूर महिला शांति देवी पत्नी कालीचरन बकरी चराने जा रही थी उसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक ने इतना जोरदार टक्कर मारा की वह गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं बाइक सवार युवक बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया। मौके पर पहुंचे राहगीर विपिन सिंह व सूरज कौशल ने घायल महिला के परिजनों के साथ महिला का ऑटो पर बैठा कर उपचार कराने के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए जहां पर डॉक्टर ने महिला का उपचार करते हुए हालत गंभीर बताकर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन रोते बिलखते मृतका महिला के शव को लेकर घर पहुंचे शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक महिला के परिजन मेहनत मजदूरी करने के साथ–साथ जंगलों व बागों से पत्ता तोड़कर दोना पत्तल बनाने का कार्य करते थे, और इसी कार्य से पूरे परिवार का खर्चा चल रहा था।

मृतक शांति के पति कालीचरन मेहनत मजदूरी करके किसी तरीके से 3 बच्चों में से बड़े बेटे कोमल 22 वर्ष, मोहन 17 वर्ष की शादी विवाह तो कर दिया है। लेकिन 13 वर्षीय पुत्री रूबी की शादी अभी बाकी है 13 साल की उम्र में ही बेटी रूबी के ऊपर से मां का साया हमेशा के लिए हट गया। कुमारगंज थाने के उपनिरीक्षक कमलेश साहनी से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है तहरीर जैसे दी जाएगी मुकदमा लिख कर कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

# नाव हादसे को लेकर राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ खफा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

फतेहपुर– पिछले दिनों जनपद में हुए नाव हादसे ने सब को झकझोर कर रख दिया और हर व्यक्ति सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है वहीं हादसे को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ भी काफी खफा है जिसको लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद में हुए इस हादसे ने सरकार की अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं लोगों का मानना है कि अगर सरकार द्वारा पुल का निर्माण करा दिया गया होता तो शायद यह घटना नहीं घटती नाव हादसे के 1 दिन पहले ही ओवरलोड नौका संचालन हादसे के संकेत दिए थे जब किशनपुर में एक बड़ा हादसा होते–होते टला था इसका कारण यह रहा कि पिछले करीब दस सालों से रामनगर कौहन व किशनपुर में पुल का निर्माण नहीं हो सका जिसके चलते आज यह बड़ी घटना घट गई जिसको लेकर ब्राह्मण महासंघ ने नाराजगी जताते हुए मौके पर पहुंचे मंत्री संजय निषाद को ज्ञापन सौंपा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के संगठन मंत्री मयंक मिश्रा ने मंत्री संजय निषाद को ज्ञापन सौपते हुए किशनपुर में अधूरे पड़े पुल का कार्य पूरा कराने की मांग की जिस पर मंत्री संजय निषाद ने 1 महीने के अंदर पुल का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि अगर 1 महीने के अंदर उनका कार्य पूर्ण तरीके से पूरा नहीं किया गया तो मामले में संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



# मा0 विधायक जहानाबाद श्री राजेंद्र सिंह पटेल ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के नवीन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

''आजादी का अमृत महोत्सव'' अभियान ''हर घर तिरंगा'' सप्ताह के तहत तीसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 विधायक जहानाबाद श्री राजेंद्र सिंह पटेल ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) के नवीन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। आजादी के 75वें वर्षगांठ के शुभ अवसर पर डायट सभागार में संस्कृति निदेशालय द्वारा पंजीकृत दल श्याम बिहारी गौड़ व फतेहपुर के विभिन्न स्कूलो के छात्रध्छात्राओ द्वारा देश की एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने वाले कार्यक्रमोध गीतों का प्रस्तुतिकरण किया । कार्यक्रम में रंग दे बसंती, माँ तुझे सलाम आदि करके देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने वालो कार्यक्रमो६ लोकगीतोंध्गीतों की मनमोहक प्रस्तुति कर उपस्थित बच्चों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का ह्रदय देश–प्रेम की भावना से भर कर देश के आजादी दिलाने वाले अमर वीर क्रांतिकारियो को स्मरण कराया।

मा0 विधायक जहानाबाद श्री पटेल जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश आजादी के 75 वी वर्षगाँठ को बड़े धूमधाम के साथ मना रहा है, यह देशवासियों के लिए गौरवशाली पल है। मा0 प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी देश व प्रदेश आभारी है कि पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ष्हर घर तिरंगाष फहराने का कार्य किया जा हैं। नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने व उनके प्रति सम्मान का भाव जगाने के उद्देश्य से पूरे देश में स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। देश के आजादी में जनपद फतेहपुर के वीर अमर शहीदों – जोधा सिंह अटैया, ठाकुर दरियाव सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खा, गयादीन दूबे आदि अनेको वीर ने देश को आजाद करने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। अमर शहीदों को राष्ट्रभक्ति के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना को जागृत करने का कार्य राष्ट्र कवि श्री सोहनलाल द्विवेदी जी ने कविता के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का काम किया है, को नमन करता हूं। इस अभियान को जन सहभागिता के लिए शहर से गाँव तक नुक्कड़ नाटक व तिरंगा का वितरण कर नागरिको में राष्ट्र भक्ति की भावना जगाकर हर घर तिरंगा फहराये। हम सभी संकल्प ले कि देश के संकट के समय मे हम अपनी जान तक न्यौछावर कर दे, पर देश की आनबान शान न जाने दे। मा0 प्राधानमंत्री जी श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश सेवा करने के लिए अग्निवीर योजना चलाई जो 04 वर्ष सेवा के बाद 20–22 लाख रुपए लेकर वापस आयेंगे जिससे अपना व अपने परिवार का जीवनयापन में सहायक होगी और साथ ही संकट के समय देश की रक्षा करेंगे। अंग्रेजों ने अमर शहीदों पर बहुत जुल्म किया पर देश के क्रांतिकारियो ने देश को आजाद कराकर ही दम लिया। अमर वीर क्रान्तिकारी सवारकर कालापानी की सजा काट रहे थे,तब जेल में अपने रक्त से भारत माता की जय, वंदेमातरम, आदि लिखकर देश को आजाद करने लिए जेल में रहते हुए नागरिको को संदेश दिया था। देश आजाद कराने वाले सभी अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन करता हूँ। इस अवसर पर मा0 विधायक जी ने छात्रों को तिरंगा झंडा वितरण किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा भेजी गयी एल ई डी वैन के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



इस अवसर पर परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण श्री महेंद्र प्रसाद चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री उपेंद्र राज सिंह, जिला सूचना अधिकारी आर0एस0 वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री इंद्रजीत पाल, मा0 जनप्रतिनिधियों स्कूली बच्चों, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# फतेहपुर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

•आजादी का महोत्सव कार्यक्रम हर घर तिंरंगा'

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का पर्व अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर आजादी का जश्न मनाने हेतु आह्वान किया गया। इस अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए शहर के विभिन्न मार्गों से तिरंगा रैली निकाली जा रही है । आज दिनांक 13.08.2022 को रिजर्व पुलिस लाइन फतेहपुर में हर घर तिंरगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ पुलिस अधीक्षक फतेहपुर राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उल्लेखनीयध्सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल – कूद उपकरण यथा– फुटबॉल , बैडमिंटन रैकेट , कैरमबोर्ड , टेबिल टेनिस , वॉलीबॉल व देशभक्ति की प्रेरणा देने वाली राष्ट्रीय संस्करण की पुस्तकें/कॉमिक्स बुक्स प्रदान कर कार्यक्रम में मौजूद प्रत्येक बच्चों को तिरंगा भी प्रदान किया। मौजूद बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी बच्चों को सूक्ष्म जलपान प्रदान कराया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी जाफरगंज प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा फहरा कर मनाना है आजादी का जश्न - जिलाधिकारी

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

• हर घर तिरंगा अभियान में एचआर इंटर कॉलेज में बच्चों के आयोजित प्रदर्शनी एवं राष्ट्रगान में डीएम एसपी हुए शामिल

संत कबीर नगर । आजादी के अमृत महोत्सव पर जनपद में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इसी क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने हीरालाल इण्टर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । उन्होंने बच्चों में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया । कहा कि इस सप्ताह में अपनी देश भक्ति को प्रकट करते हुए हम सभी को देश की संस्कृति को मजबूत बनाना है और घरों पर तिरंगा फहरा कर आजादी का जश्न मनाना है । डीएम एवं एसपी ने बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने और घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने हेतु प्रोत्साहित किया । हीरालाल इण्टर कॉलेज के बच्चों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अवलोकन किया । इसके साथ ही विद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रगान में भी शामिल हुए ।



## वन संरक्षक ने हरिशंकरी पौधों का किया रोपण

पवन कुमार

रुदौली–अयोध्या। पतंजलि परिवार व वन विभाग के संयुक्त नेतृत्व में हरिशंकरी पौधो का रोपण प्राथमिक विद्यालय कूड़ा सादात मे पौधे का रोपण किया गया इसमें पीपल, बरगद एवं पाकड़ तीनों पौधों को एक साथ संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह उत्तर प्रदेश सरकार व विशिष्ट अतिथि सीतांशु पांडे प्रभागीय वन अधिकारी वन प्रभाग अयोध्या वन क्षेत्राधिकारी रुदौली वीरेंद्र तिवारी के साथ पतंजलि भारत स्वाभिमान के तहसील प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से कर मुख्य अतिथि ने कहा पतंजलि परिवार निस्वार्थ सेवा भाव से विभाग के साथ जो कार्य कर रही है बहुत ही सराहनीय है पतंजलि परिवार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रुदौली वीरेंद्र तिवारी वन दरोगा नरेंद्र राव अरविंद कुमार मिश्रा हरिशंकर भगवती यादव शीतला प्रसाद रामकेवल अशोक कुमार वहीं पतंजलि परिवार से भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी पवन कुमार शर्मा पतंजलि समिति के महामंत्री राममिलन शर्मा संगठन मंत्री सुनील विश्वकर्मा किसान सेवा समिति के संगठन मंत्री अशोक विश्वकर्मा जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद विश्वकर्मा योग कक्षा संचालक शिव कुमार योगी शीतला प्रसाद योगी व समर्पण उत्थान सोसाइटी के उपाध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा अजय पाल रामराज आदि लोग उपस्थित रहे।



## शारदा सहायक नहर में उतराता मिला महिला का शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के शारदा सहायक नहर में एक महिला का शव उतराता हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची रौनाही पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नहर से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार दोपहर बाद नहर में एक बहती लाश देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँची पुलिस ने लाश निकलवा कर पहचान कराई तो महिला की पहचान रुदौली कोतवाली के पूरे खान निवासी परमीन पत्नी सईद उम्र लगभग 48वर्ष के रूप में हुई। मृतक महिला का मायका सुचितागंज बताया जा रहा है। परिवार वालो के अनुसार मृतक महिला की मानसिक स्थित ठीक नहीं थी। शुक्रवार सुबह 8 बजे घर से गायब हो गई थी। इस संबंध में पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि परिवार वालों को सूचना कर दी गई है शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## आजादी का महोत्सव कार्यक्रम हर घर तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का पर्व अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर आजादी का जश्न मनाने हेतु आह्वान किया गया।

इस अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए शहर के विभिन्न मार्गों से तिरंगा रैली निकाली जा रही है । आज दिनांक 13.08.2022 को रिजर्व पुलिस लाइन फतेहपुर में हर घर तिंरगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उल्लेखनीय/सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल – कूद उपकरण यथा– फुटबॉल , बैडमिंटन रैकेट , कैरमबोर्ड , टेबिल टेनिस , वॉलीबॉल व देशभक्ति की प्रेरणा देने वाली राष्ट्रीय संस्करण की पुस्तकेंध्कॉमिक्स बुक्स प्रदान कर कार्यक्रम में मौजूद प्रत्येक बच्चों को तिरंगा भी प्रदान किया। मौजूद बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी बच्चों को सूक्ष्म जलपान प्रदान कराया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी जाफरगंज प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधि0६ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

–आजादी के अमृत महोत्सव पर पुलिस लाइन में हुआ सांस्कृतिक वीर रस संध्या का आयोजन

संत कबीर नगर । आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के सराहनीय कार्य करने वाले मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक वीर रस संध्या का आयोजन हुआ । इसमें पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों द्वारा प्रतिभाग करते हुए विभिन्न देशभक्ति गानों पर गायन , वादन और नाट्य प्रस्तुत किया गया । पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम से पुलिस अधीक्षक काफी प्रसन्न नजर आए । उन्होंने बच्चों को खेल–कूद के सामान जैसे फुटबाल , बैडमिंटन रैकेट , कैरम बोर्ड , टेबल–टेनिस , बालीबाल और देशभक्ति की प्रेरणा देने वाली राष्ट्रीय संस्करण की पुस्तकें तथा कॉमिक्स बुक्स इत्यादि प्रदान किया । इसके अलावा सभी बच्चों को तिरंगा भी प्रदान किया । तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया । एसपी सोनम कुमार ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का मूलमंत्र भी दिया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव , क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र , क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीश सिंह भदौरिया , क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश , प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर , प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक अजय कुमार सिंह , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायन प्रसाद , प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव समेत पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



# संक्षिप्त समाचार

## अमृत महोत्सव के जरिए शहीदों को दिया जा रहा सम्मान : रामप्रकाश द्विवेदी

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थिति जेपी इण्टर कालेज में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत छात्रों को हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दी गयी। लोकतंत्र रक्षक रामप्रकाष द्विवेदी ने कहा कि हमें देष के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों को हमेषा याद रखना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। अंग्रेजों से देष को आजादी दिलाने के लिए कुर्बानी देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादें लोगों के दिलों में बनाए रखने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रह है। प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा ने कहा कि इस शैक्षिक संस्थान में एक सप्ताह का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके तहत पहले दिन पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने छात्रों के बीच में आकर विचार व्यक्त किए थे। इसके बाद दूसरे दिन भाजपा नेता जगदीष गौतम ने छात्रों को सम्बोधित किया था। आगामी 17 अगस्त तक निरंतर क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों को छात्रों को सम्बोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



## डीएम व एसपी ने थाना दिवस पर सुनी जन समस्याएं

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना मानिकपुर में थाना दिवस किया गया। उन्होंने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। उप जिलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष से कहा कि आज दो शिकायतें जो रास्ता रोकने की प्राप्त हुई है, उन्हें तत्काल राजस्व पुलिस की टीम आज ही मौके पर निस्तारण कराकर अवगत कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने थाना समाधान रजिस्टर का अवलोकन करके समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता को देखा।
थाना समाधान दिवस मे उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर गिरेन्द्र सिंह, लेखपाल, कानूनगो व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान प्रदीप पाण्डेय के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत झंडा वितरित किया गया

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़। पट्टी तहसील के ग्राम सभा गधियावां में प्रधान प्रदीप पाण्डेय के द्वारा ग्राम सभा गधियावां मे हर घर तिरंगा वितरण करके आजादी का अमृत महोत्सव तिरंगा झंडा बांटकर मनाया, प्रधान प्रदीप पाण्डेय ने बताया कि हम लोग आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे है, हर घर मे तिरंगा व राष्ट्र प्रेम भावना का विस्तार करना हमारा धर्म है, जिसके प्रति जन सेवा में हम समर्पित हैं।इस अवसर पर जितेंद्र कुमार पाण्डेय, पुष्पेंद्र पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय(मास्टर), उमानाथ पाण्डेय(सोनू), पंकज पाण्डेय(दादा)आदि लोग मौजूद रहे।।



## इंस्पेक्टर गुरुबख्शगंज ने पेड़ लगाकर दिया प्रकृति को संरक्षित करने का सदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य
सहजौरा,रायबरेली। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सीएमपीएस स्कूल सहजौरा के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा सहजौरा गांव के विभिन्न रास्तों से गुजरती हुई पुनः स्कूल आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ यात्रा संपन्न की। छात्रों एवं छात्राओं के उद्घोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा। यात्रा के दौरान स्कूल के अध्यापकों, संरक्षकों के साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्कूल की तरफ से तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामीणों को राष्ट्र ध्वज प्रदान किया गया, एवं हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया गया। तिरंगा यात्रा संपन्न होने के बाद पंडित श्रीधर त्रिपाठी ने स्कूल प्रांगण में बच्चों को अमृत महोत्सव के विषय में बताते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र के त्याग, बलिदान, समर्पण, आपसी भाईचारा एवं सतत समृद्धि और विकास का सूचक है। यह हमारा गौरव है, हमें इसकी निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रुप में पधारे गुरबक्शगंज थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार राय ने अमृत महोत्सव के विषय में बताते हुए संविधान की जानकारी दी, एवं बच्चों को बताया कि हमारा संविधान सभी भारतवासियों को एक समान जीने का अधिकार देता है। हमें संविधान को सर्वोपरि मानते हुए देश को उन्नति की ओर ले जाने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र बाजपेई ने बताया कि राष्ट्रभक्त पिंगली वेंकैया ने सन 1921 में तिरंगे का निर्माण किया था। जो आज हमारे देश के आन–बान और शान का प्रतीक है। विद्यालय संरक्षक अवधेश द्विवेदी ने तिरंगे के रंगों के विषय में बताते हुए कहा कि इसमें तीन रंग होते हैं। सबसे ऊपर केसरिया रंग जो त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है, मध्य में स्थित सफेद रंग शांति एकता एवं सच्चाई को दर्शाता है। जबकि सबसे नीचे स्थित गहरे हरे रंग की पट्टी हमें विश्वास एवं उर्वरता का संदेश देती है। संरक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मध्य पट्टी में स्थित चक्र देश एवं समाज के विकास के प्रति देशवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाता रहता है। संगोष्ठी में उपस्थित नीलू सिंह ने सभी लोगों को तिरंगा देकर उनका सम्मान किया। संगोष्ठी समापन के बाद गुरबख्शगंज इंस्पेक्टर बृजेश कुमार राय ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण करके प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से आयुष्मान सिंह, रॉकी सिंह, सुरेश सिंह, अनूप बाजपेई, अमित सिंह, सोनू सिंह, अनिल, श्रीधर त्रिपाठी, नीलू सिंह, पिंटू सिंह, अनीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सोनी मिश्रा, सुप्रिया सहित सैकड़ों बच्चे एवं अभिभावक शामिल रहे।



## समूह की महिलाओं ने तिरंगा यात्रा के साथ मनाया अमृत महोत्सव

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज, रायबरेली । महराजगंज क्षेत्र के कुसमहुरा ग्राम सभा में सोच महिला ग्राम संगठन के महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अंतर्गत चल रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं और बहनों ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमें बैंक सखी सत्यभामा व समूह सखी राम लली द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन संगठन के अंतर्गत आने वाली महिलाओं ने भरपूर सहयोग दिया। सोच महिला ग्रामीण संगठन की महिलाओं ने रसोई वाटिका,वृक्षारोपण एवं तिरंगा लहराते हुए अमृत महोत्सव को मनाया। सत्यभामा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाली माताएं बहने समूह सदस्य शांति,पुष्पा, अनीता, गीता, गरिमा, गीता,सरोजिनी, देवकली,लक्ष्मी व ग्राम सभा की अन्य महिलाएं भी मौजूद रही।



# घर-घर तिरंगा लगाकर राष्ट्र ध्वज का सम्मान : डीएम

चित्रकूट। भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे जिले में हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा लगाए जाने का अभियान जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पटेल तिराहा से लेकर कलेक्ट्रेट और ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग तक मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। इसके बाद सांसद आरके सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में तिरंगा यात्रा पूरे शहर में निकाली गई। जिसकी शुरुआत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर पटेल तिराहा से तिरंगा रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे देश में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न का माहौल है और घर–घर तिरंगा लगाकर अपने राष्ट्र ध्वज का सम्मान किया जा रहा है। हमारे जनपद में भी हर घर तिरंगा लगाया जा रहा है। विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज भी जिला विद्यालय निरीक्षक के संयोजन में पूरे शहर में मानव श्रृंखला बनाई गई और सांसद की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकालकर नगर वासियों, जनपद वासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय तिरंगा हमारे मान स्वाभिमान का प्रतीक है, यह तिरंगा हर एक भारतीय की आन बान शान है।

इस धरोहर को और आजादी के वीर सपूतों के बलिदान को हम सबको याद रखना होगा। राष्ट्रीय एकता की मजबूती के लिए हम सब एकजुट हो, अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने देश के महान स्वाभिमान को सदैव ऊंचा बनाने के लिए काम करें। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, एनसीसी के जवानों को बधाई दी, पूरे शहर में झंडा ऊंचा रहे हमारा विजई विश्व तिरंगा प्यारा जैसे राष्ट्रीय एकता गीत तिरंगा की शान को बढ़ाने वाले गीत गूंजते रहे। तिरंगा यात्रा में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के एनसीसी जवान घोष दल के साथ शामिल रहे। इसके अलावा सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, महात्मा गांधी के रूप में झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिलाधिकारी ने इन वीर सपूतों के प्रति छात्रों को माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी रामअचल कुरील, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, स्वच्छता समन्वयक शिवाकुमार, सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार शुक्ला, लालमन, शंकर प्रसाद यादव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राज कुमार त्रिपाठी, इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, काजल तिवारी, पार्वती पांडेय, माया प्रजापति आदि शामिल रहे।

# आजादी का अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीआईएस ने निकाली प्रभातफेरी

रिपोर्ट परमिंदर सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम सहारनपुर। उत्तर प्रदेश आपको बता दें कि दिनांक 13 अगस्त 2022 को चौंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज ने 75 वे आजादी का अमृत महोत्सव में ऋष्हर घर तिरंगा अभियानष्ऋ के तहत अध्यक्ष श्री रविंद्र मिगलानी जी की अध्यक्षता में दीवानी कचहरी से कलेक्ट्रेट, सहारनपुर तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त उद्योग श्री सिद्धार्थ यादव जी द्वारा भाग लिया गया। हाथों में तिरंगा लहराते सीआईएस के सदस्यों को देखा आमजन में जागी राष्ट्रभक्ति।इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष श्री रविंद्र मिगलानी जी ने सर्वप्रथम प्रभात फेरी में सम्मिलित मुख्य अतिथि एवं सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। आपने सभी उद्यमी भाइयों से अपील की की सभी अपनी औद्योगिक इकाई व प्रतिष्ठानों पर एवं घरों में राष्ट्रीय तिरंगा फहराए और अपने यहां नियोजित कर्मचारियों को भी झंडा फहराने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि राष्ट्रीय तिरंगा हमारा अभिमान है, पहचान है यह झंडा हमारे सम्मान का प्रतीक है, इसका अपमान ना करें यह हमारी आन है, बान है और शान है। आजादी को पाने के लिए हमारे शहीदों ने जो बलिदि दया है, आज हम उनको नमन करते हैं, उनकी वजह से ही हम आज खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। जिस तरह से हम होली, दिवाली व ईद मनाते हैं आदि त्योहारों पर डीएलएडी आदि से अपने घरों को सजाते हैं उसी प्रकार पूरे सप्ताह तक यह राष्ट्रीय त्योहार मनाए। दिनांक 17 अगस्त 2022 के पश्चात झंडे को सह सम्मान तय करके अपने पास सुरक्षित रख ले ताकि भविष्य में आगे काम आ सके। साथ ही कहा कि दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण समारोह किया जिसमें आप सभी सदस्यगण सादर आमंत्रित हैं।उपायुक्त उद्योग श्री सिद्धार्थ यादव जी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा का जो आयोजन किया जा रहा है उसी क्रम में आपकी संस्था द्वारा जो प्रभातफेरी का कार्यक्रम किया जा रहा है मैं मुझे आमंत्रित किया गया उसके लिए मैं सीआईएस के सभी उद्यमी बंधुओं का धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देता हूं। आपने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी उद्यमी अपने परिसर में घर पर झंडा अवश्य



लगाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार एच.एस.चड्ढा, महासचिव श्री मनजीत सिंह अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्री घनश्याम माहेश्वरी, उपाध्यक्ष श्री अमर गुप्ता, श्री नीरज माहेश्वरी व श्री रम्मी धवन आदि ने भी अपने–अपने विचार रखे।'
प्रभात फेरी में अमित चौधरी, गौरव जैन, संजय गुप्ता, दिनेश माहेश्वरी, गौरव गाबा, अनुभव शर्मा प्रतीक मिगलानी, योगेश कुमार सुनील कुमार अरोड़ा, सरदार मनमोहन सिंह, कमलेश अग्रवाल, सुशील मदान, विजय मदान, रविंद्र कालरा, शरद भार्गव। एमपी सिंह बोपाराए विजय वशिष्ठ, सुरेश बजाज, विजय मदान, निखिल अरोड़ा, मुकेश दत्ता, संजय अरोड़ा, प्रवीण गाबा, गुलशन क्वात्रा, अनमोल मल्होत्रा वैभव कुकरेजा सतेन्द्र अरोड़ा, सुनील सूरी, अखिल अरोड़ा, प्रवीण आहूजा, सीए गौरव बेदी, अभय गौरव सिंघल, गौतम शंकर सिंघल, रवि टंडन, रजत टंडन, इलम चंद, वेद प्रकाश मिश्रा, डॉ ओमकार सिंह, संजय अरोड़ा, त्रिभुवन पाल, विजय बत्रा, प्रदीप ठाकुर, अश्वनी गर्ग, रजत गोयल, एस एम पिल्लई, सीए सिद्धार्थ बंसल, अमित गोयल, आर के गुप्ता, तेजिंदर सिंह, राघव अरोड़ा, सन्नी, शिवम वर्मा, अमित बत्रा एचएस गोगिया, राकेश कातियाल, जगदीश छाबड़ा आदि सदस्यों सहित लगभग डेढ़ सौ से अधिक उद्यमी सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

# ऊँचाहार विधानसभा में कांग्रेस द्वारा महगांई एवं बेरोजगारी के खिलाफ आजादी गौरव पद यात्रा रामनगर से हुई शुरु

रायबरेली। ऊँचाहार विधानसभा में कांग्रेस द्वारा महगांई एवं बेरोजगारी के खिलाफ आजादी गौरव पद यात्रा रामनगर से हुई शुरू, आज दिनांक 13 अगस्त 2022 को कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ महंगाई हटाओ–आजादी गौरव पद यात्रा ऊँचाहार विधानसभा के रामनगर से प्रारंभ होकर झरहा,बरई,पूरे बखत से होते हुए पूरे लायक सिंह में समाप्त हुई।इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि देश की जनता अधिक महगांई व बेरोजगारी से त्रस्त है।पूरे देश मे महगांई व बेरोजगारी चरम सीमा पर है।पदयात्रा में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी महेश चंद्र शर्मा,वरिष्ठ नेता डी0एन0पाठक ,ब्लाक अध्यक्ष दल बहादुर सिंह,आलोक विक्रम यादव,मोहम्मद फारूकी,अरुणेश सिंह,विवेक सिंह,भिखारी मिश्रा, भोला साहू, मोहम्मद मोवीन,वीरेन्द्र साहू,मोहम्मद अकबर खान,रमेश यादव,प्रदीप अग्निहोत्री, सुषमा सिंह,आशु सिंह,गोलू सिंह,गुड्डू बृजवासी, अनुराग गुप्ता,भानु सिंह,रामदेव साहू,सूरज कुमार,बबलू,नीरज कुमार,राधेश्याम यादव,रहीमुद्दीन आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।



# राष्ट्रवाद की भावना से अपने उत्तरदायित्व के प्रति सजग है केडीसी : मेजर डॉ. एस. पी. सिंह



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार पोरवाल कैसरगंज,बहराइच। किसान पी.जी. कॉलेज, बहराइच की स्थापना महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर हुकुम सिंह बिसेन द्वारा 1960 में की गई थी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय ने राष्ट्रवाद की भावना के प्रचार–प्रसार के लिए अपने छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया है तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हमारे महाविद्यालय में लगातार होता रहा है जिससे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से सभी प्रेरणा प्राप्त कर सकें। हम आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर करने के लिए सजग हैं। हमारे छात्र –छात्राएं और शिक्षक इस दिशा में अपनी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते रहे हैं। बहराइच अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है। इसलिए हम अपनी जिम्मेदारी को पूरी सतर्कता और क्षमता के साथ निभाने के लिए तत्पर है। ये विचार महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एस.पी. सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत महाविद्यालय के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर हुकुम सिंह बिसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए व्यक्त किए।
इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य राकेश प्रताप सिंह , एडवोकेट कैसरगंज के ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, जी.बी. हॉस्पिटल कैसरगंज के डायरेक्टर डॉ. अरविंद कुमार सिंह बिसेन, बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अजय त्रिपाठी, अमित सिंह राठौर मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह व धर्मवीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# लोक अदालत में हुए 83897 वादों के निस्तारण

चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देष पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 83897 मुकदमों का निस्तारण किया गया।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होंनें सभी लोगों से अपने घरों पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फ्लैग कोड का पालन करते हुए तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वादकारियों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ पौधों का वितरण किया गया। प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि जनपद न्यायालय में आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान बीती 13 अगस्त से आगामी 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 1684 वादों का निस्तारण न्यायिक अधिकारियों द्वारा किया गया तथा 82213 मामलों का निस्तारण राजस्व व अन्य विभागों द्वारा किया गया। इस प्रकार कुल 83897 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंक ऋण सम्बंधी मामलों में आठ करोड दस लाख जमा कराए जाने पर पक्षकारों के साथ सहमति बने। इसके अलावा कुछ मामले अर्थ दण्ड से निस्तारित किए गए ओर कुछ लोगों को उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। इस दौरान कोविड टीकाकरण कैम्प भी लगाया गया। जिसमें बड़े तादात में लोगों ने इसका लाभ उठाया।
इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठाषीन अधिकारी दिनेषचन्द्र, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीष रामकृपाल, अपर जिला जज रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव,



एससीएसटी एक्ट कोर्ट के स्पेषल जज दीप नारायण तिवारी, विषेष न्यायाधीष पाक्सो एक्ट संजय के लाल, एफटीसी अपर जिला जज विनीत नारायण पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सिविल जज सीडि सुषील कुमार वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट वसुंधरा शर्मा व संघमित्रा समेत सम्बन्धित न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिजिटल सेवा केंद्र संचालको द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई बाइक रैली

चित्रकूट। मंत्री उच्च शिक्षा सूचना प्रोद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन योगेन्द्र उपाध्याय ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में व मुख्यमंत्री के दिशानिर्देशन में प्रदेश भर में महाभियान के तौर पर चल रहे "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में संचालित (कॉमन सर्विस सेन्टर) संचालकों से अपील की है। इस अवसर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप मे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए शनिवार को जनपद चित्रकूट के कींत सेवा केंद्र से बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सी. एस. सी. जिला समन्वयक बदरुद्दीन खान व जिला प्रबन्धक अतुल कुमार द्वारा संचालित किया गया। बाइक रैली को अरुण कुमार तिवारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी चित्रकूट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली में समस्त संचालको ने प्रतिभाग किया। बाइक रैली शहर के सभी क्षेत्रों से होकर पांडेय कॉलोनी में जाकर समाप्त हुई। साथ ही सभी सीएससी केंद्र संचालकों द्वारा अपने आस पास के घरों नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने को प्रोत्साहित करने के साथ ही राष्ट्रीय तिरंगा भी भेंट किया गया। साथ ही अग्रिम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर "हमारी सीएससी स्वच्छ सीएससी" के विजन के तहत जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें मुख्यतः सीएससी केंद्र समेत आस पास की सफाई, पौधारोपण, ध्वजा रोहण, प्रभातफेरी, सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन, चित्रकला, वाद– विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूशन आदि प्रमुख हैं। बाइक रैली में हेमेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, जय प्रकाश, धर्मेश कुशवाहा,अमित मिश्रा, विपिन कुमार, जगतपाल आदि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वाधीनता दिवस पर किया आजादी के वीर सपूतों को याद

चित्रकूट। आजादी की 75वीं वर्षगांव के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा का कार्यक्रम विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत ऐंचवारा में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा, उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में त्यागी इंटर कालेज प्रबंधक बुआराम शुक्ला व प्रधान सुनील शुक्ला की अगुवाई में कालेज परिसर से बैंडबाजो के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।
तिरंगा यात्रा में गांव के सभी मजरों के स्कूलों के बच्चे व शिक्षकों समेत हजारों की तादाद में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान निकाली गई तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयकारों के साथ वंदे मातरम की गूंज रही। गांव भ्रमण के बाद तिरंगा यात्रा का समापन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व रामशरण गर्ग की समाधि स्थल पर हुआ। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के महोत्सव को त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रो व ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य लगभग पूरा हो गया है। बचे घरों में तिरंगा फहराए जा रहे है। स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वाधीनता दिवस पर आजादी के वीर सपूतों को याद किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम से हर घर में फहरा रहा तिरंगा राष्ट्र प्रेम को जागृत कर रहा है। हर किसी को अपने देश की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए। प्रधान ने बताया कि गांव में दस टोलियां लगातार घरों में तिरंगा फहरा रही है। इस मौके पर शिक्षक बालेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्र, अनामिका गुप्ता, पुष्पराज सिंह, पूर्व प्रधान नंदकिशोर तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला, अवधेश शुक्ला, श्रीनिवास शुक्ला, रामकिंकर गौतम, भइयालाल पाल, सुनील तिवारी, आदित्य उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष पांडेय, भोला प्रसाद शुक्ला, रमाशंकर द्विवेदी, देवेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट जिले की पहाड़ी नगर के द्वारा स्व रघुवीर प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। पहाड़ी नगर के नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गौरव का विषय है कि आज भारत अपनी स्वाधीनता के 75 वर्ष बना रहा है। भारत माता को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए लाखों लाख अधिकारियों ने अपना बलिदान दिया, कोई कैसे मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजा, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को भूल सकता है। हम सबको ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में भागीदारी निभाना चाहिए। इस अवसर पर छात्र प्रमुख जान्हवी अवस्थी ने कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं का भी अतुलनीय योगदान रहा है। झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, दुर्गा भाभी जैसी बहुत सी महिलाओं ने स्वाधीनता संघर्ष में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, विभाग संयोजक पुष्पेंद्र गर्ग, प्रधानाचार्य वंदना कुमारी, जिला संयोजक रोहित पाण्डेय, जिला सह संयोजक रोहन शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक तेज प्रकाश, नितेश त्रिपाठी धीरज पांडेय, शशांक बघेल, हिमांशु मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

## दिव्य चिकित्सा भवन में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

चित्रकूट। धन्वन्तरि पीठ आयुषग्राम (ट्रस्ट) चित्रकूट के संस्थापक आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पाक्षिक निःशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रंखला के अंतर्गत 13 अगस्त को आयुषग्राम (ट्रस्ट) की मातृ संस्था दिव्य चिकित्सा भवन, पनगरा, बांदा में एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के पूजन साथ हुआ। शिविर में पैरालिसिस (2 रोगी), खांसी (10), बुखार (90), खुजली (20), वात रोग (20), फाइलेरिया (2) सहित किडनी, हार्ट, श्वास, ब्लडप्रेशर, रीढ़, उदर रोग, शुगर, मोटापा, बच्चों एवं महिलाओं से संबन्धित रोगों के लगभग 200 से अधिक स्त्री–पुरुष एवं बाल रोगियों का उपचार किया गया। शिविर का समापन सायं 4 बजे हुआ। शिविर में सहायक प्रो (डॉ) अर्चना वाजपेयी के नेतृत्व में डॉ वेद प्रताप वाजपेयी एवं आयुषग्राम ट्रस्ट, चित्रकूट के फार्मसिस्टो एवं परिचारिकाओं की टीम ने उत्साहपूर्वक सेवाएँ दीं जिसमें श्री राघवेंद्र सिंह, आशीष कुमार, श्री सीता शरण यादव, श्री रामकृष्ण मिश्रा, कु. दीपिका गुप्ता, कु. कल्पना श्री महेश तिवारी, श्री राहुल कुमार, श्री रवि तिवारी, श्री शंकर की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## भारतीय स्टेट बैंक ने न्यायालय परिसर में लगवाया वाटर कूलर

चित्रकूट। जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व वादकारियों के लिए स्वच्छ एवं निर्मल जल की उपलब्धता के लिए आरओ/यूवी वाटर कूलर का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक मनोज कुमार के साथ किया। उन्होंने कहा कि इससे न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध होगा।
इस दौरान बैंक शखा प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ऐसे कार्यक्रम नियमित अंतराल पर किये जाते है, जिससे आम जनमानस को इनका



लाभ मिल सके। पूर्व में भम्भई गांव में हुई चौपल में बैंक की ओर से बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया था। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेष तिवारी, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र उपाध्याय, धर्मेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जिसके भी मवेशी छुट्टा घूमते मिलें, उसके खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई



मऊ, चित्रकूट। उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने शनिवार को मऊ और रामनगर ब्लॉक की संयुक्त बैठक की। इसमें उन्होंने अन्ना मवेशियों को लेकर किसानों को हो रही दिक्कतों पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया कि दो दिन के बाद जिसके भी मवेशी छुट्टा घूमते मिलें, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।
एसडीएम ने इस संबंध में प्रधानों और सचिवों को सख्त निर्देश दिए कि गांवों में डुग्गी पिटवाकर इस संबंध में आगाह कर दिया जाए कि जिसके जानवर हों, वे घरों में बांध लें नहीं तो दो दिन बाद जिसके जानवर छुट्टा मिलेंगे, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर बैठे मवेशियों को गौशाला में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए।
कहा कि सड़क पर मवेशी पाए गए तो प्रधान और सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गौशालाओं पर भूसा–चारे की उपलब्धता के संबंध में भी निर्देश दिए। एसडीएम को प्रधानों ने भी अपनी समस्याएं बताईं। एसडीएम ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मऊ, रामनगर और थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, एडीओ पंचायत आशुतोष आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जोनल पार्क में होगा राष्ट्र को समर्पित कवि सम्मेलन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत समरसता एवं योग को समर्पित मॉर्निंग वॉकर्स का संगठन जोनल पार्क मित्र मंडल आजादी की पूर्व संध्या 14 अगस्त रविवार को शाम 5रू00 बजे से जोनल पार्क में देश के शहीदों की याद में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। जिसमे नामचीन साहित्यकार डॉ मधुरिमा शर्मा, रजनीकांत लवानिया, दिनेश अगरिया ,प्रकाश गुप्ता बेबाक, राकेश निर्मल ,मोहित सक्सेना और श्रद्धा भारद्वाज आदि अपनी रचनाओं से राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत काव्य धारा बहाएंगे। कार्यक्रम श्रंखला के संयोजक लाल सिंह धाकरे ने बताया कि साहित्य के प्रति समाज में जागरण चेतना और युवाओं में देश भावना बढ़ाने हेतु इस साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति जोनल पार्क मित्र मंडल के सभी मॉर्निंग वॉकर्स ने जनता से इस कार्यक्रम में आने की अपील की है।

## पुलिस मॉर्डन के छात्र-छात्राओं को तिरंगा झंडा के महत्व आदि के सम्बन्ध दी जानकारी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। वामासारथी अध्यक्षा जनपद आगरा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में पुलिस मॉर्डन के छात्र–छात्राओं को स्वतन्त्रता दिवस, तिरंगा झंडा के महत्व आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं मेधावी बच्चों को पुरुस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया, स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को वामासारथी उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन जनपद आगरा की अध्यक्षा ''श्रीमती प्रियंका सिंह'' धर्मपत्नी श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा पुलिस मॉर्डन स्कूल के बच्चों को भारत की आजादी स्वतंत्रता दिवस, तिरंगा झंडा के महत्व आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। बच्चों को तिरंगा झंडा प्रदान करते हुए मेधावी 75 बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी, क्षेत्राधिकारी छत्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## जीआरपी पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व तिरंगा देकर किया पुरस्कृत

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जीआरपी पुलिस लाइन आगरा के सभागार में पुलिस परिवार के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, तिरंगा झण्डा व पुरुष्कार आदि वितरित कर वीर रस संध्या का आयोजन कर जलपान कराया गया, छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति पर आधारित कविता गायन कर राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत की गई। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगाँठ पर देशभर में मनाये जा रहे ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम में 13 अगस्त को जीआरपी पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस परिवार के मेधावी छात्र छात्राओं एवं उनके परिजनों को जीआरपी पुलिस लाइन आगरा के सभागार में प्रशस्ति पत्र, पुरुष्कार, तिरंगा झण्डा, राष्ट्रीय संस्करण की पुस्तकें आदि भेंट कर वीर रस संख्या का आयोजन किया गया। मौजूद मेधावी छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति कविताएं एवं गीत गाकर राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत की गयी तत्पश्चात सभी को जलपान कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया ।



## आगरा कॉलेज के एनएसएस इकाइयों ने तिरंगा रैली का आयोजन किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आगरा कॉलेज के एनएसएस इकाइयों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व कॉलेज के समन्वयक डॉ आनंद पण्डे किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर सेंट जोन्स चौराहा तक पहुंची और उसके बाद कॉलेज परिसर प ़आकर समाप्त हुई। रैली में स्वयंसेवक भारत माता की जय, वंदेमातरम आदि देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या मान, डॉ चंद्रवीर सिंह, डॉ श्याम गोविन्द सहित छात्र छात्राओ ने भाग लिया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनजागृति कर घर-घर बांटा तिरंगा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने देहतोरा क्षेत्र के हर घर में पश्चिम पुरी तक जनजागृति कर लोगों को तिरंगा वितरण



किया व अमृत महोत्सव के तहत लोगों को घर–घर तिरंगा लगाने से भारत माता के जयकारों संग लोग भी भारत माता के जयकारे लगाने लगे। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया अमृत महोत्सव के उपरान्त झंडे को सम्भालकर रखने व अन्य अवसर पर प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक से बताया तिरंगा वितरण का महत्त्व

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आगरा किराना कलर एंड केमिकल मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से रावतपाड़ा स्थित तिवारी गली पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं झंडा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि रमनलाल गोयल और पार्षद वर्षा शर्मा ने कार्यक्रम का भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन चंद्र अग्रवाल ने बताया कि हमारे तिरंगे की अभिकल्पना पिंगली वैंकया की जिसे भारतीय संविधान सभा ने 22 जुलाई 1947 को अपनाया जिसके बाद अगस्त 1947 को तिरंगा झंडा फहराया गया।



महामंत्री अतुल बंसल ने कहा कि फिल्म थियेटर क्रियेशन ग्रुप के कलाकारों द्वारा ये गुलिस्ता हमारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आजादी और झंडा वितरण का महत्व बताया। रावतपाड़ा के सभी व्यपारियो को विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल के नेतृत्व में झंडा वितरण किया गया। मंच संचालन रमेश कल्याणी ने किया। धन्यबाद राकेश चतुर्वेदी ने दिया। इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल, अरुण जैन, पवन माहेश्वरी, संजय बंसल, मनीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, कमल मतलानी, मनीष जैन, प्रदीप जैन आदि मौजूद रहे।

# धर्म में बाधक है मन की शंका: डा.मणिभद्र महाराज

- महावीरभवन, जैन स्थानक में हो रहा जैन मुनियों का वर्षावास

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। नेपाल केसरी व मानव मिलन संगठन के संस्थापक डा. मणिभद्र महाराज ने कहा है कि जिस व्यक्ति का मन निर्मल, पवित्र और दृढ़ संकल्पशील हो, वही धर्म के मार्ग पर चल सकता है। शंकालु व्यक्ति धर्म के पथ का अनुगामी हो ही नहीं सकता। राजामंडी के महावीर भवन, जैन स्थानक में जैन मुनि डा.मणिभद्र महाराज ने व्यक्ति नियम, संयम पर विस्तृत प्रवचन दिए। कहा कि शंकालु व्यक्ति के विचार मन को हमेशा भटकाते रहेंगे। वह सोचेगा कि आत्मा है या नहीं। परलोक होता है या नहीं। एसा व्यक्ति हमेशा भटकता ही रहेगा, जबकि उसे यह पता होना चाहिए कि आत्मा के बिना शरीर का कोई मूल्य नहीं है। आत्मा के निकलते ही 48 मिनट बाद शरीर में दुर्गंध आने लगती है। जब तक शरीर में आत्मा रहती है, तब तक शरीर



सुरक्षित रहता है। इसलिए धार्मिक व्यक्तियों का कर्तव्य है कि वह आत्मा को मोक्ष तक ले जाएं। मिथ्यावादियों की प्रशंसा न करने का भी आह्वान जैन मुनि ने किया। उनका कहना था कि इससे उनके मिथ्यावाद को बल मिलता है और वे गलत मार्ग पर चलते हैं। उनकी संगत भी बुरी होती है। महाराज श्री ने कहा कि पक्षी, ब्राह्मण, साधु और श्रावक के दो जन्म होते हैं। पक्षी जब गर्भ में होता है तब पहला और अंडे से निकलता है तब उसका दूसरा जन्म कहलाता है। ब्राह्मण जब जनेऊ धारण करके अपने जीवन के लिए नए संकल्प लेते हैं, तब वह उनका द्वितीय जन्म माना जाता है। जब जैन व्यक्ति नए जीवन के लिए संकल्प से बंधता व साधु जब दीक्षा लेते हैं तो वह भी उनका दूसरा जन्म कहलाता है। यह भी कहा जा सकता है, जब व्यक्ति के ज्ञान के चक्षु खुलते हैं तो वह दूसरा जन्म होता है। जैन मुनि ने कहा कि हीरे की परख जौहरी को होती है। यदि भिखारी के हाथ में हीरा लग जाए तो उसके लिए तो वह सामान्य पत्थर ही है। इसी प्रकार यदि अच्छे साधु का सानिध्य मिल जाए और हम उनसे गुण ग्रहण नहीं कर पाए तो भी हमारा जीवन निरर्थक है। यदि हमारी श्रद्धा कमजोर है तो हम साधु, संतों के सानिध्य का लाभ नहीं उठा सकते। उनके सत्संग से ही अज्ञान का परदा हट सकता है। इससे पूर्व स्वाध्याय प्रेमी विराग मुनि ने प्रवचन दिए और कहा कि सत्संग को सुन कर उसे आचरण में लाना होगा। तभी उसका जीवन पर प्रभाव होगा और जीवन महान व पवित्र बनेगा।

इस चातुर्मास पर्व में नेपाल से आए डॉक्टर मणिभद्र के सांसारिक भाई पदम सुवेदी का तेहरवें दिन का उपवास जारी है। आयंबिल की तपस्या की लड़ी बालकिशन जैन लोहामंडी एवम दिनेश दुग्गर गांधी नगर ने आगे बढ़ाई। शनिवार के नवकार मंत्र के जाप का लाभ सुनीता जैन परिवार ने लिया।

# आओ पुरखों की याद में दीप जलाएं

- 14 अगस्त 1947 की काली रात को लाखों ने झेला था बंटवारे का दंश, सिंधियों व पंजाबियों को देना पड़ा था बलिदान, कर दिए गए दर–बदल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। 1947 की वह काली रात जो सिंधियों और पंजाबियों पर कहर बनकर टूटी थी। उसका दर्द आज भी सिंधियों और पंजाबियों के दिलों में आज भी कायम हैं। जिन पुरखों ने बंटवारे के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था, उन्हें कल (आज) समाज मोमबत्तियां जलाकर नमन करेगा। उनके बलिदान को याद करेगा, जिसकी वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। वर्ष 1947 लाखों लोगों को रातों–रात दर–बदर कर दिया गया था। माताओं ने अपने लालो को खोया, बहनों ने अपने भाइयों को खोया। खूली संघर्ष में मासूम बच्चों को भालो की नोक पर उछाला गया। माताओं–बहनों की इज्जत लूट ली गई। लाखों लोगों के शवों को अग्नि देने वाला भी कोई नहीं मिला। सिंधी और पंजाबी समाज उन्हें नमन करने के लिए कल (आज) अपने घरों और प्रतिष्ठान्नों पर मोमबत्तियां जलाएगा। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी के अनुसार पुरखों का बलिदान सिंधी समाज हमेशा याद रखेगा। करीब 10 लाख से भी ज्यादा भाई बहन शहीद हुए थे। उन्होंने अपील की कि समाज के लोग अपने घरों पर तिरंगा जरूर लहराएं। पंजाबी महासभा के अध्यक्ष सर्व प्रकाश कपूर (अशोक) ने भी पंजाबी समाज के लोगों से अपील की है।

सिंधी सेंट्रल पंचायत के मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी के अनुसार सभी मोहल्ला पंचायतों से इसके लिए अपील की गई है। मुख्य संरक्षक जीवतराम करीरा, गागनदास रामाणी, घनश्यामदास देवनानी, परमानंद आतवानी, मेघराज दियालानी, जयरामदास होतचंदानी, जेठा पुरषनानी, नंदलाल आयलानी, राज कोठारी,सुशील नौतनानी, किशोर



बुधरानी, राज कुमार गुरनानी, दौलत खुबनानी, भजनलाल, जगदीश डोडानी, लक्ष्मण गोकलानी, जय प्रकाश केसवानी, अशोक पारवानी, जयकिशन बुधरानी, अमृत माखीजा, अशोक कोडवानी रोहित अयलानी, कमल छाबरिया, दीपक अतवानी, योगेश रखवानी अपील करने वालों में प्रमुख हैं।

# अछनेरा में भव्य तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल के नेतृत्व में कस्बा अछनेरा में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए तिरंगा जन जागरण रैली निकाली गई तिरंगा रैली का शुभारंभ अछनेरा के पहाड़ से किया गया तिरंगा यात्रा छोटा बाजार, स्टेशन रोड नगर पालिका होती हुई अग्रोहा धाम पहुची सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर थी रैली में थाना प्रभारी अनुराग शर्मा मय फोर्स के मौजूद रहे रैली के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल और विधायक प्रतिनिधि डाक्टर रामेश्वर चौधरी का क्षेत्रीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तिरंगा रैली का जगह जगह पर क्षेत्रीय लोगों पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया रैली में अछनेरा के श्री शिवप्रसाद राष्ट्रीय इन्टरकालेज, श्रीहरप्रसादइन्टरकालेज,इन्द्रा स्कूल सहित कई स्कूल के छात्र छात्राओंऔर शिक्षकों ने भाग लिया तिरंगा रैली में पूरे मार्ग में भारत माता की जय ,वंदेमातरम ,जय श्री राम जैसे नारों से समस्त वातावरण देश भक्ति के रंग में रंग गया क्षेत्रीय विधायक ने रैली समापन पर क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगा जा रहा है इसी क्रम में फतेहपुर सीकरी विधानसभा के हर घर तिरंगा पहुंचने का काम किया है इ स दा ै रा न – डा . रामेश्वरचौधारी,प्रेमनारायण सिंघल,मनीष सिंघल रवि प्रधानरायभा,आरकेइंदौलिया,प्रवीनबिंदल,रामेश्वर वर्मा,वीके ठाकुर, पवन छोंकर,कुमरबहादुरमिश्रा,निर्मलकुमारएडवोकेट,लवकुशपहलवान,गुलशनगर्ग,जितेन्द्रफौजदारतुरकिया,गोविंद चौधरी,सत्यप्रकाश गौतम स न्नी गा ै त म , आ ला े क गौतम,नीतूरावत,श्रीओमइंदोलिया,सलीमभूरानी,भूराकुरैशी,हाशिमकुरैशी, और अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# योगी सरकार आगरा, मथुरा और वृंदावन के बीच चलाएगी क्रूज रु राजेश खुराना

- वाटर–वे से पर्यटकों को अलग अनुभव प्राप्त होगा, साथ ही धार्मिक पर्यटन में वृद्धि होगी रु राजेश खुराना

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। योगी सरकार आगरा, मथुरा और वृंदावन के बीच क्रूज चलाएगी। धार्मिक स्थलों के बीच यमुना नदी में वाटर–वे बनेगा। वाटर–वे बनाने की घोषणा कर दी गई है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन तीनों धर्मस्थलों के बीच क्रूज के माध्यम से यात्रा की जा सकेगी। वहीं, वाटर–वे से पर्यटकों को अलग अनुभव प्राप्त होगा, साथ ही धार्मिक पर्यटन में वृद्धि होगी। अब जल्द ही लोग वृन्दावन और आगरा के बीच क्रूज के जरिये सफर का आनन्द ले सकेंगे। यूपी वालों के लिए यह बड़ी खबर है। आगरा स्मार्ट सिटी, भारत सरकार के सलाहकार सदस्य, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक लखनऊ के सचिव व हिन्दू जागरण मंच, ब्रज प्रान्त उ.प्र. के प्रदेश संयोजक तथा आत्मनिर्भर एक प्रयास के चेयरमैन व सुप्रशिद्ध समाज सेवक राजेश खुराना ने इस संदर्भ में अपने वक्तव्य में कहा कि यूपी वालों के लिए यह बड़ी खबर है। योगी सरकार आगरा, मथुरा और वृंदावन के बीच क्रूज





चलाएगी। धार्मिक स्थलों के बीच यमुना नदी में वाटर–वे बनेगा। वाटर–वे बनाने की घोषणा कर दी गई है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन तीनों धर्मस्थलों के बीच क्रूज के माध्यम से यात्रा की जा सकेगी। वहीं, वाटर–वे से पर्यटकों को अलग अनुभव प्राप्त होगा, साथ ही धार्मिक पर्यटन में वृद्धि होगी। अब जल्द ही लोग वृन्दावन और आगरा के बीच क्रूज के जरिये सफर का आनन्द ले सकेंगे। इसका ऐलान सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ पोर्ट्स, शिपिंग एन्ड वाटर मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया है। मथुरा, वृंदावन और आगरा के बीच वाटर–वे बनाने का ऐलान किया गया है। इससे केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि, वाटर–वे के रास्ते से लोग सफर भी कर सकेंगे। क्रूज चलने के बाद पर्यटकों की संख्या बढेगी। इस के लिए केंद्र सरकार मथुरा, वृंदावन और आगरा के बीच यमुना नदी के रास्ते वाटर–वे की तैयारी कर रही है। क्रूज के माध्यम से लोग आगरा और मथुरा–वृंदावन के बीच आसानी से सफर कर सकेंगे। इसके अलावा पर्यटक को को एक अलग अनुभव मिलेगा। इसमें एक कोई बड़ी बात यह होगी कि यमुना नदी में क्रूज चलने के बाद इन स्थानों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ जाएगी। जल्दी इस मामले में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बड़ा एक्शन लिया जाएगा। श्री खुराना ने आगे बताया कि आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की शिव नगरी काशी से संगम तक क्रूज चलाया जा रहा है। इससे मां गंगा में चलने वाले पर्यटन में काफी इजाफा हुआ है। बता दें कि केंद्रीय शिपिंग मिनिस्टर सर्बानंद सोनोवाल मथुरा के गोवर्धन में शंकराचार्य कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां शंकराचार्य अधोक्षजानंद देव तीर्थ की तरफ से सोनोवाल से पूछा गया कि वे उनका विभाग मथुरा–वृंदावन में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठा रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि, मथुरा, वृंदावन और आगरा के बीच यमुना नदी में क्रूज चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, क्रूज के कारण आगरा आने वाला पर्यटक मथुरा–वृंदावन भी आएगा।

वहीं, वाटर–वे से पर्यटकों को अलग अनुभव प्राप्त होगा, साथ ही धार्मिक पर्यटन में वृद्धि होगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तीनों स्थानों के बीच वाटर–वे तैयार करने के बारे में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से भी बात की गई है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट को आरंभ कर दिया जाएगा। जिससे यहां के पर्यटन में वृद्धि देखने को मिलेगी।

# आगरा व्यापार मंडल-राजामंडी बाजार ने नगर आयुक्तको झडे सौंपे

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। व्यापार मंडल ने आज राजामंडी बाजार के सौजन्य से नगर निगम में नगर आयुक्त को 1100 झंडे घरों एवं मलिन बस्तियों में पार्षदों के माध्यम से देने के लिये सौंपे। माननीय प्रधान मंत्री जी के घर घर,हर घर तिरंगा लहराने के लिए यह सतत् प्रयास किया गया है ।नगर आयुक्त नें कहा कि व्यापारियों का उत्साह देखने को मिल रहा है कि अम्रत महोत्सव में व्यापारी भी उत्साह कें साथ आज 1100 झंडे यहाँ नगर निगम में मुझे सौंपे उसके लिए अध्यक्ष श्री टी एन अग्रवाल जी व सभी पदाधिकारियों व राजामंडी बाजार का आभार वयक्त करता हूँ। अध्यक्ष श्री टी एन अग्रवाल जी ने कहा कि वे माननीय प्रधान मंत्री जी कें आव्हान पर हर घर तिरंगा लहराने के उदेश्य से नगर आयुक्त को झंडे सौंपे गये है वो पार्षदों के माध्यम से सभी बस्तियों में जाकर घर घर तिरंगा लहराने के लिये प्रयास करेंगे। मीडिया प्रभारी जय पुरसनानी ने कहा कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में माननीय प्रधान मंत्री जी कें आव्हान पर हर घर तिरंगा लहराने के लिए हमने जो प्रयास किया है वह नगर आयुक्त के माध्यम से व पार्षदों के माध्यम से हमने घर घर झंडा, हर घर तिरंगा पहुँचाने का प्रयास कर रहे है। इस मुहिम में व्यापारियों नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

हम 14 अगस्त रविवार को दोपहर दो बजे लोहामंडी से तिरंगा यात्रा शुरू करेंगे, जिसको माननीय केंद्रीय मंत्री श्री एस पी एस बघेल जी व कैबिनेट मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय



जी व महापौर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा शहर के प्रमुख बाजारों से होकर चिमन पूरी चौराहे पर पहुंचेंगी। वहां उसका समापन होगा। यह ऐतिहासिक यात्रा होगी, जिसमें शहर के सभी बाजारों के व्यापारी शामिल होंगे। झंडे सौंपने वाले– अध्यक्ष श्री टी एन अग्रवाल जी, जय पुरसनानी, राजेश अग्रवाल ,अशोक जैसवानी, नरेंद्र अमरनानी व राजामंडी कें समस्त दुकानदार उपस्थित रहे ।

## जनता इंटर कलेज बेहट मे वर्ष 2022, 23 के लिए एन सीसी की भर्ती की प्रक्रिया संपन्न कराई गई



रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर। कर्नल आरके चौहान एवं एडम केलेफ्टिनेंट कर्नल लक्ष्मण सिंह गुसाईं के निर्देशन में कर्नल आरके चौहान एवं एडम लेफ्टिनेंट कर्नल लक्ष्मण सिंह गुसाईं के निर्देशन में जनता इंटर कॉलेज बेहट मे वर्ष 2022 23 के लिए एन सी सी की भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई भर्ती प्रक्रिया को संपन्न करने मेजर डॉ सुभाष चंद सागर सहित जेसीओ सुखबीर सिंह हवलदार हरजीत सिंह, हवलदार छेत्री का योगदान रहा.

कुल 150 विद्यार्थियों ने भर्ती हेतु पंजीकरण कराया जिनमे से हाइट के आधार पर 30 लड़कियों व 46 लडको ने क्वालीफाई कियाइस प्रकार 76 स्टूडेंट्स की लिखित परीक्षा के साथ फिजिकल टेस्ट लिया गया.

इसके बाद कुल 50 स्टूडेंट्स का चुनाव एनसीसी कैडेट्स के रूप मे सिलेक्शन किया गया. इंटर कॉलेज बेहट मे वर्ष 2022 23 के लिए एन सी सी की भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई भर्ती प्रक्रिया को संपन्न करने मेजर डॉ सुभाष चंद सागर सहित जेसीओ सुखबीर सिंह हवलदार हरजीत सिंह, हवलदार छेत्री का योगदान रहा. कुल 150 विद्यार्थियों ने भर्ती हेतु पंजीकरण कराया जिनमे से हाइट के आधार पर 30 लड़कियों व 46 लडको ने क्वालीफाई कियाइस प्रकार 76 स्टूडेंट्स की लिखित परीक्षा के साथ फिजिकल टेस्ट लिया गया. इसके बाद कुल 50 स्टूडेंट्स का चुनाव एनसीसी कैडेट्स के रूप मे सिलेक्शन किया गया।

## फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट एव समर्पण संस्था द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर



रिपोर्ट तहसील प्रभारी कुर्बान मलिक दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तर प्रदेश सहारनपुर। रसूलपुर फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट एव समर्पण संस्था द्वारा सयुक्त रूप से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में गाँव रसूलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 40 रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया। रसूलपुर गांव मे हिमांशु सैनी के आवास पर समर्पण संस्था व फैमिली ऑफ ब्लड डोनेर्स ट्रस्ट के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 40 रक्तदातायो ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उदघाटन करते समाजसेविका प्रियमवदा राणा पुत्री स्व. राजेंद्र राणा,( पूर्व घ्घ्मंत्री) जी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं. समय समय पर रक्तदान कर दूसरों को जीवनदान देना पुण्य का कार्य है..रक्तदान शिविर मे अंकित, ओपिन, राहुल, मनीष, विशेष आदि ने रक्तदान किया। शिविर मे हिमांशु सैनी, ऋषिपाल सैनी , मोहित नगली, प्रिंस सैनी रायपुर.. कृपाल सैनी, डॉ. मनीष बेहट, अश्वनी मित्तल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## आरोही संस्था ने एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम से निकाली यात्रा

☒ 250 से अधिक मोटर साइकिल सवार युवाओं ने लगाए नारे

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आरोही संस्था की ओर से आयोजित होने वाले यू.पी प्रीमियर लीग के तहत शनिवार को ताजनगरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम से सैकड़ों युवा तिरंगा हाथ में थाम भारत माता के जयकारों के साथ आगे बढ़े। शहीद स्मारक पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के बाद रैली का समापन हुआ। शुभारंभ विजय शिवहरे एमएलसी और प्रमोद गुप्ता ने हरी झंड़ी दिखाकर किया। सुबह करीब 11 बजे 250 से अधिक मोटर साइकल से शहर के युवा एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडीयम पहुंचे। आरोही के निर्देश अमित तिवारी के निर्देशन में युवा हाथों में तिरंगा और भारतमाता के जयकारों के साथ आगे बढ़े। रैली प्रतापपुरा, साईं की तकिया, कलेक्ट्रेट, नालबंद चौराहा, आगरा कॉलेज, सेंट जोंस, हरिपर्वत चौराहे से सूरसदन पहुंची। यहां से संजय पैलेस का भ्रमण करते हुए शहीद स्मारक पर समाप्त हुई। अमित तिवारी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य शहर के युवाओं में देश प्रेम और शहीदों को नमन करना था। उन्होंने बताया कि इस अमृत महोत्सव में शहर की आरोही संस्था देशभर में ताजनगरी का मान बढ़ाने



जा रही है। प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने के लिए उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग का मंच दे रही है। रैली में शामिल सभी युवाओं ने बारी–बारी से शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर पूजा मेहरा, केशव अग्रवाल, रामू वर्मा, अनिल शर्मा, प्रिंस राठौर, विजय शर्मा, मनोज जादौन आदि मौजूद रहे। प्रीमियर लीग की ट्रॉफी रही आकर्षण का केंद्र तिरंगा यात्रा में यू.पी. प्रीमियर लीग की विजेता टीम को दी जाने वाली ट्रॉफी आकर्षण का केंद्र रही। चार फीट लंबी गोल्ड प्लेटेड ट्रॉफी को हाथ में लेने के लिए होड़ मच गई। तिरंगा यात्रा को शहर में कई स्थानों पर रुकवाकर लोगों ने ट्रॉफी के साथ फोटो क्लिक किए। प्रत्येक व्यक्ति ट्रॉफी को छूने के लिए उत्सुक था। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में प्रीमियर लीग ताजनगरी से आयोजित होना गौरवान्वित करता है।

## श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। रायभा अछनेरा रोड स्थित श्री सिद्धिविनायक एजुकेशन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवम शिक्षकों ने मिलकर एक भव्य रैली निकाली एनसीसी के छात्र छात्राओं ने भी इस तिरंगा यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लिया इस दौरान महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ मुरारीलाल छोंकर ने हर घर तिरंगा फहराने के लिए सभी क्षेत्रीय लोगों और छात्र छात्राओं को तिरंगा झंडा वितरण किया।

आपको बता दें कि इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव को पूरा देश इस राष्ट्रीय पर्व मनाने को एक विशाल रूप दे रहा है साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर इस आजादी की 75 वी सालगिरह को बड़े ही धूमधाम से मना रहा है इसी क्रम में हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य पूर्ण रूप से तैयार किया गया है इसी क्रम में आज श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ मुरारीलाल छोंकर ने समस्त स्कूल स्टाप के साथ मिलकर एक विशाल रैली का आयोजन किया इस विशाल रैली का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान–डॉ मुरारी लाल छोंकर, सीमायादव, कमल सिंह,प्रशांतउपाध्यक्ष,मोहसिनखान, डॉसुनीताशर्मा,दीपांशी और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में निकाली गई तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत धूम धाम से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्री अमित कुमार श्रीवास्तव, श्री आरडी सिंह, श्री राकेश वर्मा, श्री रूप नारायण सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी, श्री त्रियुगीनारायण द्विवेदी, श्री जगदीश कुमार, श्री अमित कुमार यादव ,श्री दिलीप कुमार विश्वकर्मा व श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे।



### दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर



प्रदेश। कर्नलगंज ठाठराही बाजार स्थित दयानंद उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर दयानंद स्कूल के अध्यक्ष श्री रामजी लाल मोदनवाल, प्रबंधक शिवनंदन वैश्य, प्राचार्य श्रीमती अर्चना सक्सेना नेतृत्व में विद्यालय द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ व बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला जिसमें सभी स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया यात्रा में राष्ट्रभक्ति गानों के साथ वन्देमातरम भारत माता की जय के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा विद्यालय के अनुशासित बच्चों की व विद्यालय के समस्त स्टाफ की पूरे नगर में की जा रही सराहना।

### देशभक्ति से सराबोर व राष्ट्रभक्त के गगनभेदी जयकारों से गूंजा वातावरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। विकास खंड शिवपुर क्षेत्र में आजादी के 75वें वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत खंड विकास शिवपुर क्षेत्र अंतर्गत जूड़ा,चौकसाहार, अंबरपुर,शिवपुर सहित दर्जनों गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली गई।अंबरपुर में खैरीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक निखिल कुमार श्रीवास्तव ने तिरंगा यात्रा को रवाना किया।खुद थाना प्रभारी निरीक्षक निखिल कुमार श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकास श्रीवास्तव,ग्राम प्रधान कमला प्रसाद वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणों संग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।लोगों को तिरंगा फहराने व अभियान में जुड़ने की अपील की।तिरंगा को हाथों में लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया।यात्रा के दौरान देशभक्ति से सराबोर और राष्ट्रभक्त के गगनभेदी नारे लगाए गए। इस रैली की एक और खासियत थी की रास्ते में मिलने वाले राहगीरों को भी अमृत महोत्सव मनाने के लिए जागरूक किया जा रहा था। बीडीओ द्वारा अपने सभी ग्राम विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र के गांव में जाकर तिरंगा यात्रा और आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए। जिससे हर घर में हर घर पर तिरंगा फहराया जा सके और अमृत महोत्सव मनाया जाए तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी देवब्रत मिश्रा,श्रीवास्तव,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पवन पांडेय,ग्राम प्रधान चौकसाहार,सतीश कुमार यादव,रीना देवी ग्राम प्रधान जूडा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

### स्वतन्त्रता सप्ताह के दूसरे दिन जिले में रही तिरंगा यात्राओं की धूम विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्राएं

- ''भारत माता की जय'' ''वंदेमातरम'' के नारों से गूंज उठा नगर

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। यह आयोजन नागरिकों के लिए राष्ट्र के प्रति अपनी भावना प्रकट करने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम को जन आन्दोलन का रूप देने तथा जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न क्षेत्रों से तिरंगा यात्राएं निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल हजारों बच्चों द्वारा ''भारत माता की जय'' ''वंदेमातरम'' ''स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी अमर रहे'' के गगनभेदी नारों से नगरवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया गया। सर सैय्यद गर्ल्स इण्टर कालेज की ओर से आयोजित होने वाली जागरूकता रैली को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने घण्टाघर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खॉ, हाजी मुश्ताक अहमद सहित विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' के प्रति जनपदवासियों का उत्साह देखकर जिलाधिकारी होने के नाते मैं गौरान्वित महसूस कर रहा हूँ। डॉ. चन्द्र ने कहा कि जिस प्रकार एक सूत्र में बंधकर पूरा जनपद जश्ने आजादी मनाने के लिए मचल रहा है, शायद ऐसी ही भावना का संचार करने के उद्देश्य से ही मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे आयोजन का निर्णय लिया गया है। डीएम डॉ. चन्द्र ने जनपदवासियों से अपील की कि अपने–अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में झण्डा लगाकर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम को सफल बनायें। इसके अलावा स्वतन्त्रता सप्ताह अन्तर्गत सीबीएससी बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा भी गेंदघर मैदान से विशाल जनजागरूकता तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुॅचने पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया तथा रैली का नेतृत्व करते हुए बच्चों के साथ स्वतन्तत्रा संग्राम सेनानी परिसर स्थित त्रिमूर्ति स्थल तक गये। तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चों ने अपनी पूरी ताकत से डीएम व एसपी के साथ मिलकर ''भारत माता की जय'' ''वंदेमातरम'' के गगन भेदी नारे लगाये। तिरंगा यात्रा के अन्त में कलेक्ट्रेट प्रांगण में ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊंचा रहे हमारा'' तथा राष्ट्रगान का गायन भी हुआ।

### गायत्री परिवार ने निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। काजी कटरा स्थित गायत्री शक्ति पीठ से गायत्री परिवार द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा छावनी चौराहा, घण्टाघर, पीपल तिराहा, डीएम तिराहा, पानी टंकी चौराहा से इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच पहुचकर तिरंगा यात्रा सम्पन्न हुई। रैली के समापन अवसर पर झण्डा गीत व राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्र, गायत्री परिवार के राकेश कुमार, सूर्य प्रकाश, हेमन्त, मनीराम वर्मा, दीप नरायन पाल, अवधेश सिंह, संदीप कुमार मिश्र, सत्यम सिंह सहित भारी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## मारपीट व मोबाइल तोड़ने आदि मामले में चार के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश परसपुर, गोण्डा । थाना क्षेत्र के ग्राम अभईपुर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चार लोंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अभईपुर डीहा निवासी मस्तराम लोनिया पुत्र नानमून लोनिया ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार को विवादित जमीन में छप्पर रखने के विवाद को लेकर विपक्षीगणों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी डण्डा से मारने पीटने लगे। जहां हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोंगों ने पहुंचकर बीच–बचाव कराया। वहीं जाते समय मोबाइल तोड़कर नुकसान कर दिया, तथा जिनसे मारने की धमकी देते हुए चले गये।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उसी गांव के निवासी हनुमान लोनिया, अतुल लोनिया, लल्लाराम लोनिया व यादवराम लोनिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मारपीट मामले को लेकर विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।




## कर्नलगंज में होमगार्ड जवानों ने और पहाड़ापुर में भाजयुमो के लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज, गोण्डा। देश की आजादी के 75 वें वर्ष के मौके पर अमृत महोत्सव को लेकर गुरुवार को ब्लॉक कर्नलगंज परिसर से होमगार्ड विभाग द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसे क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा बस स्टॉप चौराहा होते हुये कस्बा कर्नलगंज के मौर्यनगर से वापस होकर पुनः ब्लॉक परिसर पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। उसके बाद ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसकी अध्यक्षता सीओ कर्नलगंज व संचालन डॉक्टर मुख्तार आजाद ने किया। कार्यक्रम



को संबोधित करते हुये सीओ मुन्ना उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, ग्राम प्रधान कुतुबपुर शिवबालक मिश्र, बीओ कर्नलगंज विनोद कुमार वर्मा, बीओ हलधरमऊ अर्जुन वर्मा, सहायक कम्पनी कमांडर हरिकेश बहादुर सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के सम्बंध में विस्तार से प्रकाश डाला। इसी के साथ ही होमगार्ड के जवानों का उत्साह वर्धन भी किया। पीसी शिवकिशोर तिवारी, नागेंद्र पाठक, राजू मौर्य, अर्जुन प्रसाद गोस्वामी, राजेश तिवारी, शिवनन्दन मौर्य, नवल किशोर मौर्य सहित भारी संख्या में होमगार्ड के जवान मौजूद रहे। वहीं तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के पहाड़ापुर में गुरूवार को भाजपा युवा मोर्चा पहाड़ापुर के मंडल अध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कार्य समिति सदस्य अन्नू बाबा जी, मंडल अध्यक्ष बीजेपी कैलाश मौर्य सहित काफी संख्या में अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। इस यात्रा में भारत माता की जय, विश्व विजयी तिरंगा प्यारा, वंदे मातरम जैसे ओजपूर्ण नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। मालूम हो कि देश में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लगभग एक वर्ष से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## कर्नलगंज कस्बे के एचडीएफसी बैंक में लगी आग, मची अफरा तफरी

- आग की चपेट में आकर बैंक के बगल लगी एटीएम मशीन सहित बैंक का फर्नीचर व काफी मात्रा में कागजात जलकर स्वाहा
- घटना की सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने पुलिस कर्मियों तथा मौके पर मौजूद लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील मुख्यालय के कस्बा कर्नलगंज स्थित सकरौरा चौराहे पर संचालित एचडीएफसी बैंक में गुरुवार को अचानक आग लग जाने से बैंक कर्मियों में अफरा तफरी मच गई और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने पुलिस कर्मियों तथा मौके पर मौजूद लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे के करीब बैंक खुला ही था कि एकाएक बैंक में धुंआ उठा और लोग बाहर भागने लगे, जहाँ आग लगने की सूचना से अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

इसी बीच तिरंगा यात्रा भी उसी मार्ग से निकली थी लेकिन उसमे कोई व्यवधान नहीं हुआ। आग की चपेट में आकर बैंक के बगल लगी एटीएम मशीन समेत बैंक का फर्नीचर व तमाम कागजात जलकर स्वाहा हो गए। इस आग में लाखों का रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। फिलहाल




आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँच गई और पुलिस कर्मियों तथा मौके पर मौजूद लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग लगने के सही कारणों का पता जाँच के बाद ही चल सकेगा।

## होर्डिंग लगाते समय हाईटेंशन लाइन से टकराने से एक मजदूर की हुई दर्दनाक मौत



- घटना में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल, इलाज हेतु भेजा गया अस्पताल

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कटरा बाजार गोण्डा। स्थानीय थाना कटरा बाजार के चूंटीपुर चौराहे के पास शुक्रवार को होर्डिंग लगाते समय हाईटेंशन लाइन से टकराने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं घटना में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना थाना कटरा बाजार (गोंडा) के चूंटीपुर चौराहे के पास की है, जहाँ शुक्रवार को रॉयल प्रिंटिंग प्रेस के द्वारा होर्डिंग लगवाई जा रही थी। तभी होर्डिंग लगाते समय हाईटेंशन लाइन से टकराने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी।

वहीं घटना में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। वहीं सूत्रों के मुताबिक उक्त होर्डिंग क्षेत्रीय विधायक की बताई जाती है जिसको सड़क के किनारे चौराहे के पास लगाते समय यह हादसा हुआ है। मालूम हो कि इस समय विभिन्न स्थानों पर यह होर्डिंग लगवाई जा रही है। इस संबंध में जानकारी करने हेतु थानाध्यक्ष चितवन कुमार से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका ।

## डीएम की अध्यक्षता में चौपाल सागर से अंबेडकर चौराहा तक निकाली गई ट्रैक्टर तिरंगा रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश गोंडा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत चौपाल सागर से अंबेडकर चौराहा तक ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान तिरंगा झंडा के साथ लगभग हजारों की संख्या में ट्रैक्टर्स की रैली निकाली गई। जिलाधिकारी ने रैली का समापन अंबेडकर चौराहे पर किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा विनोद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, उप निदेशक कृषि शैलेंद्र कुमार शाही, ईओ नगर पालिका गोंडा संजय कुमार मिश्रा, चौपाल सागर के मैनेजर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने किया कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण : जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत अधिवक्ताओं के द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में पहुंचकर पौध रोपण किया। पौधरोपण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आर.के. त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता तथा अधिवक्ताओं सहित सभी लोगों ने एक–एक पौधा लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया। होमगार्ड कमांडेंट के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर डीएम ने किया शुभारंभ शनिवार को टाउन हॉल गोंडा में होमगार्ड कमांडेंट के द्वारा 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का डीएम डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। कार्यक्रम के दौरान में उर्मिला पांडेय की अगुवाई में सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वहीं कार्यक्रम के दौरान डीएम ने अपने संबोधन में वहां पर उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम आज से 15 अगस्त तक सम्मान पूर्वक जरूर मनाया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के सभी होमगार्ड कर्मियों को आजादी के अमृत महोत्सव के संबंध में जानकारी दी तथा कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड विभाग के दो महिला होमगार्ड सहित अन्य अधिकारियों को जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित



किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर गोंडा विनोद कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, ईओ नगर पालिका गोंडा संजय कुमार मिश्र सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कौड़िया बाजार में विद्यार्थी परिषद में निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई कौड़िया नगर इकाई के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 300 फीट विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूरा बाजार गूंज उठा राष्ट्रवाद का अलग उत्साह देखने को मिला, लोगों के द्वारा कहा गया की राष्ट्र प्रेम के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहना चाहिए, कार्यक्रम में सभी युवा वर्ग साथ कई व्यक्ति सम्मिलित रहे, प्रदेश सह मंत्री शिवम पांडे ने कार्यक्रम का समापन कराते हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी इस कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देते हुए आए इसके लिए आभार,हम सभी आज अपने




घरों में जाने से पूर्व इस भाव से जायेंगे की हर घर तिरंगा लगाने का कार्य कर मिली आजादी का एवं शहीदों का स्मरण करें, कार्यक्रम में तहसील संयोजक कुलदीप ने कहा हम सभी ने अनुशासन का परिचय देते हुए कार्यक्रम सम्पन्न कराया इसके हेतु सभी का आभार हम युवा हैं जिस ओर हम सभी चलेंगे हमारा भविष्य भी उसी दिशा में तय है क्योंकि जिस ओर जवानी चलती उसी ओर जमाना चलता है आप सभी अनुशासित रूप से अपने घरों में जाएं और आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं, इसी क्रम में पूर्व नगर मंत्री अभिषेक ने कहा की हम सभी जिस प्रकार अपना जन्म दिवस मनाते हैं और कोई पर्व मनाते हैं उसी प्रकार हमें अपने आजादी के इस दिवस को इस अमृत महोत्सव को मनाने का अवसर मिला है हम सभी इस पर्व को मनाने में हम सभी की सहभागिता सुनिश्चित करें, कार्यक्रम का मुख्य रूप से संरक्षण अमर चंद्र तिवारी, घनश्याम शुक्ला, अभय श्रीवास्तव, नीतीश शुक्ला, सचिन जयसवाल, आलोक गुप्ता, सत्यम तिवारी, रंजीत, अंकुर, अजय,आनंद अनूप सहित हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित रहे।

—————————————————

## सशस्त्र सीमा बल 59 वीं वाहिनी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली, ध्वज वितरण तथा सामाजिक चेतना अभियान के द्वारा मानव चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। 59वी वाहिनी स.सी.ब. नानपारा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली, ध्वज वितरण तथा सामाजिक चेतना अभियान के द्वारा मानव चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमे वाहिनी के बलकर्मियो के साथ सीमावर्ती ग्रामीणों बढ़–चढ़ के भाग लिया इस कार्यक्रम का आयोजन श्री स्वर्णजीत शर्मा, कमांडेंट 59वी वाहिनी स.सी.ब. नानपारा के तत्वाधान में किया गया श्री वैभव उप कमांडेंट 59वीं वाहिनी ने हरी झंडी दिखा कर साइकिल रैली का रवाना किया। यह रैली सीमावर्ती क्षेत्र लौकाही से होते हुए तिरंगा के माहंता व ध्वज संहिता के प्रति जागरूकता और देशभक्ति की अलख जगाते हुए आगे बढ़ेगी तथा वाहिनी के कार्यक्षेत्र बलाईगाँव में संपन्न होगी श्री स्वर्णजीत शर्मा, कमांडेंट 59बी वहिनी ने मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज सोनकर (विधायक) को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया कार्यक्रम में राम सागर इंटर कॉलेज संरकिला के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, लोक–गीत व देशभक्ति गानों पर नृत्य की मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज सोनकर (विधायक) ने सीमा पर सुरक्षा के साथ–साथ एस. एस. बी. द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाये जा रहे सामाजिक व जन उत्थान कार्यों तथा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ष्हर घर तिरंगा के तहत चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की भूरी–भूरी प्रसंशा की तथा ध्वज वितरण किया तत्पश्चात श्री स्वर्णजीत शर्मा, कमांडेंट 59वी वाहिनी स.सी. व. ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोगो के बिच राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता फैलाना है साथ ही नागरिको के विच स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता की जानकारी देते हुए देश भक्ति का अहवान कराना है यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है, इसलिए सभी लोग अपने घरो पर तिरंगा जरुर फहराएं, साथ ही दूसरो को इसके लिए प्रेरित करे। साथ ही कमांडेंट 59वी वाहिनी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहिनी द्वारा आयोजित कराये गए चित्रकला, निबंध, खेल प्रतियोगितायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत कियां इस दौरान मानव चिकित्सा शिविर व पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया द्य जिसमें डा. आकिव अजाज ळक्डव (चिकित्सा) के द्वारा पुरूष 68 महिला 41 व बच्चे 54 कुल 163 का चिकित्सीय जांच व इलाज किया गया एव स. सी. व. चिकित्सीय टीम के द्वारा निःशुल्क दवाई वितरण की गई एवं विभिन्न बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। डा विकास कुमार सिंह उप कमांडेंट (पशु चिकित्सा ) के द्वारा सीमावर्ती गावं के 33 ग्रामीण के 126 पशुओं की जाँच कर निःशुल्क दवाई वितरण की गई। इस शिविर आयोजन के तहत सीमावर्ती गाँव, सरकिला, बलाईगाँव व कांचीबाग के ग्रामीण लाभान्वित हुए । इस अवसर पर श्री वैभव उप कमांडेंट, रमेश चंदर सहायक कमांडेंट, निरीक्षक (सा.) सुग्रीव प्रसाद, मुख्य आरक्षी (सा.) जय नारायण वराला, श्री विकास कुमार सिंह (प्रधानाचार्य), अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कार्मिक समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक व सीमावर्ती गांवों के युवा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## चकरौत चौराहे के पास सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

- गम्भीर रूप से घायल, स्थानीय लोगों ने भेजवाया अस्पताल

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज– परसपुर मार्ग स्थित चकरौत चौराहे के पास शुक्रवार की शाम को सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम शीशामऊ के अर्जुन पुरवा निवासी राजेश पासवान शुक्रवार की शाम को चकरौत गया था और चौराहे से थोड़ा आगे सड़क पर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों द्वारा राजेश के परिजनों को सूचना देकर घायलावस्था में उसे अस्पताल भेजवाया गया।

## ईंट भट्ठा एसोसिएशन ने विरोध करने की चेतावनी देते हुए भट्ठा बंद करने का लिया निर्णय

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। आल इंडिया ईंट भट्ठा एसोसिएशन ने सरकार की उदासीनता के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर विरोध करने की चेतावनी देते हुए भट्ठा बंद करने का निर्णय लिया है। कोयले के दाम में दोगुनी वृद्धि, जीएसटी कंपोजीशन स्कीम को खत्म कर जीएसटी स्लैब में वृद्धि, श्रम कानूनों को कड़ा करना, मिट्टी खदान में पुलिस प्रशासन की अवैध वसूली, ईंट भट्ठा मालिकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ये भट्ठा मालिकों की कमर तोड़ने के प्रयास हैं जिस पर सरकार ने अपनी कार्रवाई नहीं बदली है।जिसको लेकर हम अगले सत्र से ईंट भट्ठों को बंद करने के लिए मजबूर हैं। यह बात अखिल भारतीय और उत्तर प्रदेश ईंट निर्माण संघ द्वारा गुरुवार को झूलेलाल धर्मशाला में अनिश्चितकाल हड़ताल के संबंध में कही गयीं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरीश दत्त सिंह ने कहा की सरकार और प्रशासन ने ईंट भट्ठा मालिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है जिससे आने वाले सीजन में सभी भट्टे बंद रहेंगे। जिससे देश और राज्य की प्रगति अपने आप रुक जाएगी।जिससे बड़ा नुकसान होगा। प्रेस वार्ता के दौरान संघ के महामंत्री फहीम अहमद पप्पू ने कहा कि ईंट भट्ठा मालिकों के प्रति सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है।जबकि भट्ठा मालिक लगातार भट्ठों की समस्याओं को सरकार के सामने ला रहे हैं। लेकिन प्रशासन इसके बावजूद तटस्थ रवैया अपना रही है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी कंपोजिशन स्कीम को खत्म कर



जीएसटी स्लैब बढ़ा दिया गया है और ईंट भट्ठों की होल्ड लिमिट की सीमा को 40 लाख से घटाकर 20 लाख कर दिया गया है, जबकि उसी देश में अन्य विनिर्माण इकाइयों को 40 लाख तक की छूट है। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मुशफीक अहमद खान ने कहा कि ईंटों को सेंकने के लिए कोयले की सख्त जरूरत है और मौजूदा सरकार में कोयले के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं। साल 2021 में ये 18,000 रुपये से 20,000 रुपये प्रति टन मिलता था। उन्होंने मांग की है कि कोयला कारोबार में भ्रष्टाचार और कालाबाजारी बंद हो। भट्ठा मालिकों को पुरानी दर पर कोयला उपलब्ध कराया जाए। यह भी बताया गया कि ईंट बनाने के लिए पहले भट्ठा मालिकों को जिला पंचायत से मंजूरी लेनी होगी। उसके बाद उन्हें सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के कानूनों के विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ता है और फिर उन्हें श्रम आयोग के कानूनों का पालन करना पड़ता है जिसके कारण भट्ठा मालिकों का हर तरफ से शोषण होता है। सरकार ने यदि यह सब बंद नहीं किया तो तो अगले सीजन के बाद भी से सभी ईंट भट्टे पूरी तरह बंद रहेंगे। इस दौरान हाजी मोहम्मद आमिर खान, आकाश चोपड़ा, कैलाश चंद लोदवानी, हरीश सिंह और हसीब खान सहित भट्ठा एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्राम लुकटिहाई टांडा में प्राथमिक विद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं ने निकाली तिरंगा प्रभात फेरी



पूरनपुर। ग्राम पंचायत टांडा के गांव लुकटिहाई में प्राथमिक विद्यालय के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में बड़ी शान के साथ अध्यापकों वा छात्र–छात्राओं के द्वारा तिरंगा प्रभात फेरी पूरे गांव में निकाली गई। तिरंगा प्रभात फेरी में अध्यापकों व छात्र–छात्राओं ने बड़े हर्ष के साथ तिरंगा प्रभात फेरी निकाली। जिसमें गांव वालों ने भी बच्चों और अध्यापकों का साथ दिया। प्रभात फेरी में प्रधानाध्यापक विजय प्रताप शिक्षक अवधेश वर्मा शिक्षक हरि ओम शिक्षक राममूर्ति वर्मा एवं अन्य स्टाफ व ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## थाना निबोहरा में पुलिस ने निकाली बच्चों से तिरंगा यात्रा, लोगों से किया तिरंगा फहराने का आह्वान

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत थाना निबोहरा में पुलिस



ने ही ग्रामीण बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील भी की। इस दौरान यात्रा का नेतत्व थानाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निबोहरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने करीब आधा दर्जन गांव में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। जहां स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीण बच्चों को साथ लेकर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराये तथा राष्ट्रभक्ति को प्रदर्शित करें। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ–साथ स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## शासकीय उचित मुल्य दुकान में धोखाधड़ी कर गबन करने वाले 02 आरोपी को चौकी नैला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा। चौकी नैला में श्रीमती प्रीति ठाकुर खाद्य अधिकारी द्वारा दिनांक 10/08/2022 को चौकी नैला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मरकाडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन मां शारदा महिला स्व सहायता समूह के द्रारा किया जा रहा हैं दिनांक 22ध्07ध्2022 को उक्त स्व सहायता समूह का भौतिक सत्यापन करने पर शासन के द्वारा राशन कार्ड धारियों ( हितग्राहियों को आंबटन हेतु उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न सामग्रियों को माह जुलाई 2022 में राशन कार्ड धारियों को वितरण न कर खाद्यान्न सामग्री चावल 111,20 क्विंटल शक्कर 3 ,59 क्विंटल एवं नमक 3 , 99 क्विंटल कीमती 5 , 31, 915 रूपये को मां शारदा महिला स्व सहायता समूह मरकाडीह के अध्यक्ष पूर्णिमा महंत एवं सचिव पार्वती महंत के द्वारा धोखाधड़ी कर गबन करना




पाये जाने पर आरोपियों के विरुद्ध चौकी नैला थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 542/2022 धारा 420 , 409 , 34 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी पूर्णिमा दास महंत एवं पार्वती दास महंत दोनों निवासी मरकाडीह को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने एवं खाद्यान्न राशि का गबन करना पाये जाने पर दिनांक 12/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रीना नीलम कुजुर, सह उपनिरीक्षक रामखिलावन साहू, महिला प्रधान आरक्षक राजकुमारी खुंटे एवं आरक्षक महेश राठौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार। खजौली में विद्यालय से बाहर के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर प्रखंड के नामित 42 शिक्षकों के स्थानीय बीआरसी में आयोजित चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के नामित शिक्षकों को विद्यालय से बाहर के बच्चों के लिए गैर आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र संचालित कर, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर प्रशिक्षित किया गया। उन्हें खेल–खेल में मनोरंजक तरीके से केन्द्र संचालन के तरीके बताए गए। शिक्षण रोचक हो इसको लेकर शिक्षकों को विविध गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों ने भी अपने अपने अनुभव बताए। इस मौके पर प्रशिक्षक तेज नारायण सिंह, कमलेश कुमार सहित शिक्षक पवन कुमार रावत, लक्ष्मी कुमारी, अचला चौधरी, राम उदगार सिंह आदि उपस्थित थे।



## 10 लीटर देसी शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स अखबार ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। स्थानीय पस्तपार शिविर क्षेत्र में विशेष समकालीन अभियान के तहत पर शिविर प्रभारी जितेंद्र कुमार कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर तलाशी लेने पर 10 लीटर महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो के साथ एक तरफ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए शिविर प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीतीश कुमार पिता जितेंद्र साह साकिम जीबछपुर वार्ड नंबर 6 थाना बर्राही जिला मधेपुरा के निवासी है। इस मामले में थाना में आरोपी के विरुद्ध शराब कारोबार के आरोप में एफ आई आर करते न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डरा रहा तेजगति से बढता चंबल का जलस्तर

- तेजबहाब को देख बंद कराया स्टीमर संचालन

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट कोटा बैराज से पानी छोडे जाने व मध्यप्रदेश राजस्थान मे हो रही लगातार बारिस के बाद पार्वती जैसे कई छोटी नदियो का पानी चंबल नदी मे आने से नदी का जलस्तर तेजी से बढने लगा।तेज बहाब के साथ नदी का चौबीस घण्टे मे आठ मीटर बढने से लोगो मे भारी भय प्याप्त हो गया। वही नदी के बहाब की तेजगति होने के कारण प्रशासन द्वारा स्टीमर संचालन बंद करा दिया।जिससे सैकडो की संख्या मे लोगो को भीड नदी के दोनो किनारे पर दिनभर जमी रही। शुक्रवार शाम करीब सात बजे से ही नदी के बहाब की गति परिवर्तित हो गयी।रात भर नदी तेज बहाब के साथ बहती रही।शुक्रवार शाम पिनाहट घाट पर लगे मीटर के अनुसार 113 मीटर पर थी।जो सुबह करीब दस बजे 118 मीटर तक पहुच गयी।शाम करीब 6 बजे नदी का जलस्तर 120 मीटर तक पहुच गया।जिसे देख शासन प्रशासन हरकत मे आ गया।बतादेकि चंबल नदी स्थित राजस्थान के कोटा शहर मे बने डैम से गुरुवार को चार गेट खोलकर करीब एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया।साथ ही मध्यप्रदेश व राजस्थान मे कई दिनो से चल रही लगातार बारिस के चलते पार्वती जैसी छोटी चार नदियां उफान पर आ गयी।

जिनका पूरा पानी चंबल नदी मे आकर गिर रहा है।जिससे चंबल नदी भी तेज बहाब के साथ बढते जलस्तर से लोगो को डराने लगी।चौबीस घण्टे मे आठ मीटर जलस्तर बढने से शासन प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया।नदी के बहाब की गति तेज होती देख प्रशासनिक अधिकारी तटवर्ती गांव मे लोगो के जान माल की सुरक्षा के लिये लोगो से सुरक्षित स्थान की ब्यवस्था करने की कहने लगे।

बंद कराया स्टीमर संचालन

रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को दौज होने के कारण पिनाहट चंबल नदी घाट पर आवागमन करने वालो की भारी भीड स्टीमर पर पहुच गयी वही नदी के तेजगति से बढते जलस्तर को देखते हुऐ पिनाहट पुलिस द्वारा स्टीमाथ संचालन को



बंद करा दिया गया।जिससे नदी के दोनो ओर लोगो की भारी भीड शाम तक लगी रही।

प्रशासनिक अपील आसपास न जाये : चंबल नदी के बढते जलस्तर को देख प्रशासनिक टीमे तटवर्ती गांवो मे जाकर सर्वे कर रही है।लोगो से अपील कर रही है कि नदी का पानी गांव तक आने से पहले से सुरक्षित स्थान पर पहंचे।साथ ही नदी के आसपास न जाये।

128 मीटर तक पहुच सकता है जलस्तर : प्रशासन का मानना है।कि तीन दिन तक नदी के जलस्तर मे बढोत्तरी हो सकती है।जिससे नदी का जलस्तर 128 मीटर तक पहुच सकता है।नदी खतरे के निशान 132 से नीचे ही रहने की उम्मीद है।उप जिलाधिकारी बाह रतन वर्मा ने बताया कि तटवर्ती गांव को अलर्ट किया गया है।नदी का जलस्तर 128 से ऊपर नही जायेगा।

ये गांव हो सकते है प्रभावित : नदी का जलस्तर 127 है ऊपर जाते है।रैहा,बरैण्डा,किनारा,डोगरा,उमरैठा पुरा,क्योरी पुरा,गुढा,गोहरा, रानीपुरा,भटपुरा,झरनापुरा,डालपुरा,भगवानपुरा,मऊ की मढैया समेत करीब दो दर्जन बाह विधानसभा के गांव प्रभावित होते है।

# किसान यूनियन समेत स्कूली बच्चो ने निकाली तिरंगा यात्रा

- गांव गांव प्रधानो द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। आजादी की 75 वीं बर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाली मुहिम हर घर तिरंगा के लिये शनिवार को पिनाहट क्षेत्र मे भारतीय किसान यूनियन समेत स्कूली बच्चो व ग्राम प्रधानो ने तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा यात्रा मे भाग लिया। शनिवार दोपहर करीब बारह बजे भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां के नेतृत्व मे दर्जनो ट्रेक्टरो



पर सैकडो की संख्या मे भाकियू के पदाधिकारियो थाना मनसूखपुरा के गांव पापरीनागर से पिनाहट कस्बा तक तिरंगा रैली निकाली हाथो मे तिरंगा लिये आजादी के अमृत महोत्सव मे भाग लिया।तो कस्बा स्थित शांति निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र छात्राओ द्वारा भारत माता की प्रतिमा के साथ समूचे कस्बा मे आजादी के अमृत महोत्सव के लिये लोगो को जागरुक करने हेतु रेली निकाली।रैली की अध्यक्षता प्रबंधक रनवीर सिह भदौरिया ने की तो रैहा प्रधान अजय कोशिक ने गांव तासोड मे सेरब प्रधान मानसिह द्वारा गांव गुरावली, धन्नाराम,पाखरा, लोटनसिह ढारि मे घर घर तिरंगा लगवाये।

थाना बसई अरेला के गांव कांकरखेडा,पुरा टीकम सिह मे भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अरुण परिहार के नेतृत्व मे घर घर तिरंगा यात्रा निकालकर लोगो को आजादी के अमृत महोत्सव के प्रति जागरुक किया गया।

# डौकी पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को पकड़ा कब्जे से 17 चोरी के मोबाइल बरामद, एक चोर हुआ फरार, पलक झपकते ही चुरा लेते थे मोबाइल

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। थाना डौकी पुलिस को सफलता हाथ लगी है।डौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के कब्जे से पुलिस ने 17 चोरी किए हुए मोबाइल बरामद किए हैं। इन मोबाइलों को शातिर चोर दूसरी जगह बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की धरपकड़ में एक मोबाइल चोर भागने में सफल रहा।

एसपी पूर्वी सोमेंद्र मीणा के मुताबिक थाना डौकी पुलिस इंस्पेक्टर बहादुर सिंह के नेतृत्व में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास चेकिंग अभियान चला रही थी, कि तभी मुखबिर की सूचना पर बाइक से जा रही थी युवकों को रोका गया तो एक युवक मौके से भाग गया। तो वहीं दो युवकों के कब्जे से कई मोबाइल बरामद हुए। एसपी पूर्वी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि पूछताछ में दोनों युवकों ने कई मोबाइल चोरी की घटनाओं को कबूला है। पकड़े गए दोनों आरोपी भीड़ भरे बाजार में दुकानों से पलक झपकते ही मोबाइल चोरी कर देते थे। पकड़े गए चोरों के कब्जे से 11 मोबाइल एंड्राइड और 6 मोबाइल कीपैड बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवक केशव पुत्र दाताराम, प्रीतम पुत्र दाताराम निवासी नरि गांव थाना डौकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तो वहीं तीसरा अभियुक्त भोला उर्फ



पकडू पुत्र लटूरी निवासी नगला देवहंस फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है, शातिर चोर केशव का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों ही मोबाइल चोरों को जेल भेज दिया है।

# कुएं में गिरी गौवंश को देख कर वन कर्मी एवं फायरब्रिगेड कर्मी संसाधन न होने का कह कर वापिस लौटे 24 घटे बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाली गौवंश

जैतपुर। जैतपुर क्षेत्र के अंतर्गत थाना खेड़ा राठौर के करनपुरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया था जिस समय एक गौवंश अचानक घूमती हुई कुएं में जा गिरी गौवंश की चीख पुकार की आवाज सुनकर कर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए कुएं में झांक कर देखा तो गाय कुएं में नीचे पड़ी मिली आननफानन में ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से वनविभाग को सूचना दी सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची वनविभाग की टीम ने कहा कि हमारे पास कुएं से गौवंश को बहार निकालने के लिए कोई संसाधन नहीं हैं यह सुनकर कुछ लोगों ने फायरब्रिगेड को सूचना कर दी सूचना के तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची फायरब्रिगेड की टीम ने भी टालमटोल करतीं रहीं उनके पास भी गौवंश को बहार निकालने का संसाधन नहीं था ग्रामीणों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुला लिया पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर चलीं गईं कुछ देर बाद वनविभाग की टीम और फायरब्रिगेड की टीम भी निकल गई ग्राम प्रधान बजरंगी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों विभागों के कर्मचारियों से गौवंश को बहार निकालने के लिए ग्रामीणों ने रोक ने का प्रयास किया पर किसी ने भी नहीं सुनी और वापिस चले गए दूसरे दिन भी वनविभाग और फायरब्रिगेड से सम्पर्क साध ने की कोशिश की पर किसी का कोई रिस्पांस नहीं मिला उसके बाद क्षेत्र अधिकारी बांह सीओ रबिंद्र प्राप्त सिंह से सम्पर्क किया उन्होंने तत्काल प्रभाव से थाना खेड़ा राठौर से पुलिस करनपुरा गांव भेजकर ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कुएं में रस्सी के जरिए एक युवक को धसादिया कुएं नीचे पहुंचे युवकों एक बिल्ली और दिखीं ग्रामीणों ने बिल्ली और गाय दोनों को बांध कर सकुशल बाहर निकाल कर पुलिस धन्यवाद किया इस मौके पर ग्राम प्रधान बजरंगी यादव थाना खेड़ा राठौर से सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार कांस्टेबल हर्षदीप कांस्टेबल दुर्गेश कांस्टेबल रविंद्र कुमार सिरोही अवनीश यादव आशाराम शिवराज किशन वीर कैलाश रामबीर कल्लू प्रयाग सिंह शोभा राम आदि लोगों की मदद से गाय और बिल्ली को सकुशल बाहर निकाला गया है।

# चंबल नदी के खादर में डूबने से युवक की हुई मौत,परिजनों में मचा कोहराम

पिनाहट। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत चंबल नदी घाट के घाट पर नदी किनारे गहरे खादर को पार करते समय युवक की डूबने से मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के अनुसार रमजानी उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मोहल्ला पवारी फिरोजाबाद मुहर्रम त्योहार पर अपनी ससुराल रिश्तेदारी में कस्बा पिनाहट आया हुआ था। शनिवार को चंबल नदी में अचानक तेज बहाव के साथ उफान आने लगा। चंबल नदी के बढ़ते हुए जलस्तर को देखने शाम को रिश्तेदारों के साथ पिनाहट चंबल नदी घाट गया हुआ था।तभी चंबल नदी किनारे खादर में खार की गहराई को कम समझ कर दूसरी तरफ जाने को पार करने लगा। खादर की गहराई अधिक होने के कारण युवक पानी में डूब गया। जिसे लेकर अन्य युवकों में हड़कंप मच गया चीख–पुकार सुनकर अन्य ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को पानी से निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जहां स्थानीय गोताखोरों ने एक कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नदी के खार के गहरे पानी से



मरणासन्न गंभीर हालत में बाहर निकाला। तत्काल युवक को इलाज के लिए सीएचसी केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक युवक की मौत से रिश्तेदारों और परिजनों में कोहराम मच गया है।

# एनडीआरएफ टीम द्वारा नदीके रास्ते, हर घर तिरंगा रैली कार्यक्रम किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। कमांडेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार, 11 वाहिनीं, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, की एक टीम, निरीक्षक आर. बी. गौतम के नेतृत्व में बहराइच में बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव के लिए आयी है.। चहलारी घाट से टिकुरी, पीपरी, गोलागंज , तहसील – महसी, के घाघरा नदी के किनारे बसे कई गाँव आस–पास, आज आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में एन.डी.आर.एफ.



ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिल कर तिरंगा हाथ में लेकर मोटर बोट के जरिए रैली निकाली, जिसमें महसी तहसील के श्री रामदास, एस.डी.एएम., श्री विपुल कुमार सिंह, तहसीलदार, मौजूद रहे. इस जन – जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों मे बहुत जोश एवं बहुत ज्यादा सहयोग मिल रहा है. एनडीआरएफ टीम के साथ निरीक्षक आर. बी. गौतम, निरीक्षक इन्द्रदेव कुमार, उपनिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाहा, सहायक उपनिरीक्षक मनवीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रकाश सिंह, हवलदार हितेश, हवलदार नवल एवं पूरी टीम, स्थानीय लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे।

## आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "स्वतंत्रता सप्ताह" का आयोजन




कानपुर नगर। आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "स्वतंत्रता सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (प्रेक्षागृह) में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयीं मुख्य कलाकार रंजना मिश्रा द्वारा "तोहरी सरनि मईया" गीत का प्रस्तुतीकरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उद्देश्य से "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाया जा रहा है, जिससे लोग अपने देश एवं अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक हो सके।

कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयीं कलाकार रंजना मिश्रा द्वारा चरखा गीत, मोर सिपाही हो, चौरी–चौरा से जब, राम–राज (दुश्मन भाग गईल) सहित अन्य देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहगायन अनुमेहा गुप्ता द्वारा किया गया तथा सहयोग चन्द्रेश पाण्डेय, सत्यम सिंह, विख्यात मिश्रा द्वारा किया गया।

## आबकारी विभाग ने किया शराब की दुकानों पर छापामार कार्यवाही, शंकरपुर घाट से मिली 15 लीटर शराब

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। आबकारी निरीक्षक डी एन सिंह के नेतृत्व में विभाग द्वारा फतेहाबाद क्षेत्र में शराब की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान फतेहाबाद के शंकरपुर घाट तथा शमशाबाद के कंस टीला से 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई शराब को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम हेतु शंकरपुर घाट यमुना नदी व कंस टीला में मय स्टाफ दबिश दिया गया। जिसके अंतर्गत 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई । आबकारी अधिनियम के धारा 60 के अंतर्गत मौके पर लिखकर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर बरामद शराब को जप्त किया गया। इसी के साथ साथ कुछ दुकानें की आकस्मिक निरीक्षण किया गया। किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पाई गईं।



पंद्रह अगस्त पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें : आबकारी निरीक्षक डी एन सिंह के अनुसार जिलाधिकारी आगरा के निर्देशानुसार 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर जनपद आगरा कि सभी शराब की दुकानें पूर्ण रुप से बंद रहेगी। दुकान खुली पाए जाने पर दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय हाई स्कूल बरना फतेहाबाद आगरा में मनाया गया आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव



संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। राजकीय हाई स्कूल बरना में आजादी के अमृत महोत्सव की सप्त दिवसीय श्रंखला का भव्य शुभारंभ सहायक अध्यापक देवेश यादव के मार्गदर्शन में हुआ छात्र छात्राओं ने महापुरुषों के स्वरूप में सज कर पूरे जोश के साथ भारत माता की जय के साथ हर घर तिरंगा का संदेश जन–जन तक पहुंचाया।

अध्यापक देवेश यादव के साथ श्रीमती विनीता परमार प्रीति जैन व्योम का गुप्ता पायल अग्रवाल ब्रजकिशोर चाहर विपिन कुमार शर्मा लक्ष्मी शर्मा नीलम प्रकाश दिनकर अध्यापक देवेंद्र सिंह डीलर सभाजीत पत्रकार कबीरदास मनोज वर्मा कुलदीप वर्मा आदि लोग मौजूद रहे रैली में शामिल हुई ।

पुरातन छात्र छात्राओं सहित अनेक ग्राम वासियों ने बाइक तथा साइकिल पर सवार हो रैली में उत्साहपूर्वक शिरकत की। ग्राम वरना में पूरे गांव में तिरंगा रैली निकाली गई। घर घर तिरंगा लगाने के लिए निर्देश।

## आजादी अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा की निकाली प्रभातफेरी

जैतपुर। जैतपुर क्षेत्र में शनिवार के दिन कई जगह पर निकाली गई आजादी अमृत महोत्सव हर घर पर तिरंगा की निकाली प्रभात फेरी सभी कार्यकर्ताओं ने बच्चे और बुजुर्ग मातृशक्ति सहित सभी ने देश की आन बान शान सबका अभिमान तिरंगा झंडा हाथ में लेकर रघुपति राघव राजाराम का गुणगान करते हुए प्रभात फेरी में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया हर घर तिरंगा लगाने के लिए सभी को जागरूक किया चित्राहट में प्रभात फेरी में आने वाले सभी देशभक्तों का रविंद्र भदौरिया मंडल अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया और कहा भारत माता हम सबकी मां है वहीं चित्राहाट थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया एस आई राजीव कुमार एस आई सुदेश कुमार मुन्सी अखिलेश यादव सीलू सहित आदि लोगों ने आजादी अमृत महोत्सव में तिरंगा झंडा फहराया है कान्हरपुरा के माध्यमिक विद्यालय में अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा पूरे गांव की गलियों में घूमते हुए निकाली गई प्रधानाध्यापक राजीव त्रिपाठी शिक्षक अभनेंद्र सिंह अनवर सिंह रामनिवास राधा जोशी प्रधान विंध्या राम ने निकाला हर घर तिरंगा झंडा के साथ रैली बच्चों को किया जागरूक इसी दौरान गढ़वार गांव में ग्राम प्रधान रामबीर सिंह राजपूत ने छोटे छोटे बच्चों के साथ हर घर तिरंगा झंडा रैली इधर पारना गांव में भी दिखाई दिया आजादी अमृत महोत्सव का अभियान कई युवाओं ने निकाली बाइक पर तिरंगा रैली जिसमें हरिओम फौजी राहुल बौहरे शशांक शर्मा दीपू शर्मा रिंकू भदौरिया अनुराग भदौरिया दिलीप बौहरे गोपू शर्मा अक्षत शर्मा रंजन कुमार अनुराग शर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने कहा जनादेश का हुआ अपमान,प्रखंड में दिया धरना

राकेश कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मधुबन(पूर्वी चंपारण)। भाजपा के द्वारा शनिवार को प्रखंड परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के जनादेश का घोर अपमान किए जाने के विरोध में बिहार प्रदेश भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जंगबहादुर कुशवाहा की अध्यक्षता में धरना आयोजित की गई।धरना को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री सह स्थानीय विधायक राणा रणधीर ने कहा कि जनादेश से विश्वासघात किया गया है,जिसको लेकर यह धरना दी जा रही है।भाजपा ने नीतीश कुमार को पांच बार मुख्यमंत्री बनाने का काम किया।

अटल बिहारी वाजपेयी,लाल कृष्ण आडवाणी,अरुण जेटली ने नीतीश कुमार को नेता बनाने का काम किया लेकिन उन्होंने बिहार की जनता के साथ विश्वासघात करने का काम किया।बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में 5 चरण के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार का नतीजा था कि बिहार में एनडीए की सरकार बनी लेकिन जिस महागठबंधन के खिलाफ चुनाव में जनता ने बहुमत दिया उसी भ्रष्टाचारी महागठबंधन की गोद में ही नीतीश कुमार बैठ गए।उन्होंने कहा कि बिहार का लिट्टी–चोखा मशहूर है उसी तरह अब लोग नीतीश कुमार के पलटीमारी की भी चर्चा खूब कर रहे हैं।ऐसे अहंकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस धरने के माध्यम से कड़ी निंदा करता हूं।भाजपा का कार्यकर्ता आज संकल्प लेते हैं कि 2024 एवं 2025 के चुनाव में केंद्र एवं राज्य में भाजपा विशुद्ध सरकार बनाएगी।मौके पर मनीष कुमार पांडे,चुन्नू सिंह,आलोक कुमार सिंह,अर्जुन सिंह,गजेंद्र सिंह,किशोरी बैठा,खूब लाल राम, राम सागर पासवान,चंदा देवी, राजेश सहनी,मनोज जयसवाल, रामनिहोरा सिंह,राम विनय सिंह, अमरजीत सिंह,उषा गुप्ता इत्यादि मौजूद थे।

## मुजफ्फरपुर में आगामी 15 अगस्त 2022 ( स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस 2022 का पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजन किया जाएगा ।इस बाबत सारी प्रशासनिक तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। मुख्य कार्यक्रम 15 अगस्त को पूर्वाह्न 9रू00 बजे स्थानीय सिकंदरपुर स्टेडियम में आयोजित होगा जहां जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस क्रम में आज दिनांक 13 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी , श्रीमान प्रणव कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत के द्वारा मुख्य समारोह स्थल , स्थानीय सिकंदरपुर स्टेडियम मुजफ्फरपुर में आगामी 15 अगस्त 2022 ( स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभास परेड में बीएमपी, डीएपी , होमगार्ड पुरुष, फायर विग्रेड, सीआरपीएफ एवं एसएसबी के जवानों के के द्वारा परेड का पूर्वाभ्यास किया गया जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान की बेहतरीन प्रस्तुति की गई।

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल एवं पीएचइडी ,जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ,जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह एवं वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनादेश से विश्वासघात के विरोध में भाजपा का कोटवा प्रखंड मुख्यालय पर धरना



(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स न्यूज कोटवा पूर्वी चम्पारण)
कोटवा। जनादेश से विश्वासघात के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को कोटवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना का आयोजन किया गया । अध्यक्षता कोटवा दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा किया गया। धारणा में मुख्य अतिथि के रुप में 16 कल्याणपुर के निवर्तमान विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की पहचान तब बनी जब अटल जी के मंत्रिमंडल में उनको जगह दी गई।भाजपा के सरकार में नीतीश कुमार को छह बार मुख्यमंत्री बनाया गया वही केंद्र में दो बार महत्वपूर्ण विभाग का मंत्री बनाया गया। ऐसे में भाजपा पर धोखेबाजी का आरोप कैसे लगाया जा सकता है।

धारणा को पूर्व प्रखंड प्रमुख हिमांशु उर्फ गोपू सिंह, कल्याणपुर विधानसभा विस्तारक भृगुण पासवान,राजेश्वर यादव, प्रखंड अध्यक्ष नंदू राय,जट्टासंकर सिंह,राजन पाण्डे,मंटू राम आदि नेताओ ने संबोधित किया ।मौके पर शशिरंजन सहनी, बली मिश्र,सतेंद्र सिंह,राजेंद्र साह,अरविंद सिंह,राज कुमार सिंह, सत्य नारायण साह, अर्जुन मुखिया, आदम अंसारी,सहित कई लोग मौजूद थे।

## आईसीडीएस कार्यालय में मीटिंग में शामिल होने जा रहे सेविका की बाइक से गिरकर मौत,सीडीपीओ पर दबाव में काम करवाने का लगाया आरोप

राकेश कुमार सिंह प्रखण्ड संवादाता मधुबन दैनिक अयोध्या टाइम्स मधुबन (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के पुन्दर में मधुबन–तेतरिया पथ पर सेविका की मौत बाइक से गिर जाने के क्रम में शनिवार को हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार कौड़िया पंचायत के वार्ड 13 देल्हो ग्राम की मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 133 की सेविका 45 वर्षीय कुमारी सीता का बाइक से गिरकर मौत हो गया। वह देल्हो निवासी मुकेश सिंह की पत्नी थी।सेविका को एक पुत्र आदित्य राज एवं एक पुत्री पल्लवी कुमारी है।

पल्लवी की शादी दिसंबर में होने वाली थी।वहीं लड़का ऋषिकेश में रहकर पढ़ाई करता है।पुत्री पल्लवी का माँ के शव से लिपट कर रो–रो कर बुरा हाल हो रहा था।सेविका कुमारी सीता की पुत्री पल्लवी कुमारी ने सीडीपीओ कुमारी रेखा पर मां की मौत का जिम्मेदार बताते हुए कहा कि आज कोई ऑफिशियल मीटिंग नहीं थी।सुबह में एकाएक मीटिंग के बारे में ग्रुप के माध्यम से बताया गया और कहा गया कि 1 बजे तक केंद्र संचालित कर हर हाल में मीटिंग में शामिल होना है। सीडीपीओ पूरे दबाव में मां से काम करवाती थी।वह मीटिंग में शामिल होने के लिए जा रही थी। जहाँ चक्कर आ जाने से बाइक से गिर गई।सेविका के मौत की सूचना पाते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन में दर्जनों की संख्या में सेविका व सहायिका ने सीडीपीओ के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शित किया सेविका–सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष सारिका गुप्ता ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर कार्यालय में 1बजे मीटिंग रखा गया था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।

## हर घर तिरंगा को लेकर विधालय के बच्चों ने निकाला प्रभातफेरी

ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स प० चम्पारण। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा को लेकर राजकीय मध्य विधालय साठी के बच्चों ने निकाला प्रभातफेरी वहीं शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष दिपक रावत एवं सचिव, सदस्य और छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा लोगों से अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया गया वहीं वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष दिपक रावत ने कहां कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना इस प्रभातफेरी का मुख्य उद्देश्य है।



## स्वतंत्रता आंदोलन में अहम रही थी कम्युनिस्टों की भूमिका : सत्येन्द्र कुमार मिश्र

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
सिरहाकोठी,तेतरिया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हम कम्युनिस्टों की भूमिका अहम रही है। देश स्वतंत्र हो जाए, लोगों को आर्थिक गुलामी ,मानसिक गुलामी से मुक्ति मिले और आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक स्वतंत्रता ,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, जीने का अधिकार सहित सभी मौलिक अधिकारों का हक आम जनता को प्राप्त हो इसके लिए हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों से संघर्ष कर जेल के सलाखों ,काला पानी की सजा तक खुशी खुशी भुगत लिया।उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला मंत्री कामरेड सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के मेहशी चकिया तेतरिया लोकल कमिटी द्वारा ठिकहिया में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। श्री मिश्र ने कहा की प्राप्त दस्तावेजों के मुताबिक 1943 के कम्युनिस्ट पार्टी के प्रथम महाधिवेशन जो मुंबई में आयोजित था उसमें उपस्थित 138 प्रतिनिधियों में से एक सौ प्रतिनिधि 411 वर्ष 18 माह 46 दिन का जेल जीवन रहा। महासचिव कामरेड पीसी जोशी चुने गए ।इतनी जेल जीवन शायद ही किसी की होगी सबसे महत्वपूर्ण साथी कॉमरेड हरकिशन सिंह सुरजीत ,ज्योति बसु , ई एम एस नामुद्रीपाद, ए.के. गोपालन, पी राम मूर्ति, पी सुंदरैया, प्रमोद दासगुप्ता, एम वासुपुनैया ने ही 60 वर्षों तक जेल जीवन व्यतीत किया और स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका में रहे। जो 1964 ईस्वी के कोलकाता में आयोजित 7वें महाधिवेशन में हमारे पोलितब्यूरो सदस्य के रूप में चुने गए थे। सेमिनार को संबोधित करते हुए लोकल कमिटी के मंत्री मुकेश कुमार ने कहा की आज जो देश भक्ति का ढिढोरा पिटते है उनकी अंग्रेजों के साथ मिताई भी अच्छी थी। उसके शरीखे हिंदूवादी नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी , डी वी सावरकर गोलवलकर जैसे सरीखे लोग अंग्रेजों के दमन के आगे शीश नवाते हुए माफीनामा तक दे डाली और सरकारी गवाह बनने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ नहीं बोलने का वचन भी दिए जिसके अनेकों प्रमाण है। जबकि हमारे विचारधारा से लैस शहीदे आजम भगत सिंह ,चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस ,राम प्रसाद बिस्मिल, राजगुरु, सुखदेव, उधम सिंह, सहित अनेकों लोग मौत स्वीकार किया किंतु अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बोलते रहे ।क्रांति करते रहे झुके नहीं ।उन्होंने ने अपने वक्तव्य में कहा की देश आजाद होने में जो क्रांतिकारियो ने भूमिका निभाई थी इसे उस वक्त के साहित्यकारों ने या तो छुपाने का काम किया या इसे इतिहास के पन्नों में डालने में भूल की ।अपने संबोधन में जिला कमिटी सदस्य अजय कुमार ने कहा कि देश की स्थिति बदतर होते जा रही है और ए जिनकी स्वतंत्रता आंदोलन में कहीं भी क्रांतिकारी भूमिका नहीं थी ।जेल जाने से डरते थे ।वह आज देशभक्त कह के देश का अपमानीत कर रहा है। उन्होंने कहा यह लोग देश के आंदोलन के अगुवाई करने वालों में से एक मोहनदास करमचंद गांधी जिसको महात्मा गांधी का नाम चंपारण ने नवाजा उनका हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे की वर्षी एवं जन्मदिन पर खुशी जाहिर करने फूल माला से स्वागत करने वाले हैं। उन्हों ने कहा की जनता में गुमराह फैलाने के लिए गांधी जीके चश्मा एवं उनके शरीर पर माल्यार्पण करते हैं। जो आजादी की लड़ाई में अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए उनको दरकिनार कर पर्दों के पीछे रख दिया और जो अंग्रेजी हुकूमत के चमचागिरी में माहिर थे उन्हें भारत रत्न जैसे पुरस्कार तक दे डाली ।कामरेड दिनेश प्रसाद ने कहा कि हमारे पूर्वजों जिनकी संख्या सैकड़ों में थी जेल काटे काला पानी की



सजा भुगते किंतु स्वतंत्रता सेनानी का पेंशन तक नहीं लिया हमारे बिहार के भी अनेकों सरीखे लोग जैसे सियावर शरण श्रीवास्तव गणेश शंकर विद्यार्थी केदार मनीष शुक्ला आदि ये भी इन सैकड़ों लोगों में शामिल थे जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के क्रम में जेल जीवन व्यतीत किया किंतु पेंशन लेने से इंकार कर देश के प्रति अपने कर्तव्य प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ज्ञात होना चाहिए कि अंग्रेजों से लड़ाई के क्रम में ही 1920 ईस्वी में कम्युनिस्ट का स्थापना हुआ और इसी बीच 1936 में ही ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन एवं अखिल भारतीय किसान सभा का गठन किया गया।जिससे आंदोलन को गति मिली तथा 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो जैसे आंदोलन को मजबूती मिली ।विवश होकर 1947 में अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। आपको यह भी जानकारी होनी चाहिए की हिंदू महासभा, मुस्लिम लीग जैसे सांप्रदायिक शक्तियां भी इस दौरान हावी रहे और अंग्रेजो के तलवे चाटते रहे तथा स्वतंत्रता आंदोलन को धूमिल करने का अथक प्रयास भी किया ।1915ईस्वी में 60 बार सवारकर ने माफी मांगी और अपने माफीनामा में लिखा था कि मुझे उन अपराधियों के आंदोलन से कोई मतलब नहीं है मैं तो सिर्फ देखने गया था अगर देखना अपराध है तो मुझे माफ कर दिया जाए।

मैं वादा करता हूं की उस किसी भी लड़ाई में शामिल नहीं रहूंगा जोकि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हो। सरकार को जहां कहीं भी आवश्यकता सकता होगी मैं साक्षी के रूप में उपलब्ध रहूंगा।अपने अध्यक्षीय भाषण में शैलेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के शुरुआती दौर से लेकर 1947 तक और फिर आगे भी देश हित में जो हम कम्युनिस्टों की भूमिका रही है वह देश भक्ति है। किंतु जो हिंदूवादी संप्रदाय मुस्लिम वादी संप्रदाय एवं अन्य धार्मिक उनमादियों की भूमिका स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अभी तक देशहित नहीं देश को बांटने एवं सारी सरकारी संपदा बेचने धार्मिक उन्माद में लोगों को बांट कर कारपोरेट जगत को लाभ दिलाने एवम पुनः अंग्रेजी हुकूमत जैसे लोगों को गुलामी की तरफ धकेलने के प्रयास के विरुद्ध हम कम्युनिस्टों की भूमिका होनी चाहिए कि इनके खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर जनता के बीच इनके कुरीतियों को प्रचारित करें और जन भावनाओं को जगाकर उनके तमाम गलत नीतियों के विरुद्ध गोलबंदी करें और इनके द्वारा झूठे प्रचार को बेनकाब करते हुए दिल्ली के सिंहासन से खदेड़ने का काम करें। यही हमारी असली देशभक्ति होगी, यही हमारा संकल्प होगा और देश रक्षा के लिए हमारी यही कर्तव्य होगा।सेमिनार को मो०जमालुदीन,विक्की कुमार,वीरेंद्र यादव,नंदकिशोर प्रसाद ,दिनेश प्रसाद कुशवाहा,पूर्व जिला पार्षद शंभू दास ने संबोधित किया।मौके पर महेंद्र सहनी,अकिंद्र प्रसाद,धर्मनाथ यादव, मोहमाद हुसैन,उदय कुमार कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## किशनगंज जिलान्तर्गत प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों के यू0डी0आई0कार्ड0 बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
किशनगंज। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के निर्णय के आलोक में सभी प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड (न्क्प्क) निर्गत किया जा रहा है। यह यू०डी०आई०डी० कार्ड दिव्यांगजनों के लिए पूरे देश में एकल दस्तावेज के रूप में मान्य होगा। दिव्यांगजनों को सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी योजनाओं का लाभ इसी यू०डी०आई०डी० कार्ड के आधार पर दिया जायेगा। श्री श्रीकान्त शास्त्री, भा०प्र०से०, जिला पदाधिकारी, किशनगंज के आदेश के आलोक में जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 1 बहादुरगंज – 16.08.2022 से 20.08.2022 तक। 2 कोचाधामन – 22.08. 2022 से 24.08.2022 तक। 3 पोठिया – 25.08.2022 से 27.08. 2022 तक। 4 दिघलबैंक – 29.08.2022 से 01. 09.2022 तक। 5 ठाकुरगंज – 02.09.2022 से 06.09.2022 तक। 6 टेढ़ागाछ 07.09.2022 से 10.09. 2022 तक। 7 किशनगंज 12.09.2022 से 14.09. 2022 तक।

बहादुरगंज प्रखण्ड में रोस्टर के अनुरूप निम्नरूपेण शिविर का आयोजन किया जायेगा –
क्र. –शिविर स्थल का नाम –संबंधित पंचायत का नाम– शिविर की तिथि
1 पंचायत सरकार भवन, देशियाटोली – गाँगी, अलताबाड़ी, देशियाटोली, चिकाबाड़ी, मोहम्मद नगर। – 16.08.2022
'2 प्रखण्ड मुख्यालय परिसर, बहादुरगंज–समेश्वर,भौरादह, पलासमनी, नटवापाड़ा, नगर पंचायत,भाटाबाड़ी, झिंगाकाटा डोहर, झिलझिली–17.08.2022
3 मनरेगा भवन,लौचा – लौचा,महेशबथना,दुर्गापुर बनगामा,निसन्दरा– 18.08.2022।
4 मध्य विद्यालय, लोहागाड़ा हाट– गुआबाड़ी, चंदवार, बनगामा – 20.08.2022
शिविर में आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज– 1.दिव्यांगता प्रमाण पत्र, 2. आधार कार्डध्पहचान पत्र 3. फोटो।

## परसा बनचहरी व मेहुड़ा पंचायत में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली गई रैली

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक अंतर्गत मेहुडा व परसा बनचहरी पंचायत में आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत साईकिल व मोटरसाइकिल जुलूस रैली निकाल कर पंचायत के लोगों को जागरूक किया गया। मेहुडा पंचायत के मुखिया विनोद कुमार के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में बाईक रैली निकाल कर पंचायत भवन से पुरे पंचायत मे जुलूस को भ्रमण कराया गया। तथा हर घर तिरंगा लहराने को ले उन्हें जागरूक किया गया।वहीं परसा बनचहरी पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि संजय प्रसाद और वार्ड सदस्य अमरेश कुमार के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम के तहत साईकिल रैली जुलूस निकाली गई। तथा पुरे पंचायतों में भ्रमण कराते हुए पंचायत के लोगों को जागरूक किया गया।मुखिया विनोद कुमार सिंह व परसा बनचहरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय साह ने संयुक्त रूप से बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान के तहत अपने दृ अपने घरों में तिरंगा लहराने को ले उन्हें जागरूक करते हुए अभियान की सफल बनाने की अपील लोगों से की गई। उन्होंने बताया कि जुलूस को पंचायत के हर वार्डों में भ्रमण कराते हुए हर घर तिरंगा लहराने की अपील पंचायत के लोगों से की।इस दौरान दर्जनों की संख्या में लोगों ने अपने अपने हाथों



,बाईको एवं साईकिलो मे तिरंगा बांध कर पंचायतो मे भ्रमण कराया। तथा हर घर तिरंगा लहराने की अपील किया। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## 75 वे आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



☒ तिरंगा यात्रा का आरंभ पूरनहिया मंडल के बसंतपट्टी चौक से होते हुए नरवारा शिवहर के बॉर्डर पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम समापन हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। आजादी का अमृत महोत्सव एक स्वतंत्रता का उत्सव है जो हर 25 साल में मनाया जाता है, ताकि हमारी आज की पीढ़ी के बच्चे यह जान सकें कि भारत को आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों को कितने संघर्षों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। वही आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि किसी भी देश का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है जब वह अपने पिछले अनुभवों और विरासत के गौरव के साथ पल–पल जुड़ा रहता है। हम सभी जानते हैं कि भारत के पास एक समृद्ध ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का एक अथाह भंडार है जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तथा आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 अगस्त (शनिवार) को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि शिवहर में युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई वही यह यात्रा पूरनहिया मंडल के बसंतपट्टी चौक से पिपराही, चमनपुर, शिवहर जिला मुख्यालय,कुशहर,सुमहुति बाजार, तरियानी चौक, होते हुए नरवारा शिवहर के बॉर्डर पर कार्यक्रम का समापन हुआ वही इस तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक व प्रदेश कार्यसमीति सदस्य ठाकुर रत्नाकर राणा , , भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन माला सिंह,उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह,! अन्य लोग उपस्थित।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद शिवहर में आरटीपीएस काउंटर का किया उद्घघाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमंडल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने नगर परिषद कार्यालय परिसर में शहरी नागरिकों को लोक सेवाओं की सुविधा प्रदान करने हेतु आरटीपीएस काउंटर का उद्घघाटन किया है। मौके पर रामाशीष शरण तिवारी प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद शिवहर, समस्त कर्मचारी ,आम जनता मौजूद थे।




डीएम ने बताया है कि शहरवासियों को उक्त सुविधा अंतर्गत जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित 58 सेवाओं का प्रमाण पत्र उक्त काउंटर से लाभ ले सकते हैं।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बेलछी माधुरी द्विवेदी के नेतृत्व में मध्य विद्यालय सकसोहरा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय सकसोहरा साथ में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाध्यापक राकेश कुमार एवं रेखा कुमारी साथ में सभी शिक्षक गण एवं बी आर सी के सभी कर्मी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुमार का बहुत बड़ा योगदान रहा!



## ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का शुभारंभ समारोह

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार के द्वारा ग्राम पंचायत बेलछी मैं आज दिनांक 13ध्8ध् 2022 को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का शुभारंभ समारोह कार्यक्रम किया गया! समारोह का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा कुमारी एवं अंचलाधिकारी लीलावती कुमारी के द्वारा किया गया एवं इसमें उपस्थित अन्य गणमान्य लोग रहे जिसमें प्रमुख प्रतिनिधि बृजेश कुमार ज्ञानू बेलछी मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र प्रसाद मुखिया अभिमन्यु कुमार पर्यवेक्षक रोहित कुमार और अन्य लोग उपस्थित रहे!



## नेहरू युवा केंद्र के द्वारा निकाला गया हर घर तिरंगा यात्रा

प्रिंस कुमार पाठक संवाददाता कल्याणपुर पूर्वी चंपारण। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा यात्रा आरपा इंटरनेशनल स्कूल से होकर कैथवलिया से होते हुए पकड़ी दीक्षित से होकर यात्रा निकाला गया साथ ही बच्चों ने बड़े उल्लास के साथ चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता में भी भाग लिया चित्रकला में चुने गए छात्र एवं छात्राओं ने अपने कला का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया प्रथम विजेता आदित्य कुमार दूसरा आयुषी सत्यम तीसरा गोल्डी कुमारी हर घर तिरंगा यात्रा में सहयोग करने वाले बच्चों एवं शिक्षक गण और सर आज कौशिक कुमार सत्यम कुमार आयुसी कुमारी रिशभ कुमार विपुल चंदन ऋषि कांत उज्जवल श्रेया प्रतीक विवेक अंसार आलम प्रिंसपल आरके झा आरपा राम लोचन प्रसाद विनोद कुमार सिकंदर यादव विनीत कुमार अतुल कुमार शिव जी सुनील कुमार मनोज कुमार मुकेश अनीता सिंह बबलू कुमार मेनका इन लोगों ने हर घर तिरंगा यात्रा में सहयोग किया ।हर घर तिरंगा यात्रा स्वयंसेवक रवि कुमार बैठा।



## भारतीय जनता पार्टी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन नई सरकार के खिलाफ जमकर बोला हमला

संवाददाता चंदन रजक सुपौल बिहार। सुपौल जिला के राघोपुर प्रखंड कार्यालय में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा नीतीश कुमार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार पर जमकर बरसे और उन्हें पलटू राम मुर्दाबाद के नारे लगाए वही बीजेपी के छातापुर विधानसभा प्रभारी बैजू भगत ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो बिहार के जनताओं के साथ इतना बड़ा जो छल किया है जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत का 75 वाँ आजादी अमृत महोत्सव मनाने में लगे हुए थे वहीं दूसरी तरफ नीतीश कुमार बीजेपी के साथ छल करके बहुत ही बड़ा धोखा किया है जिसे आने वाले समय 2024 में जनता इसका जवाब देगी।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नेता ने किया तिरंगा झंडा का वितरण

ब्योरों चीफ अयोध्या टाइम्स प० चम्पारण। हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नेता पवन वर्मा ने तिरंगा झंडा का वितरण विभिन्न मंडलो के अध्यक्ष व आमजन के बीच किया।श्री वर्मा ने बताया की इस अभियान के शत प्रतिशत सफलता हेतु माननीय राज्य सभा सांसद श्री सतीश चंद्र दुबे जी ने झंडा उपलब्ध करवाया है।इसके लिए उपस्थित सभी लोगो ने सांसद जी को साधुवाद दिया। श्री वर्मा ने बताया कि साल 2022 के स्वतंत्रता दिवस को भारतवर्ष में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के रुप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष को पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। 75वें स्वतंत्रता दिवस को और अधिक यादगार बनाने के लिए भारत सरकार ने हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अनुरोध प्रत्येक देशवासी से कर रही है।राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्र निर्माण के लिए अथक प्रयास करने वालों के योगदान को याद दिलाने के लिए हर घर तिरंगा के अभियान को सरकार की ओर से मंजूरी दी गई है।मौके पर मंडल अध्यक्ष चन्दु तिवारी,भाष्कर मित्र, रमेश सिंह, पूर्व मुखिया सत्येन्द्र राव,मनोज पटेल,चन्दन वर्मा, गुलशेन चौधरी, अमन कुमार आदि मौजुद रहे।



# रात्रि प्रहरी को मिले टॉर्च डंडा व पोशाक के साथ उचित मानदेय

कटिहार जिला अंतर्गत रात्रि प्रहरी की सेवा को स्थाई करने एवं मानदेय में वृद्धि करते हुए समय से भुगतान करने की मांग को लेकर संगठन बैठक रखा हरी शंकर नायक विद्यालय में पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा है कि बिना किसी अवकाश के 12 से 16 घंटे ड्यूटी ली जाती है इसके आवाज में विद्यालय को से 5000 वेतन निर्धारित किया गया है वह भी समय पर नहीं मिल पाता है महंगाई के दौर में दी जाने वाली



मानदेय राशि दैनिक मजदूरी से भी कम है इससे रात्रि प्रहरी को अपने परिवार का ठीक से भरण–पोषण करना मुश्किल हो रहा है इस कारण रात्रि प्रहरी के मानदेय में वृद्धि करने रात्रि प्रहरी को सर्विस किट जैसे टॉर्च डंडा व पोशाक देने ड्यूटी का समय निर्धारित करने सभी रात्रि प्रहरी को अस्थाई रूप से 60 वर्ष तक नौकरी देने की मांग की गई सरकार से गुहार लगाते हुए जिला पूर्व सचिव अरुण कुमार मंडल ने बोला इतना मानदेय में हम लोग का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है और संगठन को मजबूत करने के लिए भी चर्चा की गई और सभी रात्रि प्रहरी के अनुमति से एक प्रस्ताव रखा गया प्रस्ताव में सभी सहयोग से संगठन का नया ढंग से विस्तार किया गया कटिहार जिला के जिला अध्यक्ष के रूप में आनंद कुमार जिला सचिव के रूप में रतन यादव जिला कोषाध्यक्ष के रूप में संतोष कुमार मंडल जिला उपाध्यक्ष के रूप में अनिल कुमार महतो जिला मीडिया प्रभारी के रूप में साहिल कुमार सिंह को सभी के सहयोग से बनाया गया और सभी रात्रि प्रहरी को जिला अध्यक्ष आनंद कुमार ने बोला अपने पद का गरिमा रखूंगा जिसे कोई भी दिक्कत हो उसे दिक्कत और परेशानी को दूर करूंगा मुझे सभी मिलकर जिस पद का पदभार दिया उस पद का इमानदारी पूर्वक निभाऊंगा और सभी रात्रि प्रहरी उपस्थित थे प्रदीप पासवान अरुण कुमार मंडल जिया उल हक दुलाल सिकंदर एमडी इरशाद पवन कुमार सोनू कुमार एमडी आशिक श्यामसुंदर दास महेश लाल विश्वास चमरू शर्मा राजेश कुमार मंडल राजू कुमार मंडल दामोदर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत पत्रकार बंधुओं द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

(दीपक कुमार, संवाददाता, रक्सौल) रक्सौलध्पू.च. आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मनाने में लीन है। देशभर में हर तरफ आजादी के 75 वें वर्षगांठ के मौके पर जश्न मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज रक्सौल में सभी पत्रकार भाइयों ने मिलकर एक रैली निकाली, जिसका उद्देश्य लोगों को श्हर घर तिरंगाश लहराने के लिए जागरूक करना था। पूरे भारत में माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर ष्हर घर तिरंगाष मुहिम चलाया जा रहा है और इसी मुहिम को सफल बनाने में पत्रकार भाइयों ने भी अपना छोटा सा योगदान दिया। वैसे तो देशभक्ति की भावना हर क्षण मन में होती ही हैं लेकिन आज एक साथ मिलकर जब सभी पत्रकार बंधु ने नगर भ्रमण किया तो एक अलग ही उत्साह और उमंग था।

लक्ष्मीपुर गम्हरिया रोड से रक्सौल बाजार होते कौड़िहार चौक पर इस कार्यक्रम का समापन किया गया.

कार्यक्रम में शामिल सभी पत्रकार बंधुओं ने उपस्थित जनमानस से 13अगस्त 22 से 15 अगस्त 22 तक अपने अपने घरों में झंडा फहराने के लिए जागरूक किया साथ ही उन्लोगों ने उपस्थित जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग को देश के जिम्मेवार नागरिक होने के नाते अपने अपने घरों में निश्चित ही झंडा फहराना चाहिए एवं अपने आस–पड़ोस के लोगों को तिरंगा झंडा फहराने हेतु प्रेरित भी करना चाहिए . साथ ही पत्रकार बंधुओं ने बताया कि चंपारण समेत रक्सौल के सभी निवासियों को अपने अपने घरों में तिरंगा लहराकर हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम के मुहिम को सफल बना कर इसमे अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिय. वहीं पर यह पत्रकार नवीन गिरी गौतम मिश्रा राजू कुमार कुशवाहा मोहर्रम हुसैन मोहम्मद अबरार आकाश पटेल भूपेंद्र पांडे आदित्य कुमार फखरुद्दीन जमा अमित कुमार अनमोल तिवारी नीरज कुमार बरुण मिश्रा उदय श्रीवास्तव आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## रक्सौल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



(दीपक कुमार, संवाददाता, रक्सौल,) रक्सौल ध्पूर्वी चंपारण अनुमंडलीय अस्पताल परिसर ,रक्सौल से अनुमंडलीय अस्पताल सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर राजीव रंजन के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाला गया, इस कार्यक्रम में रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम का भजन स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गाया गया जा रहा था. प्रभात फेरी में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आमजनों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था एवं तिरंगे का सम्मान करने एवं आजादी के 75 वी वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया जा रहा था.प्रभात फेरी में डॉक्टर मुराद आलम डॉ अजय कुमार डॉ विमलेश कुमार, डॉक्टर प्रकाश मिश्रा डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह यूनिसेफ के बी.एम.सी. अनिल कुमार मुहयाकेन एवं अनुसरण सहायक जय प्रकाश कुमार लेखापाल शिल्पी कुमारी लिपिक रंजीत कुमार गुप्ता रूप किशोर सिंह नवल किशोर सिंह दीपराज देव पंकज कुमार लालू कुमार जी.एन.एम स्वीटी कुमारी राजनंदनी सिंह जीएनएम सुनीता कुमारी मीरा कुमारी मोनिका कुमारी हरिनंदन राम आकाश कुमार सुरेंद्र पासवान नरेश ठाकुर शंभू राम कामेश्वर प्रसाद मुन्नीलाल राय उषा देवी संगीता देवी शीला देवी आसमा खातून एवं आशा स्वास्थ्य कर्मीगण भाग लिए।

# नीतीश कुमार ने जनादेश का अपमान किया : आलोक कुमार विद्यार्थी

अलौली प्रखंड कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक दिवसीय नीतीश कुमार के खिलाफ विश्वासघात धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता गौरव कुमार वहीं मंच संचालक उदय भास्कर ने कियाद्यउक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी वह जिला मंत्री आलोक कुमार विद्यार्थी ने अपने संबोधन में बिहार में अचानक सरकार बदलने से सबसे ज्यादा झटका बीजेपी को लगा क्योंकि बीजेपी इसके लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थी ऐसे में नाराज बीजेपी ने आज धरना प्रदर्शन किया उक्त प्रदर्शन में भाजपा नेता आलोक कुमार विद्यार्थी ने नीतीश कुमार के इस कदम को विश्वासघात बतलाया। नीतीश कुमार के इस फैसले के बाद ही उनके ऊपर बीजेपी के द्वारा निशाना साधा जा रहा हैद्यआगे श्री विद्यार्थी बतलाते हैं कि कोई संकोच नहीं है कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने उनको पलटू राम की उपाधि दी थी और आज नीतीश कुमार बिहार की जनता का अपमान कर पलटू राम के नाम को चरितार्थ किया हैद्यनीतीश कुमार ने जो प्रधानमंत्री बनने का सपना देखा है वह कभी पूरा होने वाला नहीं है भारत के यशस्वी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार भारतीय जनता पार्टी दो तिहाई बहुमत से सीट जीतने वाली है और बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी अपनी जीत दर्ज करेगीद्यआने वाले दिनों में बिहार की जनता उनको और उनके सहयोगियों को सबक सिखाएगी इस कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री विजय कुमार यादव संजीत कुमार



साह मीडिया प्रभारी मनीष कुमार पूर्व जिला परिषद सदस्य शंकर ताती पूर्व महामंत्री डोमन सदा के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी को थाना बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया



जिला जांजगीर चाम्पा के थाना बिर्रा में प्रार्थी देवराज कश्यप उम्र 18 वर्ष निवासी सेमरिया ने दिनांक 11/08/2022 को थाना बिर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का बड़ा भाई हेमराज कश्यप घर के सामने बैठा था उसी दौरान ग्राम कुरियारी थाना शिवरीनारायण निवासी विनेश कश्यप उम्र 23 वर्ष अपने मोटर साइकिल में आकर पुरानी रंजिश को लेकर अपने मोटर साइकिल के डिक्की में रखे चाकू निकाल कर हेमराज कश्यप की हत्या करने के नियत से ताबड़तोड़ प्रहार किया गया।

जिससे हेमराज कश्यप को गंभीर चोंटे आई और वह जमीन पर गिर गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बिर्रा में अपराध क्रमांक 105/2022 धारा 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी विनेश कश्यप निवासी सेमरिया को पकड़कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा हेमराज कश्यप उसकी बहन के साथ बात करता था जिससे आक्रोशित होकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर आरोपी को दिनांक 12/08/2022 को न्यायालय में पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने एवं विवेचना कार्यवाही में उपनिरीक्षक पुष्पराज साहू, उपनिरीक्षक घनश्याम पटेल, सह उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश खाखा , प्रधान आरक्षक भागीरथी नेताम, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पात्रे , प्रधान आरक्षक मोहितराम देवांगन , आरक्षक राजेश कौशिक आरक्षक संजय शर्मा आरक्षक शंकर सिंह राज का योगदान रहा।

# भाजपा को महंगाई नहीं दिख रही, सिर्फ सत्ता की लालच : राजद नेता रामबाबू यादव

(संजीव कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स रामगढ़वा पूर्वी चंपारण ) रामगढ़वाध रक्सौल रक्सौल विधानसभा के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी व राजद नेता रामबाबू यादव के लक्ष्मीपुर, रक्सौल अवस्थित आवासीय परिसर में शनिवार को स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया . वरिष्ठ राजद नेता श्री सोमेश्वर कुशवाहा को राजद के आपदा प्रबंधन के प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने व एनएसयूआई छोड़कर राजद की सदस्यता ग्रहण करनेवाले राहुल पांडे को फूल माला पहनाकर स्वागत सह अभिनंदन किया गया और राजद महागठबंधन में नीतीश कुमार और इस सरकार में शामिल हुए तेजस्वी यादव को डिप्टी सीएम बनने पर लोगों के बीच में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया .इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि आज महंगाई दिन पर दिन चरम पर होते जा रहे हैं आम लोगों को जीना मुहाल कर दिया है केंद्र सरकार द्वारा यूरिया खाद का वितरण नहीं किए जाने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है और भाजपा को पहले महंगाई डायन लगती थी अब भाजपा को महंगाई महबूबा लग रही है किसी भी भाजपा नेता को अब चाहे वह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष या कोई संसद हो या विधायक हो वह लोगों को महंगाई देख दिख नहीं रही है डीजल पेट्रोल गैस सिलेंडर गरीबी 125 दवाइयों का जो दवाई आप 6 महीना पहले लेते थे अब आप आज लीजिए कितना उसका दाम बढ़ गया है दैनिक जीवन की सभी खाद्य पदार्थ महंगाई बढ़ गई है। कहीं आना–जाना यानी सफर करना भी महंगी हो गई है बिजली का बिल ऐसा मीटर लग गया है अब लगता है यह अडानी अंबानी को पैसा दे रहे हैं , प्राइवेट सिर्फ नाम है मोदी जी के राज्य में मीटर को बहिष्कार करना चाहिए सिर्फ सुनकर ही बिल आ रहा है यह क्या कर रहे हैं? आखिर मोदी सरकार 13 लाख करोड़ बड़े बड़े पूँजीपतियों का लोन माफ कर दिया और हमारे जो किसान भाई हैं ,स्टूडेंट है , जो कर्ज लेकर अपना पढ़ाई किए हैं । क्या साधारण व्यवसाई , ठेला वाले ,पान दुकान, वाले, चाय दुकान वाले, मछली वाले किराना दुकान वाले ,कपड़ा दुकान वाले ,साधारण से साधारण जो व्यापारी हैं छोटा मोटा लोन लेकर अपना बिजनेस चलाते थे या लोगों का लोन माफ नहीं होगा किसी बड़े बड़े अरबपतियों का लोन माफ होगा.



ऐसा निर्दयी व निर्लज्ज सरकार कभी भी इस देश में नहीं आया. इस अवसर पर राजद व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला महासचिव हीरालाल साह ,राजद नेता अनिल मिश्रा, मोहम्मद टुना ,राजद के जिला सचिव रामानंद यादव, मोहम्मद इजाजुल ,आदित्य कुमार ,मोहम्मद आरिफ इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा झंडा कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच वितरण किया गया



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू किए गए आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा झंडा कार्यक्रम के तहत आज नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट और सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी पटखौली बगहा–2 के संयुक्त तत्वावधान में नगर परिषद के सफाई कर्मियों के साथ साथ स्कूल के बच्चों , ग्रामीण तथा नगर परिषद के नागरिकों के बीच तिरंगा झंडा बांटने की खबर जैसे ही प्रेषित की गई। लोगों का हुजूम सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी पठखौली बगहा –2 की ओर बढ़ गई। पत्रकार भी इसमे पीछे नहीं रहे।सबों में तिरंगा के प्रति वहीं सम्मान व जज्बा दिखा। जो आजादी के समय दिखने को मिला था।आज नगर परिषद बगहा के सफाई कर्मी श्री बृजमोहन के नेतृत्व में उपस्थित हुए। वह पटखौली के अनुसूचित जाति के नीउर डोम को खर्च की राशि के साथ तिरंगा लगाने के लिए प्रदान किया गया। इसके अलावा वार्ड के लोगों के बीच राष्ट्रीय झंडा समर्पित किया गया। सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी पठखौली एवं को–ऑपरेटिव कोचिंग नारायणपुर के छात्रों के बीच भी वितरण हुआ। बगहा के विभिन्न वार्डों से आए मोतीदास,किताबुउद्दीन नथुनी प्रसाद,राजू यादव,विनय कुमार दुबे,मनोज ठाकुर इसके अलावा विभिन्न ग्रामों से पधारे जनता के बीच भी तिरंगा झंडा घरों पर लगाने के लिए दिया गया। भारत का राष्ट्रीय तिरंगा झंडा देकर उन्हें अपने घरों पर लगाने के लिए समर्पित किया गया। लोगों ने इसे सम्मान पूर्वक स्वीकार किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रघुवंश मणि पाठक,शिक्षक बलिराम सिंह वाजिद अली,रसेन्द्र प्रसाद गिरजेश पाठक,सोनम कुमारी,सुमन कुमारी,आदित्य शुक्ला शबनम कुमारी,पूनम कुमारी, विनय पाठक के अलावे मनोज ठाकुर विनय कुमार दुबे प्रभु शर्मा आदि अनेकों लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर नैतिक जागरण मंच के समन्वयक पदाधिकारी श्रीमती शशि पांडे विद्यालय और ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से सभी को तिरंगा समर्पित कर उनका सम्मान किए।

तिरंगा वितरण का यह कार्यक्रम नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट और सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में हर घर झंडा के लिए भारत के राष्ट्रीय तिरंगा झंडा प्रदान करते हुए सचिव निप्पू कुमार पाठक ने आग्रह किया कि आप तिरंगे झंडे को अपने घर में सबसे ऊपर लगाएंगे ।लगाने की विधि भी बताये ।लोगों में जोश और खरोश देखने को मिला ।एक छोटे से मैसेज में तिरंगा लेने और अपने घर पर लगाने की हुजूम देर समय तक बना रहा।

# एसएसबी 47 वी बटालियन रक्सौल द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

☒ सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

☒ बिभिन्न समाजिक संगठन के सदस्य हुए सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव रक्सौल पूर्वी चंपारण। एसएसबी 47 बटालियन पनटोका रक्सौल द्वारा आईसीपी रक्सौल के प्रांगण में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार,आईसीपी प्रबन्धक प्रवीण कुमार,सीमा जागरण मंच के स्टेट क्वाडीनेटर महेश अग्रवाल,प्रो शिक्षाविद सयम्भु शलभ ,प्रो. राजकिशोर सिंह,इंडोनेपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स रक्सौल के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,हरैया ओपी प्रभारी विवेक जायसवाल ,वरीय पत्रकार विजय गिरी आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कमांडेंट विकास कुमार ने कहा कि देशवासियों के दिलों में देश भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एसएसबी 47 बटालियन द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में 12 हजार तिरंगा झंडा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार व संचालन शारदा कला केंद्र की निदेशिका शिखा रंजन ने की ।इस दौरान ग्रो प्ले जीनियस स्कूल के छात्र–छात्राओं ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके उपरांत तिरंगा झंडा का सहयोग देने वाले प्रयास संस्था की आरती कुमारी,एसबीआई के प्रबन्धक पंकज कुमार,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, एनयूजेआई के अनुमंडल संयोजक बिपिन कुशवाहा, अखिल भारतीय मड़वारी महिला संघ के सचिव सोनू काबरा, सीमा जागरण मंच के



अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,सम्भावना के अध्यक्ष भरत प्रसाद गुप्ता ,वरीय शिक्षक बैकुंठ बिहारी सिंह तथा सुरेश धनोटिया सहित अन्य लोगों को एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार ने अंग वस्त्र व तिरंगा झंडा प्रतीक चिन्ह के रूप में देकर सम्मानित किया । इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार, डिप्टी कमांडेंट एम ब्रोजेंन सिंह, अर्चना कुमारी, इंस्पेक्टर रमेश कुमार, प्रमुख व्यवसायी विनोद गुप्ता,मनोज गुप्ता, रजनीश प्रियदर्शी तथा अशोक मधुकर सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला जज, जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया

☒ राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले के विभिन्न बैंकों के 6000 से अधिक मामले रखे गए

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमंडल ब्यूरो चीफ





शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि राष्ट्रीय लोक अदालत नालसा अन्य कानूनी सेवा संस्थानों के साथ लोक अदालतों का आयोजन करता है। लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है, यह एक ऐसा मंच है जहां कानून की अदालत में या पूर्व मुकदमेबाजी स्तर पर लंबित विवादोंध्मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया समझौता किया जाता है वही 13 शनिवार को शिवहर व्यवहार न्यायालय के सभागार में जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष धर्मशील श्रीवास्तव, जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ,जिला बार एसोसिएशन के महासचिव धर्मेंद्र कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायधीश निशित दयाल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया है। अपने संबोधन में जिला व सत्र न्यायाधीश धर्मशील श्रीवास्तव ने कहा है कि लोक अदालत में आए हुए सभी वादकारियों को समझौता कराने का प्रयास न्यायाधीश एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी करें और ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन करवाएं। अपने संबोधन में डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने भी कहा है कि इस साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों और आए हुए वादकारियों से अपील किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी की भी जीत हार नहीं होती सभी की जीत होती है दोनों पक्ष से विजई होते हैं, जिससे समाज में समरसता ,स्नेह, भाव बनता है आप लोग ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन कराएं। अपने संबोधन में भी पुलिस अधीक्षक श्री राय ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बारीकी से समझाते हुए अपील किया है कि पिछला लोक अदालत में अच्छा परिणाम रहा है इस बार भी आप लोग आए और हंसी खुशी से समझौता कर जाए। जिला बार एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र कुमार एवं विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव निशित दयाल ने भी लोक अदालत में आए हुए वादकारियों के स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुलानिया वादों को सुलह करने का अनुरोध किया। भादो के निपटारा को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ पैनल एडवोकेट के चार बेंच गठित किए गए हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ के समय शिवहर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी गण, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं उनके प्रतिनिधि विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और बहुत भारी संख्या में वादकारियों पहुंचे थे।

# संक्षिप्त समाचार

## चौतरवा में भाजपा मंडल के द्वारा आजादी अमृत महोत्सव पर तिरंगा रैली निकाली गई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आजादी अमृत महोत्सव पर चौतरवा मंडल भाजपा द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ब्रजेश प्रसाद के द्वारा अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया गया। जो इंगलिसीया चौक से शुरू होकर परसौनी,चौतरवा और रतवल होते हुए अमृत महोत्सव सफल बनाना है,हर घर झंडा लहराना है, भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे के साथ पतिलार बहुरहीया माई स्थान पर जाकर समापन हुआ। उक्त तिरंगा रैली के अवसर पर मंडल महामंत्री आशुतोष मालवीय, श्री कांत सरदार, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण श्रीवास्तव, आईटी जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद काजू, महामंत्री विनोद सिंह, अशोक राव, शशिरंजन सिंह,विनय राव, रंजीत तिवारी, दिनेश राव, बबलू यादव,दिप्पू साही, अरविंद दुबे, जयप्रकाश पांडेय,नसीम असरफ समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## हजारीमल टू ,उच्च विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैरेट ने दिखाया अपनी करतब

(दीपक कुमार, संवाददाता, रक्सौल) रक्सौल ध्पूर्वी चंपारण 75 वां आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर झंडा व हर घर तिरंगा अभियान 2022 पूरे देश में मनाया जा रहा है. इसी क्रम में हजारीमल प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाली गई ,जिसमें एनसीसी के एएनओ डॉ रियाज सिद्धकी प्रभारी प्राचार्य ,अनीश कुमार, सुमन दीपेंद्र किशोर, दिलीप कुमार, विकेश कुमार, धनंजय कुमार श्रीवास्तव ,अंशु राज ,डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार एवं एनसीसी के सभी कैरेट्स एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में शामिल बच्चों का तिरंगा के प्रति जोश एवं उमंग गजब का प्रफुल्लित हो रही थी।





## 75 वीं स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में सहरसा स्टेडियम में आज परेड के पूर्वव्यास का जिलाधिकारी ने जायजा लिया

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। बिहार के सहरसा के स्टेडियम में अमृत महोत्सव के रूप मे मनाने वाला 75 वीं स्वन्त्रता दिवस को लेकर आज परेड का 15 अगस्त से पूर्व पूर्वव्यास किया गया।जिसका जायजा सहरसा के जिलाधिकारी आनन्द शर्मा और एसपी लिपि सिंह ने लिया।इसी दौरान उन्होंने तिरंगे को सलामी भी दिए और साथ ही साथ परेड का निरीक्षण भी किया।इस परेड के पूर्वव्यास कार्यक्रम में सदर एसडीओ प्रदीप झा,सदर एसडीपीओ संतोष कुमार,सहित कई अधिकारी शामिल थे। परेड के कार्यक्रम में शामिल जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।15 अगस्त को 75 वीं अमृत महोत्सव के रूप में मनाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।शहर से लेकर पंचायत के गांव तक स्वन्त्रता दिवस को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।



## घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़वा के द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव रामगढ़वा पूर्वी चंपारण। आजादी के 75 वें वर्ष अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर राज्य स्वास्थ्य समिति जिला स्वास्थ समिति के निर्देश के आलोक में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़वा के द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मणि भूषण कुमार, थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, प्रखंड मूल्यांकन अनुश्रवण ब्रजेश कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक गौतम पांडे,सुशांत कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सभी आशा फैसिलिटेटर, एएनएम तथा आशा के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।



## महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान अरेराज में वार्षिक परीक्षा आयोजित


दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा अनुमंडल सचिव रक्सौल अरेराज,पूर्वीचंपारण। महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान अरेराज के परिषद में योग के वार्षिक परीक्षा का शनिवार को प्रथम दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।इस बाबत संस्था के संचालक बिक्की कुमार एवं पश्चिम चंपारण के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर राहुल पांडेय ने बताया कि इस परीक्षा में अरेराज, मोतिहारी,तुरकौलिया,बेतिया, पहाड़पुर,गोपालगंज एवं अन्य जिलों के परीक्षार्थीयों ने भाग लिया। यह परीक्षा नवनीत तिवारी (बगहा 1 क्षेत्रिय अधिकारी), एवं मोतिहारी के क्षेत्रिय अधिकारी रवि रंजन पांडेय की कड़ी निगरानी में सम्पन हुई।इस संबंध में संचालक बिक्की सर ने कहा कि योग कोरोना काल से हर कोई अपना रहा है। योग के माध्यम से हर बीमारी को काबू में किया जा सकता है।बिक्की सर ने बताया कि हमारे यहा योग के सारे कोर्स कराये जाते हैं जैसे –डिप्लोमा, पिजीडिप्लोमा,सर्टिफिकेट कोर्स ,नेचरोपैथी तथा पैरामेडिकल कोर्स कराया जाता है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां योग के साथ –साथ फिटनेस क्लास और डांस क्लास भी कराई जाती है।इस वार्षिक परीक्षा में मुख्य योगदान रवि,अमित, सुभम, विजय, उमाकांत,अनूप,चंदन, खुशी, संजना,अन्नु, रेणु कुमारी और राजीव कुमार का योगदान रहा।



## 47वी वाहिनी स.सी.ब. रक्सौल द्वारा भेलाही में आजादी का अमृत के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत की गई जागरुकता बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा अनुमंडल सचिव रक्सौल पूर्वी चंपारण– डी समवाय भेलाही में आजादी का अमृत के तत्वाधान में ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम के तहत दिनांक 13/08/2022 रोज शनिवार को ग्रामीण जागरुकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व निरीक्षक एन.तेजमनी सिंह द्वारा किया गया।

जिसमें वहां के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।इस अवसर पर समवाय प्रभारी एन. तेजमनी सिंह द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की मुख्य विशेषताओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही भारतीय ध्वज संहिता के तहत सभी को अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने को भी प्रोत्साहित किया गया।



बैठक के दौरान ग्रामीणों के बीच तिरंगे झंडे बाटे गए ताकि सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम,सम्मान एवं निष्ठा उत्पन्न हो सके।

# 75 स्वतंत्रता दिवस व अमृत महोत्सव को लेकर तैयारियां

वी.के.सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी नानपुर। आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए महमदपुर गांव में पैक्स अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आगामी 15 अगस्त तक अपने–अपन घरों पर तिरंगा झंडा फहराने की अपील की गई।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत महमदपुर महारानी स्थान से की गई। यह तिरंगा यात्रा महमदपुर महारानी स्थान से मझौर चौक, मुशहरी टोला होते हुए बजरंग बली मंदिर चौक से



ठीकहा होते हुए पुनः महमदपुर महारानी स्थान परिसर वापस आया। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा का विधिवत समापन हो गया।

इस बीच लोग भारत माता की जयकारे लगा रहे थे। जिससे पुरा वातावरण गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज कुशवाहा ने बताया की भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित यह तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है। इस यात्रा में मातवर सिंह व कुंवर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

वहीं दूसरी ओर नानपुर प्रखंड मुख्यालय से तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। यह रैली प्रखंड के सभी पंचायतों से गुजरी। जहां लोगों का भरपूर समर्थन व सहयोग मिला। इस तिरंगा मोटरसाइकिल रैली में उप प्रमुख मो मोज्जमिल, मुखिया अखिलेश कुमार कुन्नू, राजेश कुमार, सुजीत कुशवाहा, ज्याउल्लाह परवेज,मो सउद, अरसद अली बाबर, कृष्णा पंडित, पंसस विनय कुमार यादव, राकेश दास, राकेश चौरसिया, संतोष पासवान, मो शहजाद, जमशेद कुरैशी, कमलेश कुशवाहा, रास विहारी पासवान, बिलटू सहनी, कन्हाई झा, उमा राय, रामवृक्ष सहनी, श्रीनारायण पंडित, दिनानाथ साह, संजीव कुमार यादव, मोहम्मद कमरे आलम उर्फ नाजिम, बलिराम कुमार, सहित अन्य शामिल थे।

# नरकटिया विधानसभा करे पुकार मंत्री बने डॉ. शमीम भाई जान



(सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स छौड़ादानो। बिहार में एक बार पुनः महागठबंधन की सरकार बनने से राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी । ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों से ही महागठबंधन की सरकार बनने से नरकटिया विधानसभा के सभी सक्रिय राजद कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, इसी के साथ ही क्षेत्र की जनता के दिल पर राज करने वाले राजद की लोकप्रिय नेता डॉक्टर शमीम अहमद जो भारी बहुमत से दो बार विजय प्राप्त किए । सन 2015 का कार्य कलाप मे इनकी इतनी लोकप्रियता बढ़ा गई कि 2020 में अविस्मरणीय मतों से विजयी हुए । बताते चलें कि महागठबंधन के शपथ ग्रहण के समय से हैं क्षेत्र के लोकप्रिय नेताओं में एकडरी के पूर्व मुखिया तथा समाजसेवी नेता भाई बिजेंदर यादव, राजीव कुमार एकडरी ,राधेश्याम यादव बिशनुपुरवा ,शिव शंकर यादव राजद युवा अध्यक्ष बनकटवा , अजय यादव श्रीपुर, राम इकबाल राय पूर्व मुखिया टिकुलिया, संतोष पटेल जैसे अनेकों कार्यकर्ता एवं नेता डॉक्टर शमीम अहमद को मंत्री बनाने की अभिलाषा लिए पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचे कर इन लोगों ने और अपने विचारों को व्यक्त किया । साथ ही सोशल मीडिया के द्वारा और नुक्कड़ सभाओं के द्वारा माननीय विधायक जी को मंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं , जिसमें युवा नेता विकेंद्र यादव का कहना है कि अपने क्षेत्र का सर्वान्गिक विकास तभी संभव होगा जब माननीय विधायक डॉक्टर समीम साहब जैसे सच्चे , कर्मठ और इमानदार व्यक्ति को मंत्री बनाया जाए । इनके मंत्री बनने से चंपारण में पार्टी की भी मजबूती आएगी और लोगों का जनजीवन संपन्नता से बीतेगा ।

# प्लान इंडिया व एस.एस.वी जवानो ने मनाया रक्षाबंधन त्योहार

वी.के.सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो सीतामढी। सीतामढी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत बेला मच्छपकौनी, पंचायत अन्तर्गत गोरहारी एस एस एस वी कैम्प में



प्लान इंडिया द्वारा गठित किशोरी समूह के बलिकाओ ने कैम्प में जाकर एस वी जवान को एवं समाज सेवी उप मुखिया विनय कुमार झा ,मुखिया –दिनेश राम और बेला थाना प्रभारी मुखिया को राखी बान्धि और इसके साथ S-S-B चमन सिंह( । ॅ ♭ )सर ने किशोरी बालिकाओ को कैरियर के बारे में और मानव तस्करी ,शिक्षा ,बाल विवाह के बारे में भी बताई गई।उप मुखिया विनय कुमार झा ने बालिकओ को बताये कि हर समय हम तुमलोग के साथ है।इसके अलावा ॅ..ठ ,जनप्रतिनिधि ,प्लान इंडिया , एवं ग्रामीणों द्वारा हर घर झंडा हर घर तिरंगा जागरुकता अभियान रैली निकाली गई । जिसमे प्लान इंडिया के किशोरी समूह के बालिकाओं ने भी भाग ली S-S-B चमन सिंह,उप मुखिया विनय कुमार झा,समग्र बाल विकास मित्र,पल्लवी कुमारी, सुदामा कुमारी,किशोरी ,निशा कुमारी, साक्षी कुमारी,खुशी कुमारी, रौशनी , बबी ,और S-S-B और अन्य ग्रामीण ,और किशोरी इत्यादि उपस्थित हुए।

# प्यार में टूटा दिल तो पिस्टल से केक काटकर मनाई ब्रेकअप पार्टी, वीडियो वायरल

विद्यापतिनगर दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। प्यार में जब धोखा मिला, तब एक युवक ने पिस्टल से केक काटकर मनाई ब्रेकअप पार्टी, जी हां ! ऐसा ही एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक अपने दोस्तों के साथ अपनी प्रेमिका से जुदाई पर पिस्टल से केक काटता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं उसके दोस्त के हाथ में भी देसी कट्टा है । मामला समस्तीपुर जिले का है, जहां एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से गाना बज रहा होता है। मिली जानकारी के अनुसार यह वीडियो समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनियारपुर गांव का बताया गया है। हालांकि दैनिक अयोध्या टाइम्स इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो देखने से लगता है कि यह ब्रेकअप पार्टी किसी सुनसान जगह पर चल रहा है। जहां उस युवक ने बेहतर साज–सज्जा किया हुआ है और लाइटिंग की भी व्यवस्था की हुई है। वहां ड्रोन कैमरा और खाने–पीने की भी व्यवस्था थी। हालांकि यह वीडियो



वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक अपने दोस्तों के साथ देखा जा सकता है, केक पर 'अमित एंड निशा ब्रेकअप डे' लिखा हुआ है और पीछे एक दर्द भरा भोजपुरी गाना "उ त दूसरा के डोली में सवार हो गईल, तीर हमरा करेजवा के पार हो गईल" कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि इस वीडियो को देखने के बाद स्पष्ट पता चलता है कि सभी युवक नाबालिक हैं तथा प्यार में मिला धोखा के कारण इस तरह के आयोजन में शामिल हुए हैं।

# एक देश है मेरा झंडा ऊंचा रहे हमारा प्रस्तुत सारांश पत्रकार सुमित सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो। भारत मेरा देश है और मुझे अपने देश पर गर्व है। मुझे अपने देश की परंपरा, सांस्कृतिक भावनाएं, जीवन मूल्यों पर गर्व है और हमेशा रहेगा। भारत यह दुनिया का सातवां सबसे विशाल और विस्तृत देश है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक और घनी आबादी वाला देश है। भारत को इंडिया, हिंदुस्तान भी कहा जाता है। हमारे देश की राजधानी दिल्ली है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जो हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मो के लोगो को सामान मान्यता प्रदान करता है। भारत में 29 राज्य है और सभी राज्यों की अपनी विशेष भाषा है, और फिर भी हम सब भारतवासी एक सूत्र में बंधे हुए है। पौराणिक कथाओ के अनुसार हमारे देश का नाम प्राचीन हिन्दू राजा भरत के नाम पर पड़ा था। भारत की हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की सभ्यता आज भी विश्व प्रसिद्ध है। देश की मिटटी और उसकी सुगंध के एहसास को ब्यान नहीं किया जा सकता है। भारत को विविधताओं का देश कहा जाता है। हमारे देश के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर को भारतीय संविधान का पिता कहा जाता है। संविधान सभा के 389 सदस्यों ने देश से संबंधित सभी मुद्दों पर विस्तार से जांच करने के लिए समितियों का गठन किया था। हमारे देश के संविधान ने प्रत्येक देशवासी को बराबर के अधिकार दिए है। हमारा देश लोकतांत्रिक देश है, यहाँ प्रत्येक नागरिक को अपने विचारो को रखने का अधिकार है। भारत के पड़ोसी देश के नाम पाकिस्तान, नेपाल, बर्मा, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया और श्रीलंका है। हमारे देश की संस्कृति और गहन इतिहास पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ के ऐतिहासिक स्मारक, इमारतों की वास्तुकला, जन जीवन का दशकों और उसे भी पुराना इतिहास पर्यटको को सम्मोहित कर देते है। भारत अपनी पीढ़ियों से चली आ रही संस्कृति और परम्पराओ को संजोह कर रखना वाला देश है। इस देश पर मुझे और सभी देशवासी को नाज है। हम अलग–अलग भाषाएं बोलते हैं और कई देवी –देवताओं की पूजा करते हैं। फिर भी हम सभी भारतीयों की संभावनाएं वही है। इतनी सादगी और अपनापन इस देश से बेहतर हमे और कहीं नहीं मिलेगा। इन विविधताओं के बावजूद हम सब एक है। ठीक उसी प्रकार जैसे एक फूलों की माला में, कई प्रकार के फूल होते है, सबके अपने रंग और विशेष सुगंध है लेकिन एक साथ एकाकृत है। विविधता में, हमारे देश की महान एकता बसी हुई है। यह वह देश है जो अपनी विविधता, मजबूत एकता, और शांति के लिए विश्वभर में मशहूर है। सभी देशवासी में देशप्रेम की भावना कूट –कूट कर भरी है। वही तीन रंग का तिरंगा तिरंगे के ऊपर की पट्टी जिसका रंग केसरिया है वह शक्ति और साहस को दर्शाता है।

बीच का सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है। नीचे की हरी पट्टी भारत के खुशहाली हरियाली का प्रतीक है। झंडे में मौजूद चक्र का अर्थ है गतिशील जीवन जो निरंतर चलता रहता है। इस चक्र को तीसरी सदी के सम्राट अशोक द्वारा बनाए सारनाथ मंदिर में लगे एक स्तंभ से लिया गया है। वही हमारा राष्ट्रध्वज की शान, प्रतिष्ठा, मान तथा गौरव सदा बनी रहे, इसलिए भारतीय कानून के अनुसार ध्वज को सदैव सम्मान के नजर से देखना चाहिए, तथा झण्डे का स्पर्श कभी भी पानी और जमीन से नहीं होना चाहिए। मेजपोश के रूप में, मंच, किसी आधारशिला या किसी मुर्ति को ढकने के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता। किसी राष्ट्र का "राष्ट्रीय ध्वज" उस राष्ट्र के स्वतंत्रता का प्रतीक है। प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का एक अपना राष्ट्रीय ध्वज होता है। इसी प्रकार से हमारे देश का भी राष्ट्र ध्वज है, जिसे तिरंगा कहते हैं। भारत का राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगा भारत का गौरव है और यह प्रत्येक भारतवासी के लिए बहुत महत्व रखता है। यह ज्यादातर राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर तथा भारत के लिए गर्व के क्षणों में लहराया जाता है। हमे फक्र है अपने हिन्दुस्तान पर।

# एसएसबी 47 वी बटालियन रक्सौल द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

☒ सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुवा आयोजन

☒ बिभिन्न समाजिक संगठन के सदस्य हुवे सम्मानित

(दीपक कुमार, संवादाता रक्सौल)

रक्सौल ,पूर्वी चंपारण। एसएसबी 47 बटालियन पनटोका रक्सौल द्वारा आईसीपी रक्सौल के प्रांगण में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार,आईसीपी प्रबन्धक प्रवीण कुमार,सीमा जागरण मंच के स्टेट क्वाडीनेटर महेश अग्रवाल,प्रो शिक्षाविद सयम्भु शलभ ,प्रो राजकिशोर सिंह,इंडोनेपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स रक्सौल के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,हरैया ओपी प्रभारी विवेक जायसवाल ,वरीय पत्रकार विजय गिरी आदि लोगो ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कमांडेंट विकास कुमार ने कहा कि देशवासियो के दिलो में देश भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । एसएसबी 47 बटालियन द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में 12 हजार तिरंगा झंडा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएसबी कमांडेंट बिकास कुमार व संचालन शारदा कला केंद्र की निदेशिका शिखा रंजन ने की ।इस दौरान ग्रो प्ले जीनियस स्कूल के छात्र–छात्राओं ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके उपरांत तिरंगा झंडा का सहयोग देने वाले प्रयास संस्था की आरती कुमारी, एसबीआई के प्रबन्धक पंकज कुमार ,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, एनयूजेआई के अनुमंडल संयोजक बिपिन कुशवाहा अखिल भारतीय मड़वारी महिला संघ के सचिब सोनू काबरा, सिमा जागरण मंच के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,सम्भावना के अध्यक्ष भरत प्रसाद गुप्ता ,वरीय शिक्षक बैकुंठ बिहारी सिंह,सुरेश धनोटिया,सहित अन्य लोगो को एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार ने अंग बस्त्र व तिरंगा झंडा प्रतीक



चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार , डिप्टी कमांडेंट एम ब्रोजेंन सिंह, अर्चना कुमारी,इंस्पेक्टर रमेश कुमार, प्रमुख ब्यवसायी बिनोद गुप्ता मनोज गुप्ता, रजनीश प्रियदर्शी,अशोक मधुकर,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा नवाचार पर विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधियों व हितभागियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मुजफ्फरपुर एवं जिला कृषि कार्यालय, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वाधान में कृषि क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा नवाचार पर विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधियों व हितभागियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शिलाजीत सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा की गई। संचालन श्री मोहम्मद साकिब खान कंसलटेंटध्डीएम प्रोफेशनल, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मुजफ्फरपुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी नें कहा कि जलवायु परिवर्तन तथा आपदाएं आज की मुख्य समस्या हैं, इसका सबसे अधिक प्रभाव कृषि क्षेत्र में देखने को मिल रहा है तथा इससे सबसे अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए कृषि विभाग विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रहा है तथा वर्तमान में संभावित सुखाड़ से निपटने के लिए डीजल अनुदान योजना संचालित की जा रही है। कृषि विभाग की योजनाओं, मृदा अध्ययन, कृषि विविधिकरण, एकीकृत प्राकृतिक कृषि प्रणाली, बीज शोधन, मशरूम खेती, कृषि वानिकी, आर्गेनिक सब्जी खेती आदि की आधुनिक पद्धतियों का प्रचार प्रसार में एनजीओ सहित अन्य हितभागियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कृषि जीवन यापन का आधार है इसे जलवायु परिवर्तन तथा आपदाओं के प्रभाव से बचाने हेतु तथा किसानों की आय बढ़ाने हेतु हम सबको मिल जुलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि एनजीओ प्रतिनिधियों हेतु हर माह एक तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इस संबंध में जागरूक हो सकें। श्री मोहम्मद साकिब खान कंसल्टेंट,आपदा प्रबंधन द्वारा कृषि क्षेत्र में पड़ रहे जलवायु परिवर्तन, आपदाओं के प्रभाव तथा मुजफ्फरपुर में वर्षा के आंकड़ों के माध्यम से प्रतिभागियों को तकनीकी जानकारी प्रदान की गई तथा इसके निदान के उपायों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बदलते जलवायु के अनुसार खेती की नवीन व प्राकृतिक तकनीक को अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा भी जलवायु परिवर्तन तथा आपदाओं के प्रभाव से फसलों को बचाने, वैकल्पिक फसलों को लगाने, कृषि अभियान्त्रिकी, कीट प्रबंधन के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# लायंस क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

☒ शहर के सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने शनिवार को स्थानीय रेड लायंस क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। शहर के सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने शनिवार को स्थानीय रेड क्रॉस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें क्लब के लोगों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया । संस्था के प्रेसिडेंट लायन विनय देवकलीयार ने इस मौके पर कहा की रक्तदान महा दान है . क्लब के सचिव लोकेश गुप्ता ने कहा कि हम ईस्ट चंपारन लायन क्लब समय समय पर रक्तदान शिविर लगते रहेंगे .इस मौक ` पर क्लब से लायन विजय अग्गरवल ,अमित सेन , मनोज जयसवाल ,अभिषेक नारायण ,सुधांसु रंजन ,सुजित सिंग ,अलोक कुमार , डाक्टर सचिनंद पटेल,पवन पुनीत ,सुधीर गुप्ता ,डाक्टर राजकिरन ,सुकृत सिन्हा आदि ने अपना योगदान दिया . इस शिविर में अजित कुमार ,किनेश कुमार ,संजीत सहनी ,संजय कुमार ,कौशल सिंग ,दीपक पांडेय ,सलीम अहमद , और अतुल कुमार राज आदि ने रक्तदान किया । उक्त आशय की जानकारी अनिल तिवारी ने दी। किया जिसमें क्लब के लोगों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया । संस्था के प्रेसिडेंट लायन विनय देवकलीयार ने इस मौके पर कहा की रक्तदान महा दान है . क्लब के सचिव लोकेश गुप्ता ने कहा कि हम ईस्ट चंपारन लायन क्लब समय समय पर रक्तदान शिविर




लगते रहेंगे .इस मौके पर क्लब से लायन विजय अग्गरवल ,अमित सेन , मनोज जयसवाल ,अभिषेक नारायण ,सुधांसु रंजन ,सुजित सिंग ,अलोक कुमार , डाक्टर सचिनंद पटेल,पवन पुनीत ,सुधीर गुप्ता ,डाक्टर राजकिरन ,सुकृत सिन्हा आदि ने अपना योगदान दिया . इस शिविर में अजित कुमार ,किनेश कुमार ,संजीत सहनी ,संजय कुमार ,कौशल सिंग ,दीपक पांडेय ,सलीम अहमद , और अतुल कुमार राज आदि ने रक्तदान किया । उक्त आशय की जानकारी अनिल तिवारी ने दी।

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा का आयोजन

विद्यापतिनगर (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। प्रखंड मुख्यालय विद्यापतिनगर से सटे बजरंगी चौक स्थित नॉलेज प्वाइंट एजुकेशन सेंटर के तत्वावधान में शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ! आयोजन के संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संस्थान के निदेशक



चंदन कुमार ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आह्वान किया है कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ को संपूर्ण देश में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत 13 – 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इसी के मद्देनजर संस्थान के बच्चों द्वारा आज तिरंगा यात्रा पर आयोजन किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में राष्ट्र के प्रति प्रेम और सद्भाव में वृद्धि होती है। तिरंगा यात्रा की विधिवत शुरुआत जद(यू) प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। श्री सिंह ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, इस लिए आजादी के अमृत महोत्सव पर हम सभी अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाएं, यह देश के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा होगीतिरंगा यात्रा की शुरुआत शनिवार को सुबह 7:30 बजे बजरंगी चौक से हुई, यात्रा बजरंगी चौक से शुरू होकर विद्यापतिनगर, साहिट, वृंदावन, राजा चौक, फरसा चौक, वाजिदपुर बाजार,डाक बंगला होते हुए पुनः कोचिंग संस्थान पहुंची ♭ गोरतलब है कि कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के वाबजूद छात्र–छात्राओं का उत्साह चरम पर था। इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला पार्षद पति नंदलाल कुशवाहा, शिक्षक विकास रजक, विपुल कुमार, मुकेश कुमार, बसंत गुप्ता, अविष्कार कुमार, छात्रा सुप्रिया कुमारी, अन्नू पटेल, छात्र नीतीश कुमार, भूषण कुमार, सौरभ कुमार सिंह, शांतनु कुमार सिंह, गौरव कुमार, ज्योति कुमारी, काजल कुमारी, के अलावा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावा शिक्षक, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए ।

# संक्षिप्त समाचार

## नन्हें - नन्हें बच्चों ने हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शुरू किए गए आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा फहराने के कार्यक्रम के तहत सबों में तिरंगा के प्रति वहीं सम्मान व जज्बा देखने को मिला । अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रुहरघरतिरंगा अभियान के अन्तर्गत सादिकपुर के अनूप आवासीय विद्यालय के संस्थापक राजेश सिंह राजू के मार्गदर्शन में नन्हें – नन्हें बच्चों ने भी विद्यालय के शिक्षकों के साथ सभी



ग्रामीणों को अपने – अपने घरों में तिरंगा फहराने का संदेश दिया। बच्चों द्वारा निकाले गए तिरंगा यात्रा को देख ग्रामीणों के द्वारा भी बच्चों का हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर जगन्नाथन उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य सत्येन्द्र प्रसाद सिंह , विद्यालय के शिक्षक – शिक्षिकाओं सहित कई गणमान्य लोग मौजूद हुए।

## वार्ड संघ द्वारा अमृत महोत्सव व 75 में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सीतामढ़ी परिहार प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बाया में सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा वार्ड संघ के पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार यादव के अध्यक्षता में 75 में स्वतंत्रा दिवस के अमृत महोत्सव की तैयारी हेतु भव्य रुप से तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं पूरे पंचायत में लोगों को हर घर तिरंगा लगाने हेतु एवं भव्य रुप से अमृत महोत्सव मनाने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया गया यात्रा में वार्ड सदस्य महासंघ परिहार के प्रखंड सचिव गोरे मंडल प्रखंड कोषाध्यक्ष सवाली पासवान सुशील कुमार रामनाथ साह सददाम अंसारी हरीशचंद्र सिंह रामेश्वरम सिहविहारी सिंह मोस्लिमा खातून हारिश सेख डा0 नुरुल होदा मो0 नसिम अख्तर इत्यादि लोगों ने भाग लिया।



## कोकनी गॉव में शनिवार को जमीनी विवाद में दो पक्षों में भयंकर मारपीट

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड रिपोर्टर तारकेश्वर प्रसाद सिंह।



समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के कोकनी गॉव में शनिवार को जमीनी विवाद में दो पक्षों में भयंकर मारपीट हुई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो की पहचान कोकनी गॉव के मनोज चौधरी और उनका दोनो बेटा प्रिंस जायसवाल तथा छोटू जायसवाल के रूप में हुई है जिसमे प्रिंस जायसवाल बुरी तरह से घायल हो गया। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु हसनपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। मनोज चौधरी ने बताया की मामला जमीन का है जिसमें गॉव के ही शंभू महतो, अजीत महतो और चंदन महतो पर मारपीट का आरोप लगया है। इसके संबंध में मनोज चौधरी के द्वारा हसनपुर थाना में भी आवेदन दी गई है ।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वहां स्वतंत्रता दिवस समारोह मठिया पंचायत भवन में 9.30 बजे में होगा आयोजन : ज्योती मुखिया

शशिभूषण कुमार सिंह प्रखंड सवांददता अयोध्या टाइम्स केसरिया पूर्वी चम्पारण। अपार हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत राज मठिया के पंचायत भवन के परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह दिनांक– 15. 08.2022 दिन सोमवार को पूर्वाह्न 09:30 बजे माननीया मुखिया ज्योति देवी के द्वारा झण्डोत्तोलन किया जायेगा एवं पूर्वाह्न 10:30 बजे से संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पंचायतों के अन्तर्गत वरिष्ट व्यक्तियों को समानित किया जाना है। अतः स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव समारोह में आप सभी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम झंडोतोलन 09:30 बजे बैठक में 10:00 बजे कार्यक्रम 10:30 बजे।

## श्री शिवम सेवा सदन का उद्घाटन डॉ एस कुमार के द्वारा फीता काटकर संपन्न किया गया

सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम छौड़ादानो। छौड़ादानों से तीन किलोमीटर उत्तर दिशा मे कटगेनवा चौक स्थित उच्च विद्यालय के सामने ष्श्री शिवम सेवा सदनष का उद्घाटन किया गया यह । उद्घाटन समारोह व्यवस्थापक राजकुमार उर्फ राजू के देखरेख में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम के उद्घाटन करता डॉ एस कुमार के द्वारा फीता काटकर संपन्न किया गया । जिसमें क्षेत्र के सुपरिचित व पूर्व प्रमुख राम इकबाल प्रसाद यादव , इनके साथ नेपाल विधायक बच्चा यादव, बिजेंदर यादव के साथ–साथ अनेकों गणमान्य व्यक्ति सह अगल– बगल के ग्रामीण उपस्थित थे । डॉ एस कुमार ने बताया की शिवम सेवा सदन क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 24 घंटा तत्पर रहेगी । यहां पर लकवा



जैसे जटिल रोग का भी इलाज किया जाएगा । संवाददाता से बातचीत के क्रम में डॉ एस कुमार ने बताया की क्षेत्र के लोगों को असामयिक होने वाली परेशानी के समय में मोतिहारी जाने जैसी दूरी को तय नहीं करनी पड़ेगी । इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखी जाएगी । अपने बारे में इन्होंने बताया कि मैं भी इसी परिवेश से हूं अतः यहां के लोगों की समस्याएं मेरी अपनी समस्या जैसी लगती है । बताते चलें की यह चौक नेपाल सीमा रेखा से सटा हुआ है ।

## मध्य विद्यालय भुतही बाजार के छात्र ने निकाला तिरंगा यात्रा

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर आदर्श मध्य विद्यालय भुतही बाजार के छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा में जागरूकता लाने के लिए निकाला गया, जिससे गांव के सभी घरों में तिरंगा फहराया जा सके। मध्य विद्यालय के छात्रों ने गांव के मुहल्ले एवं गली में तिरंगा यात्रा की। यात्रा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज किशोर राउत,



शिक्षक राजेंद्र चौधरी, शंकर साह, शिव शंकर महतो, मणिभूषण सिंह, श्रीराम शर्मा, आशा कुमारी, मंजू कुमारी, उर्मिला देवी, सुषमा, निखत परवीन, ज्योति कुमारी, व बाल संसद के प्रधानमंत्री अंकिता कुमारी, उप प्रधानमंत्री राजा कुमार, मीना मंत्री शिवानी कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र शरीक हुए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

(सुबोध कुमार तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स चौड़ादानों) आज चौड़ादानों प्रखंड परिसर मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन की गई यह प्रदर्शन बिहार में हुए राजनीतिक परिवर्तन के परिणामीत था, इस प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता के साथ–साथ क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अवधेश प्रसाद की संयोजन से प्रारंभ हुई जिसमें पूर्व एम .एल.सी श्री बबलू गुप्ता के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी नरकटिया विधानसभा संयोजक प्रेमचंद्र कुमार, युवा महामंत्री राजेश्वर यादव, नरकटिया मंडल महामंत्री आलोक तिवारी के साथ–साथ सुभाष चंद्र आर्य, हरिहर साह ,मनोज साह, पूर्व मुखिया मुकेश यादव के साथ क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ता और पार्टी के प्रशंसक उपस्थित थे । मंच का संचालन कर रहे ज्योति नारायण प्रसाद के द्वारा बारी बारी से सभी कार्यकर्ताओं को अपनी वक्तव्य के लिए मौका दिया गया जिसमें सभी ने एक स्वर बिहार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी के द्वारा पार्टी बदलाव का विरोध किया । सभी ने पूर्व सरकार गठन के समय के उनके किये गाये वादों को याद दिलाते हुए नए गठबंधन सरकार असंतुष्टता व्यक्त की ।



# गंडक पार के मधुबनी में नशा मुक्त अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलाई गई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा अनुमंडल अंतर्गत गंडक पार के मधुबनी प्रखंड स्थित राजकीयकृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय एवं अपने परिवार के सदस्यों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया ।साथ ही पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय की प्रेरणा से स्वतंत्रता दिवस की हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव की गलियों से लेकर चौक चौराहे पर 151 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारत माता के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

बता दें कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों पर तिरंगा झंडा लहराता रहेगा।इस अवसर पर आचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी, जवाहर यादव, प्रमोद गुप्ता, राजेश रमण कुमार सिंह, आकांक्षा, मनोज राम ,निसार उल हक अंसारी, बिपिन बिहारी तिवारी, मणिंद्र शाह, चतुरानन मिश्र, दिवाकर पांडे सुनील कुमार गुप्त, अरविंद गुप्ता, हरेंद्र पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य अभिभावकों ने भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए उपस्थित रहे।



# नीतीश कुमार को पलटने पर भाजपा ने दिया कटिहार प्रखंड परिसर में धरना

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार। जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जनता के जनादेश के खिलाफ पलटने पर रोष व्यक्त करते हुए कटिहार प्रखंड में धरना पर बैठ हैं। जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो पार्टी अपने बूते सीएम नहीं बना सकी, वह देश का पीएम बनने का ख्वाब देख रही है।



बिहार की भाजपा कभी भी सत्ता के लिए लालायित नहीं रही है। लेकिन जनता के जनादेश का अपमान सहन नहीं कर सकता। धरना पर बैठे बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद भगत ,विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, प्राणपुर विधायक निशा सिंह,कदबा विधायक कविता पासवान, मनोज राय, सौरव मालाकार,बबन झा,राम नाथ पांडे जिला भाजपा इकाई के सैकडों कार्यक्रता धरना पर बैठे हुए हैं।

# अमृत महोत्सव को लेकर कुदरा में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर कुदरा प्रखंड के कई विद्यालयों की ओर से शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बच्चों द्वारा लगाए गए वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे नारों से माहौल गूंजायमान हो गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय जहानाबाद के छात्र छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, अलेंद्र तिवारी, दीपक भारती, अभिषेक सिंह, रविंद्र कुमार रोशन, विद्या कुमारी, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, शर्मिला दास गुप्ता, गुड्डू कुमार चौधरी आदि शामिल रहे।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय परिसर से प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक होते हुए छात्र–छात्राएं पोषक क्षेत्र चकिया टोला तक गईं। इस प्रकार करीब एक किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। उधर सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं के द्वारा भी घोष दल के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसे विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व प्रधानाचार्य इंद्रजीत कुमार सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया।

विद्यालय के शिक्षकों उन्नायक सिन्हा एवं मनोज चौबे के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में कुंदन सिंह, राजेश श्रीवास्तव, कुश मिश्रा, वरुण दुबे, सपना सिंह आदि सहित काफी संख्या में छात्र–छात्राओं ने हिस्सा।

# जनादेश से विश्वासघात के विरोध में भाजपा का बरारी प्रखंड मुख्यालय पर धरना

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। बरारी जनादेश से विश्वासघात के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को बरारी प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना का आयोजन किया गया । अध्यक्षता बरारी मंडल के अध्यक्ष मनोरंजन पाल के द्वारा किया गया।



धारणा में मुख्य अतिथि के रुप में शांति जायसवाल ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की पहचान तब बनी जब अटल जी के मंत्रिमंडल में उनको जगह दी गई।भाजपा के सरकार में नीतीश कुमार को छह बार मुख्यमंत्री बनाया गया वही केंद्र में दो बार महत्वपूर्ण विभाग का मंत्री बनाया गया। ऐसे में भाजपा पर धोखेबाजी का आरोप कैसे लगाया जा सकता है। भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे सरिता जायसवाल मनित ठाकुर बबीता यादव शीला देवी अजय सिंह कई लोग मौजूद थे।

# फतेहपुर हाई स्कूल में 15 अगस्त के उपलक्ष में कार्य कर्म का पूर्व अभ्यास किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स से कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट तरियानी सीतामढ़ी,शिवहर। आप सभी को बता दे कि 15 अगस्त 1947 के दिन भारत को 200 साल ब्रिटिश राज की गुलामी से आजादी मिली थी। इसलिए भारत इस दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाता है। यह भारत का राष्ट्रीय दिवस है। श्आई–डेश के रूप में भी जाना जाता है, यह सार्वजनिक अवकाश 1947 की तारीख को चिह्नित करता है, जब भारत एक स्वतंत्र देश बन गया था। इसी उपलक्ष में सभी सरकारी गैर सरकारी संगठन संस्थान द्वारा तिरंगा झंडा को फहाकर मिठाई बांटी जाती हैं जिसके लिए कुछ छात्र छात्राओ ने भी कुछ कुछ प्रोग्राम करती हैं जिसके लिए ठाकुर रामानंदन राजेंद्र उच्च विद्यालय फतेहपुर में अभ्यास करवाए गया जिस में स्वागत गान के लिए आंचल कुमारी जो की वर्ग 9 का छाता को चयनीत किया गया और स्नेहा कुमारी दीपमाला कुमारी को सामूहिक गान के लिए प्रिंस कुमार हिंदी भाषण साजिया उर्दू भाषान शालोनी कुमारी हिंदी भाषण रौशनी कुमारी अंग्रेजी भाषान के लिए तैयार है शाहिल कुमार प्रशांत कुमार डांस दीपमाला कुमारी निक्की कुमारी देश भक्ति डांस के लिए तैयार है। विद्यालय के सभी शिक्षक इस कार्य कर्म में उपस्थित थे कमल साह संजय कुमार सिंह प्रभात कुमार अनिल कुमार सिंह मुनचुन बैठा श्री मति जागृति कुमारी श्री मति नीना प्रभात प्रवीण कुमार रमन मुकेश बैठा कमरे आलम विभूति कुमार अंजन आबिस जावेद राजेश कुमार सिंह श्री मति मनीषा कुमारी श्री मति अनिला सहनी जी कार्य कर्म के सभी प्रतिभागी को तैयार करवाने में अपनी–अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उम्मीद और विश्वास है प्रत्येक साल की भांति इस साल भी फतेहपुर हाई स्कूल प्रथम स्थान प्राप्त करेगी इस कार्यक्रम को रूपरेखा देने में।

# झमाझम हुई बारिश से किसानों में खुशी, मौसम हुआ सुहाना

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में लगभग सभी प्रखंडों में हल्की बारिश हुई। कुछ प्रखंडों में झमाझम बारिश हुई। इसके चलते किसानों में खुशी देखने को मिल रही है। जबकि जिले में मौसम भी सुहाना हो गया है। इस बारिश से किसान जो धान की रोपनी बची है उसे पूरा करने में जुटे हैं। फिलहाल जिले में 80 प्रतिशत धान की रोपनी हो गई है। अब किसान धान की फसल को बचाने के लिए सिंचाई की व्यवस्था करने में लगे हैं। ऐसे में यह बारिश धान की फसल के लिए काफी फायदेमंद मानी जा रही है। बता दें कि कैमूर जिले में अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई। दो–तीन दिन हल्की बारिश होने से धान की रोपनी भले रफ्तार पकड़ी लेकिन फिर मौसम बदल जाने से रोपनी प्रभावित होने लगी। लेकिन बीते गुरुवार व शुक्रवार को जिले में बारिश होने से धान की रोपनी लक्ष्य के करीब पहुंचने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह हल्की बारिश एक–दो दिन के अंतराल पर होती रही तो धान की फसल बच जाएगी और उत्पादन भी ठीक होगा। उधर बारिश होने से आमलोगों को भी गर्मी से काफी राहत मिली है। बीते कुछ दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग घर में रहने के दौरान भी बेचैन हो जा रहे थे। शुक्रवार की ही सुबह तेज धूप देख कर लोग यह सोचे की अब बारिश नहीं होगी। लेकिन अचानक दोपहर के समय आसमान में बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। जो जिले के लगभग सभी प्रखंडों में हुई। इससे जिले के सभी प्रखंडों के किसानों में खुशी देखी जा रही है। बारिश होने से शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे लोगों को आने–जाने में परेशानी हुई।

# जिले में हर घर तिरंगा को लेकर पंचायतो मे निकाला गया जागरूकता रैली

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स। शिवहर,पिपराही। शिवहर जिले में हर घर तिरंगा को लेकर विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं स्थानीय मुखिया जी के द्बारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मोहनपुर पंचायत के मुखिया संजू देवी एवं उनके पति मनोज कुमार के द्वारा पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया है तथा लोगों को अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया जा रहा है। जबकि मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के द्वारा पंचायत में हर घर तिरंगा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया तथा सभी मुखिया से निवेदन किया है कि अपने–अपने पंचायत में लोगों को हर घर तिरंगा लगाने का अनुरोध करें। इसी क्रम में कुअमा पंचायत के मुखिया रिंकी महतो के द्वारा घर घर तिरंगा लगाने से लिए पंचायत वासियों से अनुरोध किया गया है।

पिपराही प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार के द्वारा पंचायत वासियों से अपील किया गया है कि अपने घरों पर तिरंगा लगाए। वही तरियानी छपरा के मुखिया अर्पणा सिंह के द्वारा भी पंचायत वासियों से अपील किया गया है कि अपने घरों पर तिरंगा लगाएं।



# इंस्ट्रग्राम में बच्चों के अश्लील विडियों वायरल करने वाले 01 आरोपी को थाना डभरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया



जिला जांजगीर चाम्पा के में सीसी पीडब्लूसी योजना अंर्तगत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसी आरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित साईबर टाईप लाईन नंबर जिसमें विभिन्न सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराध के संबंध में निगरानी रखी जाती है इनके द्वारा एक संदेही जिसके द्वारा अपने मोबाईल के माध्यम से इंस्ट्रग्राम सोशल मीडिया पर नाबालिक बच्चों से संबंधित अश्लील विडियों अपलोड कर वायरल करने की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली के विरुद्ध थाना डभरा में अपराध क्रमांक 295/2022 धारा 67 बी सूचना प्रौधोग्रिकी अधिनियम पंजीबध्द किया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर थाना डभरा पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने एवं अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से मोबाईल एवं सीम बरामद किया गया आरोपी विशाल पटेल निवासी कबारीपाली को दिनांक 13/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में सहायक उपनिरीक्षक एस, एन , मिश्रा, प्रधान आरक्षक लालाराम खुंटे, आरक्षक दीपेन्द्र मधुकर एवं वेश जाटवर का सराहनीय योगदान रहा।

# देशभक्तिजज्बे के साथ रानी लक्ष्मी बाई बहुउद्धेशीय हॉल का उद्घाटन



राज पलिया रिपोर्टर फिरोजाबाद फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया गया स कार्यक्रम का शुभारंभ लोकतंत्र सेनानी रविंद्र शर्मा , पार्षद पूनम शर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विनीता गुप्ता द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया स हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वयं सेविकाओं ने प्रभातफेरी निकाली जिसमें हाथों में तिरंगा लेकर जोश से लबरेज नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया स रैली में तिलक नगर पार्षद पूनम शर्मा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विनीता गुप्ता कला विभाग के अध्यक्ष डॉ विनीता यादव के साथ विभिन्न गणमान्य लोग भी शामिल रहे तिलक नगर की गलियों में जनमानस द्वारा 29 स्थानों पर पुष्प वर्षा कर छात्राओं का स्वागत भी किया गया स मुख्य अतिथि द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय में ष्रानी लक्ष्मी बाई बहुद्देशीय हालष का उद्घाटन फीता काटकर किया गया स छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई एवं झलकारी बाई बन कर सभी का मन मोह लिया स कार्यक्रम की इसी कड़ी में लोकतंत्र सेनानी रविंद्र शर्मा जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तत्पश्चात उन्होंने छात्राओं को शहीदों को समर्पित कविता द्वारा भाव विभोर कर दिया सपार्षद पूनम शर्मा ने अपने आशीर्वचन में छात्राओं को आजादी के बारे में अवगत कराया स पूर्व पार्षद प्रमोद सैनी ने नारी शिक्षा पर संदेश दिया स कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ नम्रता निश्चल त्रिपाठी एवं डॉ शिप्रा सिंह द्वारा किया गया सइस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ निशा अग्रवाल , डॉश्वेता राय, डॉ शारदा सिंह, डॉ प्रिया सिंह, डॉ पूजा सिंह, सौरभ उपाध्याय राकेश सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# बाजिदपुर पंचायत में आम सभा का किया गया आयोजन

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर पंचायत में आज दिनांक 13– 08–2022 दिन शनिवार को पंचायत के मुखिया श्री मुकेश कुमार जी की अध्यक्षता में एक आम सभा का आयोजन किया गया।जिसमें पंचायत के सभी 14 वार्ड सदस्यों के साथ–साथ कुछ गिने–चुने लोगों की उपस्थिति हुई जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के साथ–साथ सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन व समय पर स्कूल का संचालन आदि पहलुओं पर चर्चा की गई।

मौके पर समाजसेवी शशिप्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर वार्ड 14 निवासी शंभू राय, राजू कुमार, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार पंडित, संजीव कुमार पंडित, अजीत निराला आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति आमसभा में दर्ज कराई ।



# रक्सौल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



(दीपक कुमार, संवाददाता, रक्सौल,) रक्सौल ध्पूर्वी चंपारण अनुमंडलीय अस्पताल परिसर ,रक्सौल से अनुमंडलीय अस्पताल सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर राजीव रंजन के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाला गया, इस कार्यक्रम में रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम का भजन स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गाया गया जा रहा था. प्रभात फेरी में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आमजनों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था एवं तिरंगे का सम्मान करने एवं आजादी के 75 वी वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया जा रहा था. प्रभात फेरी में डॉक्टर मुराद आलम डॉ अजय कुमार डॉ विमलेश कुमार, डॉक्टर प्रकाश मिश्रा डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह यूनिसेफ के बी. एम.सी.अनिल कुमार मुहयाकेन एवं अनुसरण सहायक जय प्रकाश कुमार लेखापाल शिल्पी कुमारी लिपिक रंजीत कुमार गुप्ता रूप किशोर सिंह नवल किशोर सिंह दीपराज देव पंकज कुमार लालू कुमार जी.एन.एम स्वीटी कुमारी राजनंदनी सिंह जीएनएम सुनीता कुमारी मीरा कुमारी मोनिका कुमारी हरिनंदन राम आकाश कुमार सुरेंद्र पासवान नरेश ठाकुर शंभू राम कामेश्वर प्रसाद मुन्नीलाल राय उषा देवी संगीता देवी शीला देवी आसमा खातून एवं आशा स्वास्थ्य कर्मीगण भाग लिए।

# संक्षिप्त समाचार


## शिक्षक प्रतिनियोजन पर ग्रामीण आक्रोशित, डीपीओ ने दिया विखंडित कराने का आश्वासन

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पीएम पोषण के डीपीओ संजय कुमार देव कन्हैया ने सुरसंड प्रखंड के रधाउर कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां के शिक्षा प्रेमी, अभिभावक एवं ग्रामीण विद्यालय के शिक्षिका के प्रतिनियोजन से आक्रोशित एवं आंदोलनरत थे। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षिका अर्चना कुमारी विगत दिसंबर से अन्यत्र प्रतिनियोजन पर हैं। डीपीओ कन्हैया ने निरीक्षण के पश्चात बताया कि इस विद्यालय में आठ वर्ग में कुल 555 छात्रा नामांकित है। विद्यालय में केवल 5 शिक्षक होने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षिका अर्चना कुमारी का प्रतिनियोजन विखंडित कराने का दिए जाने के पश्चात ही ग्रामीण शांत हुए। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से निवेदन करूंगा। इस दौरान छात्राओं एवं जिला समन्वयक पंकज कुमार के साथ मध्यान्ह भोजन खाया।



## विश्व रिकर्ड गिनीज बुक अश्फ वर्ल्ड में बक्सर का नाम दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर ,बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल बक्सर। विश्व रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में बक्सर का नाम दर्ज कराने के लिए 75 मीटर मानव निर्मित भारत का नक्शा 75 मीटर तिरंगा झंडा के साथ यात्रा बक्सर का नाम विश्व पटल पर कराने के लिए 14 अगस्त 2022 दिन रविवार को 8 बजे सुबह M,P हाई स्कूल बक्सर संयोजक सौरभ तिवारी जी दुकान,घर जाकर सभी लोग को आमंत्रित करते हुए।



## भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़, पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर पूरे देश में मनाए जा रहे है अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाले जा रहे हैं शनिवार के दिन राज्यसभा अध्यक्ष सतीश चंद्र दुबे जी के नेतृत्व में मैनाटांड़ मेला चौक से में तिरंगा यात्रा निकाला गया रमपुरवा गांव तक हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राज सभा अध्यक्ष सतीश चंद्र दुबे ने निकाला तिरंगा यात्रा बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा निकाली गई रैली में बीजेपी कार्यकर्ता मैनाटांड़ ।उत्तरी मंडल अनिल पटेल महामंत्री डॉक्टर धनंजय त्रिपाठी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ नरेंद्र प्रसाद। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष। सुनील कुशवाहा जिला कार्य समिति सदस्य राजन पांडे। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुभाष प्रसाद विद्यार्थी। युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू पासवान, अति पिछड़ा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ गुप्ता, पूर्व मंडल, अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जनार्दन कुशवाहा मुन्ना यादव परमा साह।



## विधान पार्षद अशोक अग्रवाल ने निकाला तिरंगा यात्रा

साहिल कुमार सिंह(ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के सेमापुर ओपी क्षेत्र में आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर पूरे देश में मनाए जा रहे है अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाले जा रहे हैं शनिवार के दिन विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल जी के नेतृत्व में सेमापुर पटेल चौक से तिरंगा यात्रा निकाला गया सेमापुर में सभी गांव तक हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने निकाला तिरंगा यात्रा बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा निकाली गई रैली में बीजेपी कार्यकर्ता सेमापुर । विशाल गुप्ता मनीष कुशवाहा संतोष भगत जयप्रकाश यादव रवि आजाद मनित कुमार बिपिन कुमार इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बथनाहा प्रमुख रतन ने बाढ़ से निपटने के लिए दिया दिशा निर्देश

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बथनाहा पंचायत समिति की बैठक शनिवार को किसान भवन में प्रखंड प्रमुख रतन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जबकि संचालन प्रखंड विकास अजीत कुमार प्रसाद ने की। बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक में मनरेगा पीओ, कृषि पदाधिकारी, बिजली विभाग के एसडीओ, मुखिया संजीव भूषण, चंद्रिका पासवान, राजकिशोर साहनी एवं सभी समिति उपस्थित थे। सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुट से प्रयास किया। राम इकबाल महतो ने अंचल भ्रष्टाचार का मामला उठाया। इंदिरा आवास में भी भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा। प्रमुख रतन कुमार शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए सुखाड़ एवं बाढ़ से निपटने के लिए उचित उपाय करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।



## भारतीय सशस्त्र सीमा बल के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन 47 वीं बटालियन के द्वारा 118 मरीजों की हुई जांच

(दीपक कुमार,संवाददाता, रक्सौल) पूर्वी चंपारण नाम को फोन किया था लोग गए थे रक्सौल प्रखंड के अंतर्गत नोनिया डी पंचायत राजकीय मध्य विद्यालय महदेवा में 47 वी वाहनी सशस्त्र सीमा बल पनटोका के द्वारा 75 आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है इसके अंतर्गत माननीय कमांडेड श्री विकास कुमार के निर्देशानुसार चिकित्सा शिविर का दिनांक 13/08/2022 आयोजन किया गया डॉक्टर श्री राज एमजे का कहना है बॉर्डर के आसपास के असहाय गरीब एवं मजदूर को ध्यान में रखते हुए चेक करके निशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है निशुल्क उपचार से ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है।




इस चिकित्सा शिविर में पुरुषों की संख्या 58 महिला की संख्या 36 बच्चों की संख्या 24 टोटल 118 मरीज का उपचार किया गया साथ निशुल्क दवा वितरण किया गया मौके पर एसएसबी डॉक्टर श्री राज एमजे ,डॉक्टर प्रतीक रंजन , मेडिकल हेड कांस्टेबल श्योदान सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुनील दंत गौरोला, कॉन्स्टेबल एसएसबी संदीप कुमार, एसएसबी महिला कॉन्स्टेबल रेखा कुमारी, अमृता कुमारी एवं ग्रामीण लोग मौजूद थे।



B.Ed.

2 Years Fees 60,000/-,
Graduation Marks 55%
Gen/OBC
ST/SC Free
Graduation Marks 50%

BTC, De-LED

2 Years Fees 30,000/-
Graduation Marks 55%
Gen/OBC
ST/SC Free
Graduation Marks 50%

B.A., B.Ed.

4 Years Course, Qualification - Intermediate,
Gen/OBC Fees - Rs. 20,000/-, Inter Marks - 60%
ST/SC Free

Note : 60% Marks in Graduation Gen/OBC B.Ed. & BTC Free
Counseling Fees Rs. 10,000/- mandatory for free course.

Contact: 9918523251, 8318183984

SHRI SAI EDUCATIONAL FOUNDATION INFRONT OF GEETA NAGAR METRO STATION, KANPUR

A University Under Section 2(F) of UGC Act, 1956

F.S. UNIVERSITY

ADDRESS: NEAR BALAJI MANDIR, SIKOHABAD U.P.

बहुत कम फीस पर 100% रोजगारपूरक कोर्स उपलब्ध

B.A., M.A. (All Subject), B.Sc., M.Sc. (All Subject), B.Com., M.Com., B.Sc.(Ag.), M.Sc. (Ag.), B.S.W., M.S.W., B.B.A., M.B.A., BCA, MCA, B.Ed., M.Ed., D.El.Ed (BTC), B.Tech. (All Branch), M.Tech. (All Branch), Polytechnic (All Branch)

नोटः 1. खाद बीज के लिए लाइसेंस वाला कोर्स (B.Sc.Ag.) सभी जगह रोजगार के अवसर
2. स्कालरशिप 100 प्रतिशत सुविधा।
3. उत्तम शिक्षा की व्यवस्था।
4. 100 प्रतिशत कैम्पस प्लेसमेंट सभी कोर्सों में।
5. सभी कोर्स की सीटें सीमित हैं।



श्री साई एजूकेशन फाउण्डेशन

(अजय क्लासेज : कमलेश्वरम गेस्ट हाउस के सामने, छपेड़ा, काकादेव, कानपुर)

मो.: 9918523251, 9305507399, 9956171015

सभी कोर्स उत्तर प्रदेश की यूनिवर्सिटी से उपलब्ध

Admission Open Courses Admission Open

| Sr.No. | Subjects / Streams / Programme | Mode | No Of semester | duration in years | Eligibility |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Master in Opration theatre Technology | Semester | 4 | 2 Year | Bachelor in Relivent |
| 2 | Master in Radio Imaging Technology | Semester | 4 | 2 Year | Bachelor in Relivent |
| 3 | Bachelor in Opration theatre Technology (Lateral) | Semester | 4 | 2 Year | Diploma In Relivent |
| 4 | Bachelor in Radio Imaging Technology (Lateral) | Semester | 4 | 2 Year | Diploma In Relivent |
| 5 | Bachelor in Opration theatre Technology | Semester | 6 | 3 Year | XII (Science ) |
| 6 | Bachelor in Radio Imaging Technology | Semester | 6 | 3 Year | XII (Science ) |
| 7 | Diploma in Dresser | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 8 | Advance Diploma in Agriculture | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 9 | Diploma In X-Ray Tecnician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 10 | Diploma In Dental Technician & Hygiene | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 11 | Diploma In Dialysis Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 12 | Diploma In ECG Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 13 | Diploma In Blood Transfusion Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 14 | Diploma In Medical Lab Technology (DMLT) | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 15 | Diploma In Operation Theater Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 16 | Diploma In Ophthalmic Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 17 | Diploma In Optometry | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 18 | Diploma In Radiology And Imaging Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 19 | Diploma In Cardiology Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 20 | Diploma In Health Care & Services | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 21 | Diploma In Medical Record Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 22 | Diploma In Multipurpose Health Worker | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 23 | Diploma In Nutrition & Dietics | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 24 | Diploma In Emergency Medical Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 25 | Diploma in Fire and Safety | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 26 | Diploma in Industrial Safety Management | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |

श्री साईं एजूकेशन फाउण्डेशन

गीता नगर मेट्रो स्टेशन के सामने, कानपुर

मो.: 9918523251, 8318183984


# संक्षिप्त समाचार

## चिरेका रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रन फॉर यूनिटी मार्च पास्ट आयोजित

चित्तरंजन। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा पहल के अवसर पर चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' मार्च पास्ट का आयोजन आज को किया गया। श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक ने इस मार्च पास्ट को चिरेका प्रशाशनिक भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मार्च पास्ट में कुल 135 अधिकारी एवं जवानों ने सक्रीय योगदान दिया। श्री बीरेंद्र कुमार, महानिरीक्षक सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्तय चिरेका के विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारी,पर्यवेक्षक और कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे. मार्च पास्ट चित्तरंजन के विभिन्न क्षेत्र होकर अम्लादही बाजार होते हुए रेलवे सुरक्षा बल परेड ग्राउंड पर समाप्त हुआ।



## बीएमएस द्वारा तिरंगा झंडा फहराने को ले झंडा वितरित किया गया

आसनसोल। खान श्रमिक कॉंग्रेस (बीएमएस) के द्वारा 13 से 15 अगस्त 2022 को तिरंगा झंडा फहराने के कार्यक्रम के तहत शनिवार 13 अगस्त 2022 को शाम चीना कुड़ी 3 न0 कोयिलरी कार्यालय से चीना कुड़ी 3 न0 बाजार में परिक्रमा करते हुये हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा झंडा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुल्टी विधायक डॉ० अजय पोद्दार, बीएमएस के जय नाथ चौबे, महेन्द्र गुप्ता, दया चंद नोनिया,त्रिवेणी प्रसाद सहित सोदपुर क्षेत्र के सभी शाखाओं के अध्यक्ष ध्शाखा सचिव, भीम नोनिया, राम लखन महतो, रमाकांत राय, दीपक कुमार चौबे, पवित्र बाउरी, उत्तम महतो, शंकर प्रसाद, महेश महतो, प्रभु बरेठा, अमर, विक्की, अजीत पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर भेजपाइयों ने मनीषियों की मूर्ति और देख रेख साफसफाई की नगर निगम से की मांग

नियामतपुर। आजादी के 75 वे वर्ष में आज जहा देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वही दूसरी ओर देखा जाय तो हमारे कुल्टी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में देश के वीर स्वतंत्रता सेनानी ओर देश के आखों के तारे जैसे रत्न मनिसियो की मूर्ती ओर उनके आसपास की जगह के रखरखाव पर शर्मिंदगी महसूस होती है। इनके रखरखाव को लेकर भाजपा कुल्टी मंडल ने आसनसोल नगर निगम को सारेआम दोसी मानते है। आजादी के अमृत महोत्सव पर शनिवार को कुल्टी ब्लोक भाजपा के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ इबरार अहमद, जिला के युवा मोर्चा के अमित गोराई, भाजपा कुल्टी मंडल चार के अध्यक्ष सत्यजीत दास, ट्रेड यूनियन नेता युवा टिंकु वर्मा, शंकर यादव ने क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थापित मनीषियों की मूर्ती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मनीषियों की देखरेख पर अफसोस जाहिर किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता अमित गोराई ने कहा कि आज पूरे आसनसोल क्षेत्र में जिस प्रकार मनीषियों की मूर्ती ओर उसके आसपास की जगहों को जिस प्रकार सुंदर तरीके से सजाया गया है। वही कुल्टी क्षेत्र में मनीषियों की मूर्ती देखरेख के अभाव यूही पड़ी है। जिनमे नियामतपुर मोड़ स्थित खुदीराम बोस की मूर्ति सीतारामपुर रोड स्थित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की मूर्ती,एफसीआई के समाने नेताजी की मूर्ती का उदाहरण देते हुवे निगम को ध्यान आकर्षित करने का आह्वान किया है। इस प्रकार कुल्टी के बराकर आदि क्षेत्रों में लगी सभी मनीषियों की मूर्ती ओर उनके आसपास की जगहों को सौन्द्रीयकरण की मांग आसनसोल नगर निगम से लगाई है।



## बाराबनी में सीबीआई और ईडी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस का विरोध मार्च

बराबनी। बाराबनी प्रखंड तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ईडी के दुरुपयोग और केंद्र सरकार के निरंकुश शासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। इस दिन पानुड़िया स्वास्थ्य केंद्र से हैटतला तक पैदल मार्च निकाला गया। जहां आम लोगों कार्यकर्ता समर्थकों के साथ जुलूस में घूमते देखा गया। बाराबनी प्रखंड तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष असित सिंह जुलूस में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों के साथ विपक्ष को चुप कराने की कोशिश कर रही है। लेकिन वे नहीं जानते होंगे कि यह बंगाली है। इधर तृणमूल के कुछ नेता कार्यकर्ताओं को जेल में डालकर डराने–धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। वे भूल गए हैं कि ममता बनर्जी यहां हैं। आप जितना ज्यादा डर दिखाएंगे, जमीनी स्तर उतना ही मजबूत होगा। और आम लोग देख रहे हैं कि कैसे दिन–ब–दिन कीमतें बढ़ती जा रही हैं। लोग इसका सही समय पर जवाब देंगे। इसलिए आज हमने यह विरोध मार्च निाला है।

इसके अलावा जामग्राम पंचायत प्रमुख केशव राउत, पनूरिया पंचायत प्रमुख राजेश हांसदा, उप प्रमुख बिस्वजीत सिंह, आशीष मंडल समेत कई अन्य लोग धरना मार्च में मौजूद रहे।



## कृषक विकास समिति पूर्वी चंपारण के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ अपने घर पर तिरंगा झंडा को लहराया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) । आजादी की अमृत महोत्सव पर कृषक विकास समिति मोतिहारी के अध्यक्ष –उमाशंकर प्रसाद ने नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ अपने घर पर



तिरंगा झंडा को चांदमारी मोतिहारी में फहराते हुए वीर शहीदों नमन करते हुए कहा कि आज प्रत्येक देशवासियों को अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर राष्ट्रीय एकता अखंडता आपसी भाईचारा का परिचय दे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाला तिरंगा यात्रा

सिमरिया। प्रखंड के डाड़ी नेशनल स्कुल के छात्र छात्राओं द्वारा गाँव में भृमण कर आजादी के 75 वें वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया है। इस दौरान गाँव मुहल्ले में तिरंगा यात्रा व प्रभात फेरी निकालकर अमृत महोत्सव मनाया। तिरंगा यात्रा में स्कुल के बच्चों के साथ शिक्षक शिक्षिका शामिल थे। भ्रमण के दौरान बच्चों ने लोगों से अपने घरों के छत पर या घरों के सामने आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा लगाने की अपील की। मौके पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं व विद्यालय शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

